चैत्र शुक्ल पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 18 अप्रैल 2024
वर्ष-34, अंक-81, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

प्लूटो के सीने में भी धड़कता है दिल 16

जाह्नवी कपूर की फिल्म 'उलझ' का टीजर रिलीज 15

कश्मीर में फिर टारगेट किलिंग, बिहार के मजदूर को आतंकियों ने गोलियों से भूना

श्रीनगर, एजेंसी

- अनंतनाग क्षेत्र में हुई घटना, यहां तीसरे चरण में होना है मतदान

जम्मू-कश्मीर में आतंकियों ने फिर टारगेट किलिंग को अंजाम दिया। इस बार अनंतनाग जिले में बुधवार को आतंकियों ने बिहार के मजदूर की गोली मारकर हत्या कर दी। इस साल घाटी में यह तीसरी घटना है। आतंकवादियों ने बिजबेहरा इलाके के जबलीपोरा में राजा शाह नामक गैर स्थानीय मजदूर को नजदीक से गोली मारकर घायल कर दिया। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया। यह घटना अनंतनाग लोकसभा क्षेत्र में हुई है, जहां सात मई को तीसरे चरण में मतदान होना है।

आतंकवादियों ने शहर के हब्बा कदल क्षेत्र के शल्ला कदल इलाके में पंजाब के अमृतसर के श्रमिक अमृतपाल सिंह की 7 फरवरी को गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना में अन्य गैर-स्थानीय श्रमिक रोहित माशी घायल हो गया था और एक दिन बाद उसकी मौत हो गई थी। शोपियां जिले में आतंकियों ने आठ अप्रैल को गैर-स्थानीय कैब चालक दिलरंजीत सिंह को गोली मारकर जख्मी कर दिया। राजा शाह की मौत पर राजनीतिक दलों ने प्रतिक्रिया भी दी है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि ऐसी घटनाएं शांति में बाधा बनेंगी। हमकी निंदा करते हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने इसे हिंसा का संवेदनहीन कृत्य बताया। भाजपा की जम्मू-कश्मीर इकाई के प्रवक्ता अल्ताफ ठाकुर ने भी हत्या की निंदा की। डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने कहा कि लोगों को ऐसे कृत्य के खिलाफ एक साथ खड़ा होना चाहिए। आजाद ने 'एक्स' पर कहा कि बिजबेहरा हमले की कड़ी निंदा करता हूं। जम्मू-कश्मीर पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष सज्जाद गनी लोन ने संवेदनहीन हिंसा की निंदा की और कहा कि क्रूरता के ऐसे कृत्यों के लिए सभ्य समाज में कोई जगह नहीं है।

करोड़ों लोग इस अद्भुत पल के साक्षी बने

12 बजे कपाट खुलते ही रामलला का हुआ सूर्याभिषेक

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामनवमी पर राम जन्मोत्सव के दौरान श्रीराम जन्मभूमि के गर्भगृह के कपाट बुधवार को पूर्वाह्न 11:45 पर बंद हो गए। 15 मिनट तक शोडषोपचार पूजन और श्रृंगार के बाद दोपहर 12 बजे जैसे ही पट खुले तो रामलला के माथे पर सूर्य की किरणें उनका अभिषेक कर रही थीं।

पांच मिनट तक रामलला का मस्तकाभिषेक हुआ। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर भए प्रगट कृपाला, दीन दयाला की चौपाइयों से गुंजायमान हो उठा। मंदिर में बुधवार सुबह तीन बजे मंगला आरती के बाद दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पांच बजते ही पांच वर्षीय रामलला और उत्सव मूर्ति का दूध, दही, पंचामृत और सरयू के जल से अभिषेक किया गया। वस्त्र धारण कराए जाने के बाद श्रृंगार आरती संपन्न हुई। इस दौरान दर्शन की प्रक्रिया जारी रही। पूर्वाह्न 11.45 पर गर्भगृह में विराजमान रामलला के जन्मोत्सव के पूर्व पूजन प्रक्रिया में शोडषोपचार पूजन किया गया। जिसमें भगवान का स्नान, पंचामृत, गंधोधक, सुगन्ध द्रव्य से अभिषेक और तुलसी अर्जन और अन्य परंपराओं को संपन्न किया गया। रामलला को नया स्वर्ण हार व मुकुट धारण कराया गया। रामलला को 56 भोग लगाया गया। सूर्याभिषेक के लाइव प्रसारण को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी के साथ देश-विदेश में बैठे करोड़ों लोगों ने देखा। मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने रामलला की आरती उतारी। 12 से 12:05 तक रामलला के माथे पर सूर्य का तिलक बना रहा।

एक नजर

हेमंत मामले में चार और गिरफ्तारी

रांची। ईडी ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अन्य के खिलाफ जमीन हड़पने से जुड़े धनशोधन मामले में चार और लोगों को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि हिरासत में लिए गए लोगों में अंतु तिर्की, प्रिय रंजन सहाय, बिपिन सिंह और इरशाद है। ईडी ने मंगलवार को तिर्की और कुछ अन्य लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी और पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार किया। तिर्की कथित तौर पर सोरेन से जुड़ा हुआ है जबकि सिंह रियल एस्टेट व्यवसायी है। ईडी के आरोपपत्र के अनुसार सहाय ने अन्य के साथ मिलकर जमीन से संबंधित दस्तावेजों में फर्जीवाड़ा किया है।

आचार संहिता का उल्लंघन केसीआर को नोटिस

नई दिल्ली/हैदराबाद। भारत चुनाव आयोग (ईसीआई) ने कथित तौर पर आचार संहिता का उल्लंघन करने को लेकर भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव को नोटिस जारी किया है। कांग्रेस नेता निरंजन रेड्डी ने चुनावी बैठक के दौरान मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के बारे में कथित अनुचित टिप्पणियों के लिए राव के खिलाफ आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के जवाब में ईसीआई ने मंगलवार रात राव को नोटिस जारी किया।

प्रचार थमा, मतदान कल

पहला चरण : 21 राज्यों की 102 सीटों पर शुक्रवार को वोटिंग, 1625 प्रत्याशी मैदान में

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकतंत्र के महापर्व के पहले चरण का चुनाव प्रचार अभियान बुधवार शाम थम गया है। 19 अप्रैल को पहले चरण की वोटिंग होगी। देश के 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर कुल 1626 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। पहले चरण में कई केंद्रीय मंत्रीयों व पूर्व मुख्यमंत्री समेत पूर्व राज्यपाल की किस्मत दांव पर है।

19 अप्रैल को उत्तर प्रदेश की 8, राजस्थान की 13, मध्य प्रदेश की छह, असम की पांच, बिहार की चार, महाराष्ट्र की पांच, जम्मू-कश्मीर और छत्तीसगढ़ की एक-एक, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश की दो-दो, त्रिपुरा की एक, उत्तराखंड की पांच, तमिलनाडु की 39, पश्चिम बंगाल की तीन, सिक्किम, नगालैंड, अंडमान और निकोबार, मिजोरम, पुडुचेरी, मणिपुर व लक्षद्वीप में मतदान होगा।

चुनाव को स्वतंत्र और निष्पक्ष कराने के लिये चुनाव आयोग ने 127 सामान्य पर्यवेक्षक, 67 पुलिस पर्यवेक्षक और 167 व्यय पर्यवेक्षक तैनात किए हैं। सार्वजनिक रूप से प्रचार पर पाबंदी के बाद प्रत्याशी और उनके समर्थक मतदाताओं के घर-घर जाकर उन्हें अपने पक्ष में मत डालने के लिये प्रेरित कर रहे हैं। प्रचार के आखिरी दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असम और त्रिपुरा में जनसभाओं को संबोधित किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी ने कोल्लार में चुनावी रैली को संबोधित किया।

सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, नागपुर लोकसभा क्षेत्र से तीसरी बार जीतने का प्रयास कर रहे हैं। केन्द्रीय पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री किरन रिजिजू अरुणाचल पश्चिम सीट पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस उम्मीदवार नबाम तुकी के सामने हैं। केन्द्रीय जहाजरानी जल मार्ग एवं बंदरगाह मंत्री सर्बानंद सोनोवाल असम में डिब्रूगढ़ और केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) से चुनाव लड़ रहे हैं। पहले चरण में प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री जितेन्द्र सिंह के चुनावी भविष्य का निर्णय ऊधमपुर सीट पर होने जा रहा है और उनके सहयोगी भूपेन्द्र यादव राजस्थान की अलवर सीट से भाग्य आजमा रहे हैं। राजस्थान की ही बीकानेर सीट पर कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल का मुकाबला कांग्रेस के उम्मीदवार एवं पूर्व मंत्री गोविन्द राम मेघवाल से है।

भीमताल के रिखाकोट पोलिंग बूथ पर ईवीएम ले जाती पोलिंग पार्टी।

पीलीभीत, सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर

पहले चरण में उप्र में होना है आठ सीटों पर पोलिंग

लखनऊ। प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण की आठ सीटों के लिए प्रचार बुधवार की शाम खत्म हो गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मतदाता पहचान पत्र के लिए 12 विकल्पों का प्रयोग भी कर सकेंगे। वैकल्पिक पहचान पत्रों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों-डाकघरों की ओर से जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई की ओर से जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र-राज्य सरकार, सांसदों, विधायकों व विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार की ओर से निर्गत कार्ड मतदेय स्थलों पर मतदाताओं की पहचान के लिए अनुमन्य होंगे।

राहुल और अखिलेश ने गाजियाबाद में की संयुक्त पत्रकार वार्ता

चुनावी बॉण्ड ने बैंड बजाया 150 पर सिमटेगी एनडीए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एनडीए को गठबंधन गाजियाबाद से गाजीपुर तक हराएगा : अखिलेश यादव
- इंडी गठबंधन लोकतंत्र की रक्षा के लिए लड़ रहा चुनाव : राहुल गांधी

अमृत विचार : कांग्रेस-सपा की संयुक्त पत्रकार वार्ता में बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दावा किया कि इस बार एनडीए 150 सीटों तक सिमट कर रह जाएगी। वहीं, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि वो (एनडीए) 2014 में आए थे 2024 में जाएंगे और इस बार विदाई भी बैंड बाजे से होगी।

कौशांबी (गाजियाबाद) स्थित होटल में हुई प्रेसवार्ता में राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने कहा कि एनडीए को गठबंधन गाजियाबाद से गाजीपुर तक हराएगा। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत और बागपत के गठबंधन के प्रत्याशी पंडित अमरपाल शर्मा, सपा के पूर्व मंत्री शाहिद मंजूर मौजूद रहे।

अखिलेश यादव ने कहा कि इलेक्टोरल बॉण्ड ने भाजपा की बैंड बजा दी है। भाजपा भ्रष्टाचारियों का गोदाम बनकर रह गई है। इस बार पश्चिम से बदलाव की हवा चल रही है। जनता भाजपा के झूठ और वादा खिलाफी से तंग है। राहुल ने कहा कि यह विचारधारा की लड़ाई है। एक तरफ आरएसएस और भाजपा संविधान को खत्म करने की कोशिश में है तो दूसरी ओर इंडी गठबंधन लोकतंत्र की रक्षा करने के लिए चुनाव लड़ रही है।

ये तो भाजपा वालों का सवाल

अमेठी और रायबरेली से चुनाव लड़ने के सवाल पर राहुल गांधी ने कहा कि ये भाजपा वालों का सवाल है, बहुत अच्छा...मुझे जो आदेश मिलेगा मैं उसका पालन करूंगा।

राहुल गांधी के मुताबिक, कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री ने इंटरव्यू दिया। इसमें उन्होंने बताया कि चुनावी बॉन्ड की व्यवस्था पारदर्शिता के लिए, राजनीति को साफ करने के लिए लाया गया। अगर ये सच है तो सुप्रीम कोर्ट ने उस व्यवस्था को क्यों रद कर दिया और दूसरी बात अगर आप पारदर्शिता लाना चाहते थे तो आपने भाजपा को पैसा देने वालों के नाम क्यों छुपाए। आपने उन तारीखों को क्यों छुपाया जिस दिन उन्होंने आपको पैसे दिए थे?

हाईकोर्ट की फटकार के बाद जज हुए हाजिर, मांगी माफी

लखनऊ, विधि संवाददाता

अभियुक्तों की मर्जी के बिना मजहब के आधार पर न्याय मित्र नियुक्त करना गलत

- कहा, जज ने धर्म के आधार पर एक समुदाय के साथ किया भेदभाव

अमृत विचार : अवैध धर्मांतरण केस में अदालत में उपस्थित गवाह से जुमे की नमाज पढ़ने जाने का हवाला देकर जिरह न करने की आलोचना करने व संबंधित अधिवक्ताओं के नमाज के लिए जाने पर न्याय मित्र नियुक्त करने वाले एनआईए/एटीएस कोर्ट के विशेष जज विवेकानन्द शरण त्रिपाठी ने हाईकोर्ट की फटकार के बाद बिना शर्त माफी मांगी है। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने विशेष जज के विरुद्ध सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि जज ने धर्म के आधार पर एक समुदाय के साथ भेदभाव किया है। न्यायालय ने यह भी टिप्पणी की कि अपनी पसंद और अपने मजहब के अधिवक्ता नियुक्त कर चुके अभियुक्तों की मर्जी के खिलाफ उनके लिए न्याय मित्र नियुक्त करना, धर्म के आधार पर भेदभाव है, जो संविधान के अनुच्छेद 15 का स्पष्ट उल्लंघन है। न्यायालय की इन टिप्पणियों के साथ जज को व्यक्तिगत हलफ़नामा दाखिल करने के लिए दो दिनों का समय दिया है। अगली सुनवाई 18 अप्रैल को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति शमीम अहमद की एकल पीठ ने एक अभियुक्त मोहम्मद इदरीस की याचिका पर पारित किया है।

अभियुक्त मोहम्मद इदरीस ने हाईकोर्ट में धारा 482 के तहत याचिका दाखिल कर विशेष जज के आदेशों को चुनौती दी थी। 5 मार्च को याचिका पर सुनवाई के बाद जब पुनः 15 अप्रैल को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई तो न्यायमूर्ति शमीम अहमद ने विशेष जज पर सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि उन्होंने 5 मार्च के आदेश को ठीक से नहीं समझा। आगे कहा कि विशेष जज ने इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों को देने के सम्बंध में कोई आदेश क्यों नहीं पारित किया। न्यायालय ने उक्त मामले में याची मोहम्मद इदरीस के विरुद्ध ट्रायल पर भी अग्रिम आदेशों तक के लिए रोक लगा दी है।

यह था मामला

दरअसल विशेष जज की अदालत में जबरन धर्म परिवर्तन के मामले में मोहम्मद उमर गौतम समेत अन्य अभियुक्तों का विचारण चल रहा है। हाईकोर्ट की दो जजों की खंडपीठ ने 16 दिसम्बर 2022 को आदेश दिया था कि उक्त मामले के विचारण की कार्यवाही एक वर्ष में पूरी की जाए जिसके बाद विशेष जज ने दिन-प्रतिदिन सुनवाई की कार्यवाही प्रारम्भ की। 19 जनवरी 2024 को मामले में हाजिर गवाह से जिरह करने के लिए जब अदालत ने अधिवक्ताओं से कहा तो मुस्लिम अधिवक्ता नमाज के लिए जाने की बात कह कर चले गए थे।

नक्सलियों ने की भाजपा नेता पंचम दास की हत्या

बस्तर। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में नक्सलियों के खिलाफ हुई कार्रवाई के बाद नारायणपुर में नक्सलियों ने बस्तर सीट पर चुनाव के पहले चरण के मतदान से दो दिन पहले नक्सलियों ने भाजपा नेता एवं उप सरपंच पंचम दास की मंगलवार देर रात कुल्हाड़ी से हत्या कर दी है। बुधवार को नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार ने बताया कि इस घटना को बाहर से आए नक्सलियों ने अंजाम दिया है। दास को नक्सली पहले भी मारने की धमकी दे चुके थे। कल देर रात सादे कपड़ों में कुछ नक्सली उनके घर पहुंचे और कुल्हाड़ी से हमला कर दास की हत्या कर दी।

लूट ईस्ट को एक्ट ईस्ट में बदला : मोदी

अगरतला, एजेंसी

अगरतला में मंच से लोगों का अभिवादन स्वीकार करते मोदी। ● एजेंसी

- प्रधानमंत्री ने कहा त्रिपुरा ने भाजपा में अभूतपूर्व बदलाव देखे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी पार्टी ने 'लूट ईस्ट' नीति अपना रखी थी, जबकि भाजपा ने उसे 'एक्ट ईस्ट' नीति में बदल दिया। प्रधानमंत्री ने यहां आयोजित रैली में कहा कि त्रिपुरा के लोगों ने भाजपा सरकार के शासन में अभूतपूर्व बदलाव देखे हैं। मोदी ने कहा कि भगवान राम का जन्मोत्सव अयोध्या में उनके ही मंदिर में 500 साल के बाद मनाया जा रहा है। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने भारत में गरीबों के लिए तीन करोड़ नए आवास बनाने का फैसला किया है। त्रिपुरा के लोगों को भी इसका बहुत फायदा मिलने जा रहा है। उन्होंने कहा कि 500 साल के लंबे इंतजार के बाद रामलला अंततः तंबू की जगह एक भव्य मंदिर में विराजित हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार उत्तर-पूर्व में 'कनेक्टिविटी' बढ़ाने पर ध्यान दे रही है। मोदी ने कहा कि राज्य में राजमार्गों के उन्नयन के लिए 3,000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। पहले, राज्य में मोबाइल टॉवर ठीक से काम नहीं करते थे, लेकिन अब 5जी कनेक्टिविटी में सुधार के लिए काम किया जा रहा है। यह मोदी सरकार है जिसने मोबाइल बिल को कम करके लगभग 400-500 रुपये प्रति माह तक ला दिया है।

असफल प्रेमी की आत्महत्या के लिए प्रेमिका जिम्मेदार नहीं : हाईकोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- खुदकशी के लिए अन्य को नहीं ठहरा सकते दोषी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने आत्महत्या के लिए उकसाने के एक मामले में दो व्यक्तियों की अग्रिम जमानत मंजूर करते हुए कहा है कि यदि कोई पुरुष प्रेम में विफलता के कारण अपनी जीवनलीला समाप्त कर लेता है, तो उसकी महिला साथी को आत्महत्या के लिए उकसाने का जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है।

अदालत ने कहा कि कमजोर और दुर्बल मानसिकता वाले व्यक्ति द्वारा लिए गए गलत फैसले के लिए किसी अन्य व्यक्ति को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। न्यायमूर्ति अमित महाजन ने कहा यदि कोई प्रेमी प्रेम में विफल रहने के कारण आत्महत्या करता है, यदि कोई छात्र परीक्षा में अपने खराब प्रदर्शन के कारण आत्महत्या करता है, यदि कोई मुवक्किल अपना मामला खारिज किए जाने के कारण आत्महत्या करता है तो क्रमशः प्रेमिका, परीक्षक और वकील को आत्महत्या के लिए उकसाने का जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। अदालत ने यह आदेश एक महिला और उसके दोस्त को अग्रिम जमानत देते हुए पारित किया था। वर्ष 2023 में एक व्यक्ति को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में इन दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

मृतक के पिता की शिकायत के अनुसार, महिला व उनके बेटे में प्रेम संबंध थे और दूसरा आरोपी उन दोनों का साझा मित्र था। यह आरोप लगाया गया था कि याचिकाकर्ताओं ने मृतक को यह कहकर उकसाया कि दोनों आरोपियों के बीच शारीरिक संबंध हैं और वे जल्द ही शादी करेंगे। मृतक का शव उसकी मां को उसके कमरे में मिला था। सुसाइड नोट भी मिला था, जिसमें लिखा था कि वह उन दोनों के कारण आत्महत्या कर रहा है।

टाइम की सूची में अजय बंगा, आलिया भट्ट, साक्षी मलिक

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- बुधवार को टाइम मैगजीन ने जारी की 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की लिस्ट
- सूची में माइक्रोसाफ्ट के सीईओ सत्या नडेला और रेस्तरां मालकिन अस्मा खां भी शामिल

विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा, अभिनेत्री आलिया भट्ट, माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला, ओलंपियन पहलवान साक्षी मलिक और अभिनेता-निर्देशक देव पटेल को टाइम पत्रिका की 100 सर्वाधिक प्रभावशाली हस्तियों की सूची शामिल किया गया है। यह सूची बुधवार को जारी हुई। टाइम के वर्ष 2024 के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में अमेरिकी ऊर्जा विभाग के ऋण कार्यक्रम कार्यालय के निदेशक जिगर शाह, येल विश्वविद्यालय में खगोल विज्ञान और भौतिकी की प्रोफेसर प्रियंवदा नटराजन, भारतीय मूल की रेस्तरां मालकिन अस्मा खान एवं रूसी विपक्षी नेता एलेक्सी नवेलनी की विधवा यूलिया नवेलनाया भी शामिल हैं।

अमेरिका की वित्त मंत्री जेनेट येलेन द्वारा टाइम पत्रिका में लिखी गई पूर्व मास्टरकार्ड सीईओ की प्रोफ़ाइल में कहा गया है, एक आवश्यक संस्थान को बदलने के महत्वपूर्ण कार्य के लिए कौशल और जिजीविषा वाले एक नेता को ढूंढना आसान नहीं होता है, लेकिन गत वर्ष जून में विश्व बैंक का अध्यक्ष बनने के बाद से अजय बंगा ने दोनों का अद्भुत मिश्रण पेश किया है। येलेन ने कहा, जलवायु परिवर्तन जैसी अभूतपूर्व चुनौतियों से हमारे सामूहिक भविष्य को खतरा है, मैं इससे बेहतर साझेदार की कल्पना नहीं कर सकती जिसके साथ दुनिया भर के लोगों की ओर से निर्णायक कार्रवाई की जा सके।

निर्देशक, निर्माता और लेखक टॉम हार्पर ने आलिया भट्ट को एक अद्भुत प्रतिभा बताते हुए टाइम प्रोफ़ाइल में कहा कि वह न केवल दुनिया की अग्रणी अभिनेत्रियों में से एक हैं, जो एक दशक से अधिक समय से भारतीय फिल्म उद्योग में अपने काम के लिए प्रशंसित हैं, बल्कि वह एक व्यवसायी महिला और परोपकारी भी हैं, जो ईमानदारी के साथ आगे बढ़ती हैं। नडेला के बारे में कहा गया है, वह हमारे भविष्य को आकार देने में बेहद प्रभावशाली हैं और यह मानवता के लिए अच्छी बात है। दिल से प्रौद्योगिकीवेत्ता सत्या एआई को एक ऐसे उपकरण के रूप में देखते हैं जो इंसानों को सशक्त बनाएगा। हालांकि अनपेक्षित परिणामों और दुरुपयोग के बारे में चिंता वाजिब है।

मलिक के बारे में ऑस्कर-नामित वृत्तचित्र की निर्माता निशा पाहुजा लिखती हैं कि वह भारत के सर्वाधिक चर्चित पहलवानों में से एक थीं, जो महिला एथलीटों के यौन उत्पीड़न के आरोपी एवं भारतीय कुश्ती महासंघ के तत्कालीन प्रमुख बृज भूषण सिंह की तत्काल गिरफ्तारी और इस्तीफे की मांग के लिए 2023 की शुरुआत में दिल्ली के जंतर मंतर पर एकत्र हुए थे।

एक नजर

आयोग की कार्रवाई में अब तक 18,14,807 लोग पाबंद

अमृत विचार, लखनऊ : चुनाव आचार संहिता के दौरान निर्वाचन आयोग की ओर से प्रदेश भर में लगातार कार्रवाई की जा रही है। अफसरों के मुताबिक, शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 23,94,541 लोगों को पाबन्द किये जाने के लिए नोटिस दिए गए हैं, जिनमें से 18,14,807 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। यही नहीं अवैध शस्त्र बनाने वाले केंद्र सीज किए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि जांच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1855 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 अप्रैल 2024 तक पुलिस विभाग द्वारा आपराधिक व्यक्तियों के 487 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए। 4275 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराए गए। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 6744 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 6822 कारतूस, 2853 .5 किग्रा विस्फोटक व 357 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 2528 स्थानों पर रेड डाली गई और 129 को सीज किया गया।

असली राम भक्त वो जो सत्य के पथ पर चलते हैं

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने सहारनपुर में किया रोड शो, कहा- मोदी को सत्य नहीं, सत्ता चाहिए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि असली राम भक्त वो जो सत्य के पथ पर चलते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्य नहीं, सत्ता चाहिए। पहले चरण के चुनाव प्रचार के अंतिम दिन प्रियंका सहारनपुर में रोड शो के दौरान लोगों को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने पार्टी प्रत्याशी इमरान मसूद को जिताने के लिए लोगों से उनके पक्ष में मतदान की अपील की।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जो सत्ता में बैठे हैं, वह माता शक्ति और सत्य के उपासक नहीं हैं, 'सत्ता' के उपासक हैं। वे सत्ता के लिए किसी भी हद तक गिर जाएंगे। सत्ता के लिए सरकारें गिरा देंगे, विधायकों को खरीदेंगे, अमीरों को देश की संपत्ति दे देंगे। यह हमारे देश की परंपरा नहीं है। उन्होंने कहा कि राम सत्ता के लिए नहीं, सत्य के लिए लड़े, इसलिए हम उनकी पूजा करते हैं। प्रियंका ने कहा कि इस देश ने सत्ता को नहीं सत्य को पूजा है और मोदी सत्ता को पूजते हैं सत्य को नहीं।

इससे पहले उन्होंने सहारनपुर से चुनाव प्रचार की शुरुआत करते हुए प्रदेश में पहला रोड शो किया। लगभग 25 मिनट में 1.5 किलोमीटर की यात्रा की। प्रियंका गांधी ने सड़क के किनारे बड़ी संख्या में खड़े लोगों की ओर हाथ हिलाकर अभिवादन किया। उनमें से कुछ से हाथ भी मिलाया। प्रियंका गांधी के साथ गाड़ी पर कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद, जिला पार्टी प्रभारी गणेश दत्त और अन्य कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

इन जगहों से गुजरा रोड शो : रोड शो रायवाला, जेबीएस इंटर कॉलेज, कम्बोह का पुल, रांघडो का पुल और कुतबशेर होते हुए अधिकतर क्षेत्र मुस्लिम आबादी से गुजरा और लकड़ी बाजार, कम्बौह का पुल, रांघड़ो का पुल, कुतुबशेर होते हुए गुरू सिंघ सभा गुरुद्वारा पर संपन्न हुआ।

जनता के मुद्दों पर होना चाहिए चुनाव

प्रियंका गांधी ने कहा कि वह हर जगह यही कह रही हैं कि ये चुनाव जनता का होना चाहिए, जनता के मुद्दों पर होना चाहिए। मोदी और भाजपा के नेता बेरोजगारी, महंगाई, किसानों, महिलाओं की बात नहीं कर रहे हैं। असली समस्याएं महिलाओं-किसानों की है, उनके बारे में बात ही नहीं हो रही है। बात इधर-उधर की ध्यान भटकाने की हो रही है। उन्होंने कहा कि जनता पर अन्याय करने वाली भाजपा की विदाई तय है।

सहारनपुर में कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद के समर्थन में रोड शो करतीं राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा।

इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम से खुली भाजपा की पोल

प्रियंका गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने छोटे व्यापारी, गरीब, मजदूर के लिए कुछ नहीं किया और अडानी अंबानी का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ कर दिया। भाजपा सरकार ने हमेशा अमीरों की जेबें भरी हैं। गरीब को कुछ नहीं मिला। इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम भी भाजपा लेकर आई थी और वह इस सूची के नाम गोपनीय रखना चाहती थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने नाम उजागर करने के आदेश दिए तो भाजपा की पोल खुल गई।

राम के साथ सुनाई पैगंबर की कहानी

प्रियंका ने कहा कि मोदी का ध्यान गरीबों की तरफ नहीं धन्नासेठों की तरफ है। इस दौरान प्रियंका गांधी ने राम के साथ पैंगबर की कहानी सुनाई। प्रियंका गांधी ने अभिनेत्री कंगना रनौत के उस बयान को 'नॉनसेंस' (बेकार की बात) बताया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि गांधी भाई-बहन राजनीति के लिए फिट नहीं हैं। कंगना रनौत हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही हैं।

आयुर्वेद, होम्योपैथ व यूनानी विभाग को मिला बजट

अमृत विचार, लखनऊ : आयुष विभाग अंतर्गत आयुर्वेद विभाग, यूनानी व होम्योपैथी विभागों को नये वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट जारी कर दिया गया है। प्रमुख सचिव लीना जौहरी द्वारा आयुर्वेद विभाग को वेतन मद और विभिन्न मानक मदों के स्वीकृत बजट 12 अरब 97 करोड़ 59 लाख 49 हजार रुपये विभाग को भेज दिये गये हैं। साथ ही यूनानी विभाग को एक अरब 42 करोड़ 21 लाख 51 हजार रुपये दिये गये हैं। आयुष विभाग द्वारा होम्योपैथी के स्वीकृत बजट से प्रयागराज स्थित राजकीय लाल बहादुर शास्त्री होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज को मरम्मत आदि कार्यों के लिए बजट जारी किया गया है। कॉलेज द्वारा अस्पताल की ओपीडी व शैक्षिक भवन के अलावा सीवर लाइन, नाली निर्माण के लिए 15 करोड़ रुपये की मांग हुई थी, शासन द्वारा स्वीकृत छह करोड़ 57 लाख रुपये में एक करोड़ की पहली किस्त जारी की गई है।

हीट वेव से बचाव के लिए बनेंगे कोल्ड रूम

सभी अस्पताल निदेशकों और सीएमओ को तैयारी करने के दिए गए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : दिन पर दिन गर्मी बढ़ती जा रही है, यही स्थिति बनी रही तो मई तक भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। हीट वेव से लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने मंगलवार को एक बार फिर वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए विभागीय अधिकारियों को हीट बचाव के लिए निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल की इमरजेंसी समेत वार्डों में इलाज के साथ ही पर्याप्त बेड की व्यवस्था की जाये ताकि बेड के अभाव में मरीज को लौटना न पड़े।

▸▸ **अस्पताल में व्यवस्थाओं के साथ ही लू से बचाव के लिए लोगों में बढ़ाई जाएगी जागरूकता**

प्रमुख सचिव ने हीट वेव से बचाव संबन्धी गाइडलाइन के अनुसार अस्पतालों को तैयारी करने के निर्देश दिये हैं। तैयारियों को लेकर स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.बृजेश राठौर ने बताया कि हीट वेव(लू) के मरीजों को ठंडा करना जरूरी होता है। इसके अलावा उन्हें फ्लूड चढ़ाया जाता है। इसलिए हीट वेव से प्रभावित मरीजों के

इलाज में कोल्ड रूम बनाने के निर्देश दिए गये हैं। मंडलीय अस्पताल, जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर चार-छह बेड के कोल्ड रूम बनाये जायेंगे। उन्होंने बताया कि जल्द ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा गाइडलाइन जारी की जायेगी, जिसके अनुसार सभी अस्पतालों को व्यवस्था करनी होगी।

स्वास्थ्य महानिदेशक ने बताया कि गर्मी के दिनों में लू समेत संक्रामक रोगियों की संख्या बढ़ती है, इसलिए सभी जिलों के सीएमओ को संक्रामक रोगियों के इलाज की पुख्ता व्यवस्था व बचाव संबन्धी जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिये जा चुके हैं। कोई भी संक्रामक रोगी बगैर इलाज न वापस जाये, इसके लिए इमरजेंसी में बेड आरक्षित किये जायेंगे। साथ ही संक्रामक रोग प्रभावित क्षेत्र में बीमारी पर नियंत्रण पाने के लिए सघन जांच व इलाज की व्यवस्था बनाने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र स्थित अस्पतालों में एंबुलेंस की 24 घंटे उपलब्ध रहेंगी ताकि किसी भी स्थिति को नियंत्रण में किया जा सके।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चलाएं जागरूकता कार्यक्रम

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव के तहत आदर्श आचार संहिता का अनुपालन कराने के साथ चुनाव की तैयारियों को लेकर मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने रविवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मंडल के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मंडल के समस्त जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी उपस्थित रहे। मंडलायुक्त ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अधिकारियों से बैठक करने के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आचार संहिता का सख्ती से अनुपालन कराया जाए। मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेने के लिए अधिकारी निरीक्षण कर लें।

योगी ने कन्याओं के पांव पखारे

नवरात्र की नवमी पर गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन के दौरान बच्ची के पांव धोते मुख्यमंत्री योगी।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवरात्र की नवमी तिथि पर बुधवार को गोरखपुर पहुंचकर गोरक्षपीठ की परंपरा के अनुसार कन्या पूजन किया। नवमी तिथि के अनुष्ठान की कड़ी में गोरखनाथ मंदिर के नव भोजनालय में आयोजित कन्या पूजन कार्यक्रम में योगी ने नौ दुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पांव पखारे, उनका विधि विधान से पूजन किया, चुनरी ओढ़ाई, आरती उतारी, श्रद्धापूर्वक भोजन कराया और दक्षिणा देकर उनका आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने परम्परा का निर्वहन करते हुए बटुक पूजन भी किया।

▸▸ **मुख्यमंत्री ने कन्या पूजन कर की मातृ शक्ति की आराधना**

मुख्यमंत्री योगी एवं गोरक्षपीठाधीश्वर ने सबसे पहले कुंवारी कन्याओं के पांव धोये। उनके माथे पर रोली, चंदन, अक्षत आदि का तिलक लगाया। चुनरी ओढ़ाकर एवं दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने सभी कुंवारी कन्याओं व बटुकों की श्रद्धाभाव से आरती भी उतारी। पूजन के बाद इन कन्याओं को मंदिर की रसोई में पकाया गया ताजा भोजन प्रसाद योगी ने अपने हाथों से परोसा। कन्याओं के अतिरिक्त बड़ी संख्या में पहुंचे बटुकों को भी भोजन कराकर उपहार व दक्षिणा दिया गया।

बढ़ेंगे टेली कॉलर, दूर होगी 1962 की वेटिंग

शासन ने पशुओं की उपचार सेवा का लिया संज्ञान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पशुओं के उपचार में फेल 1962 सेवा में सुधार होने की उम्मीद है। आकस्मिक स्थिति में टोलफ्री नंबर न लगना और लगने पर वेटिंग जाना और मौके पर मोबाइल वेटरनरी यूनिट (एंबुलेंस) न पहुंचना इन सभी खामियों को दूर करने की मंगलवार को पशुपालन निदेशालय में रूपरेखा तैयार की गई है। तमाम जिलों की शिकायतों को देखते हुए 1962 कंट्रोल रूम में कॉल अडेंट करने वाले टेली कॉलर कम बताए गए। जिनकी संख्या बढ़ाकर लाइनअप बढ़ाई जाएगी। इससे 1962 मिलाने पर वेटिंग नहीं जाएगी और फौरन कॉल अटेंड कर मोबाइल वेटरनरी यूनिट भेजी जाएगी। फोन पर भी परामर्श दिया जाएगा।

▸▸ **निदेशालय में बनी सुधार की रूपरेखा, बढ़ाएंगे लाइनअप**

दरअसल, 1962 सेवा का संचालन प्रदेश में पांच कंपनियां मनमाने तरह से कर रही हैं। सभी के नियम अलग हैं। कर्मचारियों के वेतन में भारी कटौती तो अवकाश भी मनमाने तरह से देने से सेवा प्रभावित है। इस तरह की शिकायतें विभाग से छिपी नहीं हैं और नियंत्रण नहीं है। इस वजह से संचालन में लाखों रुपये खर्च हो रहे हैं और पशु पालक निजी व सरकारी चिकित्सकों के ही सहारे हैं। जिसका शासन ने संज्ञान लिया है।

प्रचार से ज्यादा उपचार जरूरी

गाइडलाइन के मुताबिक, जिलों पर कुछ एंबुलेंस कैंप यानी जागरूकता प्रचार तो कुछ उपचार में रोजाना होती हैं। इस वजह से उपचार वाली एंबुलेंस पर कॉल का भार ज्यादा होता है और किसी केस में होने पर दूसरी कॉल पर समय से नहीं पहुंच पाती है। ऐसी स्थिति में बीमार या एक्सीडेंटल पशु दम तोड़ देते हैं। यदि टोलफ्री नंबर में सुधार हुआ तो भी यही स्थिति बनी रहेगी। इसके लिए सभी एंबुलेंस को उपचार में लगाया जाए तो सुधार हो सकता है।

आरोपी की तलाश में एसटीएफ टीम पहुंची बिहार, डाला डेरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : आरओ-एआरओ परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में आरोपी सुभाष प्रकाश की तलाश तेज हो गई है। एसटीएफ ने सूचना के आधार पर बिहार में छापा मारा है। हालांकि अभी तक उसकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। बताया जा रहा है कि मध्य प्रदेश से प्रश्नपत्र पहले बिहार गया है, फिर यूपी पहुंचा है। प्रश्नपत्र बिहार में किसने मंगवाया, कहां पर प्रश्नपत्र पढ़वाने को लेकर प्लानिंग की गई, एसटीएफ इसकी भी जांच कर रही है।

गौरतलब हो कि आरओ-एआरओ परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में एसटीएफ ने अब तक नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से अभी तक कई आरोपी रिमांड पर हैं और उनसे पूछताछ की जा रही है। प्रश्नपत्र लीक कराने में सुभाष प्रकाश की बड़ी भूमिका का पता चल रहा है। लेकिन सुभाष प्रकाश पहुंच से दूर है। बिहार में होने की सूचना मिलने पर एसटीएफ की एक टीम बिहार पहुंची हुई है। देर शाम तक उसकी गिरफ्तारी की कोई सूचना नहीं है। एसटीएफ के एक अफसर ने बताया कि प्रश्नपत्र की प्रति बिहार भी पहुंची थी। इसकी सूचना मिल रही है। इसी सूचना के आधार पर एसटीएफ बिहार पहुंचकर छापा मार रही है।

▸▸ **आरओ-एआरओ प्रश्नपत्र लीक मामले के आरोपी की तलाश तेज**

एसटीएफ से सहयोग लेकर महाराष्ट्र पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : महाराष्ट्र के ठाणे स्थित मानपाड़ा क्षेत्र में चोरी की एक बड़ी घटना के आरोपियों को महाराष्ट्र पुलिस ने उप्र. एसटीएफ से सहयोग लेकर गिरफ्तार किया है। एसटीएफ ने आरोपियों के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की छानबीन एसटीएफ उपाधीक्षक धर्मेश कुमार शाही कर रहे थे।

बुधवार को निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह के नेतृत्व में एसटीएफ टीम गोरखपुर एवं महाराष्ट्र पुलिस द्वारा अभियुक्त के संबंध में सूचनाएं एकत्रित की जा रही थीं। पता चला कि अभियुक्त बबलू बनारसी कहार व चिन्टू चौधरी निषाद रेलवे स्टेशन रोड गोरखपुर पर मौजूद हैं। इस दौरान मौके पर पहुंची एसटीएफ टीम व महाराष्ट्र पुलिस ने आरोपियों को मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तों ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह ठाणे जिले के थाना मानपाड़ा क्षेत्र में एक मकान में चोरी करने की योजना बनाई। इसके बाद चिन्टू निषाद ने उस मकान की निगरानी करना शुरू कर दिया। मौका देखकर रात में छत के रास्ते मकान के अन्दर घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था और वहां से अपने गांव जनपद सिद्धार्थनगर भाग आये थे।

संविधान पर लगातार हमला कर रही भाजपा सरकार

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने आरोप लगाते हुए कहा है कि भाजपा सरकार लोकतंत्र और संविधान पर लगातार हमला कर रही है। बुधवार को जारी एक बयान में राजेन्द्र चौधरी ने भाजपा की नीयत पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनकी कोशिश बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के बनाये संविधान को बदल कर पिछड़े, दलितों, अल्पसंख्यकों, आदिवासियों और महिलाओं के दिए गए अधिकारों को छीनने की है। उन्होंने कहा, सपा भाजपा की संविधान और लोकतंत्र विरोधी नीतियों के खिलाफ लगातार लड़ाई लड़ती रही है।

रवि किशन पर आरोप लगाने वाली महिला पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: अभिनेता व गोरखपुर से बीजेपी सांसद रवि किशन को अपनी बेटी का पिता बताने वाली मुंबई निवासी अपर्णा ठाकुर समेत छह पर बुधवार को हजरतगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई है। सांसद की पत्नी प्रीति शुक्ला ने दी तहरीर में अपर्णा पर 20 करोड़ रंगदारी मांगने का भी आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने कहा कि जांच में मिले तथ्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

सांसद पति के बचाव में उतरीं पत्नी प्रीति शुक्ला ने तहरीर में बताया अपर्णा सोनी उर्फ अपर्णा ठाकुर ने अपने संबंध अंडरवर्ल्ड माफिया से होने की धमकी दी। कहा यदि हमारी बात नहीं मानी तो तुम्हारे पति को दुष्कर्म के मामले में फंसा कर बदनाम कर दूंगी। प्रीति ने बताया कि अपर्णा द्वारा ब्लैकमेल कर 20 करोड़ रुपये रंगदारी मांगने के मामले में उन्होंने मुंबई में भी शिकायत की थी। लेकिन अपर्णा नहीं मानी और 15 अप्रैल को लखनऊ में रवि किशन पर झूठे आरोप लगाए। कहा, अपर्णा लगभग 35 साल से शादीशुदा है। इसका पति राजेश सोनी, बेटी सालशीनोवा सोनी और एक बेटा भी है। प्रीति शुक्ला का आरोप है कि अपर्णा का परिवार सपा के नेता और कुछ अन्य संग मिलकर उनके परिवार के खिलाफ साजिश रच रहा है।

▸▸ **सांसद की पत्नी ने हजरतगंज कोतवाली में दी तहरीर, 20 करोड़ रंगदारी मांगने का आरोप**

सांसद रविकिशन व उनकी पत्नी प्रीति।

रिपोर्ट में छह लोगों के नाम शामिल

इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि मामले में अपर्णा सोनी उर्फ अपर्णा ठाकुर, राजेश सोनी, सालशीनोवा सोनी, सौनक सोनी, विवेक कुमार पांडेय मीडिया प्रभारी, प्रदेश प्रवक्ता समाजवादी पार्टी और खुर्शीद खान राजू न्यूज टाईम नेशन व अन्य अज्ञात शामिल हैं।

बायोमैट्रिक कंपनी का फील्ड मैनेजर गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस-2023 की सीधी भर्ती की ऑफलाइन लिखित परीक्षा में खेल करने वाले बायोमैट्रिक कंपनी के फील्ड मैनेजर को गोरखपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पूछताछ पर बताया कि वह बायोमैट्रिक (गेट पर बायोमैट्रिक कराती है) कम्पनी का फील्ड मैनेजर है। उसने ही परीक्षार्थी को बायोमैट्रिक एजेन्सी का कार्ड बनाकर दिया तथा परीक्षा केन्द्र के गेट पर उसकी ड्यूटी लगा दी थी।

▸▸ **परीक्षा में धांधली करते पकड़े गए आरोपियों की मदद का आरोप**

एसटीएफ उपाधीक्षक धर्मेश शाही ने बताया कि 16 अप्रैल को सूचना मिलने पर गोरखनाथ ओवर ब्रिज के पास से आकाश राव को गिरफ्तार कर लिया गया।

धर्मेश शाही ने बताया कि 17 फरवरी 2024 को परीक्षा केन्द्र इस्लामिया कालेज ऑफ कामर्स, बख्शीपुर, गोरखपुर से परीक्षा दे रहे साल्वर अंजनी कुमार उर्फ मनीष सिंह को दुर्गेश यादव उर्फ अंकित के स्थान पर परीक्षा देते हुए पकड़ा गया था।

मेदांता ने ओपी राजभर के आरोपों का किया खंडन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मेदांता अस्पताल ने बुधवार को सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर द्वारा अपनी मां जितना देवी (79) के निधन के बाद लगाए गए आरोपों का खंडन किया है। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि कैबिनेट मंत्री की मां, आठ दिन आईसीयू में भर्ती रही थीं और बेहतर स्वास्थ्य लाभ के बाद मरीज को डिस्चार्ज किया गया था, अगर ठीक न होतीं तो रेफर किया जाता।

अस्पताल प्रशासन द्वारा बताया गया कि वह 8 मार्च को गंभीर हालत में भर्ती हुई थीं, सभी जरूरी जांचें कराने के साथ ही विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा उचित इलाज प्रदान किया गया था, जिसमें कुल खर्च चार लाख 9 हजार रुपये आया था। मरीज मां की बीमारी और इलाज से संबन्धित समस्त जानकारी परिवारजनों को रोजाना दी गई है। संतुष्ट परिवारजनों ने सहमति भी दी थी।

▸▸ **अस्पताल प्रशासन ने कहा, राजभर की मां 8वें दिन डिस्चार्ज हुई थीं, आठ दिन में खर्च हुए करीब चार लाख**

मालूम हो कि ओम प्रकाश राजभर की मां का निधन केजीएमयू में 11 अप्रैल को हो गया था। जिसके बाद उन्होंने मेदांता अस्पताल पर चार दिन में चार लाख वसूलने के आरोप लगाये थे, कहा कि हम मंत्रियों के साथ ऐसा बर्ताव किया जा रहा है तो सामान्य मरीजों के साथ तो कुछ भी हो सकता है।

डॉक्टरों को मिलेगी प्रोन्नति, होंगी नई नियुक्तियां

स्वास्थ्य विभाग में 9 वर्ष बाद 5384 डॉक्टरों का प्रस्ताव शासन को भेजा

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

अमृत विचार : स्वास्थ्य विभाग में 9 वर्ष बाद ग्रेड वन के डॉक्टरों का प्रमोशन होगा और उन्हें ग्रेड टू में पदोन्नति मिलेगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने ग्रेड वन के 5384 डॉक्टरों का प्रस्ताव शासन में भेज दिया है, अनुमोदन मिलते ही, संभवतः ग्रेड वन में करीब 2196 पद रिक्त हो जायेंगे और नई नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त होगा।

स्वास्थ्य विभाग में 2012 में और बाद में नियुक्त होने वाले चिकित्सकों को प्रोन्नति नहीं मिली, विभाग में ग्रेड वन के डॉक्टरों के प्रमोशन 2015 में अंतिम बार हुए थे। जिसमें 2011 तक नियुक्ति पाने वाले डॉक्टरों को प्रोन्नति मिल गई थी।

▸▸ **अनुमोदन मिलते ही करीब 2196 पद हो जाएंगे रिक्त**

विभागीय लापरवाहियों की वजह से नियुक्ति पाने वाले चिकित्सकों को विभाग में वरिष्ठता क्रम तक नहीं जारी हो सके। लिहाजा ग्रेड वन के प्रमोशन रुक गये। इतना ही नहीं साल 2018 में विभाग की नई नियमावली बनने के बाद तकनीकी दिक्कतें बढ़ गईं और चिकित्सकों को चार साल की नौकरी के बाद मिलने वाली पदोन्नति नहीं मिली। लिहाजा, विभाग में नई सेवा नियमावली के बाद ग्रेड वन में निर्धारित 3620 पद के सापेक्ष डॉक्टरों की संख्या बढ़कर करीब छह हजार से ज्यादा हो गई। पद रिक्त न होने की वजह से विभाग में ग्रेड वन के रेगुलर पदों पर नियुक्ति नहीं हो रही थी। वहीं ग्रेड टू में पदों की संख्या 7240 में अधिकांश पद रिक्त लंबी अवधि से रिक्त चल रहे हैं।

ग्रेड वन में 3620 पद

विभाग में चिकित्सकों के 19011 पद हैं, ग्रेड वन में 3620, ग्रेड टू में 7240, ग्रेड तीन में 5199, ग्रेड चार में 2825, ग्रेड पांच में 105, ग्रेड छह में 19 और ग्रेड सात में तीन पद हैं। विभाग में नियुक्ति के बाद चार साल की नौकरी करने के बाद ग्रेड वन से ग्रेड टू में प्रोन्नति का प्रावधान है।

> ग्रेड वन के डॉक्टरों को प्रोन्नति मिलने के बाद विभाग में ग्रेड वन के पद रिक्त हो जायेंगे, रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए उप्र लोक सेवा आयोग में अधियाचन भेजा जायेगा। पूर्व की तकनीकी दिक्कतों को खत्म कर लिया गया है।
>
> –डॉ.राजा गणपति, निदेशक स्वास्थ्य विभाग, लखनऊ

कमोवेश यही हाल ग्रेड थ्री का भी है, ग्रेड टू में प्रमोशन न होने से तमाम पद खाली हैं। विभाग की 2018 में नई सेवा नियमावली बनने के बाद बीते साल जनवरी 2023 में ग्रेड वन के 5257 डॉक्टरों को वरिष्ठता क्रम जारी होने के बाद मौजूदा समय में डॉक्टरों की संख्या 6949 पहुंच गई है।

राजनाथ को रिकार्ड मतों से जिताने का आह्वान

अमृत विचार, लखनऊ : रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के समर्थन में पुराने लखनऊ के बालागंज में रविवार को आदेश सिंह के चेंबर में वरिष्ठ अधिवक्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने बैठक कर इस बार रिकार्ड मतों से जिताने का आह्वान किया। विधायक पंकज सिंह एवं विधायक नीरज बोरा ने राजनाथ सिंह के संसदीय क्षेत्र की अनगिनत उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि राजनाथ सिंह ने लखनऊ को एक अलग पहचान दी है।

▸▸ **अधिवक्ताओं व जनप्रतिनिधियों ने बैठक कर की कार्यों की सराहना**

कार्यक्रम के आयोजक पार्षद अनुराग मिश्र अन्नू, वरिष्ठ अधिवक्ता आदेश सिंह, विनय सिंह एवं बार कौंसिल यूपी के वाइस चेयरमैन प्रशांत सिंह अटल ने भी राजनाथ सिंह के कार्यों की सराहना की। बैठक में अधिवक्ता अशोक सिंह, राहुल सिंह, सुरेश पाण्डे, सीबी सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, विनय सिंह, संजय त्रिवेदी, उदय प्रताप सिंह सहित सैकड़ों अधिवक्ता उपस्थित रहे।

SHIVENDRA'S ORTHO CLINIC
शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि टयूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
WE CARE YOUR BONES & JOINTS
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षों से अधिक अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)

ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

शहर में आज

- आनंदी माता मंदिर, खुनखुन जी रोड, चौक में 'एक शाम महावीर के नाम' कवि सम्मेलन- 6:30 बजे।
- काकोरी स्थित सिद्धनाथ मंदिर में ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक विरासत विषयक छायाचित्र प्रदर्शनी व पुरस्कार वितरण समारोह- 9:30 बजे।
- राज्य संग्रहालय में विश्व धरोहर दिवस पर पहाड़ी चित्रकला में ब्रज काव्य की कलात्मक अभिव्यक्ति- 3.30 बजे।
- ऐशबाग रामलीला मैदान में चैती महोत्सव के तहत कथक नृत्य, गायन व नाटक का मंचन- 4.00 बजे।
- चिनहट स्थित मां सिद्धिदात्री छोहरिया शक्तिपीठ में सामूहिक विवाह- रात्रि 8:00 बजे।
- गोमती नगर स्थित अवध स्कूल में टेनिस टूर्नामेंट- 11 बजे।

धूल भरी गर्म हवा खराब कर रही एक्यूआई

बुधवार दोपहर लखनऊ व आसपास 35 किमी प्रति घंटे तक चली हवाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : धूल भरी गर्म हवा लखनऊ और आसपास के वातावरण पर नकारात्मक असर डाल रही है। मौसम अनुसंधान केन्द्र की जांच में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) खराब निकला है। ऐसे में आवाजाही और अन्य बिन्दुओं को लेकर सतर्कता बरतने की सलाह दी है।

लखनऊ में बुधवार सुबह से ही तेज धूप निकली। दिन चढ़ने के साथ गर्म हवा चलने लगी। मौसम अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिक एके सिंह के अनुसार हवा की रफ्तार 25 से 35 किमी प्रति घंटा तक रही। दिन का अधिकतम तापमान बीते दिन की तुलना में 2 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 40 तक पहुंच गया। गुरुवार को भी धूल भरी गर्म हवा चलने की संभावना है। ऐसे में घर से बाहर निकलते समय सतर्कता बरतें। वहीं शाम होने के बाद मौसम सुहावना हो गया। जिससे लोगो को तेज तपिश से राहत मिली।

शुक्रवार को हो सकती है बूंदाबादी: मौसम अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिक एके सिंह ने बताया कि 19 को मौसम बिगड़ने की संभावना है। बूंदाबादी के साथ कुछ स्थानों पर आकाशीय बिजली भी गिर सकती है। अभी मौसम में बदलाव आगामी कई दिनों तक जारी रहेगा, अप्रैल के आखिरी सप्ताह तक गर्मी और लू का प्रकोप और तेज हो जाएगा।

तेज हवा से बचने का प्रयास करती युवती।

गर्मी से राहत पाने के लिए नहाता किशोर।

प्राणि उद्यान में तालाब में नहाते गिद्ध।

लखनऊ में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) का हाल

स्थान	दर्जा एक्यूआई	स्थान	दर्जा एक्यूआई
सेंट्रल स्कूल	खराब 200	हैबत मऊ मवइया	खराब 160
गोमती नगर	खराब 196	लालबाग	खराब 151
विजय खण्ड	खराब 189	तालकटोरा	खराब 135
निशांतगंज	खराब 172	आंबेडकर विवि	खराब 127
चारबाग	खराब 165	कुकरैल	खराब 122

राजधानी के कई इलाकों में आज भी गुल रहेगी बिजली

अमृत विचार : शहर के कई इलाकों में गुरुवार को आरडीएसएस योजना के तहत किया जायेगा। जिसके चलते करीब दो लाख उपभोक्ता इससे प्रभावित रहेंगे। अर्जुनगंज के अहिमामऊ फीडर पर जर्जर एबी तारों के बदलने का कार्य किया जायेगा। जिसके चलते लल्लन सिंह नगर की बिजली सप्लाइर सुबह 10 से शाम 5 बजें तक बाधित रहेगी। वही जानकीपुरम इंजीनियरिंग कॉलेज मे जर्जर तार, खराब हो चुके बिजली पोल और एबीसी लाइनों को बदलने का कार्य किया जायेगा। जिसके कारण सेक्टर एच के पास, सुंदरम पार्क के आसपास, सेक्टर एफ, गौशाला, शिवविहार एम, के साथ सेक्टर-आई, जानकीपुरम मे रामपुर निसफ और एलीशा नगर चौराहे के आसपास के इलाकों मे सुबह 9 से शाम 4 बजें तक सप्लाई बंद रहेगी। इसके साथ ही पुरनिया उपकेंद्र से पोषित 11 केवी जनरल पूल पर आरडीएसएस योजना के तहत कार्य किया जायेगा। जिसके कारण सेक्टर के, क्यू, पी, ए, सी, डी, कपूरथला चौराहा, नेहरू बालवाटिका के आसपास के इलाके मे सुबह 10 से शाम 5 बजें तक सप्लाई बाधित रहेगी। वही कमता के सुरेंदनगर और कमता उपकेंद के आसपास के इलाको मे कार्य करने के चलते सुबह 10 बजें से शाम 5 बजें तक आपूर्ति बाधित रहेगी।

21 से सभी घरेलू उड़ानों का टर्मिनल तीन से होगा संचालन

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▸▸ अभी कुछ ही घरेलू उड़ानें टर्मिनल तीन से हो रहीं संचालित

अमृत विचार : चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय (सीसीएसआई) हवाई अड्डे की सभी घरेलू उड़ानों का संचालन 21 अप्रैल की मध्यरात्रि से टर्मिनल तीन से किया जाएगा। अभी इंडिगो एयरलाइंस, एयर इंडिया, विस्तारा, एयर इंडिया एक्सप्रेस, एयर एशिया इंडिया, फ्लाई बिग और स्टार एयर अपनी घरेलू उड़ानें टर्मिनल 2 से संचालित करते हैं। इस बदलाव की जानकारी देते हुए सीसीएसआई हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने बताया कि यह कदम सभी उड़ानों के संचालन को चरणबद्ध तरीके से टर्मिनल 3 पर स्थानांतरित करने की लखनऊ हवाई अड्डे की योजना के अनुरूप है।

उन्होंने बताया कि अकासा एयर पहली एयरलाइन है जो 31 मार्च से अपनी सभी उड़ानें टर्मिनल तीन से संचालित कर रहा है। अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों का संचालन टर्मिनल एक से किया जाएगा।

सभी प्रस्थान करने वाले घरेलू यात्रियों को लक्ष्मण सर्कल के पास अप रैंप से जाना होगा। जबकि पिक-अप के लिए आने वाले रिश्तेदारों को टर्मिनल 3 के आगमन की ओर ग्राउंड-लेवल जारी रखना होगा।

प्रवेश द्वार पर दिखेगी प्रदेश की कला व संस्कृति

हवाई अड्डे के प्रवेश द्वार पर प्रदेश की कला और संस्कृति की झलक दिखाई देगी। प्रवेश द्वार पर चेक इन काउंटर पर लगे ''चिकनकारी'' और ''मुकैश'' कढ़ाई के प्रबुद्ध रूपांकन यात्रियों को मंत्रमुग्ध कर देंगे। फ्रॉस्टिंग पर ग्राफिक्स रामायण और महाभारत जैसे महाकाव्यों की कहानियों को दर्शाएंगे।

एक नजर

ट्रांसफार्मर बंद कर भागा संविदा कर्मी, बर्खास्त

अमृत विचार : लेसा के संविदाकर्मी की लापरवाही से चिनहट की न्यू गुलिस्ता कॉलोनी मंगलवार रात तीन घंटे अंधेरे में रही। फाल्ट ठीक करने पहुंचे संविदाकर्मी ने ट्रांसफार्मर बंद कर दिया। एसडीओ ने डांटा तो मोबाइल बंद कर भाग गया। संविदा कर्मी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराते हुए देर शाम उसे बर्खास्त कर दिया गया है। इधर बिजली गुल रहने से गर्मी से परेशान लोग घरों निकल हंगामा करने लगे। बवाल बढ़ने पर जूनियर इंजीनियर, एक्सईएन मौके पर पहुंचे। रात 1.45 बजे फाल्ट दुरुस्त करा सप्लाई शुरू कराई। बुधवार को आरोपी संविदाकर्मी पर चिनहट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बिजली की आवाजाही ने किया परेशान

अमृत विचार, लखनऊ : चिनहट के कमता उपकेंद्र क्षेत्र के अंतर्गत बिजली की आवाजाही से लोग परेशान रहे। वही कई बार तो बिजली घंटों तक बाधित रही, लोगों ने जब उपकेंद्र पर फोन किया तो वह नहीं उठा, वहीं उपकेंद्र पर जब पहुंचे तो वहां पर कोई कर्मचारी नहीं मिला।

फंदे पर ब्रोकर का शव, पास में बेहोश मिली महिला मित्र

पास में रोती मिली दोनों की सात वर्षीय बच्ची, मां केजीएमयू और बेटी सीएचसी में भर्ती

संवाददाता, लखनऊ/ सरोजनीनगर

अमृत विचार : सरोजनीनगर क्षेत्र में एक प्रापर्टी डीलर के कार्यालय में ब्रोकर का शव फंदे पर लटका मिला। पास में महिला मित्र बेहोश पड़ी थी और बच्ची खड़ी रो रही थी। महिला मित्र की भी हालत गंभीर है, उसे केजीएमयू के ट्रॉमा में भर्ती कराया गया है। सहमी बच्ची भी सरोजनीनगर सीएचसी में भर्ती है। पुलिस और फारेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस महिला के होश में आने का इंतजार कर रही है।

सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के मीरानपुर पिनवट निवासी राजेश रावत प्रॉपर्टी डीलर हैं। उनका दरोगाखेड़ा में कार्यालय है। राजेश का भतीजा अतुल और बंथरा के सिकंदरपुर निवासी नितिन विश्वकर्मा (40) पुत्र रामभजन ब्रोकर का काम करते थे। कार्यालय की चाभी भी इन दोनों के पास ही रहती है। बुधवार सुबह लगभग 7:30 बजे अतुल कार्यालय खोलने पहुंचा तो शटर आधा खुला मिला। अंदर पंखे के हुक से दुपट्टे से बने फंदे पर नितिन का शव लटका था। नितिन संग लिव इन में रहने वाली पूनम (42) बेहोशी पड़ी थी और उसकी 7 वर्षीया बच्ची खड़ी रो रही थी। अतुल की सूचना पर राजेश और पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पूनम को लोकबंधु अस्पताल भेजा, जहां से केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया है। पुलिस के साथ फॉरेंसिक टीम ने मौके पर जांच कर साक्ष्य एकत्र किए। इंस्पेक्टर शैलेंद्र गिरी ने बताया कि बच्ची के गले में भी चोट के निशान मिले हैं। उन्होंने कहा कि जांच, महिला के बयानों और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

मृतक नितिन

घायल बच्ची।

▸▸ सरोजनीनगर क्षेत्र में प्रापर्टी डीलर के कार्यालय में हुई घटना

बच्ची के गले में भी मिले चोट के निशान

सरोजनीनगर इंस्पेक्टर शैलेंद्र गिरी ने कहा कि प्रथम दृष्टया घरेलू कलह में घटना होना प्रतीत हो रहा है। ऐसा लगता है कि विवाद के बाद नितिन ने पूनम का गला दबा हत्या का प्रयास किया। बेहोश होने पर उसे मृत समझ कर आत्महत्या कर ली होगी। बच्ची के गले में भी चोट के निशान मिले हैं। इससे लगता है कि नितिन ने उसे भी मारने का प्रयास किया होगा। उसे भी सरोजनीनगर सीएचसी में भर्ती कराया गया है। डर के कारण वह कुछ बता नहीं पा रही है। ट्रामा सेंटर में भर्ती पूनम की हालत भी गंभीर है। उसके होश में आने का इंतजार है।

12 वर्ष से लिव इन में रहते थे नितिन और पूनम

नितिन के पिता रामभजन ने बताया कि पूनम बंथरा के नरायनपुर गांव की रहने वाली है। उसके पति की वर्ष 2010 में मौत हो गई थी। पहले पति से उसके दो बच्चे हैं। दोनों कानपुर में रहते हैं। पति की मौत के बाद डेढ़ दो साल बाद से पूनम नितिन के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रहने लगी थी। दोनों की एक सात वर्ष की बच्ची भी है। नितिन और पूनम में तीन दिन से किसी बात को लेकर विवाद हो रहा था। मंगलवार रात भी कहासुनी हुई। कुछ देर बाद नितिन कार्यालय चला गया था। कुछ देर बाद बेटी को लेकर पूनम भी निकल गई थी। बुधवार सुबह फोन पर परिवार को घटना की सूचना दी गई।

रेरा पीठ के आदेश का अनुपालन न करने वाले दो प्रोमोटर्स को चेतावनी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▸▸ मांगा स्पष्टीकरण, अनुपालन के लिए दिया अंतिम अवसर

अमृत विचार: उप्र भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) पीठ के आदेश का अनुपालन न करने पर पीठासीन अधिकारी ने प्रदेश के दो प्रोमोटर्स को चेतावनी जारी की है। दोनों प्रोमोटर्स से स्पष्टीकरण मांगने के साथ प्रतिनिधियों को सुनवाई में पीठ के सामने उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने का अंतिम अवसर दिया है।

आदेश का अनुपालन न करने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। पीठासीन अधिकारी संजय भूसरेड्डी ने यह आदेश उप्पल चड्ढा हाई-टेक डेवलपर्स प्रालि. तथा हेबे इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रालि. के प्रकरण में शिकायत की सुनवाई करते हुए पारित किया है।

पीठासीन अधिकारी ने बताया कि दोनों प्रकरणों में शिकायतकर्ताओं ने यूपी रेरा के आदेश का अनुपालन कराये जाने के लिए आवेदन किया था। दोनों प्रोमोटर्स ने आदेश का अनुपालन नहीं किया और आख्या भी पोर्टल पर अपलोड नहीं की। जबकि दोनों परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। प्रोमोटर्स ने शिकायतकर्ताओं को न तो फ्लैट पर कब्जा दिया और सम्पर्क करने पर संतोषजनक उत्तर दिया जा रहा है। इसलिए रेरा अधिनियम की धारा 35 व 36 में निहित शक्तियों का उपयोग करते हुए पीठ 1 द्वारा प्रोमोटर के प्रतिनिधि को सुनवाई में उपस्थित होकर आदेश के अनुपालन की स्थिति स्पष्ट करने एवं विलम्ब का कारण बताने का आदेश दिया गया है।

कार की टक्कर से आईटीआई छात्र की मौत

अमृत विचार, लखनऊ : गोसाईंगंज चौराहे पर मंगलवार रात कार की टक्कर से गंभीर घायल बाइक सवार आईटीआई छात्र की मौत हो गई। हादसे के बाद ड्राइवर कार समेत भाग निकला। पीड़ित परिजन की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी कार चालक की तलाश कर रही है। थाना अंतर्गत सहन टोला निवासी कुशल सिंह (20) चारबाग बासमंडी स्थित कॉलेज में आईटीआई का छात्र था। मंगलवार को वह कॉलेज से बाइक पर घर लौट रहा था। रास्ते में गोसाईंगंज चौराहे के पास तेज रफ्तार कार चालक ने कुशल की बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर घायल होने से उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भर कर बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया। इंस्पेक्टर ब्रजेश ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

दो महीने बाद भी जांच अधूरी, अधिकारियों की मौज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पंचवटी कालोनी में बिजली चोरी में बर्खास्त किए गए थे पांच संविदा कर्मी

▸▸ एसडीओ और जेई के खिलाफ अब तक पूरी नहीं हो सकी जांच

अमृत विचार: चिनहट के कमता उपकेंद्र के पंचवटी कॉलोनी में बिजली चोरी मामले की हुई जांच में दोषी पाये गये संविदा कर्मियों को जहां तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया, वहीं जांच में शामिल जेई और एसडीओ पर दो महीने बीतने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके चलते पीड़ित उपभोक्ता ने आशंका जताते हुए जांच कमेटी पर सवाल उठाया है। उसका कहना है कि विभाग इस मामले की लीपापोती में जुटा है। विभागीय कर्मचारियों के अनुसार जिस मामले में पांच संविदा कर्मियों को हटाया गया है, उनमें प्रथमदृष्टया एसडीओ और जेई को भी दोषी पाया गया था।

17 फरवरी का है मामला: कमता उपकेंद्र के कर्मचारियों ने पंचवटी कॉलोनी में छापा मारा। इस दौरान कुछ लोगो को पकड़ा भी गया। ग्यास अहमद की गैरमौजूदगी में उनके घर में पकड़ी गई बिजली चोरी से निजात दिलाने के लिए उनके परिवार से 30 हजार रूपये की मांग की गई। परिवार के असमर्थता जताने पर कर्मचारी ने अपना फोन नंबर देकर बात करने के लिए कहा। देर रात लौटे ग्यास अहमद ने पूरे मामले को समझते हुए दिये गये नंबर पर जब फोन मिलाया तो कर्मचारी ने उपकेंद्र के एसडीओं से आकर मिलने को कहा। जिसके बाद कार्यालय पहुंचे ग्यास अहमद से एसडीओ ने संविदाकर्मी की बात मानने की सलाह दी। जिसके बाद खिलाफ कोई एक्शन लिया गया।

> इस प्रकरण को गंभीरता से लिया गया। लेकिन उपभोक्ता की ओर से जांच में सहयोग नहीं किया जा रहा है। इसके बाद भी जांच कमेटी को तेजी से काम करने के निर्देश दिये हैं। रिपोर्ट आने के बाद जो भी अधिकारी दोषी पाया जायेगा, उसके खिलाफ कार्रवाई जरूर की जायेगी।
>
> **–यदुनाथ राम, अधीक्षण अभियंता**

> विभाग की ओर से संविदा कर्मियों को हटाना ही काफी नहीं है। अल्पसंख्यक आयोग की ओर से जांच कमेटी को लिखित में दिया गया है। अगर इसके बाद भी कार्रवाई नही की गई, तो मैं इस मामले को चेयरमैन के सामने भी रखूंगा।
>
> **–ग्यास अहमद, पीड़ित उपभोक्ता**

> हमारी तीन सदस्यीय जांच कमेटी कुछ बिंदुओं पर काम कर रही है। साथ ही उपभोक्ता को कमेटी के सामने पेश होकर अपने साक्ष्य रखने को बोला गया है। जल्दी ही कमेटी जांच पूरी कर रिपोर्ट अधिकारियों को सौंप देगी।
>
> **–पवन वर्मा, एक्सईन टेस्ट मीटर**

उपभोक्ता की ओर से पूरे मामले को मुख्य अभियंता के सामने रखा। इसके बाद इस मामले की जांच की गई और दोषी पाए गए मुख्य अभियंता ने पांच संविदा कर्मियों को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया। साथ ही अधिकारी पर लगे आरोप की जांच के लिए गोमती नगर एक्सईन को टेस्ट मीटर को जिम्मा सौंपा गया। लेकिन अभी तक न रिपोर्ट आई, न हीं एसडीओ और जेई के खिलाफ कोई एक्शन लिया गया।

मुख्य अभियंता ने अधिकारियों के साथ उपकेंद्र पर की समीक्षा बैठक

अमृत विचार, लखनऊ : ट्रांसगोमती मुख्य अभियंता ने गुरूवार को उपकेंद्र अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होने आरडीएसएस योजना के तहत किये जाने वाले कार्यो को तेजी से कराने के लिए निर्देश दिए। मुख्य अभियंता सुनील कपूर ने बताया कि गर्मी मे कम से कम बिजली आपूर्ति बाधित हो, इसके लिए क्षेत्र मे ट्रांसफार्मरों की रिपेयरिंग, पेटीफ्यूज, जम्फर, पेड़ो की कटाई-छटाई के कामों को निरंतर करने के लिए कहा है। अधिकारियों को इलाके के बकायेदारों से बिल की वसूली के लिए अभियान चलाने के साथ उपभोक्ताओं को अंतिम चेतावनी देने को भी कहा गया है। प्रीपेड मीटरो के रिचार्ज और नये कनेक्शनों को जारी करने के साथ उपभोक्ताओं की सभी समस्याओं के समाधान करने के लिए तेजी लाने को कहा है।

नगर निगम के जोन छह में सड़क पर गंदगी का ढेर

▸▸ सरकटा नाला के पास डम्पिंग यार्ड से नियमित नहीं उठाया जा रहा कूड़ा

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : नगर निगम के जोन छह में सफाई व्यवस्था पटरी से उतर गई है। सड़कों पर गंदगी के ढ़ेर लगे हैं। जोन छह के चौक व आचार्य नरेंद्र देव वार्ड के बार्डर पर सरकटा नाला के पास बने डम्पिंग यार्ड से नियमित कूड़ा नहीं उठाया जा रहा है। इससे आधी सड़क कूड़े से पटी रहती है।

यहां से निकलने वाले राहगीर बदबू के बीच गुजरने के लिए मजबूर हैं। जोन के सफाई निरीक्षक जनता की सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। कूड़ा निस्तारण के लिए ट्रैक्टर-ट्राली लगायी गयी हैं। कूड़े को बिना ढके निस्तारण के लिए पहुंचाया जाता है। इससे गर्मी के मौसम में महामारी फैलने का खतरा बना है। क्षेत्रीय निवासियों में नगर निगम की लापरवाही से भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि यदि समस्या का समाधान नहीं किया गया तो जोन छह कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे।

जोन छह में डम्पिंग यार्ड के बाहर सड़क पर फैला कूड़ा। अमृत विचार

उपभोक्ता का तार ना बदलने पर संस्था को किया गया ब्लैकलिस्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ ठेकेदार के खिलाफ चिनहट कोतवाली में मुकदमा दर्ज

अमृत विचार: आठ लाख रुपये के एस्टीमेट की धनराशि जमा करने के बाद भी चिनहट के बिजली उपभोक्ता को पंद्रह महीने तक बिजली के तार ना बदलने पर लेसा ने कार्यदायी संस्था को ब्लैकलिस्ट कर ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

लेसा के सर्किल-दो के अधीक्षण अभियंता यदुनाथ राम ने बताया कि मेसर्स मंशा इंटर प्राइजेज के प्रो. जीत बहादुर के साथ चिनहट क्षेत्र में नये बिजली कनेक्शन के आवेदकों का लाइन निर्माण सहित अन्य कार्यों के लिए दो साल पहले अनुबंध हुआ था। आवेदक एएम एसोसिएट फैजाबाद रोड ने तार बदलने के लिएकरीब आठ लाख रुपये के एस्टीमेट को जमा कर दिया था, लेकिन 15 महीने बीत जाने के बाद भी तार को नहीं बदला गया। ठेकेदार ने आधा-अधूरा काम कर बिजली चालू कर दी, लेकिन बिजली के तार नहीं बदलें। समस्या के बाबत जेई अंकुश मिश्रा की ओर से कई बार कहा गया। जिसके बाद उसे नोटिस भी जारी किया गया। इसके बावजूद न ही कोई निर्माण किया गया और न ही निर्माण सामग्री वापस की गई। जिसके बाद कंपनी को ब्लैक लिस्ट करते हुए ठेकेदार के खिलाफ चिनहट कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया।

सहालग आज से, ग्राहकों से बाजारों में रौनक

सर्राफा, शेरवानी, कपड़ा और लहंगा-साड़ी शोरूम में ग्राहकों का हुजूम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: सहालग बुधवार से शुरू हो रही है। इस बार सहालग ज्यादा लंबी नहीं है। वैवाहिक कार्यक्रमों की शुरुआत 18 अप्रैल से हो रही है। करीब दस दिन बाजारों में रौनक रहेगी। कारोबार भी रफ्तार पकड़ेगा। वर-वधू पक्ष के लोगों ने खरीदारी प्रारंभ कर दी है। सर्राफ बाजार हो या फिर लहंगा-साड़ी और कपड़ों के शोरूम। कोई डिजाइन तय कर चुका है तो कोई वधू के लिए जेवरात की खरीदारी में जुटे हैं।

पुरुष परिधानों में सूट और शेरवानी के खरीदार कम नहीं हैं। लहंगा और साड़ियों की दुकानों पर भी भीड़ है। शेरवानी, लहंगा आदि की फिटिंग का जिम्मा शोरूम वाले मुफ्त में उठा रहे हैं। शोरूम में कहीं दूल्हा बनाए जा रहे हैं तो कहीं वधू, बस डिजाइन फाइनल करिए और तारीख से पहले उसे शोरूम से उठा लीजिए। हजरतगंज, अमीनाबाद, गणेशगंज, श्रीराम रोड, चौक, इंदिरानगर, भूतनाथ मार्केट, आलमबाग, कृष्णानगर, अलीगंज, पुरनिया, गोमतीनगर, पत्रकारपुरम, आशियाना समेत कई बाजारों में भीड़ है।

सोना आसमान पर, 'वजन' देख लोग खरीद रहे जेवरात : कोई भी वर्ग का हो सोने की बढ़ती कीमतों से उसकी शादी के बजट में बड़ा अंतर आया है। करीब 75,000 रुपये दस ग्राम का भाव है तो चांदी भी 86,000 रुपये किलो का भाव छू चुकी है। ऐसे में सुहाग से जुड़े.तमाम जेवरातों की खरीदारी लोगों को परेशान कर रही है। बाजार में भीड़ है लेकिन खरीदारी बहुत सीमित है। चौक सर्राफा के सिद्धार्थ जैन और एक अन्य कारोबारी अमृत जैन के मुताबिक सहालग में अब बिक्री वजन आधारित रह गई है। रेट ज्यादा हैं। डिजाइनर और हल्की ज्वेलरी को पसंद कर उनके आर्डर दिए गए हैं। स्टेट हेड इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन इब्जा के अनुराग रस्तोगी बताते हैं कि सहालग छोटी है। बाजार में भीड़ तो है लेकिन अब वह वजनदार आइटम की खरीदारी से बच रही है।

महानगर स्थित शोरूम में लहंगा दिखाती महिला।

चौक स्थित सर्राफा बाजार में आभूषण की खरीदारी करते लोग। अमृत विचार

गर्मी ने बढ़ाया सिफॉन, कॉटन और सिल्क का बाजार

लहंगा की तमाम वैरायटी बाजार में हैं। 5,000 से लेकर 50,000 रुपये कीमत के लहंगे बाजार में हैं। साड़ी और लहंगा शोरूम के बडे.व्यापारी उत्तम कपूर बताते हैं कि बडे.घेर वाले लहंगे पसंद किए जा रहे हैं। महिलाएं और वधू इसे पहन कर फिटिंग के लिए भिजवा रही हैं।

बंधेज, सिल्क और बनारसी साड़ियां पसंदीदा

बारात में पसंदीदा बनारसी साड़ियां आज भी खूब बिक रही हैं। कपड़े के साथ साड़ियों पर इम्ब्राइडिरी के हिसाब से उनके रेट हैं। बंधेज, सिल्क और बनारसी साड़ियों का बाजार है। इसकी कीमत 2,500 से शुरू होकर 25,000 तक है। सिल्क, इम्ब्राइडिरी, नेट वाली साड़ियों का अपना महत्व है।

बनारसी लहंगा, सिल्क व कॉटन साड़ियों के खरीदार ज्यादा

श्रीराम रोड स्थित कपड़ा प्रतिष्ठान के मालिक एवं लखनऊ व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष प्रभू जालान बताते हैं कि गर्मी को देख महिलाएं कॉटन की डिजाइनर साड़ियां, सिल्क और बनारसी ले रही हैं। शादी को देखते हुए महिलाओं की तैयारी इस बार सिल्क पर ज्यादा दिख रही है।

एक नजर

वितरक की मां का निधन

मृतक महिला

अमृत विचार, लखनऊ : जनपद डिपो के वरिष्ठ वितरक जेके तिवारी की माता का मंगलवार रात में निधन हो गया था। वह 75 वर्ष की थी और लंबे समय से बीमार चल रही थी। सभी पत्र वितरकों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

केजीबीवी की हर माह देखी जायेगी प्रगति रिपोर्ट

अमृत विचार, लखनऊ : कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों कि अब हर माह प्रगति रिपोर्ट देखी जायेगी। राज्य परियोजना कार्यालय की ओर से सभी जनपदों से रिपोर्ट मांगी जायेगी। इस बारे में जानकारी देते हुए वरिष्ठा विशेषज्ञ डॉ मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत पढ़ाई की कार्य योजना तैयार हुई, इसके साथ ही विद्यालय को अपग्रेड किया जा रहा है।

अब सिम और इंटरनेट का नहीं चलेगा बहाना

सरकारी स्कूलों में टैबलेट संचालन के लिए विभाग करेगा व्यवस्था

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

कंचन वर्मा
शिक्षा महानिदेशक

▸▸ अभी तक शिक्षकों को कंपोजिट ग्रांट से सीधे सिम व डाटा खरीदने की दी गई थी अनुमति

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों में टैबलेट के संचालन को लेकर अब कोई बहना नहीं चलेगा। प्रत्येक विद्यालय में दिए गये टैबलेट के लिए सिम और डाटा विभाग की ओर से उपलब्ध कराया जायेगा। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग विद्यालयों की दी जाने वाली कंपोजिट ग्रांट से सिम और डाटा स्वयं खरीदेगा। बाकी ग्रांट की बची हुई धनराशि को विद्यालय प्रबंधन समिति के खाते में भेजा जायेगी।

इस बारे में शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। दरअसल, प्रत्येक विद्यालय में दो टैबलेट का वितरण पिछले साल ही किया गया था। इसके माध्यम से सभी ऑनलाइन कार्य और शिक्षकों की उपस्थिति भी दर्ज होनी थी। लेकिन शिक्षकों का विरोध इस बात को लेकर था कि जब तक विभाग सिम और डाटा नहीं उपलब्ध करायेगा तब तक वह टैबलेट का संचालन नहीं करेंगे। तो विभाग की ओर से ये अनुमति दी गई कि कंपोजिट ग्रांट से सिम और डाटा खरीद लिया जाए। लेकिन उसके बाद भी शिक्षकों ने कहा कि हम सिम लेने के लिए अपनी आईडी का इस्तेमाल नहीं करेंगे। इसको देखते हुए विभाग ने अब नई व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। विभाग की मंशा है कि नये शैक्षिक सत्र 2024-25 में टैबलेट का इस्तेमाल पूरी तरह से शुरू हो जाए।

10 प्रतिशत राशि स्वच्छता अभियान के लिए : कम्पोजिट स्कूल ग्रांट से 10 प्रतिशत धनराशि स्वच्छता अभियान व कार्यक्रम पर खर्च करनी होगी। यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि विद्यालय में आवश्यकतानुसार स्वच्छता सामग्री यथा टॉयलेट क्लीनर, फिनायल, साबुन, चूना, झाड़ू, डस्टिंग क्लॉथ, नेलकटर, हैंडवॉश, सैनिटाइजर उपलब्ध कराना होगा।

कई जगह नहीं खुली टैबलेट की सील

शिक्षको ने टैबलेट का विरोध करने के जो तीन कारण बताये उसके चलते बहुत से विद्यालयों में टैबलेट अभी भी डिब्बे में ही बंद है और जहां भी टैबलेट का संचालन शुरू हुआ, वहां शिक्षक अपनी उपस्थित दर्ज नहीं करते हैं, सिर्फ बच्चों की उपस्थित दर्ज करते हैं। बाकी स्कूल से जुड़े अन्य ऑनलाइन काम करते हैं। ऐसे में विभाग ने अब टैबलेट संचालन में शिक्षकों की जितनी भी समस्याएं थी उनको समाप्त करने का निर्णय लिया है।

अभी भी उपस्थित बनी है चुनौती

इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी बताते हैं कि अभी भी शिक्षकों की समय से उपस्थिति चुनौती बन रही है। कई बार कार्रवाई होने के बाद भी जब सुधार नहीं हो रहा है तो विभाग के इस निर्णय से अब टैबलेट का संचालन करना आसान होगा।

इस बार पांच वर्गों में ग्रांट को दी गई स्वीकृति

समग्र शिक्षा की वार्षिक कार्ययोजना व बजट 2024-25 के क्रम में केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से प्रदेश भर के परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों को नामांकन के आधार पर पांच श्रेणी में कम्पोजिट स्कूल ग्रांट की स्वीकृति दी गयी है। विभाग का दावा है कि ये ग्रांट जल्द ही मिलनी शुरू हो जायेगी।

लविवि में पढ़ाई के साथ मिला रोजगार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ सेंट्रल प्लेसमेंट के सहारे 16 छात्रों का हुआ चयन

▸▸ निजी कंपनियों में कार्यरत रहकर भी पढ़ाई पूरी कर सकेंगे छात्र-छात्राएं

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय की सेंट्रल प्लेसमेंट सेल द्वारा 16 छात्रों का चयन हुआ है। प्लेसमेंट सेल की निदेशक का कहना है कि सभी छात्र निजी कंपनियों में कार्यरत रहकर अपनी पढ़ाई भी पूरी कर सकेंगे।

प्लेसमेंट सेल की निदेशक प्रोफेसर मधुरिमा लाल बताती हैं कि विवि की प्लेसमेंट सेल लगातार निजी कंपनियों को आमंत्रित कर छात्रों को रोजगार के अवसर दिलाती रही है। इस बार पर एमबीए कर रहे छात्रों को आमंत्रित किया गया है। साक्षात्कार में कंपनियों के जिम्मेदार शामिल हुए। इसी के 16 छात्रों का चयन किया गया।

इनका हुआ चयन : आर्यन सिंह, आनंद पाल, अक्षत शाह, आयुषि सिंहा, अभिजीत शुक्ला, नैना तिवारी, अंकित यादव, सऊद मुजम्मिल, रानी सेठ, कुंवर वरुण प्रकाश, अंशू मिश्रा, राहुल अग्रवाल, सुनाक्षी वर्मा, आयुष यादव, अंजलि तिवारी, श्रिंखला गुप्ता का अलग-अलग निजी कंपनियों में चयन हुआ है।

सार-संक्षेप

वार्षिक एएनओ सम्मेलन में चर्चा करते अधिकारी। अमृत विचार

एनसीसी कैडेट्स को बेहतर प्रशिक्षण देने पर दिया जोर

अमृत विचार, लखनऊ : 33वीं यूपी नेवल एनसीसी यूनिट में वार्षिक एएनओ सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में शामिल संबद्ध संस्थानों के सभी सहयोगी भी शामिल रहे। कार्यक्रम अध्यक्षता यूनिट के कमान अधिकारी कैप्टन (भारतीय नौसेना) नवेंदु सक्सेना ने की। इस दौरान एनसीसी कैडेट्स को बेहतर प्रशिक्षण देने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने एनसीसी कैडेट्स के प्रशिक्षण से संबंधित सहयोगी एनसीसी अधिकारियों को संबोधित किया, जिसमें वर्ष 2024-25 के दौरान, नौसैनिक शिविरों, वॉटरमैनशिप प्रशिक्षण सहित अन्य साहसिक गतिविधियों, सामाजिक सेवा, आगामी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर जैसे विषय शामिल रहे। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षण वर्ष 2024-25 में होने वाली आगामी गतिविधियों के लिए योजना बनाना एवं नई प्रशिक्षण तकनीकि का निर्धारण करना था। इसके साथ ही कैडेट्स के कौशल को विकसित करना व उनकी शारीरिक फिटनेस कैसे बेहतर हो इस पर भी चर्चा की गई।

बीबीएयू के हिंदी अधिकारी को मिला सम्मान

अमृत विचार, लखनऊ : आईआईएमसी एलुम्नाई एसोसिएशन की ओर से स्मारिका का विमोचन किया गया। इसमें बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर के हिंदी अधिकारी को सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में भारतीय जनसंचार संस्थान से पढ़ाई पूरी कर अलग-अलग क्षेत्रों में सेवाएं देने वाले लोगों ने अपने विचार साझा किये। इस दौरान इमका कनेक्शन्स 2024 की स्मारिका का विमोचन किया गया। समारोह में बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के हिन्दी अधिकारी शिव कुमार त्रिपाठी को सम्मानित किया गया। इस दौरान मणेंद्र मिश्रा, पूजा मिश्रा, प्रभाष झा, सायरा नईम, कमलेश राठौर सहित अन्य शामिल हुए।

12 हजार से अधिक छात्रों ने शिक्षात्मक बाल फिल्मों से ली प्रेरणा

अमृत विचार, लखनऊ : सीएमएस कानपुर रोड ऑडिटोरियम में चल रहे 13वें अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव के तीसरे दिन बुधवार को विभिन्न विद्यालयों से पधारे 12 हजार से अधिक छात्रों ने 91 देशों शिक्षात्मक बाल फिल्मों का आनन्द उठाया और चरित्र निर्माण की शिक्षा ग्रहण की। मुख्य अतिथि आफताब आलम एसोसिएट वाइस प्रेसीडेन्ट एण्ड रीजनल कन्टेन्ट डायरेक्टर रेडियो मिर्ची ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अभिनेता अंजान श्रीवास्तव, दर्शील सफारी, अली हाजी एवं संदीप यादव ने अपनी उपस्थिति से बाल फिल्मों का आनंद उठाने पहुंचे हजारों छात्रों व किशोरों का उत्साहवर्धन किया।

यूनिटी की जीत में चमके रिजवी

अमृत विचार, लखनऊ : एसए रिजवी की आतिशी बल्लेबाजी की बदौलत यूनिटी क्रिकेट अकादमी ने सीएएल डेकाथलन फिक्स कप के लीग मुकाबले में फारेंसिस क्रिकेट क्लब को 9 विकेट से हरा दिया। बुधवार को खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए फारेंसिस ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 132 रन बनाए। फैज हसन ने 25 रनों की पारी खेली। जवाब में यूनिटी क्रिकेट अकादमी ने एक विकेट खोकर 17.3 ओवर में एक विकेट खोकर 135 रन बनाकर जीत दर्ज की। रिज़वी ने 51 गेंदों में 6 चौक और एक छक्के की सहायता से नाबाद 64 रन बनाए।

शहीद स्मारक पर सऊदी अरब सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करते शिया समुदाय के लोग। अमृत विचार

पैगम्बर-ए-इस्लाम की बेटी के रौजे के पुनर्निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की

अमृत विचार : पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब की बेटी हजरत फातिमा जहरा, हजरत इमाम हसन व अन्य इमामों के रौजों के पुनर्निर्माण की मांग को लेकर बड़ी संख्या में शिया मुसलमानों ने बुधवार को शहीद स्मारक में सऊदी अरब सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि 100 वर्ष पहले आले सऊद के निर्देशन पर इन रौजों को ढहा दिया गया था।

मौलाना यासूब अब्बास के नेतृत्व में शहीद स्मारक पर हुए इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शिया धर्मगुरु, आल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना साएम मेहदी और राजधानी की तमाम मातमी अंजुमनों ने भागीदारी की और सऊदी अरब सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए भारत सरकार से मांग की कि वह सऊदी सरकार पर दबाव बनाकर उसे मजबूर करे कि इन रौजों का पुनर्निर्माण कराये।

मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि यह शर्म की बात है कि खुद को मुसलमान कहने वाली सऊदी हुकूमत ने पैगम्बर-ए-इस्लाम की इकलौती बेटी का मजार ढहा दिया। ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना साएम मेहदी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखकर इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। मौलाना एजाज अतहर ने इस मौके पर मजलिस को खिताब किया। मजलिस के बाद लोगों ने ब्लेड व छुरियों का मातम कर खुद को लहुलुहान कर लिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

NOTICE

I Rammilan son of Shri Jageshwar resident of village Kheda Silajit tehsil Sarila District Hamirpur, U.P. I had passed class high school examination in the year 2010, whose roll number is 1682161. That in my above mentioned mark sheet my father's name are mentioned as JAGESHWAR PRASAD. That the above two names JAGESHWAR PRASAD and JAGESHWAR belong to my father only and not to anyone else.

अब्दुल मजीद मदरसा अब्दुल मजीद अकादमी खोजीपुर छिबरामऊ- कन्नौज

में आधुनिकीकरण योजना अन्तर्गत आधुनिक विषय के 1 अध्यापक की जरूरत है।
शैक्षिक योग्यता- स्नातक/ परास्नातक / बी0एड
वेतनमान देय- राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा देय है।
आवेदन करने की अन्तिम तिथि- 28/04/2024
साक्षात्कार दिनांक- 30/04/2024
विज्ञप्ति दिनांक- 18/04/2024

सूचना

सूचित हो की मैं ATIK AHAMAD पुत्र IKBAL HUSAIN निवासी:- आलहन मऊ, पो. सराय बरई, जि. बाराबंकी का हूँ, मैंने अपना नाम MOHAMMAD ATIQ KHAN से बदलकर ATIK AHAMAD रख लिया हैं, आज से मुझे ATIK AHAMAD के नाम से जाना व पहचाना जाये।

सूचना

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल यू0पी0 बोर्ड इलाहाबाद, वर्ष- 2019, अनु0- 1870076 का प्रमाण पत्र सह अंकपत्र की मूलप्रति वास्तव में कहीं खो गयी है। धन लक्ष्मी सुपुत्री श्री सत्य राम नि0ग्रा0- अलाउद्दीनपुर, पोस्ट- बनगवॉडीह, तहसील- कादीपुर, जनपद- सुलतानपुर (उ0प्र0)।

सूचना

सूचित हो कि मैं रईस अहमद पुत्र फकीरे अपने पुत्र सिराज के चाल चलन से काफी परेशान हूं। वह आए दिन परिवार में विवाद करता है। जिसके चलते अन्य लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में मैं अपने पुत्र सिराज को चल और अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। परिवार के लोगों से कोई लेना देना नहीं है। रईस अहमद पुत्र फकीरे निवासी ग्राम भटपुरवा थाना कोतवाली देहात बहराइच।

विशेष बातचीत | डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय को देश का शीर्ष विश्वविद्यालय बनाना नवागंतुक कुलपति का ध्येय

कानून की शिक्षा को नई रोशनी प्रदान कर रहा आरएमएलएनएलयू : प्रो .अमरपाल

जीशान कदीर, लखनऊ

कुलपति प्रो. अमरपाल सिंह

अमृत विचार : कानून की शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर बार काउंसिल आफ इंडिया बीसीआई ने विगत वर्षों से सकारात्मक कदम उठाती रही है। परिणामस्वरूप देश के कई राज्यों में राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की स्थापना हुई। इसी कड़ी में वर्ष 2008 में डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (आरएमएलएनएलयू) की स्थापना की गई।

इस विश्वविद्यालय में बीएएलएलबी, एलएलएम के अलावा रिसर्च के कोर्सेस भी चलाए जाते हैं। यहां प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को क्लैट की परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य होता है। कानून की शिक्षा प्रदान करने को जहां यह विधि विवि कृतसंकल्प है वहीं, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम कराए जाते हैं। यहां से निकले विद्यार्थी आज देश-विदेश में अपनी मेधा का परचम लहरा रहे हैं। आरएमएलएनएलयू को गति प्रदान करने को राज्य सरकार ने प्रो.अमरपाल सिंह को नया कुलपति नियुक्त किया है। नवागंतुक कुलपति विवि की दशा-दिशा सुधारने को कठोर परिश्रम भी कर रहे हैं। अमृत विचार से अपना मंतव्य साझा करते हुए उन्होंने कई योजनाओं के बारे में बताया।

कुलपति अमरपाल सिंह ने यह भी बताया कि कानून की शिक्षा के साथ विवि के छात्र ओलंपिक खेलों का भी पाठ पढ़ने जा रहे हैं। विवि ने इसको लेकर पिच और कोर्ट तैयार कर लिया है। इसके सहारे छात्रों को ओलंपिक खेल के लिए बेसबॉल -साफ्टबॉल, क्रिकेट सहित अन्य खेलों में पारंगत बनाया जाएगा।

विधि विश्वविद्यालय बीएएलएलबी और एलएलएम की पढ़ाई के लिए पहले से ही खास रहा है। लेकिन कुलपति प्रोफेसर अमरपाल बताते हैं कि पाठ्यक्रमों के अलावा छात्रों के अतिरिक्त विकास की ओर भी ध्यान दिये जाना आवश्यक है। विद्यार्थियों के लिए अंतरराष्ट्रीय मानक वाले जिम, कोर्ट, पिच सहित अन्य व्यवस्थाएं कर ली गई हैं। ताकि छात्रों को ओलंपिक स्तर जैसी खेल प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जा सके। बेसबॉल-साफ्टबॉल के अलावा क्रिकेट, फ्लैग फुटबॉल सहित अन्य सुविधाएं भी विवि परिसर में हैं।

बजट बढ़ाकर विविध गतिविधियों का संचालन : कल्चरल फेस्ट मूड, कोड कंपटीशन सहित अन्य प्रतियोगिताओं के लिए इस बार बजट को विस्तार दिया जाना प्रस्तावित है। विस्तार का मुख्य लक्ष्य छात्रों का मानसिक और शारीरिक विकास किया जाना है। जानकारों की मानें तो खेलकूद से जुड़े वार्षिक बजट को डेढ़ करोड़ से बढ़ाकर करीब दो करोड़ रुपये कर दिया गया है।

नए सेमेस्टर में मिलेगा संशोधित पाठ्यक्रम

प्रो. अमरपाल ने बताया कि आरएमएलएनएलयू का नया सेमेस्टर शुरू होने वाला है। इसको लेकर मंगलवार को अंतिम बैठक हुई। इसमें आईएलआई के डायरेक्टर वीके आहूजा और आईपी विश्वविद्यालय दिल्ली के विधि संकाय के प्रोफेसर राकेश कुमार सम्मलित हुए। पाठ्यक्रमों के संशोधन और विस्तार को लेकर चर्चा हुई। जिस पर विवि के सभी संकायाध्यक्षों ने सहमति व्यक्त की। नए सेमेस्टर में छात्रों के लिए पाठ्यक्रम संशोधन लिए हुए होगा। इसके सहारे छात्रों के अलावा पुलिसकर्मियों को भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का पाठ पढ़ाया जाएगा।

क्लैट के छात्रों की पसंद है विधि विवि

कुलपति प्रो. अमरपाल सिंह ने यह भी बताया कि क्लैट परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की पसंद आरएमएलएनएलयू है। स्थापना से लेकर अब तक इस विवि का स्थान 5वां या 6वां बना हुआ है। एनआईआरएफ की रैंकिंग होने से पूर्व कुछ तकनीकी त्रुटि हो गई थीं। इस कारण रैंकिंग में असर पड़ा। क्लैट छात्रों के लिए ही नहीं अन्य विषयों से जुड़े शोधार्थी भी विवि के अध्ययन को मानक के रूप में खरा मान रहे हैं। यहां के अधिकांश विद्यार्थी देश के विभिन्न राज्यों में न्यायिक अधिकारी के रूप में सेवारत हैं। उत्तर प्रदेश की न्यायिक सेवा में तो यहां के अधिकाधिक छात्र हैं। कुलपति ने यह भी बताया कि जून माह में हमारे यहां दीक्षांत समारोह आयोजित होना है।

प्रवेश प्रारम्भ | प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

राजधानी के गांवों में चलेंगी बाल पाठशाला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ शोधार्थी और छात्राओं को मिलेगी अतिरिक्त जिम्मेदारी

▸▸ आंगनबाड़ी केन्द्रों में भी भाषा विश्वविद्यालय करेगा सहयोग

अमृत विचार : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय जल्द ही चिन्हित गांव में बाल पाठशाला चलाने जा रहा है। इसमें बच्चों की पढ़ाई के साथ विविध गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। कुलपति बताते हैं कि शोधार्थी व छात्र इसमें सहयोगी बनेंगे।

योजना का प्रारूप कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के निर्देश के बाद तैयार किया गया। इसमें उन गांवों को शामिल करने के लिए कहा गया है, जहां साक्षरता दर में कमी है। सात बिन्दुओं को मानक बनाकर सार्थक प्रयास किए जाएंगे। विवि के कुलपति प्रो. एनबी सिंह बताते हैं कि बाल पाठशाला के तहत परिवार में माहौल बनाकर बच्चों को पढ़ने के तरीके सिखाए जाएंगे। इसमें विवि के शोधार्थी और छात्रों को जिम्मेदारी दी जाएगी। साप्ताहिक समीक्षा भी होगी, ताकि फीडबैक को लेकर विवि के माध्यम से राजभवन तक जानकारी प्रेषित की जा सके। इसके सहारे आंगनबाड़ी केन्द्रों में भी सकारात्क बदलाव किये जाएंगे।

▸▸ साड़ी बैंक सहित अन्य सुविधाएं हैं शामिल

विविध गतिविधियों के क्रम में चिन्हित गांव में जागरूकता के साथ-साथ ग्रामीण परिवार को सहायता भी दी जाएगी। साड़ी बैंक, वैक्सीनेशन, पोषण वितरण जैसी अन्य गतिविधियां भी अतिरिक्त सुविधाओं में शामिल की गई हैं।

▸▸ बढ़ावे में नैक ग्रेडिंग भी सम्मिलित

अतिरिक्त व्यवस्थाओं में भाषा विश्वविद्यालय प्रशासन ने नैक ग्रेडिंग को भी शामिल किया है। इसमें व्यक्तिगत अध्ययन को आधार बनाया गया है। इसके विस्तार को लेकर विशेष निर्देश विभागाध्यक्षों को जारी किये हैं। नैक मानकों को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से विवरण, अंकन, प्रदर्शित गतिविधियां भी बिन्दुवार शामिल की जा रही हैं।

।। तृतीय पुण्यतिथि ।।

स्व. हरिश्चंद्र गुप्ता (1948-2021)

आपकी मधुर स्मृति, स्नेह आदर्श, मार्गदर्शन, आशीर्वाद हमारे लिए सदैव प्रेरणादायक रहेंगे। आपकी पुण्य तिथि पर समस्त परिवार जन भावभीनी श्रृद्धांजलि अर्पित करते हैं। आपका आशीर्वाद और स्नेह सदैव बना रहे।

आत्मीय स्वजन,
हमारे पूजनीय पिताजी स्व. श्री हरिश्चंद्र गुप्ता जी की तृतीया पुण्यतिथि दिनांक 18 अप्रैल 2024 दिन गुरुवार को हमारे निज निवास पर सुंदरकांड का पाठ एवं भंडारे का आयोजन होना सुनिश्चित किया गया है। इस कार्यक्रम में आप सभी की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

।। कार्यक्रम ।।
सुंदर कांड का पाठ - प्रातः 11 बजे
भंडारा - दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक

।। श्रद्धनावत ।।
श्रीमती रानी देवी गुप्ता (पत्नी)
राजेश, मुकेश, राकेश, अमित एवं समस्त गुप्ता परिवार

निवास स्थान- F-1178, राजाजीपुरम लखनऊ।
फोन- 9415424970, 9648066164, 8127314370 एवं 9415268778

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार **क्लासीफाइड**

हमारे सुधी पाठकों की सुविधा के लिये

दैनिक अमृत विचार में क्लासीफाइड विज्ञापन प्रकाशन हेतु निम्न विज्ञापन एजेन्सीज पर सम्पर्क कर सकते हैं :-

1) बिग जोन एडवरटाइजिंग
1701 लेखराज डालर फैजाबाद रोड,
इन्दिरा नगर लखनऊ मो0 - 9559993444

2) मैक एडवरटाइजर
डी-104, अनुयान हाईट्स, विभूति खंड, गोमती नगर,
लखनऊ मो0 - 7054448881

3) स्वास्तिक एडवरटाइजिंग
एम 1-82, सेक्टर-बी, अलीगंज, लखनऊ
मो0- 9335903117, 9839181425

4) एसवी मीडिया
एम 39, किसान बाजार, विभूति खंड,
गोमती नगर, लखनऊ मो0- 07275063005

5) कुर्मांचल इन्टरप्राइजेज
खासरा 2051 केसरीखेड़ा, निकट रेलवे क्रॉसिंग,
कृष्णा नगर, लखनऊ मो0 8005012786

6) सरित एडवरटाइजिंग
मित्रा बिल्डिंग, 47 ए,
जीबी मार्ग, लखनऊ मो0- 9415578163

7) ऐश्विन एडवरटाइजिंग
92/186, द्वितीय तल, तीर्थ लीला भवन,
लाटूश रोड, जीबी मार्ग, लखनऊ
मो0 9335617680, 9415465855

8) डॉन पब्लिसिटी
16, राणा प्रताप मार्ग, ओल्ड टाइम्स ऑफ इण्डिया बिल्डिंग, निकट एच.डी.एफ.सी. बैंक,
यूपी टेक क्रॉसिंग, लखनऊ
मो0- 8299391079, 0522-4337909

1) इन्दिरा एडवरटाइजिंग- 9415471135
2) पी.एन.पी. एडवरटाइजिंग- 7905901177
3) कुशाग्रा एडवरटाइजिंग- 8953110069
4) शिवांगी एडवरटाइजिंग- 9839038682
5) देव एडवरटाइजिंग- 7985372535

किसी भी अन्य जानकारी के लिये दिये गए नं0 पर सम्पर्क करें :-
आशीष मिश्रा 9918010700
सनी कुमार 9696715133

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।

नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया निःशुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।

मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।

साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

एक नजर

महिला बैंक मैनेजर पर तेजाब फेंकने की धमकी

अमृत विचार, लखनऊः विनीतखंड निवासी लव मिश्रा की पत्नी रितू मोहनलालगंज स्थित केनरा बैंक में मैनेजर हैं। घर से ऑफिस जाने लव ने बाराबंकी के जैदपुर निवासी सुरेंद्र को ड्राइवर रखा था। काम शुरू करते ही सुरेंद्र ने आठ हजार रुपये ले लिये। हरकतों पर संदेह होने पर लव ने सुरेंद्र से वेरिफिकेशन कराने आधार कार्ड मांगा। जो नहीं देने पर उन्होंने उसे नौकरी से हटा दिया था। इससे नाराज हो आरोपी ने दोस्त संदीप के नम्बर से 16 अप्रैल को लव और पत्नी रितू पर तेजाब फेंकने की धमकी दी। इंस्पेक्टर गोमतीनगर दीपक पाण्डेय ने बताया मामले की जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

विवि में छात्रों और सुरक्षाकर्मियों में हुई हाथापाई

अमृत विचार, लखनऊ : बीबीएयू में बुधवार को कुलपति आवास का घेराव कर रहे छात्रों की सुरक्षाकर्मियों से हाथापाई हो गयी। मामला धरना खत्म करने का दबाव बनाने पर बिगड़ा। कुछ छात्रों ने विरोध सुरक्षाकर्मियों ने पिटाई कर दी। छात्रों में आक्रोश है। मंगलवार को छात्रों के कार्यक्रम में बिना अनुमति डीजे बजाने पर विवि प्रशासन ने आपत्ति की थी। इसके बाद पुलिस बुला डीजे बंद करा दिया था। इसके विरोध में छात्र धरने पर बैठ गए थे। मंगलवार देर रात कुलपति आवास पर विवि प्रशासन ने धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने से मना कर दिया था। इससे नाराज छात्र बुधवार को कुलपति आवास का घेराव करने पहुंचे। जहां विवि प्रशासन की ओर से छात्रों से कोई वार्ता करने नहीं पहुंचा। बल्कि सुरक्षाकर्मियों को भेज छात्रों की पिटाई कर दी। मामले में बीबीएयू प्रॉक्टर प्रो. संजय कुमार ने बात करने से इनकार कर दिया।

छेड़छाड़ करने वाले कोचिंग सेंटर संचालक को भेजा जेल

अमृत विचार, लखनऊ : महानगर पुलिस ने छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले कोचिंग सेंटर संचालक को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर अखिलेश मिश्रा ने बताया कि गुडम्बा के मिश्रीपुर निवासी प्रशांत त्रिपाठी एक जगह कोचिंग सेंटर चलाता है। उसने कोचिंग पढ़ने पहुंची नाबालिग से छेड़छाड़ की। पीड़िता ने घर पहुंच आपबीती परिजन को बताई।

कन्याभोज के लिए झोपड़ पट्टी से लेकर आए बेटियां

पैर धोकर कराया भोजन और उपहार देकर लिया आशीर्वाद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः कन्या पूजन के बिना नवरात्र व्रत का पारण पूरा नहीं माना जाता है। इससे नवमी को कन्याएं ढूंढे नहीं मिलती हैं। ऐसे में लोग कन्याओं की खोज में झोपड़ पट्टियों में पहुंचते हैं। इस बार भी कई धनवान लोग भोज के लिए कन्याएं ढूंढने झोपड़ पट्टी में पहुंचे।

ऐशबाग रेलवे लाइन के पास बनी झोपड़ पट्टी निवासी मोनू ने बताया कि उनकी बेटी का नाम प्रिन्सेस है। प्रिन्सेस के अलावा बस्ती की कई छोटी बेटियों को कन्याभोज के लिए ले जाया जाता है। बबलू की बेटी लाडो को भी ले जाते हैं। बब्लू ने बताया कि बस्ती की कन्याओं को धनवान लोग ले जाते हैं। झोपड़ पट्टी के तेजन ने बताया कि उनकी बेटी को भी कई बड़े घर के लोग लेने आते हैं।

उद्योगपति नितिन श्रीवास्तव ने बताया कि अष्टमी-नवमी पर भोज के लिए कन्याएं मिलना मुश्किल हो जाता है। पास की झोपड़ पट्टी में जाकर कन्याओं को घर ले आते हैं। इन कन्याओं को भोजन कराकर उपहार देने में बहुत सुख की अनुभूति होती है। राजेन्द्र नगर ने बताया कि वह भी बब्लू भार्गव ने बताया कि वह भी झोपड़ पट्टी से कन्याएं बुलाकर लाए थे। उनके पैर धोकर भोजन कराया।

अप्सरा

अवन्तिका

मुन्नो

लाडो

रामनवमी पर अशर्फाबाद से निकली शोभायात्रा में घोड़ों पर सवार झांकियां।

चैत्र नवरात्र की नवमी पर चौक स्थित काली मंदिर में पूजन के बाद देवी को नमन करते भक्त और सुभाष मार्ग स्थित दुर्गा के मंदिर में हवन करते भक्तजन। अमृत विचार

दर्शन, पिंडी पूजन के बाद किया हवन

बक्शी का तालाब के 51 शक्तिपीठ धाम, चौक मठ बड़ी काली समेत देवी मंदिरों में उमड़ी भीड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार। बक्शी का तालाब स्थित 51 शक्तिपीठ धाम में नवमी को पिंडी स्वरूप में पूजन किया गया। पिंडी पूजन का सौभाग्य समीर निगम और भावना निगम को मिला। पिंडी पूजन के बाद हवन किया गया। अध्यक्ष तृप्ति तिवारी की देखरेख में भजन कीर्तन हुआ।

चौक स्थित बड़ी काली जी मंदिर, संदोहन देवी मंदिर, सिद्धेश्वरी पीठ, काली जी मंदिर मंदिरों में सुबह से भीड़ लग गई। चौक स्थित मठ बड़ी काली जी मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। स्वामी हंसानंद ने बताया कि नवें दिन सिद्धिदात्री पूजन की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही।

अभय उपाध्याय ने बताया कि महंत विवेकानंद ने 501 कन्याओं का पूजन किया। विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स तथा सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री अजीत सिंह पाल, नॉर्दन रेलवे अध्यक्ष शिवशंकर सिंह, पश्चिमी ज़ोन के एडीसीपी विश्वजीत श्रीवास्तव ने भी दर्शन किये। बंथरा के बनी गांव में सई नदी के तट पर रेतेश्वर महादेव धाम में 5100 कन्याओं का पूजन किया गया।

भाजपा नेता शिवशंकर सिंह शंकरी ने कन्याओं को भोजन और वरिष्ठ जनों को अंगवस्त्र भेंट किए। उतरेठिया बाजार, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने 201 कन्याओं को भोजन कराया। जिला अध्यक्ष ललित सक्सेना, महिला अध्यक्ष बीनू मिश्रा, वरिष्ठ महामंत्री श्याम साहू आदि मौजूद रहे।

छोटी काली मंदिर में भोग लगते पुजारी।

कन्या को दी व्हीलचेयर

अमृत विचार, लखनऊः रोटी कपड़ा फाउंडेशन ने बुधवार को दिव्यांग कन्या को व्हीलचेयर प्रदान कर पूजन किया। चौपटिया क्षेत्र के धरम की पुत्री श्रेया को व्हीलचेयर पर बैठाकर विधि विधान से पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। व्हीलचेयर इंदिरा नगर निवासी अंजू मेहरोत्रा ने प्रदान की। फाउंडेशन कल भी एक दिव्यांग बच्ची को व्हील चेयर देगा। शिप्रा अग्रवाल, आकांक्षा आनंद, नीरा गर्ग के साथ आशीष अग्रवाल, रिद्धि किशोर गौड़, अजय मेहरोत्रा, राजेश आनंद, यश अग्रवाल, विवेक आनंद और करण गौड़ उपस्थित रहे।

राम जी अयोध्या मा अइले चलो करि आई दर्शनवा

अमृत विचार, लखनऊः तुलसी शोध संस्थान और रामलीला समिति ऐशबाग के संयुक्त तत्वावधान में तुलसी रंगमंच रामलीला परिसर में चल रहे 10 दिवसीय भारतीय नववर्ष मेला एवं चैती महोत्सव-2024 की नवीं सांस्कृतिक संध्या में पारम्परिक गीतों व नृत्य में राम की आराधना की गई।

महोत्सव की नवीं संध्या का उद्घाटन भाजपा नेता अपर्णा यादव ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष हरीश चन्द्र अग्रवाल और सचिव पं. आदित्य द्विवेदी ने अपर्णा यादव को पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत वरिष्ठ लोक गायिका रीना टंडन और पदमा गिडवानी ने अवधी लोकगीतों से की। गायिकाओं ने सखी री केहू राम के नजर न लगावे, राम चंद्र कृपालु भजमन और चैती लेहले जनम रघुराइया ओ रामा आज अवध मा को सुनाया।

निधि श्रीवास्तव के नृत्य निर्देशन में पंख एक पहल संस्था के देवकी नंदन शुक्ला, अभय सिंह, आकाश सैनी, अनामिका यादव, कशिश महरोत्रा और सुप्रिया तिवारी ने नृत्य प्रस्तुत किया। भास्कर बोस के निर्देशन में मंचित नाटक राम जन्म की महिमा प्रस्तुत की गई।

निकलीं शोभा यात्राएं राममय हुई राजधानी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार। रामनवमी पर राजधानी के विभिन्न हिस्सों में शोभायात्राएं निकाली गईं। इससे वातावरण राममय हो गया।

श्रीराम जन्मोत्सव समिति ने इंदिरा नगर के ए ब्लाक में शोभायात्रा निकाली गई। लेखराज मार्केट, मारुतिपुरम, नीलगिरि काम्प्लेक्स, भूतनाथ मार्केट, शालीमार चौराहा, जन कल्याण अस्पताल, सरस्वती शिशु मंदिर, मीना मार्केट होते हुए ए ब्लाकमें समापन हुआ।

श्रीराम जन्मोत्सव समिति अशर्फाबाद ने बारादरी अशर्फाबाद से शोभायात्रा निकली।

एकल अभियान ने अलीगंज के कपूरथला चौराहे से भगवायात्रा निकाली गई। भव्य सजे रथ पर भगवान के स्वरूप सवार थे।

राष्ट्रीय संगठन मंत्री माधवेंद्र, नम्रता पाठक, ग्राम संगठन के अध्यक्ष अनुराग गोयल, उपाध्यक्ष तनय श्रीवास्तव, गरिमा और दीपिका चतुर्वेदी की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

सीतापुर रोड स्थित हाथी बाबा मन्दिर में महंत सीताराम दास के मार्गदर्शन में उत्सव मनाया गया। गायक हिमांशु मिश्रा ने टीम के साथ संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया। राजेन्द्र पाण्डे, लक्ष्मीनारायण मिश्रा, संजय तलवार, कृष्ण कुमार तिवारी, ज्योतिषाचार्य आनंद दुबे रहे।

शोभायात्रा में शामिल हनुमान की झांकी।

भूतनाथ से निकली शोभायात्रा का व्यापारियों ने स्वागत किया और श्रद्धालुओं को जलपान कराया। एमएलसी मुकेश शर्मा, पूर्व डीजीपी विक्रम सिंह ,उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता, पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव, कांग्रेस के प्रत्याशी मुकेश सिंह चौहान शामिल हुए।

सीतापुर रोड योजना कालोनी स्थित विश्वनाथ मन्दिर परिसर में राम का अभिषेक, पूजन व आरती हुई। वरुण श्याम पांडेय, कमलेश दूबे, कौशल किशोर पाण्डेय, जेएन दुबे, शाश्वत पाठक, ऊषा मिश्रा, रामकुमारी मौजूद रहीं।

स्मार्ट मीटरों के अंदर अब नहीं लगाए जाएंगे चाइनीज कंपोनेंट

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

अमृत विचारः उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की लडाई बुधवार को रंग लाई।

स्मार्ट प्रीपेड मीटरो के अंदर लगने वाले चाइनीज कंपोनेंट की जगह अब मेक इन इंडिया कंपोनेंट को ही लगाने होंगे। इसके लिए पावर कारपोरेशन ने मध्यांचल एमडी को निर्देश जारी कर दिए है। साथ ही भारत सरकार की जारी गाइडलाइन के अनुसार ही मीटर के अंदर लगने वाले कंपोनेंट में स्वदेशी भागेदारी को 60-70 प्रतिशत करना अनिवार्य किया गया है।

उपभोक्ता परिषद ने मध्यांचल वितरण निगम के अभियंताओं की मिली भगत से हो रहे खेल को नियामक आयोग के सामने उठाया था।

जिसमें जीटीपी अनुमोदित कर 21 प्रमुख कंपोनेंट में से 13 कंपोनेंट मीटर के अंदर चीन के अनुमोदित होने पर मध्यांचल ने पावर कारपोरेशन से निर्देश लिया था।

सीएमओ , मर्च्युरी प्रभारी एक-दूसरे को बता रहे जिम्मेदार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● पीएम रिपोर्ट संशोधन कराना बना पहेली

अमृत विचार : मृत्यु के एक महीने पहले की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट बनाने के मामले में मर्च्युरी प्रभारी और सीएमओ ने पल्ला झाड़ लिया है। रिपोर्ट संशोधन के लिए परिजन कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं।

सुल्तानपुर में एक व्यक्ति 17 फरवरी को हादसे में घायल हो गया था। उसे अयोध्या के जिला अस्पताल से रेफर करा कर केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में लाया गया था, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। एक कर्मचारी ने परिजनों से मनमुताबिक पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट बनवाने के नाम पर रुपये लिए थे। शेष रुपयों फोन करके उन्हें परेशान कर रहा था। बातचीत का ऑडियो वायरल हुआ था। जांच के बाद केजीएमयू प्रशासन ने आरोपी को मर्च्युरी से हटा दिया था।

पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट परिजन को मिली तो उसमें एक महीने पहले की तारीख लिखी होने से बीमा क्लेम फंस गया। तारीख ठीक कराने के लिए परिजन केजीएमयू और सीएमओ कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। इस संबंध में डीप्टी सीएमओ रवि पांडेय ने कहा कि इस मामले में पीड़ित परिजनों की पूरी मदद की जाएगी।

शिकायत के आधार पर चिट्ठी बनाकर मर्च्युरी भेजी जाएगी। जिस डॉक्टर ने रिपोर्ट बनाई है, वही संशोधित भी करेगा।

मरने के एक माह पहले ही कर डाला पोस्टमॉर्टम

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

एक दूसरे को बताया जिम्मेदार

सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट को संशोधित करने की जिम्मेदारी मर्च्युरी और पुलिस की है। इसका सीएमओ कार्यालय से लेना देना नहीं है। मर्च्युरी प्रभारी पीएस पंवार ने बताया रिपोर्ट की कॉपी पुलिस और सीएमओ कार्यालय को भेज दी जाती है। संशोधन मूल कॉपी पर होता है। इसकी जिम्मेदारी सीएमओ कार्यालय की ही है। संशोधन कॉपी पर सीएमओ के हस्ताक्षर भी होते हैं। यदि परिजनों की कॉपी पर संशोधन कर भी दिया जाये तो बीमा क्लेम के लिए मान्य नहीं होगी।

दबाव बना कर कराई गई शिकायत वापस

मृतक के दामाद ने सीएम जनसुवाई पोर्टल पर शिकायत की थी। राजेश अवस्थी नाम के कर्मचारी पर पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मनमुताबिक दिलवाने के लिए वसूली का आरोप था। जांच के बाद राजेश को हटा दिया गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि केजीएमयू की ओर से शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया गया था, तभी उसने पहले से लिखे पत्र पर हस्ताक्षर कर दिए थे। अब उसे रिपोर्ट में संशोधन कराने के लिए परेशान होना पड़ रहा है।

जुग्गौर गांव में हुआ दुर्गा जागरण

लखनऊ। चिनहट क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत जुग्गौर में 31वां विशाल भंडारा एवं मां दुर्गा जागरण का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के आयोजनकर्ता जुग्गौर के प्रधान रामविलास यादव ने बताया कि भंडारे में मनोहर यादव, बोधराम यादव व नवल किशोर यादव की सक्रिय रही। प्रधान धावां भैरव यादव व समाजसेवी विवेक कुमार यादव सहित कई अन्य लोग उपस्थिति रहे।

नया आयाम | राजा गढ़ा गांव के निकट ज्ञानशिला के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने किया भूमिपूजन

राजधानी में स्थापित होगा ज्ञानशिला विश्वविद्यालय

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचारः राजधानी में ज्ञानशिला विश्वविद्यालय की स्थापना की जायेगी। इसके लिए बुधवार को भूमि पूजन किया गया। सेंट जोसेफ विद्यालय समूह सीतापुर रोड पर इंटौजा टोल प्लाजा के आगे राजा गढ़ा गांव के निकट विश्वविद्यालय का निर्माण कराएगा।

भूमिपूजन से पहले सेंट जोसेफ विद्यालय समूह के प्रबंध निदेशक ज्ञानशिला के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने विश्वविद्यालय के लिए जमीन देने वाले राजा गढ़ा गांव के किसानों को सम्मानित किया। अग्रवाल ने बताया कि आवासीय विद्यालय एवं विश्वविद्यालय से शिक्षा के साथ हजारों लोगों को रोजगार भी मिलेगा। 500 पौधे भी लगाए गए।

अनिल ने बताया की हाल ही में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में "नीरू मेमोरियल सोसाइटी" के अंतर्गत संचालित ज्ञानशिला का एमओयू साइन किया गया था।

अब इसे धरातल पर लाने का कार्य किया जा रहा है।हॉकी ओलंपियन ललित कुमार उपाध्याय, बीकेटी के विधायक योगेश शुक्ला, एमएलसी अवनीश कुमार सिंह, एमएलसी पवन सिंह, विद्यालय निदेशक नम्रता अग्रवाल, स्क्वाड्रन लीडर राखी अग्रवाल, कर्नल पी के चौधरी, कर्नल समिति सिन्हा, विशाल मेहरोत्रा, उमेश गुप्ता, प्रतीक्षा शर्मा, इशांत शर्मा, अनएडेड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की सचिव डॉ. माला मेहरा शामिल रहीं।

ज्ञानशिला विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए भूमि पूजन करते सेंट जोसेफ विद्यालय समूह के प्रबंध निदेशक व ज्ञानशिला के चेयरमैन अनिल अग्रवाल व अन्य लोग।

56 एकड़ के कैंपस में होगी ये व्यवस्था

ज्ञान शिला विश्वविद्यालय के संस्थापक अनिल अग्रवाल ने बताया कि 56 एकड़ के कैंपस में खेल, संगीत, चिकित्सा, कला और साहित्य विषयों के लिए शिक्षा की व्यवस्था रहेगी। इसके साथ ही विश्व स्तरीय सुविधाओं से युक्त ये विश्वविद्यालय आने वाले दो वर्षों के अंदर बनकर तैयार हो जायेगा। अग्रवाल ने बताया कि जमीन देने वाले किसानों के बच्चों को शिक्षा मुफ्त में दी जाएगी।

स्वास्तिक जैसा दिखेगा आकार

विश्वविद्यालय का भवन स्वास्तिक के आकार का होगा एवं वैदिक काल से प्राप्त हो रही संस्कार युक्त शिक्षा के साथ-साथ उच्च कोटि शिक्षा दी जाएगी। उसी के अनुसार पाठ्यक्रम निर्धारित किए जाएंगे जिसमें केवल यूपी ही नहीं पूरे भारतवर्ष के एवं विदेशों से आने वाले छात्र-छात्राओं के भी प्रवेश लिए जायेंगे।

आरएलबी में सिर्फ आधे घंटे हो रहा अल्ट्रासाउंड, लौट रहे मरीज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजाजीपुरम स्थित रानी लक्ष्मीबाई संयुक्त चिकित्सालय में अल्ट्रासाउंड के लिए आधे घंटे का समय निर्धारित किया गया है। इससे काफी मरीजों को लौटना पड़ता है। गंभीर मरीज निजी केंद्रों से जांच को मजबूर हैं।

संयुक्त चिकित्सालय में खून की जांच से लेकर अल्ट्रासाउंड तक का समय अन्य अस्पतालों से अलग है। ओपीडी भी निर्धारित समय से पहले ही बंद हो जाती है। दो लाख की आबादी वाला क्षेत्र में ओपीडी में रोजाना एक हजार से भी कम मरीज आ रहे है। कैंपल रोड निवासी कमलेश ने बताया कि पिता को कई दिनों से बुखार आ रहा था। अस्पताल में दिखाने पर डॉक्टर ने खून की जांच लिख दी। पैथालॉजी में पता चला कि नमूना 11 बजे तक ही लिया जाता है। जिसकी नोटिस भी पैथालॉजी के बाहर चस्पा थी। मजबूर होकर उसने निजी पैथालॉजी से जांच कराई। इसी तरह राजजीपुरम की रहने वाली रूहिका 12 बजे अल्ट्रासाउंड जांच के लिए गई तो उसे लौटा दिया गया। बताया गया कि अल्ट्रासाउंड के लिए सुबह 8 :30 से 9 :00 बजे के बीच आना होगा। राजाजीपुरम की रहने वाली सुषमा ने बताया कि वह जांच के लिए सुबह 7 बजे ही आ गई थी। लेकिन उसका नंबर आने तक काउंटर बंद कर दिया गया। कई मरीजों ने रुपये लेकर भी जांच करने की भी बात कही। इस संबंध में अस्पताल प्रशासन का कहना है कि संशाधनों के हिसाब से मरीजों का इलाज और जांच हो रही है। इसे और बेहतर करने की कोशिश की जा रही है।



आवश्यक सूचना
1. अल्ट्रासाउण्ड हेतु गर्भवती महिलायें समय 8:30 से 9:00 बजे के मध्य नास्ता करके आधार कार्ड की फोटो कॉपी लेकर आयें।
2. सामान्य अल्ट्रासाउण्ड हेतु महिला/पुरुष समय 8:30 से 9:00 बजे के मध्य खाली पेट पानी पीकर आयें।

अल्ट्रासाउंड कक्ष के बाहर चस्पा नोटिस।

एक नजर

घर में घुसे दो को पकड़ कर भीड़ ने पुलिस को सौंपा

अमृत विचार, लखनऊ : सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में घर में चोरी करने घुसे दो आरोपियों को लोगों ने पकड़कर पिटाई के बाद पुलिस को सौंप दिया। थाना अंतर्गत विजय नगर निवासी शकील अहमद ने बताया मंगलवार रात करीब 3 बजे उनके मकान के गेट पर दो युवक चढ़ रहे थे। शकील घर से बाहर निकले तो दोनों आरोपियों ने भागने का प्रयास किया। तब तक पड़ोसियों व शकील ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस को सौंप दिया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान निलमथा निवासी आकाश और बस्ती जिले के नगर बाजार निवासी इकबाल खान के रूप में हुई।

तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : चौक पुलिस ने एक युवक को तमंचा व कारतूस के संग गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रवि कुमार वर्मा निवासी जमुनिया लखीमपुर खीरी के रूप में हुई है। पुलिस का कहना है कि आरोपी किसी घटना को अंजाम देने जा रहा था। उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

हंगामा कर मारपीट में तीन आरोपियों पर कार्रवाई

अमृत विचार, लखनऊ : हजरतगंज पुलिस इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया रायबरेली निवासी फैजान साथियों संग मंगलवार देर रात कार से जा रहा था। जॉपलिंग फॉर्च्यून होटल के पास उनकी कार में बाइक सवार राज और विशाल की टक्कर लग गई। इससे पक्षों में मारपीट होने लगी। फैजान ने बाइक पर कार चढ़ा भागने का प्रयास किया। राज और विशाल ने फैजान को पकड़ा। इंस्पेक्टर ने बताया मारपीट में शामिल हजरतगंज निवासी राजकुमार, महानगर निवासी विशाल शर्मा और रायबरेली निवासी फैजान अहमद को पकड़ कर कार्रवाई की है।

निबंधन विभाग ने पकड़ी चार फर्जी रजिस्ट्री

विलेख पत्रों की गुणवत्ता, दर्ज विवरण, मोहर और हस्ताक्षर में अंतर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विभूति खंड में एक मामला सामने आने के बाद शुरू हुई जांच
- 2001 में एलडीए के आवंटित भूखंडों की कराई गई थी रजिस्ट्री

अमृत विचार : निबंधन विभाग ने जांच में चार भूखंडों की फर्जी रजिस्ट्री पकड़ी हैं। इनमें लखनऊ विकास प्राधिकरण के भूखंड शामिल हैं। जिनके कूटरचित तरह के अभिलेख तैयार कर रजिस्ट्री कराई गई थी। विभाग ने गोमती नगर थाने में एफआईआर दर्ज कराने के लिए लिखा है।

विभूति खंड में एक फर्जी रजिस्ट्री का मामला सामने आने के बाद निबंधन विभाग ने सभी कार्यालयों में जांच शुरू कर दी है। सदर कार्यालय में कर्मचारी ने एक रजिस्ट्री की नकल निकाली गई, वह रजिस्ट्री भी फर्जी निकली। विलेखों में दर्ज विवरण में भिन्नता पाई। ऐसी ही जांच में तीन और रजिस्ट्री फर्जी मिलीं। सभी मामले गोमती नगर क्षेत्र के लखनऊ विकास प्राधिकरण के आवंटित भूखंड हैं। 2001 में इनकी रजिस्ट्री कराई गई थी। जांच में सामने आया कि रजिस्ट्री के अभिलेख कूटरचित तरीके से तैयार कराए गए। गवाह कोई और नाम किसी का दर्शाया गया है, जो बाराबंकी व आजमगढ़ के हैं। विलेख पत्रों की गुणवत्ता में अंतर है, जो मोहर लगाई गई वह भी विभागीय से अलग है। प्रभारी अधिकारी (संपत्ति) के हस्ताक्षर भी भिन्न हैं। कार्यालय के कैश रजिस्टर (स्याहा) इंडेक्स से इसकी पुष्टि होने पर संबंधित विभाग ने गोमती नगर थाने में एफआईआर दर्ज कराने के लिए लिखा है।

गिरोह सक्रिय, रडार पर कर्मचारी

ज्यादातर फर्जी रजिस्ट्री के मामले लखनऊ विकास प्राधिकरण के आवासीय व व्यवसायिक संपत्ति के हैं। फर्जी रजिस्ट्री का गिरोह में विभागीय कर्मचारी भी शामिल हैं। पहले जिन लोगों पर एफआईआर दर्ज हुईं थी उनमें एलडीए के कर्मचारी भी शामिल थे। कर्मियों की मदद से गिरोह के लोग खाली भूखंड या फिर अभिलेखों में गुम भूखंडों की जानकारी करते हैं। इसके बाद फर्जी दस्तावेज और गवाह बनाकर रजिस्ट्री कराकर संपत्ति बेच देते हैं या उस पर कब्जा कर लेते हैं। निबंधन विभाग के कर्मचारियों पर भी मिलीभगत का आरोप है। इसकी जांच भी संबंधित अधिकारी जांच कर रहे हैं।

सोना लेकर फरार दो कारीगर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- डीसीपी पश्चिम डॉ. दुर्गेश ने वारदात का किया खुलासा
- चौक निवासी पीड़ित सर्राफ का 5.50 लाख का सोना लेकर भागे थे

अमृत विचार : चौक पुलिस ने सर्राफ से सोना हड़प कर फरार दो कारीगरों को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। आरोपी गहने बनाने के लिये सोना लेकर भाग गए थे। आरोपियों के कब्जे से 85 ग्राम सोना और दस हजार रुपये बरामद किए हैं। जबकि, सोना खरीदने वाले शाहजहांपुर निवासी सर्राफ की तलाश में टीमें लगी हैं।

डीसीपी पश्चिम दुर्गेश कुमार ने वारदात का खुलासा किया। बताया कि ठाकुरगंज नगरिया निवासी अंकित मल्होत्रा और सआदतगंज तम्बाकू मण्डी निवासी आदर्श कुमार श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ 26 नवंबर 2023 में दुबग्गा निवासी लक्ष्मण शुक्ला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उनकी लक्ष्मण गणेश अर्नामेंट्स नाम की दुकान पर अंकित और आदर्श कारीगर थे। उन्होंने 320 ग्राम सोने के जेवर कारीगरों को बनाने दिए थे। आरोपी सोना लेकर घर पर गहने तैयार करते थे। दोनों ने कुछ दिनों में जेवर तैयार कर देने की बात कही थी। कुछ दिन बाद जेवर मांगे तो टाल मटोल करते रहे। फिर घर से फरार हो गए थे। डीसीपी ने बताया कि आरोपियों के पास से बरामद सोने की कीमत करीब 5.50 लाख है। बताया आरोपियों को सर्विलांस टीम की मदद से गिरफ्तार किया गया।

कई जिलों के सर्राफ के संपर्क में थे आरोपी

डीसीपी ने बताया आरोपी लक्ष्मण शुक्ला से सोना हड़पकर शाजहांपुर में जा छिपे थे। शाहजहांपुर, बरेली समेत अन्य जिलों के सर्राफ से सम्पर्क करते रहे। इस बीच शाहजहांपुर चौक स्थित एवन ज्वैलर्स अनिल कुमार माणे ने उनसे सोना खरीदा। जबकि 85 ग्राम सोना बचा था। जिसे खरीदने के लिए अनिल से बात तय हुई थी। आरोपी अंकित और आदर्श के बयान के पर सर्राफ अनिल के नाम रिपोर्ट में शामिल किया गया है।

कर्नल पति पर दर्ज कराई मारपीट की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बेटियां होने से सुसराल वालों पर प्रताड़ित करने का आरोप

अमृत विचार : कैंट कोतवाली में कर्नल के खिलाफ उनकी पत्नी ने मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता का आरोप कि दो बेटियां होने से ससुराल वाले नाराज हैं। सास-ससुर के उकसाने पर पति उन्हें प्रताड़ित करते हैं।

कोतवाली में दी तहरीर में आफिसर्स कॉलोनी निवासी गुड़िया चौबे ने बताया उनकी शादी वर्ष 2007 में कर्नल सुनील से हुई थी। शादी के बाद से ही उन्हें ससुराल वाले परेशान कर रहे थे। इस बीच उन्होंने दो बेटियों को जन्म दिया। इसके बाद बेटियां होने का उसे दोषी ठहराते हुये सास-ससुर उसे ताना देकर मानसिक परेशान करने लगे। वह लोग बेटा चाहते थे। आरोप है कि सास-ससुर के भड़काने पर सुनील कई पर उनके संग मारपीट की थी। गुड़िया का कहना है कि प्रताड़ना से तंग होकर 13 अप्रैल की रात वह मायके जा रही थी। बड़ी बेटी संग चलने को कह रही थी। इससे भड़के सुनील ने गुड़िया को धक्का देकर गिरा दिया। सिर में चोट से गुड़िया बेहोश हो गईं। कैंट पुलिस ने पति सुनील, ससुर लल्लन और सास गीता पर मामला दर्ज किया है।

लेखपाल समेत दो पर साजिश और धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पुलिस आयुक्त के निर्देश पर मामले की जांच में जुटी पुलिस

अमृत विचार : पुलिस आयुक्त के निर्देश पर सुशांत गोल्फ सिटी थाने में लेखपाल समेत दो के खिलाफ साजिश रचने व धोखाधड़ी के मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है। यूनिवेस्ट इन्फ्राटेक्ट कंपनी के निदेशक ने आयुक्त को प्रार्थना- पत्र दे कार्रवाई की गुहार लगाई थी।

थाना अंतर्गत स्प्रिंग विला सेक्टर सी-3 निवासी विनय कुमार यूनिवेस्ट कंपनी के निदेशक हैं। उनकी कंपनी रियल एस्टेट का काम करती है। 6 फरवरी 2024 को उन्होंने सद्दाम हुसैन निवासी अमरगढ़, जिला बुलंदशहर को पर्सनल सेक्रेटरी रखा था। इसके चलते एटीएम, मोबाइल, समेत अन्य पर्सनल सामान भी उसकी पहुंच में रहता था। विनय ने बताया 21 मार्च को सद्दाम जरूरी काम बता छुट्टी लेकर घर चला गया। 31 मार्च को विनय रिटर्न भरने बैंक पहुंचे तो पता चला कि उसके खाते से करीब छह लाख रुपये की ऑनलाइन खरीदारी की गई और करीब 11 लाख रुपये नगद निकाले गये। विनय ने बताया एटीएम सद्दाम के पास रहते थे। जांच में यह भी पता चला कि एक एटीएम वह चुरा ले गया है। उसने सद्दाम को काल की तो उसने चोरी की बात कबूल की। विनय ने मामले में सद्दाम के लेखपाल भाई अंशार के भी शामिल होने का आरोप लगाया है। दोनों पर साजिश रच धोखाधड़ी कर रुपये हड़पने की आरोप है। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्र ने बताया मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

सचिवालय के पूर्व संविदाकर्मी और छात्र का फंदे से लटका मिला शव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चिनहट और पारा थाना क्षेत्र के रहने वाले

अमृत विचार : चिनहट इलाके में सचिवालय के पूर्व संविदा कर्मी का फंदे से शव लटका मिला। नौकरी जाने से मानसिक परेशान था। उधर, पारा में बीए के छात्र का शव घर में फंदे से लटका मिला। परिजन ने कारण पता होने से मना किया है।

एटा निवासी राहुल मिश्र (32) सचिवालय में संविदा पर लाइब्रेरियन थे। पत्नी संध्या का कहना है कि कुछ दिन पहले राहुल की नौकरी छूट गई थी। इससे वह मानसिक परेशान थे और शराब पीना शुरू कर दिया था। संध्या ने बताया मंगलवार रात राहुल ने दुपट्टे से फंदा लगा लिया। जीवित होने की उम्मीद में फंदा से उतार लोहिया अस्पताल ले गईं। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उधर, पारा थाना अंतर्गत हंसखेड़ा निवासी विशाल (21) बीए का छात्र था। मंगलवार देर शाम खाना खाकर वह कमरे में गया था। कुछ देर बाद भतीजी बुलाने कमरे में पहुंची तो चाचा को फंदा से लटका देख परिजन को बुलाया। उसे फंदा से उतारा जाता तब तक मौत हो चुकी थी। इंस्पेक्टर पारा बृजेश वर्मा ने बताया विशाल के आत्महत्या की वजह परिजन नहीं बता सके। सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। बुधवार को दोनों के शव पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिये गये।

भूतनाथ मंदिर के समक्ष बाला जी शक्ति पीठ के बाहर रामनवमी पर्व पर प्रसाद वितरण करते भक्त। अमृत विचार

शादी के जाली सर्टिफिकेट बनवाने वाला दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शादी का झांसा देकर युवती का कई वर्ष करता रहा शोषण

अमृत विचार: सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म और गिरफ्तारी से बचने जाली मैरिज सर्टिफिकेट बनवाने वाले आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी अंजनी मिश्र का कहना है कि बाराबंकी जिले के दरियाबाद से मोबाइल मैकेनिक अमर सिंह उर्फ अभय को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने थाना क्षेत्र निवासी युवती से दुष्कर्म कर वीडियो बना लिया था। जिसे वायरल करने की धमकी दे कई दिन शोषण करता रहा। पीड़िता ने कार्रवाई की बात कही तो शादी का झांसा देकर चुप करा दिया। इसके बाद शादी से भी इनकार कर दिया। 2020 में पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी को जेल भेज दिया गया था। तब सजा से बचने के लिये आरोपी ने युवती के साथ शादी का दावा कर फर्जी मैरिज सर्टिफिकेट तैयार कराए थे। युवती को अपने परिवार रजिस्टर में भी नाम दर्ज कराने का प्रयास किया था। मामला सामने आने पर युवती के पिता ने पुनः थाने में तहरीर दी थी। पुलिस के मामला दर्ज नहीं करने पर पीड़ित पक्ष ने 15 अप्रैल 2022 में कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपी जमानत पर बाहर आ गया था। इसके बाद युवती और पिता को धमकी दे रहा था।

नो पार्किंग जोन में खड़े मिले 424 वाहनों का चालान

अमृत विचार, लखनऊ : शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने नो पार्किंग जोन में वाहनों की पार्किंग करने वालों पर सख्ती बरती जा रही है। वाहन चालकों को जागरूक करने के बाद भी यातायात नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। इसके चलते बुधवार को विभिन्न चौराहों और तिराहों पर नियमों का उल्लंघन करने के 1876 मामले सामने आए। इन वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस दौरान 28 नए नो पार्किंग जोन में खड़े मिले 424 वाहनों के चालान काटे गए। वहीं बिना हेलमेट मिले 963, रेड लाइट जंप में 183, उल्टी दिशा से वाहन निकालने वाले 42 का चालान किया गया।

एचडीएफसी बैंक के सेल्स मैनेजर ने गोमती नदी में कूदकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- स्कूटर से पहुंचे थे गोमती रिवर फ्रंट, लगाई छलांग

अमृत विचार: गोमती रिवर फ्रंट पुल से नदी में कूद एचडीएफसी बैंक के सेल्स मैनेजर ने जान दे दी। पुल के पास स्कूटर खड़ा देख पुलिस ने नम्बर के आधार पर परिजन को फोन पर सूचना दी। गोताखोरों ने मशक्कत से शव निकाला।

इंस्पेक्टर दीपक पाण्डेय ने बताया कि बालागंज निवासी समीर श्रीवास्तव (40) एचडीएफसी में सेल्स मैनेजर थे। हाल ही में उनका प्रमोशन हुआ था। बुधवार शाम समीर रिवर फ्रंट पुल की तरफ स्कूटर से पहुंचे। आसपास के कुछ लोगों ने उन्हें काफी स्कूटर पर बैठे दिखा। लोग कुछ समझ पाते इससे पहले ही पुल की रेलिंग चढ़ नदी में छलांग लगा दी। आत्मघाती कदम उठाते देख लोगों ने पुलिस कंट्रोल रूम में फोन कर घटना की सूचना दी। इंस्पेक्टर ने बताया पुलिस कर्मी आनन-फानन मौके पर पहुंचे और गोताखोरों को लगाया गया। लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। करीब 40 मिनट बाद समीर को निकाला जा सका। तब तक मौत हो चुकी थी। बताया परिजन ने आत्महत्या का कारण पता होने से इनकार किया है।

कंपनी निदेशकों पर धोखाधड़ी की एक और रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विभूतिखंड थाने में हरदोई निवासी पीड़ित ने दी थी तहरीर

अमृत विचार : विभूतिखंड कोतवाली में सेंजीजी पॉवर निदेशकों के खिलाफ एक और रिपोर्ट दर्ज हुई है। आरोपियों ने क्रिप्टो करंसी और डॉलर में ट्रेडिंग का झांसा पीड़ितों से रुपये निवेश करा हड़प लिये थे। पुलिस को दी तहरीर में हरदोई निवासी मुनीश सैनी ने बताया सेंजी के निदेशक आशीष सिंह ने पूर्व में विभूतिखंड स्थित रणवीर होटल में सेमिनार की थी। जिसमें मुनीश भी शामिल हुये थे। वहां बताया गया था कि वह लोग डॉलर और क्रिप्टो करंसी में ट्रेडिंग करते हैं। सेंजी पॉवर को केंद्र सरकार ने मान्यता दी है। आशीष सिंह को झांसे में आकर मुनीश ने 4. 78 लाख रुपये निवेश कर दिये, लेकिन काफी समय तक उन्हें लाभ नहीं मिला। इस बीच आशीष सिंह ने नई योजना बताई। गड़बड़ी की आशंका होने पर पीड़ित ने आशीष से सम्पर्क कर रुपये वापस मांगे तो जानमाल की धमकी दी। मुनीश का आरोप है कि कंपनी संचालकों ने धोखाधड़ी कर सैकड़ों लोगों से करीब दो सौ करोड़ हड़पे हैं। इंस्पेक्टर सुनील सिंह ने बताया जांच में जो तथ्य सामने आयेंगे। उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

फंदे से लटका मिला युवक का शव

अमृत विचार, काकोरी : दुबग्गा इलाके में युवक द्वारा फंदा लगा कर जान देने का मामला सामने आया है। जेहटा गांव निवासी देवी दयाल के बेटे रमन (18) ने बुधवार को घर में फंदा लगा आत्महत्या का प्रयास किया। जानकारी होने पर परिजन जीवित होने की उम्मीद में फंदे से उतार ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बड़े भाई पवन का कहना है कि रमन मोबाइल फोन पर रोजाना घंटों किसी से बातें करता था। पूछने पर टरका देता था। उन्होंने आत्महत्या का कारण पता होने से इनकार किया है। जेहटा चौकी इंचार्ज शिव सिंह ने बताया घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

हत्या का प्रयास करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : महानगर पुलिस ने युवक की हत्या का प्रयास करने के मामले में चार आरोपियों को बुधवार को गिरफ्तार किया है।

थाना अंतर्गत अकबरनगर निवासी साफिया ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार को उसका बेटा गौस मोहम्मद लेखराज मार्केट से घर लौट रहा था। रास्ते में मो.सलमान, साबरी, मो. नईम, मो.अरमान, मो.सलीम सरिया काट रहे थे। गौस ने टोका तो आरोपियों ने बेटे को सरिया और ईंट से हमला कर मरणासन्न कर दिया। बेटे को बचाने पहुंची मां व बहन साबिया को गाली-गलौज कर आरोपी भाग निकले थे। इंस्पेक्टर अखिलेश मिश्रा ने बताया आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

सरकारी जमीन पर कब्जे में तीन पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, काकोरी : पारा पुलिस ने सरकारी जमीन पर कब्जा के मामले में तीन पर रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम सदरौना में सरकारी जमीन पड़ी है। इस पर सरोज बाजपेई, चंदन पांडे व उमाकांत पांडे कब्जा कर निर्माण करा रहे थे। जानकारी पर अधिकारियों ने आरोपियों पर मामला दर्ज कराया है।

नियुक्ति का झांसा देकर 10 लाख हड़पे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कोर्ट के आदेश पर गाजीपुर थाने में छह पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार : गाजीपुर कोतवाली में युवक ने उत्तर प्रदेश पुलिस में फॉलोअर के पद पर नियुक्ति कराने के बदले 10 लाख वसूलने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने कथित दरोगा से मुलाकात कराकर झांसे में लिया था।

बस्ती हरैया निवासी दीनानाथ शर्मा इन्दिरानगर स्थित आराध्या नेटवर्क में कम्प्यूटर ऑपरेटर था। अक्टूबर 2022 में कम्पनी को महिला कल्याण विभाग में मैनपॉवर सप्लाई का टेण्डर मिला था। इस संबंध में दीनानाथ का संभल आना जाना था। यहीं उसकी मुलाकात अरविंद कुमार मौर्य से हुई थी। दीनानाथ का कहना है कि अरविंद की पत्नी भी महिला कल्याण में तैनात थी। आरोपी ने उनका फोन नम्बर ले बात शुरू कर दी। इस बीच अरविंद ने पुलिस विभाग में फॉलोअर पद पर सीधी भर्ती होना बताया। कहा कि कुछ पहचान के लोग हैं जो 10 लाख में फॉलोअर के पद पर नियुक्ति दिला देंगे। इसके बाद आरोपी ने दीनानाथ की मुलाकात रविंद्र कुमार से कराई थी। जिसने खुद को दरोगा बताया था। झांसे में आकर पीड़ित ने 10 लाख रुपये दे दिये, तो उसे फर्जी नियुक्ति पत्र थमा दिया। पुलिस विभाग से संपर्क करने पर दीनानाथ को ठगी का पता चला।

उसने अरविंद और उसके साथियों से रुपये लौटाने का तो मारपीट की। गाजीपुर कोतवाली में तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई तो पीड़ित ने न्यायालय में गुहार लगाई। कोर्ट के आदेश पर अरविंद, रविंद्र, मनवीर, अंकुर यादव और उसकी पत्नी मंजू पर धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

सख्ती शासन ने नगर निगम को पत्र भेज कर दिए निर्देश

प्रतिबंधित कुत्तों का लाइसेंस नवीनीकरण नहीं करेगा नगर निगम

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- केंद्रीय पशुपालन मंत्रालय ने पिटबुल, रॉटबिलर सहित 25 विदेशी नस्ल के खतरनाक कुत्तों के प्रजनन व पालने पर लगाया था प्रतिबंध

अमृत विचार : पिटबुल, रॉटबिलर और अमेरिकी बुलडॉग सहित 25 विदेशी नस्ल के खतरनाक कुत्तों के लाइसेंस का फिलहाल नगर निगम नवीनीकरण नहीं करेगा। केंद्रीय पशुपालन मंत्रालय ने पिछले महीने 25 खतरनाक विदेशी नस्ल के कुत्तों के प्रजनन, पालने और खरीद फरोख्त पर रोक लगा दी है। लखनऊ नगर निगम ने कहा था कि वह पहले से जारी इन नस्ल के कुत्तों का लाइसेंस नवीनीकरण नसबंदी प्रमाणपत्र लेकर कर देगा, लेकिन नये लाइसेंस जारी नहीं करेगा। शासन ने पत्र भेज कर साफ कर दिया है कि किसी भी प्रतिबंधित नस्ल के कुत्तों का लाइसेंस नवीनीकरण नहीं किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर इस आदेश के खिलाफ कुछ राज्यों में पालकों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। इसके अलावा नगर निगम ने इस मामले में शासन से मार्गदर्शन मांगा है। निर्णय के आधार पर ही नगर निगम आगे की कार्रवाई करेगा।

विदेशी नस्ल के इन कुत्तों पर प्रतिबंध-पिटबुल टेरियर, टोसा इनू, अमेरिकन टेरियर, फिला ब्रासीलेरियो, डोगो अर्जेनटीनो, अमेरिकन बुलडॉग, बोरेबोल, कंगल, सेंट्रल एशियन, काकेशियन, साउथ रसियन, टोरंजक, सरपैलनिक, जापानी टोसा, जापानी अकिता, मैस्टिफ, राट बिलर, टेरियर्स, रोडेसियन रिजबैक, वोल्फ, कैनारियो, अक्बैस, मास्को गार्ड, केन कारसो, वैनदागो।

इन प्रजाति के कुत्तों का हो रहा नवीनीकरण-लैब्रोडोर, जर्मन शेफर्ड, लाहसा अप्सो, शिटजू, पामेरियन, पग व देसी नस्ल के कुत्ते पाल सकते हैं। पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा ने बताया कि इन नस्ल के कुत्तों का नगर निगम लाइसेंस बना रहा है और नवीनीकरण भी कर रहा है। उन्होंने बताया कि अभी प्रतिबंधित नस्ल के कुत्तों का नया लाइसेंस बनाया जा रहा है न नवीनीकरण किया जा रहा है।

प्रतिबंधित नस्ल के 450 बने हैं डॉग लाइसेंस पाले जा रहे 1,000



राजधानी में प्रतिबंधित नस्ल के लगभग 1,000 डॉग घरों में पाले जा रहे हैं। इनमें से लगभग 450 डॉग के लाइसेंस ही नगर निगम से बने हैं। इसके अलावा अन्य विदेशी नस्ल के कुत्ते भी बिना लाइसेंस के पाले जा रहे हैं। पशुपालन मंत्रालय के आदेश के बाद स्वान पालने के शौकीन लोगों के सामने लाइसेंस रिनीवल न होने से समस्या खड़ी हो गई है। जिन विदेशी नस्ल के कुत्तों के पालने पर प्रतिबंध नहीं है, उनका लाइसेंस बनवाने से लेकर नवीनीकरण कराने लोग नगर निगम के चक्कर लगा रहे हैं।

तेजकिशन खेड़ा हत्याकांड में शामिल 10 हजार का ईनामी ज्ञानी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : काकोरी के तेजकिशन खेड़ा में हुए हत्याकांड मामले में बुधवार को पुलिस ने और एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस पर 10 हजार रुपये ईनाम घोषित था। एडीसीपी विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया तेज किशनखेड़ा निवासी ज्ञानी हत्याकांड में शामिल था। उसने मुख्य आरोपी शुभम उर्फ मोनू रावत के साथ पूर्व ब्लॉक प्रमुख राम विलास रावत को घेर कर फायरिंग कर दी थी। इसमें प्रधान के भाई अनंतराम की मौत हो गई थी। जबकि पूर्व ब्लॉक प्रमुख समेत तीन घायल हो गये थे। मामले में मोनू रावत समेत छह पर रिपोर्ट दर्ज की गई थी। मोनू समेत चार आरोपी पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिये गये थे। पांचवें आरोपी ज्ञानी को भी बुधवार को जेल भेज दिया गया। अब मामले में एक फरार आरोपी को भी जल्द गिरफ्तार करने टीमें दबिश दे रही हैं।

युवकों ने लैब कर्मी को धमकाया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पुलिस अज्ञात युवकों पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच में जुटी

अमृत विचार: बुजुर्ग को टक्कर मारने वाले आरोपी बाइक सवार को टोकना निजी लैब कर्मी को भारी पड़ा। आरोपी बाइक सवार ने साथियों को बुलाकर जमकर हंगामा व पथराव किया। मामले में लैब के डॉक्टर ने आरोपियों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है।

जानकीपुरम थाना क्षेत्र स्थित एक निजी लैब के डॉ. अभिषेक गुप्ता ने तहरीर दी। बताया कि उनकी लैब के सामने तेज रफ्तार बाइक सवार ने पैदल जा रहे बुजुर्ग को टक्कर मार दी। बुजुर्ग की मदद के लिये पहुंचे लैब कर्मी ने आरोपी बाइक सवार को धीमी गति में चलने की बात कही। इस पर आरोपी भड़क उठा। उसने कर्मी को थोड़ी देर ठहरने की बात कही और 10 मिनट में करीब 12 से 15 युवकों को बुला कर जान माल की धमकी देने लगा। समझाने का प्रयास किया तो बाइक सवार और उसके साथियों ने पथराव शुरू कर दिया। इससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया। वहीं आसपास मौजूद लोगों में भगदड़ की स्थिति बन गई। करीब आधा घंटे चले हंगामा की किसी ने वीडियो बना ली, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इंस्पेक्टर ने बताया प्राथमिकी दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों से आरोपियों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

एक नजर

रुद्रांश के खेल से जीता मेगा ट्रेंड्स

अमृत विचार, लखनऊ : मैन ऑफ द मैच रुद्रांश वाष्णेय (88 रन, 75 गेंद, 10 चौके, 3 छक्के) की बदौलत मेगा ट्रेंड्स ने एसएमआर क्रिकेट कप के लिए खेले जा रहे अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में जीत दर्ज की। एसएमआर मैदान पर खेले गए मैच में मेगा ट्रेंड्स ने द क्रिएटर्स क्लब को 40 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मेगा ट्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने 40 ओवर में 5 विकेट खोकर 254 रन बनाए। रुद्रांश वाष्णेय ने 88 और अमन यादव ने नाबाद 81 रन बनाए। जवाब में द क्रिएटर्स क्लब की टीम 33 ओवर में सभी विकेट खोकर 214 रन ही बना सकी।

लखनऊ एथलेटिक्स टीम घोषित

अमृत विचार, लखनऊ : 31वीं यूपी स्टेट ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 19 और 20 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। कानपुर और गाजियाबाद में इस चैंपियनशिप के मुकाबले खेले जाएंगे। इन मुकाबलों में हिस्सा लेने वाली लखनऊ एथलेटिक्स टीम बुधवार को घोषित की गई। लखनऊ टीम के गठन को चयन ट्रायल आज ऐशबाग स्टेडियम में होंगे। लखनऊ एथलेटिक्स संघ के सचिव बीआर वरुण के अनुसार टीम पदकों के साथ लौटेगी। **लखनऊ टीम :** मो. जहीर, एस शुक्ला, अवनीश कुमार, अनुकल्प तिवारी, अरपन सिंह, सचिन, रोहित कुमार, अंकित पाण्डेय, प्रांशु कुमार, सत्यम मौर्या, आशुतोष सिंह, उन्नति रावत, रागिनी सिंह, ओम प्रकाश, गुलशन कुमार, पूजा कुमारी, आराधना यादव, मोनिक, सृष्टि कश्यप, तरनप्रीत कौर जौहर, साहिबा खान, रूबी देवी।

माही..हेलीकॉप्टर शॉट लगाना, मैच देखने हम आएंगे

महेंद्र सिंह धोनी की झलक पाने को बेकरार दिखे क्रिकेट प्रेमी, चढ़ता पारा भी नहीं कम कर सका दर्शकों को उत्साह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : समय 11:30 बजे। जगह चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट के बाहर। दर्शकों की भीड़ जमा थी। धोनी की झलक पाने को तमाम लोग खड़े थे। कई लोग तो अपने परिवार के साथ पहुंचे थे। दोपहर 12 बजे चेन्नई सुपर किंग्स की टीम को यहां पहुंचना था। लेकिन थोड़ी देर बाद ही पता चला कि फ्लाइट डेढ़ घंटा लेट है। इसके बावजूद क्रिकेट प्रेमी अपनी जगह से टस से मस नहीं हुए। चिलचिलाती धूप के बावजूद वह अपनी जगह पर डटे रहे। आखिर इंतजार की घड़ियां खत्म हुई और चेन्नई की टीम राजधानी पहुंची।

एयरपोर्ट से सबसे पहले जडेजा बाहर आए। फिर उनके पीछे राहणे। इन दोनों के बाहर आने के बाद सुरक्षा बल के बीच महेंद्र सिंह धोनी को देखते ही क्रिकेट प्रेमियों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। धोनी, धोनी की आवाज से पूरा एयरपोर्ट गूंज उठा। पीली टीशर्ट, डार्क हरे रंग की पैंट पहने और आंखों पर काला चश्मा चढ़ाए, धोनी के बाहर आते ही मीडिया के कैमरे और क्रिकेट प्रेमियों के मोबाइल के फ्लैश चमक उठे।

एयरपोर्ट से बाहर निकलते भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी व आलराउंडर रविंद्र सिंह जडेजा। अमृत विचार

▸▸ आज शाम इकाना में अभ्यास करेगी चेन्नई की टीम

दर्शकों के उत्साह का अंदाजा इस बात से लगया जा सकता था कि कई क्रिकेट प्रेमी 19 अप्रैल वाले मुकाबले के टिकट लेकर पहुंचे थे। हवा में टिकटों को लहराते हुए इन क्रिकेट प्रेमियों ने कहा कि धोनी हेलीकॉप्टर शॉट जरूर लगाना, मैच देखने आएंगे। माही ने अपने प्रशंसकों की ओर हाथ उठाकर अभिवादन दिया और बस की ओर चल गए। इसके बाद चेन्नई के कप्तान रितुराज गायकवाड़ और चीफ कोच स्टीफन फ्लेमिंग भी एयरपोर्ट के निकासी द्वार से निकलकर बस में बैठ गए।

धोनी की एक झलक देखने को धूप में खड़े राजधानीवासी। अमृत विचार

करीब 15 मिनट के बाद टीम बस होटल की ओर रवाना हो गई। टीम प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार चेन्नई की टीम गुरुवार को शाम 6 से 9 बजे तक इकाना स्टेडियम में अभ्यास करेगी।

देखना है कि दर्शक धोनी को चियर अप करते हैं या मुझे : मार्कस स्टॉयनिस

अमृत विचार : चेन्नई के खिलाफ दमदार प्रदर्शन को तैयार हैं। चेन्नई में अच्छे खिलाड़ी हैं। उनका इतिहास शानदार है। लेकिन इसका हम पर कोई असर नहीं है। मैच में आधा उनके जीतने की संभावना है तो आधी हमारी भी। हम सभी टीमों के खिलाफ हमेशा तैयार रहते हैं। यह कहना था कि लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के ऑलराउंडर मार्कस स्टॉयनिस का। बुधवार को एक निजी होटल में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा कि चेन्नई के खिलाफ टीम दमदार प्रदर्शन को बेकरार है। एलएसजी की गेंदबाजी के बारे में उन्होंने कहा कि कुछ खिलाड़ियों को इंजरी जरूर है, लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जाएगा। मयंक यादव के खेलने के बारे में उन्होंने बताया कि मैं इसके बारे में कुछ नहीं कह सकता। कोचिंग स्टॉफ और फिजियो ही इसके बारे में बता सकते हैं। वहीं, एक्स पर एलएसजी की तरफ से एक पोस्ट किया गया है, जिसमें लिखा है, फिर से उड़ चला। इस वीडियो में मयंक बॉलिंग करते नजर आ रहे हैं। महेंद्र सिंह धोनी की शान में कसीदे पढ़ने वाले स्टॉयनिस ने कहा कि वह एक शानदार खिलाड़ी है। एमएस के चीयर करने पर कहा कि कि फैंस एमएस (मार्कस स्टोइनिस) के लिए चियर करते हैं कि महेंद्र सिंह धोनी (एमएसडी) के लिए, यह देखना होगा। उनके लिए काफी रिस्पेक्ट है। उन्होंने पिछले कई सालों में खुद को साबित किया है। अभी कई सिक्स भी लगाए हैं। वह टीम को अच्छे से मेंटर करते हैं। पथिराना के विकेट टेकर और तैयारी के सवाल पर कहा कि सभी बॉलर अभी योजना बना कर आते हैं। यह काफी हद तक पर्सनल है। टीम के प्रदर्शन के बारे में उन्होंने कहा कि छह लीग मैच में अभी तक हम तीन मैच जीते हैं। अभी आठ मैच बचे हुए हैं। टीम ने केकेआर और दिल्ली के खिलाफ दो मैच हारे हैं। इसमें हमें और रन बनाने थे। रिजल्ट खराब रहा है, लेकिन हम अभी भी तीन जीत और तीन हार के साथ टूर्नामेंट में अच्छी स्थिति में बने हुए हैं।

प्रेसवार्ता के दौरान मार्कस स्टॉयनिस।

नेट पर अभ्यास करते क्रुणाल पांड्या।

मयंक के खेलने पर आज के अभ्यास सत्र पर सभी की नजर

अमृत विचार, लखनऊ : 19 अप्रैल को होने वाले हाईवोल्टेज मुकाबले के लिए लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) के खिलाड़ियों ने इकाना स्टेडियम में बुधवार को अभ्यास किया। तीन घंटे तक चले अभ्यास में खिलाड़ियों ने पहले टीम बांटकर फुटबॉल मैच खेला। सत्र के अंत में खिलाड़ियों ने नेट्स पर बल्लेबाजी और एलएसजी के चीफ कोच जस्टिन लैंगर और कप्तान केएल राहुल देर तक मैदान में बाते करते रहे। चेन्नई के खिलाफ रणनीति को लेकर दोनों में खूब चर्चा हुई। मैदान पर स्पीडस्टार मयंक यादव भी दिखे लेकिन उन्होंने गेंदबाजी नहीं की। ऐसे में चेन्नई के खिलाफ उनके उतरने पर संशय है। अब देखना है कि गुरुवार को अभ्यास सत्र के दौरान मयंक गेंदबाजी करेंगे या नहीं। उसके बाद तस्वीर साफ हो जाएगी कि वह 19 अप्रैल वाले मुकाबले में गेंदबाजी करेंगे या नहीं।

चार जोड़ी समर स्पेशल ट्रेन चलाएगा रेलवे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : ग्रीष्मकाल अवकाश में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये रेल प्रशासन कई और स्पेशल ट्रेन चलाने जा रहा है। ये ट्रेनें लखनऊ से होकर गुजरेंगी।

मुम्बई सेंट्रल-बनारस साप्ताहिक एसी स्पेशल : ट्रेन नंबर 09183 मुम्बई सेंट्रल-बनारस वातानुकूलित ग्रीष्मकालीन स्पेशल 17 अप्रैल से 26 जून प्रत्येक बुधवार को मुम्बई सेंट्रल से रात्रि 10:50 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन लखनऊ तड़के 4:25 बजे, बनारस सुबह 10:30 बजे पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 09184 बनारस-मुम्बई सेंट्रल से वातानुकूलित ग्रीष्मकालीन स्पेशल

19 अप्रैल से 28 जून प्रत्येक शुक्रवार को बनारस से दोपहर 2:30 बजे प्रस्थान कर लखनऊ रात्रि 9:25 बजे, तीसरे दिन मुम्बई सेंट्रल तड़के 4:20 बजे पहुंचेगी।

चंडीगढ़-गोरखपुर साप्ताहिक स्पेशल : ट्रेन नंबर 04518 चंडीगढ़-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन स्पेशल 25 अप्रैल से 27 जून तक प्रत्येक वृहस्पतिवार को चंडीगढ़ से रात्रि 11:15 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन लखनऊ पूर्वान्ह 11:45 बजे, गोरखपुर शाम 6:20 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में ट्रेन 04517 गोरखपुर-चण्डीगढ़ ग्रीष्मकालीन स्पेशल 26 अप्रैल से 28 जून तक प्रत्येक शुक्रवार को गोरखपुर से रात्रि 10:05 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन लखनऊ तड़के 3:10 बजे, चंडीगढ़ दोपहर 2:10 बजे पहुंचेगी।

लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर स्पेशल : ट्रेन नंबर 01085 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक स्पेशल 17 अप्रैल को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से रात्रि 11:50 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन लखनऊ तड़के 4:30 बजे, गोरखपुर सुबह 9:30 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में ट्रेन नंबर 01086 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक स्पेशल 19 अप्रैल को गोरखपुर से दोपहर 3:30 बजे प्रस्थान कर लखनऊ रात्रि 7:55 बजे, तीसरे दिन लोकमान्य तिलक टर्मिनस मध्यरात्रि 12:25 बजे पहुंचेगी।

गोरखपुर-महबूबनगर साप्ताहिक स्पेशल : ट्रेन नंबर 05303 गोरखपुर-महबूबनगर ग्रीष्मकालीन स्पेशल 20 अप्रैल से 29 जून तक प्रत्येक शनिवार को गोरखपुर से सुबह 8:30 बजे प्रस्थान कर ऐशबाग दोपहर 1:35 बजे, दूसरे दिन महबूबनगर रात्रि 7:30 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 05304 महबूबनगर-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन स्पेशल 22 अप्रैल से 01 जुलाई तक प्रत्येक सोमवार को महबूबनगर से शाम 6 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन ऐशबाग तड़के 3:10 बजे, गोरखपुर सुबह 9 बजे पहुंचेगी।

खेत से ट्रैक्टर निकालने पर विवाद, चार गंभीर

अमृत विचार, लखनऊ : महिगवां इलाके में बुधवार देर शाम खेत से ट्रैक्टर निकालने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया, इस दौरान दोनों पक्ष के लोगों ने एक-दूसरे पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस घटना में चार घायलों में तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है।

महिगवां थाना अंतर्गत बाजपुर गांव निवासी पवन यादव ने बताया की शाम 5 बजे परिवार के लोग खेत में गेहूं की फसल काट रहे थे। इस दौरान उनके पाटीदार अजय यादव खेत से ट्रैक्टर निकाल रहे थे। विरोध करने पर अजय के पक्ष से कई लोग बांका और कुल्हाड़ी लेकर पहुंचे और हमला कर पवन, उसके पिता छोटेलाल, मां सोनी और भाई रंजीत को लहूलुहान कर दिया। एसओ शिवम मंगल सिंह ने बताया कि घायलों को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

रोमांचक जीत के साथ आशी फाइनल में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हेजलनट ऑल इंडिया सीएस-7 अंडर-14 बालक व बालिका टेनिस टूर्नामेंट में दूसरी वरीय उत्तर प्रदेश की आशी शमसेरी ने रोमांचक जीत के साथ फाइनल में जगह बनाई। आशी की खिताबी टक्कर शीर्ष वरीय पश्चिम बंगाल की अनाया बिश्वास से होगी। दूसरी ओर बालक एकल क्वार्टर फाइनल में उत्तर प्रदेश के रोहिन राज ने शीर्ष वरीय अर्जुन शर्मा को 6-2, 6-1 से हराते हुए उलटफेर भरी जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया। एक अन्य क्वार्टर फाइनल में जीत से दूसरी वरीय उत्तर प्रदेश के कौस्तुभ सिंह भी अंतिम चार में पहुंच गये। बालक युगल में उत्तर प्रदेश के प्रणव शर्मा व कृष्णा सिंह ने संघर्षपूर्ण जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाई।

गोमतीनगर स्थित कमलेश शुक्ला प्रोफेशनल टेनिस अकादमी में आयोजित चैंपियनशिप में बालिका एकल के सेमीफाइनल में दूसरी वरीय उत्तर प्रदेश की आशी शमसेरी ने उत्तर प्रदेश की ही सिद्धि सिंह को 6-3, 6-7(6-8), 6-1 से हराया।

बॉल को रिटर्न करतीं आशी।

आशी शमेसरी ने पहला सेट आसानी से जीत लिया। दूसरे सेट में आशी टाईब्रेक में हार गयी। फिर तीसरे सेट में जीत से आशी ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। दूसरे सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय पश्चिम बंगाल की अनाया बिश्वास ने उत्तर प्रदेश की अनुषा सिंह को 6-4, 6-1 से हराया।

▸▸ बालक एकल क्वार्टर फाइनल में रोहिन राज ने अर्जुन शर्मा को हरा सेमीफाइनल में किया प्रवेश

बालक एकल के क्वार्टर फाइनल में दूसरी वरीय उत्तर प्रदेश के कौस्तुभ सिंह ने उत्तर प्रदेश के ही किंजलक श्रीवास्तव को 6-0, 6-2 से हराया। अन्य क्वार्टर फाइनल में बिहार के अविनाश राय ने उत्तर प्रदेश के अयान यादव को टाई ब्रेक में 6-3, 6-7 (4-7), 6-1 से और बिहार के सिद्धांत चौधरी ने ऋद्धिमान राजपूत को 6-0, 6-0 से हराया।

बालक युगल क्वार्टर फाइनल में प्रणव शर्मा व कृष्णा सिंह ने सात्विक गुप्ता व स्वस्तिक सिंह को 6-7(5-7), 7-6(7-5), 10-6 से, रिशांत जयसवाल व किंजलक श्रीवास्तव ने शांतनु चौहान व अबीर रंजन को 6-0, 6-3 से, अविनाश रॉय व सिद्धांत चौधरी ने कार्तिकेय श्रीवास्तव व अर्णव श्रीवास्तव को 6-3, 6-0 से और अर्जुन शर्मा व रोहिन राज ने पवित्र सिंह व मोहम्मद सूफियान को 6-0, 6-0 से हराया।

लखनऊ पहुंचे श्रद्धालुओं को 150 बसों से भेजा गया अयोध्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ एक लाख से अधिक श्रद्धालु ट्रेनों और बसों से अयोध्या धाम को रवाना

अमृत विचार : रामनवमी के दिन रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर श्रद्धालुओं की खासी भीड़ नजर आई। विभिन्न राज्यों से ट्रेनों से लखनऊ पहुंचे श्रद्धालुओं को रोडवेज बसों से अयोध्या रवाना किया गया। मंगलवार रात से ही स्टेशनों पर श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। दिल्ली, मुंबई, चंडीगढ़, अहमदाबाद के रास्ते लखनऊ पहुंचने वाली ट्रेनों में श्रद्धालुओं की खासी भीड़ रही। इस भीड़ से निपटने के लिए स्टेशन पर परिवहन निगम ने अपने कर्मचारियों की ड्यूटी लगा रखी थी। चारबाग से 40 से अधिक बसें अयोध्या के लिए रवाना की गई।

कैसरबाग, अवध बस स्टेशन और आलमबाग टर्मिनल से अयोध्या बसें रवाना की गई। लखनऊ से तकरीबन 150 अतिरिक्त बसें अयोध्या भेजी गई। इस दौरान प्रदेश भर के करीब 20 डिपो से 500 से ज्यादा बसों से श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे। अयोध्या रूट की ट्रेनें और बसें मिलकर करीब एक लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का दावा किया जा रहा है।

उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम एसएम शर्मा बुधवार को अयोध्या धाम और अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पहुंचे। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए उन्होंने स्टेशन पर सभी व्यवस्थाओं को देखा।

उप्र. राज्य सड़क परिवहन निगम के पीआरओ अजीत सिंह के अनुसार अयोध्या के लिए 400 बसों के इंतजाम किए गए थे। भीड़ बढ़ने पर बसों की संख्या बढ़ाई गई, इसकी तैयारी पहले ही कर ली गई थी। 20 अप्रैल तक अयोध्या के लिए अतिरिक्त बसे चलाई जाएंगी।

किसान आंदोलन : आम्रपाली सहित कई ट्रेनें बदले मार्ग से चलेंगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ सरयु-यमुना और अमृतसर-दरभंगा एक्सप्रेस को नियंत्रित कर चलाया जाएगा

अमृत विचार : अम्बाला कैंट-सानेह वाल खंड के शम्भू स्टेशन पर किसान आंदोलन के कारण आम्रपाली एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें बदले मार्ग से चलायी जाएंगी। सरयु-यमुना और अमृतसर-दरभंगा एक्सप्रेस को मार्ग में नियंत्रित कर चलाया जाएगा।

अमृतसर से चलने वाली ट्रेन नंबर 15708 अमृतसर-कटिहार आम्रपाली एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग लुधियाना-गिल्ल-धूरी-जाखल-दिल्ली के रास्ते, ट्रेन नंबर 14618 अमृतसर-पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग सरहिंद-बस्सी पठानां-नंगल डैम-चंडीगढ़-अम्बाला कैंट के रास्ते, जयनगर से चलने वाली ट्रेन नंबर 14649 जयनगर-अमृतसर सरयु-यमुना एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग अम्बाला कैंट-चंडीगढ़-सानेह वाल के रास्ते, पूर्णिया कोर्ट से चलने वाली ट्रेन नंबर 14617 पूर्णिया कोर्ट-अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग अम्बाला कैंट-चंडीगढ़-सानेह वालके रास्ते, अमृतसर से चलने वाली ट्रेन नंबर 04654 अमृतसर-न्यू जलपाईगुड़ी स्पेशल परिवर्तित मार्ग लुधियाना-गिल्ल-धूरी-जाखल-दिल्ली-मुरादाबाद के रास्ते, श्री माता वैष्णो देवी कटरा से चलने वाली ट्रेन नंबर 15656 श्री माता वैष्णो कटरा-कामाख्या एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग सानेह वाल-चंडीगढ़-अम्बाला कैंट के रास्ते, अमृतसर से चलने वाली ट्रेन नंबर 04652 अमृतसर-जयनगर स्पेशल परिवर्तित मार्ग लुधियाना-गिल्ल-धूरी-जाखल-दिल्ली के रास्ते चलाई जा रही है।

खेतों में जलती रहीं फसलें, दौड़ती रहीं दमकल की गाड़ियां

अलग-अलग क्षेत्रों में आग लगने से 16 बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : किसानों के लिए बुधवार का दिन काफी नुकसान भरा रहा। जिले के अलग-अलग स्थानों पर आग की घटनाओं में 16.5 बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इस दौरान आग बुझाने के लिए अग्निशमन की गाड़ियां दिनभर दौड़ती रहीं। ज्यादातर जगहों पर शॉट-सर्किट से आग लगी। कई जगह आग लगने का कारण भी ज्ञात नहीं हो सका।

जानकारी अनुसार, अलग-अलग इलाके में आग से पांच किसानों की करीब आठ बीघा गेहूं की फसल खाक हो गई। लेखपाल ने मौके पर पहुंच नुकसान का आंकलन किया है। किसानों का कहना है कि आग लगने का कारण पता नहीं चला है। गोसाईगंज इलाके के महमूदपुर कूड़ामऊ सुंदर नगर में बुधवार दोपहर अर्जुन के खेत में लग गयी। आनन-फानन किसानों ने ट्यूबवेल चला आग पर काबू पाने का प्रयास किया। तब तक पड़ोसी शिवप्रसाद और सुखमीलाल के खेत की फसल तक आग पहुंच गई। इस बीच सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने मशक्कत से आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक छह बीघा फसल का नुकसान हो चुका था। एक अन्य किसान रामफेर वर्मा की भी फसल जल गई। लेखपाल ने मौके पर पहुंच नुकसान का आंकलन किया।

आम के बाग में लगी आग : काकोरी क्षेत्र के बेढ़ौना गांव में लोकेश मिश्रा के साढ़े चार बीघा आम के बाग में दोपहर करीब 1 बजे बाग में आग लग गई। लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने आग पर काबू पा लिया। आग से कोई नुकसान नहीं हुआ है। शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है।

काकोरी क्षेत्र के समदा गांव में गेंहू की फसल जलने के बाद घटनास्थल पर मौजूद लोग, वहीं आम के बाग में लगी आग को बुझाता दमकल कर्मी।

गेहूं काटने के बाद किसान ने बोया धान

मोहनलालगंज : क्षेत्र में अभी गेहूं की फसल की कटाई चल रही है। इसी बीच सरदार किसानों ने धान की रोपाई शुरू कर दी है। परंपरागत धान की रोपाई शुरू होने तक यह फसल तैयार हो जाएगी। गनियार गांव के किसान सरदार राजेन्द्र सिंह ने अगमन गोविंदा धान का बीज शाहजहांपुर से लाए हैं। धान की यह प्रजाति कम समय में तैयार हो जाती है। गेहूं की फसल काटने के बाद इस धान की रोपाई शुरू कर दी गई है। गेहूं कटने के बाद मेंथा की फसल बोई जाती थी, उसी अवधि में अगमन धान भी तैयार हो जाएगा। नर्सरी 10 मार्च को बोई थी और 10 अप्रैल से रोपाई शुरू कर दी थी। करीब 10 बीघा में धान लगाया है।

एक दर्जन किसानों की पांच बीघा फसल में लगी आग

अमृत विचार, काकोरी : समदा गांव के ग्राम प्रधान शिव शंकर ने बताया कि बुधवार शाम 5 बजे 11 हजार की हाईटेंशन विद्युत के लाइन में शॉर्ट सर्किट से किसानों के खेतों में घड़ी गेंहू की फसल में आग लग गई। जिसमें गांव निवासी किसान ग्राम प्रधान शिव शंकर, राम चन्द्र, मुकुट बिहारी तिवारी, अटल बिहारी तिवारी, अवध बिहारी तिवारी, दीपक यादव, कुलदीप यादव, बेचा लाल समेत अन्य की करीब पांच बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। वहीं मुकुट बिहारी के खेत को बटाई पर लेकर खेती कर रही महिला कुसमा ने आग से अपने आप को बचाया। वहीं दमकल की गाड़ियों के पहुंचने से पहले ही किसानों ने घंटो की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस संबंध लेखपाल विनय वर्मा ने बताया कि किसानों की करीब 5 बीघा गेंहू की फसल में आग लगी है।

हाईटेंशन लाइन के तार टूटने से गेहूं की फसल जली

अमृत विचार, निगोहां : मीरक नगर, भैरमपुर में बुधवार सुबह लगभग 10 बजे हाईटेंशन लाइन का तार टूटने से गेहूं की फसल में आग लग गई। धुआं होने पर दमकल विभाग को सूचना देने के साथ किसान आग पर काबू करने में जुट गए। आग पर काबू होने के बाद दमकल की गाड़ी पहुंची, इससे किसानों में नाराजगी दिखी। आग से गंगा सागर और जंगी लाल चौरसिया की एक बीघा फसल जल गई। घटना की सूचना एसडीओ समेसी उपेंद्र पटेल को दी गई है। उन्होंने कहा कि जहां तार टूटा वहां, ठेकेदार कार्य करा रहा है। मामले की जांच कराई जाएगी।

आधा दर्जन किसानों की ढाई बीघा फसल जली

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा इलाके में बुधवार को हाईटेंशन विद्युत लाइन के तारों से निकली चिंगारी से गेहूं की फसल में आग लग गई। सूचना पाकर पहुंची दमकल गाड़ी ने आनन फानन आग पर काबू पा लिया। लेकिन तब तक करीब आधा दर्जन किसानों की करीब ढाई बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। बंथरा के खसरवारा गांव निवासी किसान रामखेलावन, गुरुदेई, राम शंकर, सुमन और अमन के खेत अगल-बगल ही हैं।

बुरा हाल | फरवरी व मार्च में कट गईं थी फसलें, समय पर नहीं जुट पाए आंकड़े

बुंदेलखंड में रबी फसलों के कटने के बाद ऑनलाइन क्रॉप कटिंग

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में रबी फसलों में मटर, सरसों, चना व जौ के क्रॉप कटिंग यानी उत्पादकता के ऑनलाइन आंकड़े अब तक नहीं जुट पाए हैं। जबकि खेतों पर गेहूं छोड़कर बाकी फसलें नहीं हैं। इसके बाद भी बुंदेलखंड में मटर, सरसों, चना व जौ की सीसीई मोबाइल एप पर उपज का आकलन बिना फसलों के दर्शाना बताया जा रहा है। जबकि, यह फसलें फरवरी से मार्च तक कट चुकी हैं और मौके पर खेत खाली हैं।

कहा यह भी जा रहा कि समय

रहते मोबाइल एप से क्रॉप कटिंग न कर पहले की तरह मैनुअली की गई। जब 100 फीसद ऑनलाइन पर जोर दिया गया तो वही मैनुअली या फिर पूर्व के आंकड़े एप पर दर्शाए जा रहे हैं। जबकि ऑनलाइन प्रक्रिया में मौके पर फसलों के साथ अधिकारी, कर्मचारी और बीमा कंपनी के प्रतिनिधि का होना जरूरी है। इस मामले पर कृषि विभाग के अधिकारियों से बात की तो एक-दूसरे पर टाल गए।

बुंदेलखंड में नहीं फसलें, क्रॉप कटिंग पर जोर : बुंदेलखंड में गेहूं भी 90 फीसद के आसपास कट चुका है और मटर, सरसों, चना व जौ की क्रॉप कटिंग नहीं हो पाई है। जो अब बिना फसलों के कराने पर जोर है। आरोप यह भी लग रहे कि राजस्व कर्मी फसल बीमा का लाभ दिलाने के लिए उपज अधिक होते हुए भी कम दर्शा रहे हैं। क्रॉप कटिंग में फसलों की मौके पर कटाई कर उत्पादन और उत्पादकता का आकलन होता है। इसी आधार पर प्रधानमंत्री फसल बीमा के तहत क्षतिपूर्ति तय होती है।इसमें पारदर्शिता लाने के लिए ऑनलाइन क्रॉप कटिंग की अनिवार्यता की गई है।

व्यक्तिगत 8 हजार दावे भी गोल

प्रदेश में 2 व 3 मार्च को बारिश व ओलावृष्टि से रबी फसलों को नुकसान हुआ था। इसमें बीमित फसलों के करीब आठ हजार व्यक्तिगत दावे किसानों ने किए थे। जिसमें एक माह के अंदर क्षतिपूर्ति देनी थी। लेकिन, अधिक समय बीतने पर भी दावों का पता नहीं है। इधर, क्षतिपूर्ति की दूसरी प्रक्रिया क्रॉप कटिंग चल रही है। पर व्यक्तिगत दावों का पता नहीं है।

एक नजर

महिला ने जेठ पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

शाहाबाद, हरदोई। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपने जेठ पर बदनीयती से घर में घुसकर तमंचे के बल पर छेड़छाड़ करने और विरोध पर मारपीट कर रुपए छीनने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर मामले की जांच शुरू की है। क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया बुधवार को दोपहर दो बजे उसका पति खेत गया था।मौका देखकर उसका जेठ इस्माइल घर में घुस आया।और गलत नियत से पकड़ कर उसे खींचा विरोध करने पर उसे तमंचा दिखाकर मारपीट की और घर में रखी सोने की झुमकी और 19,000 रुपया छीन ले गया। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

बहन की शादी से पहले छोटी बहन ने की आत्महत्या

हरदोई। घर वाले 24 अप्रैल को बड़ी बेटी की होने वाली शादी की तैयारी कर रहे थे,लेकिन उससे आठ दिन पहले ही बुधवार को आठ दिन पहले ही छोटी बेटी ने घर के अंदर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। आखिर उसने ऐसा क्यों किया ? इस बारे में कोई कुछ भी नहीं बोल रहा है। 24 अप्रैल को साण्डी थाने के सैतियापुर निवासी रनवीर सिंह की बड़ी बेटी की शादी थी। सभी लोग उसी की तैयारी कर रहे थे,लेकिन उसी बीच बुधवार की भोर पहर उसकी 20 वर्षीय छोटी बेटी सुचि का शव कमरें के अंदर खूंटी में बंधी प्लास्टिक की डोरी से लटकता हुआ देखा गया। इसका पता होते ही वहां कोहराम मच गया। घर में खुशियां आने से पहले ही मौत का मातम बरपा हो गया। सुचि ने ऐसा कदम किस वजह से उठाया ? इस बारे में फिलहाल कोई कुछ भी बताने को तैयार नहीं है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया।

ठहराव स्थल हो या बस अड्डा, जाम लगा रही बसें

रोडवेज और सिटी बसों के चलते चारबाग ठहराव स्थल पर भी यातायात हो रहा प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : रोडवेज बसों के चलते शहर के अधिकांश इलाके जाम की चपेट में हैं। बस अड्डों के बाहर भी इनकी वजह से जाम लग रहा है। बसों का चालान हो रहा न चालकों के खिलाफ कोई कार्रवाई की जा रही है। परिवहन निगम और सिटी बस प्रबंधन को इसकी जानकारी दी गई है। लेकिन अब तक दोनों ही विभागों ने कार्रवाई तो दूर इस मामले में कोई आदेश तक जारी नहीं किया। टैम्पो-टैक्सी एवं ऑटोरिक्शा संयुक्त मोर्चा लखनऊ के अध्यक्ष ने विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए दोनों विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की जाएगी।

चारबाग में ऑटो-टेंपो ठहराव स्थल पर खड़ी बस। अमृत विचार

450 बसें बन रहीं जाम का कारण

कैसरबाग बस अड्डे के बाहर मुख्य मार्ग पर बसों से जाम लग रहा है। इसका खुलासा निगम प्रबंधन की ओर से की गई सर्वे रिपोर्ट में हुआ। प्रदेश के तकरीबन 17 डिपो की 450 बसें यहां बिना किसी योजना और सूचना के पहुंच रही है। जो जाम कारण बन रही है। कैसरबाग डिपो के एआरएम प्रबंधक राजकुमार की ओर से कराए गए सर्वे में कैसरबाग बस अड्डे पर रोजाना 1100 बसों का आवागमन हो रहा हैं। लखनऊ परिक्षेत्र की करीब 685 बसें हैं। अन्य डिपो की 400 से ज्यादा बसें यहां बिना किसी सूचना के आ रही है। यहां से रोजाना 35 हजार से अधिक यात्रियों का फुटफॉल है।

▸▸ कैसरबाग बस अड्डे के बाहर हर समय खड़ी रहती हैं रोडवेज बसें

सिटी बस हो या रोडवेज, जाम का कारण बनने पर इनका दो हजार रुपये का चालान तय है। ये धनराशि चालक के वेतन से काटी जाएगी। बसें जाम का कारण बन रही है तो योजना तैयार की जाएगी। जहां से शिकायत आ रही है, वहां बसों का दबाव कम किया जाएगा।

-आरके त्रिपाठी, आरएम लखनऊ परिक्षेत्र एमडी, सिटी बस प्रबंधन

ठहराव स्थल पर बसों का कब्जा

चारबाग में ऑटो-टैम्पों के लिए तय किए गए ठहराव स्थल पर बसें खड़ी हो जाने से परेशानी हो रही है। यहां आए दिन बसों के खड़े होने से परेशानी हो रही है। टैम्पो टैक्सी एवं ऑटोरिक्शा संयुक्त मोर्चा लखनऊ के अध्यक्ष पंकज दीक्षित ने बताया कि सिटी और रोडवेज बसों के कारण यहां जाम लग रहा है। जबकि चारबाग बस अड्डे से और केकेसी के बीच रोजाना पांच लाख से अधिक लोग आवागमन करते हैं। तकरीबन छह हजार से अधिक वाहन को दबाव इस सड़क पर होता है। बसों के मामले को सिटी बस और रोडवेज के अधिकारियों से सम्पर्क किया जाएगा।

चारबाग का जाम बना नासूर

अमृत विचार, लखनऊ : चारबाग रेलवे स्टेशन को जाम से मुक्त कराने के लिए पिछले चार सालों में तीन योजना बनाकर पुलिस कमिश्नरेट की तरफ से पहल की गई लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। स्टेशन के आस-पास वेंडरों के लिए जगह चिह्नित किए, आटो-टैंपो के लिए पीली, सफेद और लाल पट्टियां खींची गई। सिटी बसों के स्थान तय किए गए। लेकिन सारी योजनाएं शुरू होते ही खत्म हो गई। चारबाग स्टेशन के आसपास जाम लोगों के लिए नासूर बनता जा रहा है। चारबाग को जाम मुक्त से निजात दिलाने के लिए ठहराव स्थल बनाया गया है। वहीं, इसके संचालन के जहां पर यातायात सहायक नियुक्त किए गए। हालात यह है कि यातायात सहायकों को ही कार्य करने से रोका जा रहा हैं। नगर निगम ने भी कई बार अभियान चलाकर यहां कि अस्थाई दुकानों को हटा चुका है। अभियान तक अतिक्रमण नहीं रहता है। टैम्पो-टैक्सी एवं ऑटोरिक्शा संयुक्त मोर्चा पदाधिकारियों की माने तो चौकी इंचार्ज ने उन्हें कार्य करने से रोक दिया। जिसकी वजह से चारबाग जाम से मुक्त नहीं हो पा रहा है।

चंद्रिका देवी मंदिर में पत्नी के साथ पूजन करते उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य।

उप मुख्यमंत्री ने किया चंद्रिका देवी मंदिर में पूजन

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : चैत्र नवरात्र की नवमी को प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पत्नी के साथ चंद्रिका देवी मंदिर में हवन-पूजन किया। इसके बाद परिसर में चल रहे भण्डारे में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। मेला कमेटी के संरक्षक एमएलसी पवन सिंह चौहान, अध्यक्ष अखिलेश सिंह और चौकी प्रभारी रावेंद्र सिंह मौजूद रहे।

रेतेश्वर महादेव धाम मंदिर में कन्याभोज कराते आयोजक। अमृत विचार

रेतेश्वर महादेव मंदिर में कराया कन्याभोज

अमृत विचार, सरोजनीनगर: रामनवमी पर बुधवार को बंथरा के बनी गांव में सई नदी तट पर स्थित रेतेश्वर महादेव धाम मंदिर में हवन-पूजन और कन्याभोज कराया गया। भाजपा नेता शिव शंकर सिंह शंकरी और राम शंकर सिंह मतोले ने 5100 कन्याओं का पूजन कर चुनरी, थाली-गिलास आदि भेंट किए। शंकरी सिंह ने वरिष्ठजनों को अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। ग्राम प्रधान रमेश गुप्ता, पूर्व प्रधान राकेश सिंह, विनय दीक्षित, विधायक प्रतिनिधि निखिल त्रिपाठी, पार्षद केएन सिंह, लकी कपूर, राजेश सिंह, विकास सिंह, शिवनारायण सिंह और शिवम ढल मौजूद रहे।

धूमधाम से मनाया गया जन्मोत्सव

हरदोई, अमृत विचार। श्री राम जानकी मंदिर नवीन गल्ला मंडी हरदोई में श्री राम का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। चैत्र मास शुक्ल पक्ष नवमी तिथि को भगवान का जन्म हुआ था उसे उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष बड़े धूमधाम से श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया जाता हैं। सभी भक्त अपने आराध्य देव का जन्मोत्सव मनाने के लिए प्रात: काल से ही मंदिर में आना प्रारंभ हो गया सभी भक्तों ने अपने-अपने ढंग से अपने व अपने परिवार के कुशलता सुख समृद्धि संपन्नता व शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर सपत्नी राकेश अग्रवाल मीरा अग्रवाल ने राम लला का विधि विधान से वैदिक मंत्रों द्वारा दूध दही घी मधु चीनी व पंचामृत से महाअभिषेक पुजारी मैथिली शास्त्री ने संपन्न कराया सहयोगी श्याम सुंदर व विनीत पांडे रहे। भगवान का अद्भुत श्रंगार किया गया मंदिर को फूलों से व बिजली झालरो से खूब सजाया गया। दोपहर 12 बजते ही घड़ी घंटा और शंखध्वनि के बीच जन्म के महाआरती आरंभ हुई। उसके बाद भगवान की स्तुति हुई।

भंडारे के दौरान प्रसाद वितरित करतीं महिलाएं। अमृत विचार

विशाल भंडारे का हुआ आयोजन : अमृत विचार, लखनऊ : प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 31वां श्री रामनवमी के अवसर पर श्री रूद्रेश्वर मंदिर निकट आयकर भवन अशोक मार्ग लखनऊ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। भंडारे का उदघाटन नागेन्द्र सिंह चौहान ने बुधवार को किया। इस अवसर पर शिव शंकर मिश्रा, कन्हैया पुजारी, सुनील अग्रवाल, शैलेन्द्र सिंह, वी.पी. सिंह, राजकुमार तिवारी, वेद प्रकाश तिवारी, संजय आर्य, दिलीप दास, मुकेश, निरज अग्निहोत्री, विश्वनाथ, देवांश, अखिलेश, आलोक, अरविन्द, मनोज, संदीप, रणजीत, अरूण, विशाल सहित भारी संख्या में क्षेत्रवासियों ने विशाल भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

तबाही : आग की लपटों से जले 12 घर और फसलें

32 बीघा गेहूं व गन्ने की फसल को नुकसान, तेज हवाओं के चलते चिंगारी ने लिया विकराल रूप

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। जिले में बुधवार का दिन ग्रामीण इलाकों में अग्निकांड के नाम रहा। अलग अलग इलाकों में तेज हवाओं के साथ निकली चिंगारी ने आग का विकराल रूप धारण कर एक दर्जन से अधिक घरों को अपने आगोश में जलाकर ग्रामीणों की 18 लाख से अधिक की सम्पत्तियों को जलाकर खाक कर दिया। तेज हवाओं के चलते आग पर काबू पाने के लिए ग्रामीणों को फायरकर्मियों के साथ कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। इसके साथ खेतों में खड़ी फसलों में भी आग लगने से सैकड़ों बीघा फसलें जलकर खाक हो गई। प्रशसनिक अफसरों ने नुकसान का आंकलन कराकर पीड़ितों को मदद जल्द से जल्द पहुंचाने के निर्देश दिए।

जानकारी के अनुसार सबसे बड़ा अग्निकांड विकासखंड सकरन इलाके में देखने को मिला। यहां ग्राम सैदापुर निवासी त्रिभुवन के घर बुधवार की दोपहर करीब बारह बजे खाना बन रहा था। बताया जाता है कि खाना बनाते समय चूल्हे से निकली चिंगारी ने छप्पर में आग को पकड लिया, जिससे त्रिभुवन का घर जलने लगा। छप्पर में लगी आग तेज हवाओं के चलते देखते ही देखते विकराल हो गई और गांव के एक छोर पर स्थित एक दर्जन मकानों के छप्परों तक आग पहुंच गई। आग की लपटों की बीच गांव के माहिल, शिवकुमार, रामधार, जयसिंह, कमलेश, बैजनाथ, राजेश, छोटन्न, अक्षयलाल, मोती लाल आदि के घरो को अपने आगोस में ले लिया।

खेतों को ट्रैक्टर से जोतकर आग पर काबू पाने का प्रयास करते ग्रामीण। अमृत विचार

भीषण अग्निकांड के बीच कुछ ही देर में सभी घर जल कर राख हो गये। ग्रामीणों ने निजी संसाधनों की मदद से आग की लपटों पर काबू करने का प्रयास किया लेकिन हवाओं के चलते ग्रामीणों का प्रयास नाकाफी साबित हुआ। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने ग्रामीणों की मदद से घंटों मशक्कत के बाद आग की लपटों पर काबू पाया। इस अग्निकांड में ग्रामीणों के कपडा, बर्तन, अनाज व नकदी समेत करीब बारह लाख की कीमत का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पाकर मौके पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल विकास कश्यप ने बताया कि नुकसान का आंकलन किया गया है जल्द ही पीड़ितों को आर्थिक सहायता दिलाई पहुंचाई जाएगी।

आग लगने के बाद नुकसान का आंकलन करते लेखपाल व मौजूद पीड़ित ग्रामीण।

तंबौर में आग से 12 बीघा गेहूं जलकर राख

तंबौर, सीतापुर, अमृत विचार। थाना इलाके में अचानक आग लगने से करीब 12 बीघे गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। आग से हुए नुकसान को देखकर खेतों का बटाईदार रोता-बिलखता हुआ नजर आया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के अजयपुर में शनिमंदिर के पश्चिम स्थित लगे गेहूं की फसल अज्ञात कारणों से के चलते अग्निकांड की भेंट चढ़ गई। आधे पर खेतों की बोवाई कर रखे बटाईदार इमामुहसन उर्फ मूल्ला निवासी काशीपुर ने बताया कि एकमात्र सहारा इसी फसल का था। इसके जलने से काफी नुकसान हो गया है। सूचना पर पहुंचे लेखपाल सत्येंद्र यादव ने स्थिति का निरीक्षण करके आगजनी से क्षति हुई फसल में करीब दो बीघा अवधराम निवासी कमहरीया, 6 बीघा इमाम हसन, 4 बीघा जाबिर की फसल को लेकर विभाग को लेकर क्षतिपूर्ति मुआवजा दिलवाने की रिपोर्ट भेजी।

रामपुरकलां में 3 बीघा गेहूं की जली फसल

रामपुरकलां, अमृत विचार। थाना इलाके में अज्ञात कारणों के चलते गेहूं के खेतों में अचानक आग लग गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद निजी साधनों से आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत शंकरपुर के तुलापूरवा निवासी बृजेश कुमार के गेहूं के खेत में अज्ञात कारणो के चलते आग लग गई। जिसमें तीन बीघा गेहूं और दो बीघा गन्ना जलकर बर्बाद हो गया। बताया जाता है कि कोठी पुरवा निवासी सुंदर धोबी खेत को बटाई ले रखा था। किसान ने बताया कि गेहूं की फसल कटी खेतों में पड़ी थी, जो जलकर बर्बाद हो गई। इसके साथ ही सदरपुर इलाके के बनकटी मजरे हुसैनपुर निवासी मुनव्वर के खेत में लगी गेंहू की फसल में अज्ञात कारणों के चलते बुधवार की दोपहर आग लग गई। तेज हवाओं के कारण आग ने रौद्र रूप ले लिया। ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के आग पर काबू पाया। आग की लपटों से खेतों में खड़ी गेंहू की फसल जल कर बर्बाद हो गई।

आग लगने से जलती गेहूं की फसल। अमृत विचार

इमलिया सुल्तानपुर में पांच बीघा गन्ना व भूसा जला

इमलिया सुल्तानपुर। थाना इलाके में बुधवार की दोपहर अज्ञात कारणों से एक खेत में आग लग गई। आग की लपटों से किसान की करीब 5 बीघा गन्ने की फसल जलकर बर्बाद हो गई। साथ ही खेत में पड़ा भूसा भी जलकर राख हो गया।

बेलगवां गांव निवासी अनिल सिंह पुत्र नरेंद्र पाल सिंह के गन्ने के खेत में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। आग की लपटों से करीब 5 बीघा गन्ना जलकर बर्बाद हो गया। वहीं गेहूं कटने के बाद खेत में पड़ा करीब 5 बीघे का भूसा भी जलकर राख हो गया। किसान का आरोप है कि गेहूं कटने के बाद गांव की कुछ महिलाएं गेहूं की बाली बीनने के लिए खेतों में आईं थी। इसी दौरान उन्होंने बीड़ी पीने के बाद जली हुई बीड़ी खेत में ही डाल दी, जिससे खेत में आग लग गई। आग लगने की सूचना पर काफी संख्या में ग्रामीण खेत पहुंच कर आग बुझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन तब तक आग की लपटों से फसल जलकर बर्बाद हो गई।

श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाई गई रामनवमी

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में श्री रामनवमी का पर्व श्रद्धालुओं के द्वारा पूजा अर्चना व भारी श्रद्धा एवं उल्लास के साथ विभिन्न मंदिरों एवं घरों में मनाया गया। नगर के श्री राधा कृष्ण मंदिर, छन्नू लाल द्वारका प्रसाद मंदिर एवं श्री राम जानकी मंदिर में श्री राम जन्मोत्सव श्रद्धा पूर्वक मनाया गया मुख्य कार्यक्रम श्री राम जानकीमंदिर बेहटी में आयोजित किया गया। मंदिर व्यवस्थापक कन्हैया मेहरोत्रा ने विधि विधानसे भगवान के विभिन्न स्वरूपों की पूजा अर्चना कर श्री रामजन्मोत्सव मनाया। इस मौके पर आयोजित महाआरती में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग कर प्रसाद ग्रहण किया।

सजीव झांकियों का मंचन देख भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार। नवरात्र के पावन अवसर पर क्षेत्र के प्रसिद्ध देवी मंदिर केसरीगंज पर जय माता दी युवा जागरण समिति के तथावधान में चल रहे श्री मद भागवत ज्ञानयज्ञ की पूर्णाहुति श्रद्धापूर्वक की गई। इस मौके पर आयोजित कन्याभोज में भारी संख्या में कन्याओं ने प्रतिभाग कर प्रसाद ग्रहण किया। रात्रि बेला में वृंदावन धामसे आए कलाकारों ने रासलीला में राधाकृष्ण की सजीव झांकियों का मंचन किया जिसे देखकर उपस्थित श्रद्धालु भक्ति रस में डूबते उतराते रहे। रासलीला में कलाकारों ने कंस वध का मंचन किया जिसमें उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को संदेश दिया कि जब-जब होई धर्म की हानी, बाढ़हि असुर अधम अभिमानी, तब तब घर प्रभु विविध शरीरा हरहि दयानिधि सज्जन पीरा, अर्थात पृथ्वी पर जब-जब अत्याचार अनाचार बढ़ता है तब तब भगवान अत्याचार अनाचार और पाप को नष्ट करने के लिए अवतार लेते हैं, अत्याचारी राजा कंस के आतंक से भी जब पृथ्वी कराह रही थी, तब भगवान श्री कृष्ण ने अवतार लेकर कंस का वध कर पृथ्वी को कंस के आतंक से मुक्त किया।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404

APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES

- FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
- FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
- FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
- HUMANITIES AND JOURNALISM English
- FACULTY OF PHARMACY

Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25

Accreditations, Affiliations & Approvals

प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध

मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स

नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)

पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)

फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान

मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

एक नजर

प्रेम विवाह के दो माह बाद पत्नी को चाकू से गोद डाला

कानपुर, अमृत विचार : पनकी थाना क्षेत्र में कछुआ तालाब के पास कटरा इलाके में प्रेम विवाह के दो महीने बाद ही पति शिवा ने पत्नी गुंजन को चाकू से गोद डाला। पति ने पत्नी के चेहरे, गले, सीना, पेट और प्राइवेट पार्ट पर अनगिनत वार कर मौत की नींद सुला दिया। इसके बाद आरोपी किराये का कमरा बाहर से बंद कर फरार हो गया और अपने गांव रायबरेली ऊंचाहार के पूरे इमलिया पहुंचा और वहां से बुधवार दोपहर मकान मालिक को वारदात की जानकारी देने के बाद खुद फांसी लगाने की बात कहकर फोन बंद कर लिया। मकान मालिक की सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम ने कमरे से शव कब्जे में लिया। एसीपी ने आरोपी शिवा की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें रवाना की हैं।

पति ने रील बनाने से रोका तो पत्नी ने दी जान

कानपुर, अमृत विचार : सेन पश्चिमपारा थानाक्षेत्र में इंस्टाग्राम रील बनाने पर पति के डांटने और मोबाइल छीनने से नाराज पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार देर रात महिला का शव कमरे की चौखट से फंदे से लटका मिला। स्वर्ण जयंती विहार निवासी सुरेश शर्मा एक दुकान में मुनीम का काम करते हैं। मंगलवार देर रात उनकी पत्नी 31 वर्षीय शिवानी शर्मा ने फांसी लगाकर जान दे दी। देर रात आंख खुलने पर शिवानी को बगल में लेटा न पाकर वह कमरे से बाहर निकले तो दरवाजे की चौखट के सहारे उसका शव फंदे से लटक रहा था। उनका विवाह दस वर्ष पहले हुआ था। दो संतान हैं। परिजनों के अनुसार शिवानी को इंस्टाग्राम पर रील बनाने का शौक था। सुरेश अक्सर मना करते थे। दोनों में अक्सर रील बनाने को लेकर विवाद होता था। मंगलवार शाम शिवानी को रील बनाता देख सुरेश ने उसे डांटते हुए फोन छीन लिया था। जिसपर दोनों के बीच कहासुनी हुई थी। डांट से क्षुब्ध होकर उसने फांसी लगा ली। सेन पश्चिमपारा थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

भोर में तीन बजे जागे रामलला, 11 पुजारियों ने किया अभिषेक

देसी घी से अभिषेक

दुग्धाभिषेक

दही से नहलाया

अष्टगंध

अंत में सरयू जल से अभिषेक

भव्य मंदिर के गर्भगृह में विराजमान रामलला को भोर में तीन बजे जगाया गया। इसके बाद मंगला आरती हुई। साढ़े तीन बजे दर्शन शुरू हुआ। दर्शन के साथ ही उनका अभिषेक और श्रृंगार करने के लिए 11 पुजारियों को लगाया गया था। पांच बजे के करीब अभिषेक संपन्न हुआ। इसके बाद श्रंगार आरती हुई और तब से देर रात 11:30 बजे तक दर्शन का सिलसिला जारी रहा। फोटो : अमृत विचार

भए प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी पर झूम उठी रामनगरी, तीन दिन और 19 घंटे तक खुला रहेगा मंदिर

15 लाख भक्तों ने किए रामलला के दर्शन

▸▸ सुबह सरयू स्नान के बाद शुरू हुआ दर्शन-पूजन, हनुमानगढ़ी में शाम तक रही कतार

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामनवमी पर दोपहर में घड़ी की दोनों सुइयां 12 पर पहुंचते ही घंटों-घडिय़ालों से मठ-मंदिर गूंज उठे। ढोल-नगाड़ों की थाप और शंखनाद के बीच मंदिरों में श्रीराम का जन्मदिन मनाया गया। रामलला की आरती भए प्रगट कृपाला, दीन दयाला पर रामनगरी पहुंचे श्रद्धालु झूम उठे। देर शाम तक मंदिरों का उल्लास देखते ही बन रहा था। बुधवार को 15 लाख भक्तों ने दर्शन किए। शहर में तीन दिन तक भीड़ रहने की संभावना है। रामनवमी पर बुधवार तड़के सरयू स्नान के बाद अयोध्या में दर्शन-पूजन का सिलसिला शुरू हुआ। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आकर्षण में रहने वाले कनक भवन मंदिर में जन्मोत्सव को लेकर बधाई गीत के साथ उत्सव का अद्भुत आयोजन संपन्न हुआ।

कनक भवन में आयोजित जन्मोत्सव में जयश्रीराम का उद्घोष करते भक्त। अमृत विचार

11 बजे सुबह दूरदर्शन ने शुरू किया लाइव प्रसारण

150 स्थानों पर एलईडी पर चला लाइव प्रसारण

10 सेक्टर में सुरक्षा की दृष्टि से बटी थी अयोध्या

चंद मिनटों में श्रद्धालुओं की डीपी पर आ गए राम

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : अयोध्या में रामलला के सूर्याभिषेक का देश भर के श्रद्धालुओं को ब्रेसब्री से इंतजार था। हर कोई लाइव प्रसारण देख रहा था। दोपहर में 12 बजते ही श्रीराम जन्मभूमि के गर्भगृह में विराजमान रामलला पर जैसे ही सूर्य की किरणें पड़ीं। उसी तेजी से साथ उनकी तस्वीरें वायरल हो गईं। चंद मिनटों के अंदर देश-दुनिया में बैठे श्रद्धालुओं के मोबाइल के वाट्सएप (डिस्प्ले पिक्चर) डीपी पर राम आ गए। सबने एक शब्द में लिखा। मेरे राम आ गए। इसके बाद सोशल मीडिया के तमाम प्लेटफार्म पर रामलला की तस्वीरें वायरल होने लगीं। अयोध्या में रामलला के सूर्याभिषेक के लिए एक वर्ष से तैयारियां चल रही थीं। सूर्य की किरणों को रामलला के दरबार में पहुंचाने की खबरें जैसे प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की हेडलाइन वैसे ही श्रद्धालुओं की बांछें खिल आईं।

दिन भर व्यवस्थाएं देखते रहे अधिकारी

मेला क्षेत्र में मंडलायुक्त गौरव दयाल, पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी नितीश कुमार, एसएसपी राजकरण नैय्यर, नगर आयुक्त संतोष शर्मा ड्यूटी स्थलों पर एवं क्षेत्रों में भ्रमण कर श्रद्धालुओं का हाल चाल लेते रहे थे। इलेक्ट्रिक बसों सहित बड़ी संख्या में हर तरफ जाने के लिए बसें तैनात कर थीं।

कारसेवक पुरम में पका छप्पन भोग

श्रीराम लला को भी छप्पन भोग लगाया गया। इन पकवानों को कारसेवकपुरम में ही शुद्धता के साथ तैयार कराया गया था। इसमें पूरी तरह से सावधानी भी बरती गई थी। प्रसाद पाने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं में होड़ मची रही।

सभी सीटों पर इंडिया गठबंधन जीतेगा: पुनिया

गोंडा कार्यालय: यूपी के सभी सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत होगी। उक्त बातें जिला कांग्रेस भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस नेता व पूर्व सांसद पीएल पुनिया व सपा के प्रवक्ता मनोज यादव ने संयुक्त रूप से कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सपा के साथ मजबूत गठबंधन किया है। यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए है। सभी लोगों को सोच समझकर मतदान करना होगा। भाजपा पार्टी न होकर मोदी की गारंटी बन गई है। जिसमें एक ही व्यक्ति को बढ़ाने का कवायद हो रही है। उन्होंने कहा कि संविधान को खत्म करने के लिए भाजपा 400 सीट जीतना चाहती है। जो लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। भाजपा आरक्षण पर भी प्रहार करना चाहती हैं। यह चुनाव दो विचारधारा की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि देश का मुख्य मुद्दा रोजगार गरीबी तथा महंगाई है इस समस्या से पूरा देश जूझ रहा है।

पत्नी ने प्रेमी के साथ की थी पति की हत्या

कानपुर, अमृत विचार: किदवई नगर वाई ब्लॉक निवासी एक महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर लखनऊ के एक होटल में मेडिकल स्टोर संचालक पति की जहरीला पदार्थ देकर हत्या कर दी थी। बेटे के न लौटने और बहू के बिना बताए घर से चले जाने पर ससुर ने बेटे-बहू की गुमशुदगी नौबस्ता थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच शुरू की तो चौंकाने वाला खुलासा हो गया। बुधवार को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

एडीसीपी दक्षिण अंकिता शर्मा ने बताया कि किदवई नगर वाई ब्लॉक निवासी पुनीत कुमार शर्मा का 35 वर्षीय इकलौता बेटा प्रतीक मेडिकल स्टोर संचालक था। बेटे प्रतीक की शादी अयोध्या के लालबाग न्यू कालोनी कुम्हार टोला निवासी नेहा शर्मा से हुई थी। उनके पांच वर्ष की बेटी मान्या और तीन वर्ष का बेटा अभिराज हैं। पुनीत कुमार शर्मा ने बताया कि बहू नेहा प्रतीक और बच्चों के साथ छह मार्च को मायके गई थी।

पिकअप पलटी, तीन भक्तों की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार : फतेहपुर से बारादेवी मंदिर कानपुर दर्शन करने के लिए आ रहे श्रद्धालुओं से भरी पिकअप चकेरी में अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे तीन लोगों की मौत हो गई और 18 महिलाएं, पुरुष घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को कांशीराम अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन लोगों को हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। एक महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। डीएम, एडीएम, मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल, डीसीपी सेंट्रल हैलट पहुंचे और घायलों के इलाज का प्रबंध किया।

जिला फतेहपुर के अदगान थाना के मानापुर गांव निवासी रामू ने बताया कि बुधवार दोपहर रामनवमी पर जूही स्थित बारादेवी मंदिर में दर्शन करने के लिए पिता रामपाल और रिश्तेदार व गांव के करीब 40 से 45 लोगों के साथ दो पिकअप बुक कराकर जा रहे थे। चकेरी कांशीराम कालोनी मोड़ के पास दोनों गाड़ियों में रेस लग गई जिससे एक पिकअप बेकाबू होकर पलट गई। सभी घायलों को कांशीराम अस्पताल पहुंचाया गया जहां फतेहपुर जिले हथगाम थाने के अकबरपुर चुराई निवासी 60 वर्षीय भोला प्रसाद, उसकी बहन 45 वर्षीय कमलेश उर्फ गंगादेवी और फतेहपुर के थाना हथगांव ग्राम मानापुर निवासी 50 वर्षीय रामदेवी की मौत हो गई। पुलिस की जांच में पिकअप ड्राइवर की लापरवाही मिली है। डीएम राकेश कुमार सिंह, एडीएम राजेश सिंह, डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम, मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ संजय काला हैलट पहुंचे।

एडीजी ने एसपी के साथ कबीर चौरा के किए दर्शन

मगहर, संतकबीरनगर, अमृत विचार : एडीजी जोन गोरखपुर के एस प्रताप ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के साथ सद्गुरु कबीर की निर्वाण स्थली मगहर के कबीर चौरा परिसर पहुंचकर कबीर की समाधि व मजार का दर्शन कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस मौके पर सन्त पुजारी दास ने स्वागत किया और साथ ही कबीर के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया। एडीजी जोन ने कहा कि कबीर की धरती पर आने मात्र से ही आत्मिक सुख की अनुभूति होने लगती है। उन्होंने कहा कि कबीर दास के विचार और उपदेश हर युग में प्रासंगिक रहकर मानवता को राह दिखाते रहेंगे।

इस मौके पर एसपी सत्यजीत गुप्ता, राजीव सिंह, खादिम हुसैन, सन्त विनोद दास, सन्त वैद्य रामसरन दास, सभासद अवधेश सिंह, सभासद मेहदी हसन, विजय प्रताप त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

इलाहाबाद संग्रहालय के नाम में बदलाव प्रयागराज के नाम से जानेंगे लोग

प्रयागराज, अमृत विचार। शहर के चंद्रशेखर पार्क में स्थित इलाहाबाद संग्रहालय के नाम में भी अब बदलाव किया जा रहा है। इसे अब इलाहाबाद नहीं बल्कि प्रयागराज संग्रहालय के नाम से जाना जाएगा। इसके लिए काफी समय से चल रही प्रक्रिया को अब पूरा कर लिया गया है। मंगलवार को ही प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने इसके लिए हरी झंडी देते हुए संग्रहालय प्रशासन को निर्देश दिया है कि नाम बदलने की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करके रिपोर्ट प्रस्तुत करें। यह संग्रहालय यूपी इकलौता संग्रहालय है, जो हमारी संस्कृति और प्राचीन सभ्यता को संजोए हुए हैं। इस म्यूजियम में देश की आजादी के लिए संघर्ष करने वाले महापुरुषों और क्रांतिकारियों की भी गाथा को दर्शाया गया है। महात्मा गांधी से लेकर चंद्रशेखर आजाद से जुड़ी अहम जानकारियां इस संग्रहालय में संरक्षित की गई है। अब हाल में ही इलाहाबाद संग्रहालय को हाईटेक बनाया है। यहां आजाद गैलरी भी बनाई गई है, जो देश की आजादी से जुड़ी अहम घटनाओं को डिजिटल रूप में दिखाएंगे।

जीएम ने की कार्य प्रगति की समीक्षा

नई दिल्ली, अमृत विचार: उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधकों के साथ स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं जैसे प्लेटफार्मों के विस्तार, प्लेटफार्मों के स्तर में वृद्धि, वॉशेबल एप्रन, दूसरे प्रवेशद्वार का प्रावधान, फुट ओवरब्रिज, एस्केलेटर आदि कार्यप्रणाली की समीक्षा की। उन्होंने ग्रीष्मकाल में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ की निकासी के लिए विशेष ट्रेनों के संचालन, स्टेशनों पर अन्य व्यवस्थाओं जैसे प्लेटफार्मों की साफ-सफाई, पीने के पानी की उचित आपूर्ति, टिकट बुकिंग के लिए अतिरिक्त खिड़कियां खोलने आदि के लिए किए जाने वाले कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सभी मौजूदा वाटर कूलर कार्यशील रहें। श्री चौधुरी ने ट्रेनों के निर्बाध संचालन के लिए रेलपथों के साथ-साथ रिले और पैनल रूमों पर विद्युत सुरक्षा पर ध्यान केन्द्रित करने पर बल दिया। उन्होंने प्रमुख विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधकों से समयपालनबद्धता को बनाए रखने और संरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मालभाड़ा लदान की गति बढ़ाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी प्रणाली पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए क्योंकि रेलवे का विकास बहुत हद तक इन परियोजनाओं पर निर्भर करता है। विभागाध्यक्षों से विशेष निर्माण परियोजनाओं को निर्धारित समय में पूरा करने के लिए कहा।

वर्ग पहेली-43

बाएं से दाएं

3. इबादत करने की जगह, इबादतगाह, मस्जिद-मंदिर आदि।

5.1. लिखे हुए अक्षर, लिखाई, लिखावट 2. लिखी हुई बात, किसी विषय या मुद्दे पर गद्य में लिखित विचार आदि 3. निबंध, मज़मून।

6.1. वर्णन 2. कथन।

7.1. स्त्रियों द्वारा पैर में पहना जाने वाला एक प्रकार का घुंघरू वाला ज़ेवर, पाज़ेब, नूपुर 2. बांस की सीढ़ी।

9. प्रेस या छापेख़ाने में कंपोज़ की गई सामग्री रखने के लिए निर्मित धातु की एक लंबी आयताकार तश्तरी।

10. स्वर्ग का कुंड या हौज़।

ऊपर से नीचे

1.1. विनिमय; अदला-बदली 2. हेर-फेर 3. परिवर्तन।

2.1. एक रूप से दूसरे रूप में आना, परिवर्तन 2. आवागमन।

4.1. घोड़े का खड़े खड़े पैर पटकते जाना, ज़मीन खूंदना 2. लांघना, छलांगना, कूदना 3. किसी कार्य या सेवा का प्रतिफल न मिलना, विवश होकर देखते रह जाना। (मु.) टापते रह जाना : वंचित रह जाना।

6.1. घर, मकान 2. अंतरिक्ष, आकाश 3. (रामायण) एक वानर का नाम जो रामचंद्र की सेना का एक सेनापति था 4. (महाभारत) एक राजर्षि का नाम जिनकी कथा द्रोण पर्व में है 5. एक असुर का नाम 6. गया नामक तीर्थ।

7.1. एक प्राचीन भाषा पालि

8.1. घुमाव, चक्कर 2. परिवर्तन, बदलना 3. क्रम, सिलसिला 4. चालाकी से भरी हुई, चाल या युक्ति 5. धोखे में रखना 6. घाटा सहना, नुकसान 7. दिशा, ओर 8. उलझन, झंझट



वर्ग पहेली -42 का हल

1 यू	थ	■	■	2 इ	■	■
■	■	3 प	र	का	र	■
4 ढी	■	■	■	रां	■	5 दु
6 ठ	कु	7 रा	ई	त	■	नि
■	■	ज	■	■	■	या
8 ख	री	दा	री	■	■	दा
■	■	न	■	9 ह	ज़ा	री

सुडोकू -122

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

9	4			5				
	1				9			
		5						9
				6	4			
	8						2	
2			3	1		6		
5				4			9	
			7				1	
	6			9	2		8	4

सुडोकू -121 का हल

1	3	8	7	2	5	4	6	9
5	6	7	1	4	9	3	8	2
2	9	4	8	3	6	7	1	5
6	2	5	4	7	8	9	3	1
7	1	9	5	6	3	8	2	4
4	8	3	9	1	2	5	7	6
8	7	1	2	9	4	6	5	3
3	4	2	6	5	7	1	9	8
9	5	6	3	8	1	2	4	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 अप्रैल गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-दशमी 17.31 तक तत्पश्चात एकादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-अश्लेशा 07.57 तक तत्पश्चात मघा।

मेष — आज मार्केटिंग संबंधी कार्यों से धन लाभ होगा। अटके हुए कार्यों में तेजी आयेगी। आपके ऊपर जिम्मेदारियों का बोझ रहेगा। नए काम की शुरुआत करने का विचार बनायेंगे। सन्तान की सफलता से उत्साहित रहेंगे।

वृष — आज मानसिक तनाव का असर आपके काम और पारिवारिक जीवन पर पड़ सकता है। लक्ष्य को पूरा करने के लिए संसाधन जुटाने में कठिनाई होगी। प्रबुद्ध व्यक्तियों के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे। घर के छोटे-छोटे काम को आज प्राथमिकता देंगे।

मिथुन — आज वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। बौद्धिक कार्यों में आप काफी ध्यान देंगे। समाज में आपकी ख्याति में वृद्धि होगी। करियर में आप बड़ा बदलाव कर सकते हैं। बहुमूल्य वस्तुओं की ख़रीदारी कर सकते हैं।

कर्क — आज करियर को लेकर नई दिशा प्राप्त हो सकती हैं। जीवनसाथी से परामर्श लेना लाभकारी होगा। वैचारिक मतभेदों को अपने व्यक्तिगत संबंधों पर हावी न होने दें। जो काम आप काफी दिनों से टाल रहे थे, वो आपको आज करना पड़ सकता है।

सिंह — आज व्यवसाय में आपकी आय बढ़ सकती है। कला जगत से जुड़े लोगों की उन्नति होगी। मित्रों से वैचारिक मतभेद दूर होंगे। धार्मिक कार्यक्रमों में भागीदारी बढ़ेगी। अनावश्यक धन के अपव्यय पर नियन्त्रण करने में सफलता मिलेगी।

कन्या — आज का दिन सामान्य फलदायी रहेगा। दैनिक कार्यों को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। आसपास के लोगों के व्यवहार पर नजर बनाए रखें। कब्ज और गैस की समस्या बढ़ेगी। परिजनों के साथ बैठकर गम्भीर मुद्दों पर चर्चा हो सकती है।

तुला — आज आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। शारीरिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। पुराने रोगों की बाधा समाप्त होगी। पूजा-पाठ और सत्संग में आप भाग लेंगे। अपनी जीवनशैली को आप काफी ऐश्वर्यशाली कर सकते हैं।

वृश्चिक — आज घर में बुजुर्ग आपके विचारों से सहमत रहेंगे। विपरीत लिङ्ग के जातकों के प्रति आप आकर्षित रहेंगे। लोगों से आपकी जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा। अपनी कार्यशैली में सुधार ला सकते हैं। अपने मित्रों से सलाह अवश्य लें।

धनु — आज वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। जीवनसाथी की अहमियत को समझें। मन की चंचलता पर नियंत्रण रखें। कर्ज और उधार चुकाने के लिए दिन बहुत अच्छा है। लोगों की अपेक्षाओं पर आप खरे उतरेंगे। अपने विचारों को लेकर स्वयं ही भ्रमित हो सकते हैं।

मकर — आज आपकी परिस्थितियां काफी कमजोर रहने वाली हैं। पेट के विकार परेशान कर सकते हैं। ईर्ष्यालु लोग आपके विषय में गलत बातें फैलायेंगे। आय में कमी होने से आत्मविश्वास में कुछ कमी हो सकती है। आपका स्वभाव थोड़ा अड़ियल भरा हो सकता है।

कुंभ — आज आप काफी आध्यात्मिक प्रभाव में हो सकते हैं। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण होगी। परिजनों का व्यवहार आपके प्रति बहुत ही अच्छा रहेगा। अपनी सफलता का भरपूर आनंद उठायेंगे। मित्र आपकी हर कार्य में सहायता देंगे।

मीन — आज आय के नए स्रोत विकसित हो सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों की परेशानियां दूर होंगी। परिवार में मांगलिक कार्यक्रम की रूपरेखा बनेगी। वैवाहिक जीवन में सामन्जस्य का कुछ अभाव हो सकता है। अपनी प्रशन्सा स्वयं करने से बचें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- तेरी कसम — सुबह : 10.41
- ताल — रात : 09.25

&pictures
- 12th फेल — सुबह : 09.01
- द लेडी किलर — रात : 09.03

SONY PIX
- लाइट आउट — सुबह : 09.33
- स्पाइडर मैन 2 — रात : 08.38

ZEE CINEMA
- वो सात दिन — सुबह : 11.30
- राधे श्याम — रात : 08.45

colors CINEPLEX
- मीरा — सुबह : 11.23
- आवारा पागल दीवाना — शाम : 05.58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08.45 बजे

जोक्स ऑफ द डे

टीचर- चिंटू से परेशान थे, टीचर- चिंटू अपने बैग से सारी किताबें निकालो...

चिंटू- निकाल लीं सर! टीचर-ये वाली किताब किसकी है?

चिंटू-कागज की है सर, टीचर- ये तो मुझे भी पता है कागज की है।

चिंटू- तो फिर क्यों पूछ रहे हैं?

टीचर बेहोश है...

चिंटू : तुम्हें पता है तुम मोबाइल से पैसे कमा सकते हो!

मिंटू : अरे वाह! जल्दी बताओ कैसे?

चिंटू : मोबाइल बेचकर।

चिंटू की बात सुनकर मिंटू सन्न रह गया...

अमृत विचार
www.amritvichar.com

सर्वाभिलाषिण: सर्वभोजिन: सपरिग्रहा: ।
अब्रह्मचारिणो मिथ्योपदेशा गुरवो न तु ॥

अभिलाषा रखनेवाले, सब भोग करनेवाले, संग्रह करनेवाले, ब्रह्मचर्य का पालन न करनेवाले, और मिथ्या उपदेश करनेवाले, गुरु नहीं है ।

संपादकीय

नहीं ले पा रहे लाभ

पिछले कुछ दशकों से देश में नौकरियों की कमी की समस्या है। भारत की लगभग 50 प्रतिशत आबादी अभी भी कृषि पर निर्भर है जो कि अल्प-रोजगार और प्रच्छन्न बेरोज़गारी के लिए बदनाम है। भारत में 62 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या की आयु 15 से 59 वर्ष के बीच है तथा जनसंख्या की औसत आयु 30 वर्ष से कम है। इसका तात्पर्य यह है कि भारत जनसंख्या की आयु संरचना के आधार पर आर्थिक विकास की क्षमता का प्रतिनिधित्व करने वाले 'जनसांख्यिकीय लाभांश' के चरण से गुजर रहा है। उधर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने मंगलवार को कहा कि भारत चीन या कोरिया की तरह जनसांख्यिकीय लाभांश का फायदा नहीं उठा रहा है। देश की तरक्की को लेकर हो रहे 'प्रचार' पर भरोसा कर भारत गलती कर रहा है। बहुत सारे भारतीय नवप्रवर्तक अब सिंगापुर या सिलिकॉन वैली का रुख कर रहे हैं क्योंकि उन्हें वहां अंतिम बाजारों तक पहुंच बहुत आसान लगती है। इसके लिए मानव पूंजी में सुधार और उनके कौशल को बढ़ाने पर ध्यान देने की जरूरत है। जनसांख्यिकीय लाभांश किसी देश की जनसंख्या की संरचना में बदलाव के कारण होने वाली आर्थिक वृद्धि है, जो आमतौर पर प्रजनन और मृत्यु दर में गिरावट का परिणाम है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष द्वारा भारत में जनसांख्यिकीय लाभांश पर एक अध्ययन में कहा गया है कि भारत में जनसांख्यिकीय लाभांश का अवसर वर्ष 2005-06 से वर्ष 2055-56 तक पांच दशकों के लिए उपलब्ध है।

कोई भी जनसांख्यिकीय लाभांश इस बात पर निर्भर करता है कि सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, शासन और अर्थव्यवस्था जैसे क्षेत्रों में सही नीतियां लागू करती है या नहीं। इसके अलावा, किसी देश को मिलने वाले जनसांख्यिकीय लाभांश की मात्रा युवा वयस्कों की उत्पादकता के स्तर पर निर्भर करती है, जो बदले में, देश में स्कूली शिक्षा के स्तर, रोजगार प्रथाओं, समय और बच्चे पैदा करने की आवृत्ति के साथ-साथ आर्थिक स्थिति पर भी निर्भर करती है। जनसांख्यिकीय लाभांश बचत, श्रम आपूर्ति, मानव पूंजी और आर्थिक विकास के साथ पाया जा सकता है। भारत की अल्प-वित्त पोषित शिक्षा प्रणाली युवाओं को उभरते रोज़गार के अवसरों का लाभ उठाने हेतु आवश्यक कौशल प्रदान करने के लिए अपर्याप्त है। इसलिए 'जनसंख्या विस्फोट' की आशंका से अधिक यह महत्वपूर्ण है कि भारत युवा जनसंख्या की स्वास्थ्य सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करे, क्योंकि भारत का कल्याण इसी पर निर्भर है। युवा आबादी की रोज़गार क्षमता बढ़ाने के लिए कौशल विकास भारत की श्रम शक्ति को आधुनिक अर्थव्यवस्था के लिए सही कौशल के साथ सशक्त बनाने की आवश्यकता है। युवाओं के कल्याण की रक्षा करना आवश्यक है क्योंकि भारत का कल्याण उन्हीं पर टिका है।

विश्व धरोहर दिवस पर सबाल्टर्न विरासत को भी बचाएं

रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

एक विशिष्ट दिवस के प्रति जिसका आयोजन सोद्देश्य किया जाए और प्रयोजन सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय है, हमें जागरूक रहना चाहिए। केंद्र सरकार में सक्रिय ड्यूटी पर था तो उन सभी दिवसों का मैं ख्याल रखता था जो हमारे संस्थान के उद्देश्यों से मेल खाने वाले होने के अलावा राष्ट्रीय स्तर पर महत्व के हैं।

आज 'वर्ल्ड हेरिटेज डे' के आयोजन के समय अपनी मूर्त और अमूर्त धरोहरों को याद करते हुए इन्हें बचाए रखने का संकल्प लिया जाता है। हमारा अधिकांश ध्यान भवनों पर केन्द्रित रहता है जबकि सभ्यताओं की तरक्की के दौर में वास्तुशिल्प से परे हरेक वह वस्तु -फिजिकल और नॉन-फिजिकल, धरोहर है जिससे मनुष्य जीवन और समाज के चरित्र पर गुणात्मक असर पड़ता रहा है। गायन, नृत्य, चित्रभाषा, किताब या नदी पर बनाया गया पुल, लिखने के लिए पुराने इंक पेन और एम्ब्रायडरी वाले परिधान भी मनुष्य के जीवन को गुणात्मक दृष्टि और जीवनशैली देने, दृश्य-स्वरुप गढ़ने और बौद्धिक आनंद के सृजन हेतु निर्मित्ति के दायरे में आते हैं। दिवस विशेष एक परंपरा की भांति गुज़र जाने दिए जाते हैं। कुछ संगठन एक निर्धारित दिवस पर एक आयोजन बेशक प्रभावी तरीके से करते हैं खासतौर से अगर यह उनके मैंडेट से संबंधित हो, लेकिन अन्य संगठन दूसरों से संबद्ध दिवस-आयोजन से बहुधा, ख़ास वास्ता नहीं रखते। ऐसा क्यों? 'वास्ते' का सवाल नैतिकता और प्रबंधन के नाके पर आकर अटक जाता है। संबंधित संस्थाओं को इन विशिष्ट अवसरों पर लोगों तक पहुंच बनाने के लिए आधुनिक सूचना तकनीक का इस्तेमाल करना चाहिए जैसे कि सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म, वेबकास्ट, यू-ट्यूब।

एक विशिष्ट दिवस के प्रति जिसका आयोजन सोद्देश्य किया जाए और प्रयोजन सर्वजनहिताय-सर्वजनसुखाय है, हमें जागरूक रहना चाहिए। केंद्र सरकार में सक्रिय ड्यूटी पर था तो उन सभी दिवसों का मैं ख्याल रखता था जो हमारे संस्थान के उद्देश्यों से मेल खाने वाले होने के अलावा राष्ट्रीय स्तर पर महत्व के हैं। ऑफिस की स्टाफ कौंसिल के निर्णय के अनुसार इनमें से विशिष्ट दिवसों को चिह्नित करके इनके बारे हम कार्यक्रम आयोजित करते थे। यह सब करने से आयोजनकर्ताओं का भी मानसिक स्तर ऊंचा उठता है। इसे आयोजित करने से आकलन किए जाने का एक सुअवसर मिलता है कि अभी तक एक फील्ड में जो भी किया उसे करने की जरूरत क्या थी और जो हुआ या किया गया इसके नतीज़न हमने एक क्षेत्र विशिष्ट में ऐसा क्या किया जिसे लोककल्याण, लोकज्ञान और संबद्ध घटनाओं को परखने में हमारे दृष्टिकोण में गुणात्मक वृद्धि हुई। विषय स्टेटिस्टिक्स का हो या न्यूक्लियर फिजिक्स का, वायरल प्रोटीन्स की फोल्डिंग का है या फिर एस्ट्रोनॉमी विषय में ब्रह्माण्ड में तारों के जन्म या मृत्यु से संबंधित, गेहूं की नई नस्ल के विकास का है या पानी के पुराने आर्किटेक्चर से संबंधित, मनुष्य का इन्हें देखने और बरतने का अंदाज़ एथिक्स के बिना व्यर्थ है। मनुष्य निर्मित पुरातात्विक धरोहर के प्रति दिखाए-बरते गए नैतिक मानक संहिता में ठहराव है जबकि इन्हें गतिमान होना चाहिए। इसे बनाए रखने के लिए काम करने की पद्धतियों में सुधार करने के लिए ऐसे विशिष्ट अवसर विमर्श हेतु उपयुक्त होते हैं जिनमें जनभागीदारी भी हो सकती है। अन्यथा बंद कमरों में आचार समितियों की बैठकों के दौरान निर्णय लेने की प्रक्रिया क्या रहती, इसके बारे में मालूम नहीं होता।

धरोहर दिवस सिर्फ मान्यूमेंट्स के इर्द-गिर्द करके इसे एक 'बॉक्स-ऑफिस' अचीवमेंट नहीं बनाकर रखा जा सकता बल्कि जहां संभव है वहां फील्ड इवेंट का तत्व शुमार होना चाहिए। सिर्फ राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय महत्व की वास्तु-धरोहर को स्मरण करने से परे बहुत कुछ और जोड़ा जाना चाहिए।

धरोहर दिवस सिर्फ मान्यूमेंट्स के इर्द-गिर्द करके इसे एक 'बॉक्स-ऑफिस' अचीवमेंट नहीं बनाकर रखा जा सकता बल्कि जहां संभव है वहां फील्ड इवेंट का तत्व शुमार होना चाहिए। सिर्फ राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय महत्व की वास्तु-धरोहर को स्मरण करने से परे बहुत कुछ और जोड़ा जाना चाहिए।

विश्व-धरोहर दिवस का आयोजन महानगरों में स्थित कुछ बड़े संस्थाओं के दायरे में सिमट जाता है। भारत के गांवों और कस्बों में निवास करने वाली एक बड़ी संख्या इसमें, पैसिव और एक्टिव दोनों तरह की, भागीदारी से छूट जाती है। विद्यालयों और कालेजों तक में विशिष्ट दिवसों पर विषय से संबंधित कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जाते। गांवों और कस्बों में ऐसी अनेक वस्तुएं और विधाएं मौजूद रही हैं जिन्हें स्थानीय महत्व पर मान मिल सकता है जैसेकि प्रयाग में जमुना किनारे और गया में स्टेशन रोड पर शानदार धर्मशाला भवन एवं उत्तर प्रदेश में गंगा नहर पर 200 वर्ष या इससे पहले बनाये गए पुल, गांव में 75-100 वर्ष पहले की बनायी हुई एक हवेली और चौपाल के आलावा बुजुर्ग महिलाओं द्वारा एक सदी पहले बरते जाने वाले वाले परिधान जिन पर शानदार कशीदाकारी हुआ करती। प्रचलन से बाहर हो गए खेती के हमारे औजार, गांव में मौजूद शानदार कलात्मक कुएं, एक बावड़ी, कुंड या पक्का तालाब, मंदिर और इसमें स्थापित देव मूर्ति, अन्य धर्मों के आस्था स्थल जो सदियों पुराने हो सकते हैं, हमारे साझा धरोहर हैं।

विविध प्रकार की धरोहर हमारे आसपास ही होती हैं, लेकिन इनकी पहचान और संरक्षण अत्यावश्यक है। इनके संरक्षण के लिए अनेक तरह का नया वैज्ञानिक ज्ञान, पद्धति और टूल्स हमारे पास अब मौजूद हैं। लेकिन जरूरत है इसके इस्तेमाल की और ऐसी पहल की जिससे सांस्कृतिक धरोहर जब तक संभव है, बचाई जा सके। दुनिया में कोई वस्तु या कला सदा के लिए तो नहीं रहती क्योंकि हरेक की एक निश्चित फिजिकल लाइफ होती है, लेकिन हम बेहतर देखभाल से इन्हें दीर्घायु तो कर ही सकते हैं।

धरोहर संरक्षण के प्रति देश में पर्याप्त निष्ठा है, संरक्षण के लिए तकनीकी क्षमता भी, लेकिन सियासत और धनाभाव के चंगुल में यह ऐसी उलझी है जिससे हमारे गांव-कस्बों और बाहरी इलाकों में मौजूद लाखों की संख्या में सबाल्टर्न हेरिटेज की लिस्टिंग नहीं हो पाई है बावजूद इसके कि इंडियन नेशनल ट्रस्ट ऑफ़ आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज (इंटेक) और स्वेच्छा से काम करने वाले हज़ारों उत्साही व्यक्ति इस काम में पिछले करीब 40 वर्ष से लगे हुए हैं। यह प्रशंसनीय है कि देश में इन्हें सूचीबद्ध किए जाने और संरक्षण के प्रति सांप्रदायिक भेदभाव और रोषयुक्त नीति कभी नहीं रही बल्कि विविध प्रकार के स्मारक भवनों के इर्द-गिर्द नीति का ताना-बाना समान रूप लागू रहा चाहे यह ब्रिटिश राज का समय था अथवा आधुनिक संप्रभु भारत। फिलवक्त पुरातात्विक अध्ययन और संरक्षण के लिए मौजूद विशाल तंत्र के संचालन के लिए पर्याप्त संख्या में न तो प्रशिक्षित मैनपावर है और न ही संरक्षण-निधि। भारत पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के पूर्व-महानिदेशक डॉ.राकेश तिवारी से इस बाबत बात हुई तो कहने लगे कि 'भारत में स्थानीय महत्व की बिल्ट-हेरिटेज के महत्व को स्थानीय तौर से लोग जब तक नहीं समझेंगे तब तक इसका संरक्षण भी नहीं हो पाएगा। इसे बिना सरकारी मदद के साझाप्रयास, आर्थिक अंशदान से ही किया जाना संभव है। पंचायती राज तंत्र में इसे 'इनबिल्ट' नहीं किया गया। केंद्रीय या प्रांतीय स्तर के सरकारी तंत्र से इसका संचालन और संरक्षण असंभव है'।

देश में कुछेक बड़े न्यास और मिल-जुल कर लोगों द्वारा बनाए गए रजिस्टर्ड संगठनों के लिए इंटेक ने काफी काम करवाया है। अभी कुछेक राज्यों में कम्युनिटी लीडर्स और राज्य सरकारों की रुचि आमजन को 'हेरिटेज वाक' करवाने की हो गई है जिससे यह भरोसा बढ़ने लगा है कि जागरूकता के प्रसार से सूचीबद्ध होने से छूट गई सबाल्टर्न स्तर पर निम्न महत्व की मानी गई वास्तु और अमूर्त धरोहर का संरक्षण तेज़ी से हो पाएगा। लोकवार्ता में लोकगायन करने वाले साजिंदों की डॉक्यूमेंटेशन दूरदर्शन और आल इंडिया रेडियो ने की है। राजस्थान में विजयदान देथा और कोमल कोठारी और हरियाणा में आरसिंह और आरके नैन जैसे लोगों ने 50 वर्ष में काफी काम किया। उन लोगों का काम महत्व दिए जाने योग्य है जिन्होंनें अपने बलबूते पर, अपने संसाधनों से दुःख-सुख झेलकर भारत की अमूल्य मूर्त-अमूर्त धरोहर की डॉक्यूमेंटेशन की है। पिछले सौ वर्ष में देश में ऐसे करीब 100 से अधिक संख्या में निष्ठावान व्यक्तियों ने इस प्रकार का काम किया है। इन व्यक्तियों के बारे में फोटोग्राफिक क्लब्स और सोसाइटीज, फिल्म डिवीज़न, संग्रहालयों में स्थापित फोटोग्राफ़िक एवं फिल्म सेक्शन्स के रिकॉर्ड, प्राइवेट आर्काइव्ज वगैरह स्रोतों से हमें अनेक नाम उपलब्ध हो सकते हैं। विश्व धरोहर दिवस ऐसे लोगों के अभिनंदन के लिए उपयुक्त अवसर होना चाहिए।

प्रसंगवश

यमुना की बदहाली गाथा

यमुना छठ पर यमुना भयानक गंदगी से भरी थी। गंदगी से भरी यमुना को देखकर किसी को गुस्सा नहीं आता। भक्त गण, यमुना प्रेमी लोग प्रतिवाद नहीं करते। बल्कि गंदगी में यमुना को रखकर जश्न मनाते हैं। इवेंट करते हैं। गंदगी से भरी यमुना में धार्मिक इवेंट देखने हो तो आप कभी भी यमुना किनारे विश्राम घाट-सतीघाट आदि प्रमुख घाटों पर आएं और गंदगी में धार्मिक इवेंट का आनंद लें।

सैलीब्रिटी जब सांसद बनेंगे तो वह कभी आपके इलाके में टिककर रहेगा नहीं। सैलीब्रिटी का मन संसद और जनता में नहीं लगता। उसका मन धन कमाने में लगता है। संसद में जाना उसके लिए समय बर्बाद करना है। जनता की सेवा करने का उसके पास समय नहीं है। वह तो मीडिया और इवेंट के लिए बना है।

यमुना छठ पर घाट किनारे भाजपा के अनेक नेता और लोकसभा प्रत्याशी हेमा मालिनी भी वहां आई थीं। उनको गंदगी से भरी यमुना देखकर शर्म नहीं आई। सन 2014 में पीएम मोदी ने कहा था हेमा मालिनी को जिता दो मैं 15 दिन में यमुना स्वच्छ करा दूंगा। दस साल हो गए। कोई यमुना साफ नहीं करा पाया। मीडिया के अनुसार यमुना स्वच्छ कराने के नाम पर कागज में 1697 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। इनमें से अकेले मथुरा में 235 करोड़ रुपए किए हैं। लेकिन नतीजा जीरो है। हकीकत यह है मथुरा ने जब से भाजपा सांसद को चुना है तब से यमुना में प्रदूषण बढ़ा है। यमुना जल विषाक्त हुआ है। इसका प्रधान कारण है कारखानेदारों-भवन निर्माताओं -कमीशनखोरों-स्थानीय माफ़िया गिरोहों -मिडिल क्लास के साथ सांठगांठ।

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

मथुरा में बेशर्मी और सैलीब्रिटी हेकड़ी का आलम यह है कि सांसद ने विगत दस साल में मथुरा की जनता को कभी समय नहीं दिया। टिककर कभी मथुरा में नहीं रहीं। मंदिरों का राजनीतिक प्रचार के लिए दुरुपयोग किया। संसद में दस सालों में उनकी न्यूनतम शिरकत रही है। साल में कभी एक आध बार संसद में बोलती हैं।

शहर में असंख्य समस्याएं हैं। जनता भटकती रहती है और दलालों -कमीशनखोरों से काम कराती रहती है। जब मेले आते हैं तो डीजे-नाच-गान आदि के शोर में जनता को इस कदर डुबो दिया जाता है कि वह यमुना की गंदगी, बंदरों के आतंक, बेरोजगारी, अकादमिक अव्यवस्था आदि पर सोचने की किसी के पास फुरसत नहीं होती।

हालत इस कदर ख़राब हैं कि जो लोग कुछ साल पहले तक अपने को 'प्रगतिशील' कहते थे वे आज गर्व से हेमा मालिनी और संघ को चंदा दे रहे हैं। घर में बैठकर राम नाम जप रहे हैं। सैलीब्रिटी जब सांसद बनेंगे तो वह कभी आपके इलाके में टिककर रहेगा नहीं। सैलीब्रिटी का मन संसद और जनता में नहीं लगता। उसका मन धन कमाने में लगता है। संसद में जाना उसके लिए समय बर्बाद करना है। जनता की सेवा करने का उसके पास समय नहीं है। वह तो मीडिया और इवेंट के लिए बना है।

यमुना छठ के दिन मथुरा की जनता का किस तरह उत्पीड़न किया गया उसका एक ही नमूना काफी है। यमुना छठ के दिन विश्रामघाट-सती घाट आदि घाटों पर मेला लगता है। लेकिन अचानक रात को तक़रीबन एक घंटे बिजली ग़ायब रही। लाखों लोग उससे परेशान हुए। इतने विशाल मेले के समय बिजली का गायब रहना साधारण घटना नहीं है। अव्यवस्था का आलम यह था कि विश्राम घाट और उसके आसपास के बाजार और क्षेत्र में भयानक अव्यवस्था थी, जनता परेशान रही। कोई सुव्यवस्था नज़र नहीं आई।

विगत दस साल में मथुरा में बेरोज़गारी और अपराध बढ़े हैं। फुटकर व्यापारी, छोटे दुकानदार आदि के व्यापार में तबाही मची हुई है। मंदिरों की आमदनी बड़ी मात्रा में गिरी है। देह-व्यापार बढ़ा है। आए दिन सरेआम अपराध हो रहे हैं।

मथुरा में रहने वाले व्यक्ति को जब भी जनता ने चुना है, उसने जनता की सेवा की है। ऐसे यशस्वी सांसदों में राजा महेंद्र प्रताप, चौधरी दिगंबर सिंह, ठा.चकलेश्वर सिंह, मानवेन्द्र सिंह के नाम उल्लेखनीय हैं। आज सांगठनिक तौर पर भाजपा के अलावा और किसी दल का संगठन जमीनी स्तर पर काम नहीं कर रहा। विपक्ष की इस तरह अनुपस्थिति भी भाजपा को जिताने में मदद कर रही है। विपक्ष ने यह मान लिया है कि उसे यहां काम नहीं करना।

आखिर क्यों ना जोड़ें नक्सलियों से बातचीत के तार

पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

नक्सली कमजोर तो हुए हैं लेकिन अपनी हिंसा से बाज नहीं आ रहे। कई बार वे अपने अशक्त होते हालात पर पर्दा डालने के लिए कुछ ना कुछ ऐसा करते हैं जिससे उनका आतंक कायम रहे।

गर्मी और चुनाव की तपन शुरू हुई और नक्सलियों ने धुंआधार हमले शुरू कर दिए। हालांकि सरकार की कार्यवाही में बीते दो महीनों में 52 नक्सली मारे गए और कई बड़े नाम आत्मसमर्पण कर चुके हैं। छत्तीसगढ़ में नई सरकार बनते ही उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दो बार मंशा जाहिर की कि सरकार बातचीत के जरिए नक्सली समस्या का निदान चाहती है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नक्सलियों के गढ़ दंतेवाड़ा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नक्सलियों से हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील करते हुए आश्वासन दिया था कि उनकी सरकार उनके साथ बातचीत के लिए तैयार है और वह हर जायज मांग को मानेगी। इसके बाद 21 मार्च को दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के प्रवक्ता विकल्प ने पत्र जारी कर कहा कि हम सरकार से बातचीत को तैयार हैं लेकिन सरकार पहले हमारी शर्तों को माने। इधर बातचीत की तैयारी चल रही थी और दूसरी तरफ बस्तर की सीमा से लगे गढ़चिरौली में एक साथ कई कथित नक्सली मार दिए गये। उसके बाद 10 अप्रैल को नक्सलियों ने पर्चा जारी कर इसे सरकार की बातचीत की आड़ में धोखाधड़ी बताया।

समझना होगा कि नक्सली कई कारणों से दबाव में हैं। सरकार की स्थानीय आदिवासियों को फोर्स मे भर्ती करने की योजना भी कारगर रही है। एक तो स्थानीय लोगों को रोजगार मिला, दूसरा स्थनीय जंगल के जानकार जब सुरक्षा बलों से जुड़े तो अबुझमाड़ का रास्ता इतना अबूझ नहीं रहा। तीसरा जब स्थानीय जवान नक्सली के हाथों मारा गया और उसकी लाश गांव-टोले में पहुंची तो ग्रामीणें का रोष नक्सलियों पर बढ़ा। एक बात जान लें कि दंडकारण्य में नक्सलवाद महज फैंटेसी, गुंडागर्दी या फैशन नहीं है। वहां खनिज और विकास के लिए जंगल उजाड़ने व पारंपरिक जनजाति संस्कारों पर खतरे तो हैं और नक्सली अनपढ़-गरीब आदिवासियों में यह भरोसा भरने में समर्थ रहे हैं कि उनके अस्तित्व को बचाने की लड़ाई के लिए ही उन्होंने हथियार उठाए हैं। यह भी कड़वा सच है कि नक्सल विरोधी कार्यवाही में बड़ी संख्या में निर्दोष लोग भी जेल में हैं व कई मारे भी गए, इसी के चलते अभी सुरक्षा बल आम लोगों का भरोसा जीत नहीं पाए हैं। लेकिन यह सटीक समय है जब नक्सलियों को बातचीत के लिए झुका कर इस हिंसा का सदा के लिए अंत कर दिया जाए।

नक्सली कमजोर तो हुए हैं लेकिन अपनी हिंसा से बाज नहीं आ रहे। कई बार वे अपने अशक्त होते हालात पर पर्दा डालने के लिए कुछ ना कुछ ऐसा करते हैं जिससे उनका आतंक कायम रहे। याद करें 21 अक्तूबर 2016 को न्यायमूर्ति मदन लौकुर और एके गोयल की पीठ ने फर्जी मुठभेड़ के मामले में राज्य सरकार के वकील को सख्त आदेश दिया था कि पुलिस कार्यवाही तात्कालिक राहत तो है लेकिन स्थाई समाधान के लिए राज्य सरकार को नागालैंड व मिजोरम में आतंकवादियों से बातचीत की ही तरह बस्तर में भी बातचीत कर हिंसा का स्थाई हल निकालना चाहिए।

बस्तर से भी समय-समय पर यह आवाज उठती रही है कि नक्सली सुलभ हैं, वे विदेश में नहीं बैठे हैं तो उनसे बातचीत का तार क्यों नहीं जोड़ा जाए। हिंसा से सर्वाधिक प्रभावित दक्षिण बस्तर के दंतेवाड़ा में सर्व आदिवासी समाज चिंता जताता रहा है कि अरण्य मे लगातार हो रहे खूनखराबे से आदिवासियों में पलायन बढ़ा है और इसकी परिणति है कि आदिवासियों की बोली, संस्कार, त्योहार, भोजन सभी कुछ खतरे में हैं। यदि ईमानदार कोशिश की जाए तो नक्सलियों से बातचीत कर उन्हें हथियार डाल कर देश की लोकतांत्रिक मुख्य धारा में शामिल होने के लिए राजी किया जा सकता है।

भारत सरकार मिजोरम और नगालैंड जैसे छोटे राज्यों में शांति के लिए हाथ में क्लासनिकोव रायफल ले कर सरेआम बैठे उग्रवादियों से ना केवल बातचीत करती है, बल्कि लिखित में युद्ध विराम जैसे समझौते करती है। प्रधानमंत्री निवास पर उन अलगाववादियों को बाकायदा बुलाया जाता है और उनके साथ हुए समझौतों को गोपनीय रखा जाता है जो दूर देश में बैठ कर भारत में जमकर वसूली, सरकारी फंड से चौथ वसूलने और गाहे-बगाहे सुरक्षा बलों पर हमला कर उनके हथियार लूटने का काम करते हैं। फिर नक्सलियों मे ऐसी कौन सी दिक्कत है कि उनसे टेबल पर बैठ कर बात नहीं की जा सकती। कभी विचार करें कि सरकार व प्रशासन में बैठे वे कौन लोग हैं जो हर हाल में जंगल में माओवादियों को सक्रिय रखना चाहते हैं। जब नेपाल में वार्ता के जरिये उनके हथियार रखवाए जा सकते थे तो हमारे यहां ऐसे प्रयास क्यों नहीं हुए ?

सोशल फोरम

सबसे बड़ा सवाल

एक मोमिन की पोस्ट देखी। रामनवमी पर मर्यादा पुरुषोत्तम राम जी के आदर्श, धर्म और नैतिकता की तारीफ करते हुए उन्होंने लिखा कि हमने अपना धर्म बदला है अपने पूर्वज नही। अपनी संस्कृति अपनी सभ्यता नही। अपनी आस्था अपना मुल्क नहीं। दूसरे धर्म वाला जब आपकी आस्था के संबंध में ऐसी बातें कहे तो आपके लहालोट होने के लिए इतनी पंक्तियां काफी है। लेकिन क्या बात इतनी ही सिंपल है। जैसी दिखाई देती है।

तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

मेरे विचार से ऐसा संभव नही। ये दो विपरीत ध्रुव हैं। दो विपरीत विचारधाराएं हैं। और ऐसा ही कुछ धर्मों के मामले में है। एक दूसरे के धर्म का सम्मान अच्छी बात है। लेकिन मानते तो हम कोई एक धर्म ही हैं। यानी कोई एक विचारधारा। क्या कोई व्यक्ति एक ही समय मे दक्षिणपंथी और मार्क्सवादी हो सकता है?

आज जैसे राजनीति में वैचारिक दरिद्रता आ गई है। एक वैचारिक शून्य उत्पन्न हो गया है। विचारधारा का कोई महत्व ही नहीं रहा। थोड़े से स्वार्थ के लिए लोग राजनीतिक पार्टियां बदल रहे हैं। ऐसा ही कुछ मुझे धर्म के मामले में भी नजर आता है। यहां लोग धर्म नहीं बदलते लेकिन अपने धार्मिक नियमों, मान्यताओं के विरुद्ध जाना आज बड़ी साधारण सी बात है। क्योंकि लोगों में वैचारिक शून्यता अपने धर्म के मामले में भी है। धर्म ग्रंथ अक्सर लोग पढ़ते नही। ठीक से समझते नही। यहां सारा धर्म देखा देखी का है, स्वार्थ का है। विचारधारा के कोई मायने नहीं।

मैं तो बस यही चाहता हूं कि जिस धर्म/विचारधारा को भी हम माने, उसे पढ़ें, जाने उसके सिद्धांतों को समझें बूझें। उसकी अच्छाइयों और बुराइयों को भी जाने। जरूरत महसूस हो तो धर्म का तार्किक विश्लेषण भी करें। अधूरा ज्ञान किसी काम का नहीं।

मेरा सबसे बड़ा सवाल यहां ये है कि जिन्होंने भी धर्म बनाया, उसके नियम बनाए। उन्होंने निश्चित ही कुछ सोचा समझा जाना होगा तभी ऐसा किया होगा। तो उन सब बातों का कट्टरता से पालन उचित है या बदलते समय के साथ, जैसा कि आज के राजनैतिक परिदृश्य में घट रहा है, विपरीत विचारधारों के मिश्रण में कोई हर्ज नही है।

-फेसबुक वॉल से

ऐसा हतप्रभ चुनाव तो आज तक नहीं देखा

राकेश शर्मा
अध्यक्ष, इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी, नई दिल्ली

अपने बाल्यकाल से अब तक स्वतंत्रता के बाद से सारे चुनाव देखें हैं लेकिन ऐसा अद्भुत चुनाव आज तक नहीं देखा जहां चुनाव से पूर्व ही सभी पक्ष विपक्ष यह मान कर चल रहे हैं कि आएंगे तो मोदी ही। आप देख रहे होंगे कि टीवी डिबेट में मुद्दा यह नहीं होता कि मोदी जीतेंगे या नहीं बल्कि चार सौ सीट क्यूं चाहिए ही, होता है। इसका मतलब सरकार बनाने के लिए आवश्यक 272 तो मिल ही रहीं है बहस सिर्फ़ इतनी है कि इसके ऊपर कितनी जाएंगी। विपक्ष के सबसे बड़े नेता राहुल गांधी घुमा फिराकर मोदी जी की जीत स्वीकार करते हुए कहते हैं कि जादू चलाकर यदि मोदी जीत जाते हैं तो देश में आग लग जाएगी, जीत वो भी पक्की मान रहे हैं। ख़ुद की जीत सुनिश्चित करने के लिए अपनी पारंपरिक अमेठी सीट छोड़कर वायनाड गए हैं। एक हताश, निराश, पराजित योद्धा की तरह अभी से पूरा विपक्ष एक आवाज में कह रहा है ईवीएम की वजह से जीतेंगे। क्या मतलब हुआ कि जीत सभी मान रहें हैं। वो भी पहले चरण के मतदान से पहले ही ऐसा आत्मसमर्पण चुनाव में मैंने तो पहले कभी नहीं देखा। चुनाव पूर्व सर्वे के आख़िरी दिन सभी टीवी चैनलों ने 350 से 400 से ऊपर एनडीए को दिखाया है, कांग्रेस को तो इस बार चालीस से नीचे रहने का अनुमान सभी चैनल दिखा रहे हैं।

इस वातावरण से एक बात स्पष्ट समझ आती है मोदी की गारंटी, मोदी पर विश्वास, मोदी की विकास यात्रा, मोदी की विकसित भारत के लिए दूरदृष्टि और मोदी के पिछले दस साल के दृढ़तापूर्वक किए गए कार्य। विपक्ष की सभी पार्टियों ने भाजपा के संकल्प पत्र से कहीं अधिक जनकल्याण के वायदे अपने अपने घोषणा पत्रों में किए हैं लेकिन उन पर कहीं चर्चा ही नहीं हो रही।

बेरोज़गारी और महंगाई जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को भी विपक्ष ने मोदी के चक्रव्यूह में फंसकर गौण कर दिया। धूमधाम से बनाया गया खंडित विखंडित जिसमें कहा गया था हर जगह भाजपा के विरुद्ध संपूर्ण देश में विपक्ष का एक ही उम्मीदवार होगा व्यक्तिगत अपेक्षाओं के कारण चुनाव से पहले ही धूलधूसरित हो गया। अब अधिकतर जगह आपस में ही भिड़े हुए है या चुनाव से पहले ही गठबंधन पहले ही छोड़ गए हैं।

मोदी जी ने राष्ट्रवाद, विकसित भारत, हिंदुत्व, सनातन , अपनी विकास यात्रा में सब भारतीयों को सम्मिलित करना, विश्वगुरु बनने के मार्ग पर प्रशस्त करना, अर्थव्यस्था में विश्व में पांचवी अर्थव्यवस्था बनाकर तीसरी पारी में तीसरी विश्व की बड़ी अर्थववस्था का संकल्प, विश्व को सुदृढ़ नेतृत्व देने की अभूतपूर्व क्षमता इत्यादि शामिल है।

क्या जनता मोदी पर विश्वास इसलिए भी कर रही है कि जिस कार्य को करने की हिम्मत पिछली सरकारों ने नहीं दिखाई वह मोदी जी ने कितनी सहजता से कर दिखाया। इसमें प्रमुख हैं कश्मीर को धारा 370 से मुक्ति, मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति, महिला आरक्षण, शताब्दी की सबसे बड़ी महामारी कोरोना से देश को सुरक्षित बाहर निकालना, आत्मनिर्भर भारत बनाना, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण में सहयोग, सभी तीर्थ स्थलों का जीर्णोद्धार, ग़रीबों को ग़रीबी से बाहर निकालना, जनकल्याण की योजनाओं को लाभार्थियों तक सीधा पहुंचाना इत्यादि। विपक्ष समझ ही नहीं पा रहा कि 2024 का भारत बदल गया है, अब वह जातीय जनगणना, सांप्रदायिक विद्वेष, तुष्टिकरण हिंदू और हिंदुत्व और सनातन को गालियों के जुमलों में ना फंसकर सिर्फ़ विकसित भारत देखना चाहता है।

बादलों के बरसने की चाहत

पिछले कुछ दिनों से सुबह पूर्व आकाश पर हल्के बादलों का जमावड़ा बना रहता था। मंगल और शनि पूर्वी क्षितिज पर बहुत कम कांतिमान से दर्शन दे रहे हैं। आज बहुत प्रयास के बाद इनकी पहचान कर सका हूं। इनकी स्थिति चालीस अंश ऊपर है लेकिन यह सूर्योदय के समय की स्थिति है। आकाश में धूल और धुंध के कारण पांच बजे के बाद तो स्वाति जैसे चमकदार तारे भी धुंधलेपन से प्रभावित हो जा रहे हैं। चार दिन पहले से अपराह्न हल्के बादलों से भवाली भीमताल के आसमान में हल्के-फुल्के बादल छा रहे थे कल से उनके भी दर्शन नहीं हो रहे हैं। जिन बादलों से आशा की जा रही थी वो कश्मीर की कली की नायिका की तरह रूठ कर चल दिए हालांकि जिस तरह नायिका हमेशा रूठी नहीं रह सकती उसी तरह बादल हैं कभी तो बरसेंगे ही। भवाली न सही कहीं तो बरसना ही है चाहे नेपाल जाकर बरस लें। लेकिन मित्रो जल स्रोतों में निस्सरण कम होता जा रहा है और छोटी क्यारियों में उग आई चौलाई, ऊगल, बीन और मूली को अब रोज पानी की दरकार हो गई है। इसलिए बादलों से बरसने की चाहत बढ़ती जा रही है।



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

यह उसी तरह है जैसे अठ्ठाईस साल की उम्र को छूते ही मुझे शादी की दरकार हो गई थी और विलंब से होने वाली बारिश और शादी की परिणति दोनों ही आंधी तूफान से शुरू होती है। अब सूर्य मेष राशि में प्रवेश कर गए हैं और जो बारिश होगी वो ओलों और आंधी-तूफान के साथ ही आनी है। फलदार पेड़ों पर जो थोड़े फल दिखाई दे रहे हैं वे समय असमय काल कवलित हो जाएंगे।

आकस्मिक स्थिति से निपटने को तैनात रहेंगी एयर एंबुलेंस

▸▸ एहतियात के तौर पर उठाया गया कदम, हरियाणा की निजी कंपनी से लीज पर लिए जा रहे हेलीकॉप्टर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में सात चरणो में होने वाले चुनावों में किसी भी आपदा से निपटने के लिए शासन की ओर से एयर एंबुलेंस एवं हेलीकॉप्टर का प्रबंध किया गया है। इसकी सहायता से आकस्मिक स्थिति में न सिर्फ मदद पहुंचाई जा सकेगी, बल्कि अर्द्धसैनिक और पुलिस बलों के व्यवस्थापन के साथ ही ये चिकित्सकीय सुविधा पहुंचाने में भी मददगार होगी।

योजना के मुताबिक एयर एंबुलेंस और हेलीकॉप्टर को चरणों के हिसाब से अलग-अलग स्थानों पर तैनात किया जाएगा। ये एयर एंबुलेंस और हेलिकॉप्टर हरियाणा के गुरुग्राम स्थित निजी एविएशन कंपनी से लीज पर लिया गया है। दरअसल, राज्य में लोकसभा चुनाव सभी सात चरणो में होना है। इस दौरान किसी भी संकट का सामना करने के लिए इनको हायर किया गया है। हर चरण में चुनावों की लोकेशन के आधार पर एयर एंबुलेंस और हेलीकॉप्टर को तैनात किया गया है। 19 अप्रैल को चुनाव के पहले चरण में उप्र. के पश्चिम क्षेत्र की सीटों पर मतदान होना है। इसके तहत हेलीकॉप्टर को 18 अप्रैल एवं 19 अप्रैल को मुरादाबाद में और एयर एंबुलेंस को 19 अप्रैल को बरेली में तैनात किया गया है।

दूसरे चरण यानी 26 अप्रैल को हेलीकॉप्टर अलीगढ़ में (25 और 26 अप्रैल) और एयर एंबुलेंस को मेरठ में (26 अप्रैल) तैनात रहेंगे। 7 मई को तीसरे चरण में हेलीकॉप्टर आगरा (6 व 7 मई को) एवं एयर एंबुलेंस को बरेली (7 मई को) में तैनात होंगे। 13 मई को चौथे चरण में हेलीकॉप्टर 12 व 13 मई को कानपुर और एयर एंबुलेंस 13 मई को लखनऊ में होंगे। पांचवें चरण यानी 20 मई को हेलीकॉप्टर झांसी में और एयर एंबुलेंस लखनऊ में तो छठे चरण में हेलीकॉप्टर अयोध्या और एयर एंबुलेंस प्रयागराज में रहेंगे।

इस पर खर्च होंगे कुल 39.20 लाख रुपये

आकस्मिक स्थिति में चिकित्सकीय मदद के साथ ही सुरक्षाबलों को लाने व ले जाने में यह हेलीकॉप्टर और एयर एंबुलेंस मददगार होंगे। इससे प्रभावित स्थान तक तत्काल सहायता पहुंचाई जा सकेगी। इस कदम को एहतियात के रूप में उठाया गया है, ताकि बड़ी दुर्घटना को रोका जा सके। गुरुग्राम की जेट सर्व एविएशन प्रा. लि. से 5.60 लाख रुपये के न्यूनतम उपयोग (2 घंटे प्रतिदिन) के लिए लीज पर लिया गया है। 7 दिन के हिसाब से कुल 39.20 लाख रुपये का खर्च आएगा। शासन की ओर से इसकी वित्तीय स्वीकृति दी जा चुकी है। भुगतान एवं जीएसटी के साथ नियमानुसार गणना का दायित्व उप्र. नागरिक उड्डयन विभाग एवं उप्र. पुलिस मुख्यालय, लखनऊ का होगा।

नवगीतकार माहेश्वर तिवारी के अंतिम संस्कार में नम हुईं साहित्य प्रेमियों की आंखें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ मंगलवार को हुआ था निधन, मोक्षधाम में किया गया अंतिम संस्कार

अमृत विचार: विख्यात साहित्यकार व नवगीतकार माहेश्वर तिवारी के अंतिम संस्कार में साहित्य प्रेमियों की आंखें नम हो गईं। बुधवार को रामगंगा विहार स्थित मोक्षधाम में उनका अंतिम संस्कार हुआ। उनके पुत्र समीर तिवारी ने मुखाग्नि दी। उनकी अंत्येष्टि के समय महानगर ही नहीं दूसरे शहरों से आए साहित्यकारों, कवियों, राजनेताओं ने श्रद्धांजलि देकर उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया।

साहित्य-संस्कृति व कला के साथ सामाजिक संगठनों व राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों ने उनके आवास गौर ग्रेसियस कॉलोनी और फिर मोक्षधाम पर पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि देने वालों में देहरादून से आए राष्ट्रीय गीतकार डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र, नई दिल्ली से वरिष्ठ गीतकार सुभाष वशिष्ठ, गाजियाबाद से नवगीतकार जगदीश पंकज, नोएडा से कवयित्री भावना तिवारी, काशीपुर से लेखिका ऋचा पाठक व गजलकार मनोज आर्य, ठाकुरद्वारा से शरीफ भारती के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, पूर्व विधायक राजीव चन्ना, कांग्रेस नेता असद मौलाई, सुधीर पाठक के अलावा कवि मंचों पर उपस्थिति दर्ज कराने वाले संजीव आकांक्षी, साहित्यकार डॉ. आर सी शुक्ला, डॉ. महेश दिवाकर, योगेन्द्र वर्मा व्योम, रामदत्त द्विवेदी, राजीव प्रखर, जिया जमीर, डॉ. मनोज रस्तोगी, उदय प्रकाश सक्सेना, फक्कड़ मुरादाबादी, विवेक निर्मल, मयंक शर्मा, राहुल शर्मा, डॉ. कृष्ण कुमार नाज, काव्य सौरभ जैमिनी, धीरशान्त दास, योगेन्द्र रस्तोगी, ब्रजगोपाल व्यास सहित अन्य लोग शामिल रहे।

एक नजर

गायनी कॉन्फ्रेंस में देश भर से आएंगे करीब 500 डॉक्टर

बरेली, अमृत विचार : शहर में 35वीं प्रादेशिक वार्षिक गायनी कॉन्फ्रेंस और हैंड्स ऑन कार्यशाला 19 से 21 अप्रैल के बीच होगी। बरेली ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गाइनोकॉलोजिकल सोसायटी की ओर से बुधवार को आईएमए सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में आयोजन समिति की सचिव डॉ. लतिका अग्रवाल ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में पद्मश्री डॉ. ऊषा शर्मा, पद्मश्री डॉ. राज बावेजा समेत करीब 500 डॉक्टर अपने अनुभव साझा करेंगे। इस अवसर पर बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की कुलपति एवं वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. लता अग्रवाल, डॉ. नीरा अग्रवाल, डॉ. मृदुला शर्मा, डॉ. प्रगति अग्रवाल, डॉ. रश्मि शर्मा और सोसायटी की सचिव डॉ. गायत्री सिंह मौजूद रहीं।

शोमा सेन की मुंबई जेल से हुई रिहाई

मुंबई : एल्गार परिषद-माओवादी संबंध मामले की आरोपी एवं नागपुर विश्वविद्यालय की पूर्व प्रोफेसर शोमा सेन को बुधवार दोपहर यहां एक जेल से रिहा कर दिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उच्चतम न्यायालय ने अंग्रेजी भाषा की 66 वर्षीय प्रोफेसर को 2018 के एक मामले में पांच अप्रैल को जमानत दे दी थी। एक वरिष्ठ जेल अधिकारी ने बताया कि सेन सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद मध्य मुंबई की भायखला जेल से बाहर आ गईं। सेन को छह जून 2018 को गिरफ्तार किया गया था। सेन 31 दिसंबर, 2017 को पुणे में आयोजित एल्गार परिषद सम्मेलन से संबंधित मामले में गिरफ्तार किए गए कार्यकर्ताओं और शिक्षाविदों सहित 16 लोगों में से एक थीं। पुणे पुलिस ने आरोप लगाया था कि सम्मेलन को माओवादियों का समर्थन प्राप्त था और वहां 'भड़काऊ' भाषण दिए गए थे, जिसके अगले दिन पुणे जिले में भीमा कोरेगांव युद्ध स्मारक के पास जातीय हिंसा भड़क उठी थी।

चुनाव में एनडीए को हराएगा पीडीए : अखिलेश

▸▸ सपा प्रमुख ने की गठबंधन प्रत्याशियों को जिताने की अपील

संवाददाता, डिलारी(मुरादाबाद)

जनता का अभिवादन करते अखिलेश यादव व आप सांसद संजय सिंह।

अमृत विचार : बुधवार को मुरादाबाद लोकसभा सीट से सपा-गठबंधन प्रत्याशी रुचि वीरा के समर्थन में भोजपुर में हुई जनसभा में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन को पीडीए हराएगा।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने एक झटके में सेना में भर्ती को चार साल के लिए समेट दिया। कहीं ऐसा न हो कि पुलिस में सेवा को भी तीन साल कर दिया जाए। वहीं उन्होंने डायल 100 को लेकर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि हमने डायल 100 की व्यवस्था बनाई थी, लेकिन भाजपा ने नंबर बढ़ाते हुए इसे 112 कर दिया और पुलिस वालों ने भी उसी अनुपात में अपनी वसूली का स्तर बढ़ा दिया है। भाजपा जहां 400 पार का नारा दे रही है। वहीं जनता भाजपा से वादे पूरा करने को कह रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा केवल झूठ बोलती है। उन्होंने भाजपा सरकार पर प्रश्न पत्र लीक होने को लेकर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करना बताया। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण के मतदान में भाजपा का खाता नहीं खुलेगा। इस दौरान सभा में उनके साथ मुरादाबाद सपा प्रत्याशी रुचि वीरा, देहात विधायक नासिर कुरैशी, बिलारी विधायक मोहम्मद फहीम, पूर्व विधायक हाजी युसूफ अंसारी, पूर्व विधायक हाजी रिजवान, पूर्व विधायक हाजी इकराम कुरैशी, संभल प्रत्याशी जियाउर्रमान बर्क, पूर्व मंत्री जुगल किशोर वाल्मिकी, विधायक कांठ कमाल अख्तर, विधायक ठाकुरद्वारा नवाब जान, सपा जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, महानगर अध्यक्ष इकबाल अंसारी, राजेश यादव आदि मौजूद रहे।

400 पार नहीं, 400 जगह मिलेगी हार

नजीबाबाद (बिजनौर) : नजीबाबाद में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को सपा के नगीना प्रत्याशी के समर्थन में सभा को संबोधित किया। उनके साथ आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी थे। अखिलेश यादव ने कहा कि 12 साल बाद इस क्षेत्र में दोबारा आने का मौका मिला है। इससे पहले मैं रथ लेकर यहां आया था। अब हम आपसे मदद और निवेदन करने आए हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि पश्चिम के लोगों ने मन बना लिया है कि भारतीय जनता पार्टी का पूरा सफाया करना है। मुजफ्फरनगर का चुनाव भी समाजवादी के पक्ष में है, कैराना का चुनाव भी सपा जीत रही है। कहा कि इस बार जो लोग कह रहे हैं कि 400 पार इस बार उन्हें 400 जगह हार मिलेगी।

शहीद की पत्नी को सरकार वित्तीय लाभ देने पर राजी

मुंबई, एजेंसी

● हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद महाराष्ट्र सरकार ने विशेष मामला माना

महाराष्ट्र सरकार ने चार साल पहले जम्मू-कश्मीर में ड्यूटी के दौरान शहीद हुए मेजर अनुज सूद के परिवार को वित्तीय लाभ देने का फैसला ले लिया। सरकार ने पहले अनुज की पत्नी आकृति सूद को इस आधार पर वित्तीय लाभ देने से इनकार कर दिया था कि सूद न तो महाराष्ट्र में पैदा हुए थे और न ही पिछले 15 वर्ष से राज्य में रह रहे थे। आकृति सूद ने अपनी याचिका में सरकार के इस फैसले को चुनौती दी थी। याचिका में दलील दी गई थी कि उनके दिवंगत पति की इच्छा के अनुसार परिवार पिछले 15 वर्ष से महाराष्ट्र में रह रहा है।

मेजर सूद दो मई, 2020 को उस वक्त शहीद हो गये थे। उन्हें मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया था। सरकार ने आकृति को एक करोड़ रुपये (आकृति को 60 लाख रुपये और सूद के पिता को 40 लाख रुपये) और 9,000 रुपये मासिक भुगतान देने का फैसला किया है। पीठ ने सरकार के इस फैसले की सराहना की।

किसानों ने दिया धरना, कई ट्रेनें प्रभावित

चंडीगढ़, एजेंसी

▸▸ साथियों की रिहाई की मांग कर रहे किसान

संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले किसान बुधवार को पंजाब एवं हरियाणा सीमा के पास पटियाला जिले में रेल पटरियों पर बैठ गए। वे लोग हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए तीन किसानों की रिहाई की मांग कर रहे थे।

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि शंभू रेलवे स्टेशन पर किसानों के धरने के कारण कई रेलगाड़ियों के मार्ग में बदलाव किया गया है। उन्होंने कहा कि 30 से अधिक रेलगाड़ियों की आवाजाही प्रभावित हुई और उनके मार्ग में परिवर्तन किया गया या उन्हें रद कर दिया गया। रामनवमी के अवसर पर रेलगाड़ियों का परिचालन बाधित होने से यात्रियों को भी परेशानी हुई। किसान मजदूर मोर्चा नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि हरियाणा प्रशासन ने उन्हें आश्वासन दिया था कि गिरफ्तार किसानों को 16 अप्रैल तक रिहा कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब हमारे किसानों को रिहा नहीं किया गया, तो हमने रेल पटरियों पर धरना देने का फैसला किया। मौजूदा किसान आंदोलन के दौरान नवदीप सिंह समेत तीन किसानों को गिरफ्तार किया गया है। पंजाब पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रेल पटरियों की ओर जाने से रोकने के लिए बैरिकेड लगाए थे, लेकिन किसान जबरन आगे बढ़ गए और पटरियों पर बैठ गए। किसान नेताओं ने कहा कि जब तक प्रदर्शनकारियों को रिहा नहीं किया जाता, वे अपना प्रदर्शन जारी रखेंगे। एक अन्य किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि अगर सरकार उन्हें अभी रिहा कर दे तो हम 10 मिनट के भीतर रेल पटरियों पर से हट जाएंगे। किसान नेताओं ने कहा कि उन्हें रेल पटरियों पर बैठने के लिए मजबूर होना पड़ा क्योंकि हरियाणा सरकार उनकी मांग नहीं मान रही है। पंढेर ने धमकी दी कि अगर जल्दी ही तीन किसानों को रिहा नहीं किया गया तो वे लोग अन्य जगहों पर भी रेल पटरियों पर धरना देंगे।

श्रीराम को अपशब्द कहने वाले आरोपी को मिली जमानत

प्रयागराज, अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने फेसबुक पर भगवान राम को अपशब्द कहने के आरोपी की बिना शर्त माफी को ध्यान में रखते हुए उसे जमानत दे दी। उक्त आदेश न्यायमूर्ति समीर जैन की एकल पीठ ने जौनपुर निवासी रियाज अलियास ओवैसी को सशर्त जमानत देते हुए पारित किया। प्राथमिकी के अनुसार आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना सुरेरी, जौनपुर में फेसबुक पर भगवान राम को कथित रूप से अपशब्द कहने के आरोप में कार्यवाही की गई थी। याची की ओर से तर्क दिया गया था कि किसी और ने कथित पोस्ट करने के लिए उसके अकाउंट का उपयोग किया है।

आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले में स्थित श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में राम नवमी के अवसर पर पालकी यात्रा निकालते श्रद्धालु।

खेत पर गए ग्रामीण को बाघ ने मार डाला

संवाददाता, रामनगर

● ग्रामीणों ने बाघ को मारने की मांग करते हुए अधिकारियों को शव उठाने नहीं दिया

अमृत विचार : बासीटीला गांव में बुधवार शाम बाघ ने हमला कर युवक को मार डाला। घटना शाम 6.30 से सात बजे के बीच उस समय हुई, जब युवक फसल की चौकसी के लिए खेत पर गया था। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचे कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के अधिकारियों को युवक का शव नहीं उठाने दिया। ग्रामीण शव उठाने से पहले बाघ को मारने की मांग कर रहे थे।

मनोरथपुर बासीटीला में बुधवार शाम छह बजे प्रमोद तिवारी उर्फ पप्पू (35) खेतों की चौकसी के लिए गए थे। 7.30 बजे तक वह घर नहीं लौटे तो परिजन उनको खोजने लगे। घर से 150 मीटर दूर पप्पू का शव मिला। बाघ ने उसके कान से लेकर गर्दन तक घाव बनाए थे। शव से 50 मीटर दूर पप्पू का चश्मा और चप्पल मिला। सूचना पर कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के वन दरोगा सिद्धार्थ रावत टीम के साथ वहां पहुंचे। ग्रामीणों ने उनको शव नहीं उठाने दिया। ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी का कहना है कि बाघ की गांव में मौजूदगी से लोगों में दहशत है।

पॉक्सो के दुरुपयोग पर कोर्ट ने जताई चिंता

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ हाई कोर्ट ने पीड़िता की आयु निर्धारण के संबंध में जारी किए दिशा-निर्देश

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पॉक्सो एक्ट के मामलों में गलत तरीके से पीड़िता को नाबालिग दिखाकर अदालती प्रक्रिया का दुरुपयोग करने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कई मामलों में पीड़िता की उम्र का चिकित्सकीय निर्धारण जानबूझकर नहीं किया जाता है, क्योंकि इससे पीड़िता के वयस्क होने की पुष्टि हो जाएगी और अभियोजन पक्ष का मामला खारिज हो जाएगा।

पीड़िता को गलत तरीके से नाबालिग दिखाकर आरोपी व्यक्तियों को पॉक्सो एक्ट के तहत अनुचित रूप से फंसाया जाता है, जिससे उन्हें अनिश्चितकाल के लिए जेल में डाला जा सके। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अजय भनोट की एकल पीठ ने अमन उर्फ वंश को जमानत देते हुए पारित किया।

मामले के अनुसार याची के विरुद्ध आईपीसी की धारा 363, 376 और पॉक्सो अधिनियम की धारा 3/4 के तहत थाना शालीमार गार्डन, गाजियाबाद में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उक्त आदेश की एक प्रति सरकारी अधिवक्ता द्वारा अनुपालन के लिए पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश और महानिदेशक (स्वास्थ्य) उत्तर प्रदेश सरकार, लखनऊ को भेजने का निर्देश भी दिया। मुख्य रूप से कोर्ट ने अपने आदेश में कुछ मुकदमों की सूची भी संलग्न की है जिसमें सरकार से उचित कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया है। मौजूदा मामले में याची की गिरफ्तारी के समय पीड़िता की आयु निर्धारित करने के लिए मेडिकल जांच नहीं की गई थी। बाद में तैयार की गई रिपोर्ट में पीड़िता की आयु 17 साल बताई गई जबकि पोक्सो के तहत याची को फंसाने के लिए एफआईआर में पीड़िता की उम्र 16 साल लिखवाई गई थी। पोक्सो एक्ट के तहत न्यायिक प्रक्रिया के ऐसे दुरुपयोग को देखकर पीठ ने कुछ निर्देश जारी किए। जैसे, पुलिस अधिकारी प्रत्येक मामलों में पीड़िता की आयु निर्धारण करने वाली मेडिकल रिपोर्ट शुरू में ही तैयार करेंगे और सीआरपीसी की धारा 164-ए के तहत बिना देरी कोर्ट में प्रस्तुत करेंगे।

पीड़िता की आयु निर्धारित करने वाली मेडिकल रिपोर्ट कानून की स्थापित प्रक्रिया के अनुसार और नवीनतम वैज्ञानिक मापदंडों और 11 मेडिकल प्रोटोकॉल के अनुपालन में बनाई जाएगी। इसके साथ ही महानिदेशक (स्वास्थ्य) यह सुनिश्चित करेंगे कि मेडिकल बोर्ड में शामिल डॉक्टर विधिवत प्रशिक्षित हों और ऐसे मामलों में पीड़िता की आयु निर्धारित करने के लिए स्थापित मेडिकल प्रोटोकॉल और वैज्ञानिक मापदंडों का पालन करें, साथ ही नवीनतम वैज्ञानिक विकास के अनुरूप रिपोर्ट तैयार करने के लिए इस क्षेत्र में लगातार शोध किए जाएं।

झोलाछाप के इंजेक्शन से मजदूर की मौत, हंगामा

संवाददाता, मिलक (रामपुर)

अमृत विचार : मिलक में झोलाछाप के इंजेक्शन से मंडी में काम करने वाले मजदूर की मौत हो गई। गुस्साए परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया। परिजनों ने आरोप लगाया कि झोलाछाप के गलत इंजेक्शन देने से उसकी मौत हुई है। आरोपी के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी गई है।

बरेली के थाना मीरगंज क्षेत्र के गांव परचई निवासी गेंदनलाल मिलक की मंडी में पल्लेदार था। मंगलवार रात 10 बजे उसे सीने में दर्द की शिकायत हुई। तबीयत बिगड़ने पर साथी दयाराम उसे लेकर नगर में हाइवे स्थित एक हॉस्पिटल में पहुंचा। यहां झोलाछाप ने उसे दवा दी और इंजेक्शन लगा दिया। इंजेक्शन लगते ही गेंदनलाल की तबीयत बिगड़ने लगी। झोलाछाप ने गेंदनलाल को नगर के सरकारी अस्पताल में ले जाने को कहा। साथी उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉ. बासित अली ने उसे मृत घोषित कर दिया। साथी की मौत से मजदूरों में आक्रोश फैल गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों को गेंदनलाल के साथियों ने झोलाछाप के इंजेक्शन देने के बारे में जानकारी दी। गुस्साए परिजनों ने झोलाछाप के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दे दी है।

परिसंपत्तियों का बंटवारा नहीं | उत्तर प्रदेश कैनाल के स्वामित्व में है बनबसा बैराज से नेपाल सीमा तक 3.3 किलोमीटर लंबी सड़क

23 साल बाद भी उत्तराखंड राज्य में उत्तर प्रदेश की सड़क...

देवेन्द्र चन्द देवा, टनकपुर

बनबसा कैनाल क्षेत्र में अंग्रेजों की ओर से बनाया गया पुल।

नेपाल को जाने वाला बनबसा का बैराज मार्ग।

अमृत विचार: अपने राज्य में पराई सड़क। भले ही यह सुनने में अटपटा लगता है लेकिन है एकदम हकीकत। नेपाल सीमा से लगी उत्तराखंड की यह सड़क अपनी नहीं है। इसका स्वामित्व उत्तर प्रदेश का है। जनपद चम्पावत के बनबसा से बैराज तक की यह सड़क सिंचाई विभाग बरेली के अधिकार क्षेत्र में है। दोनों राज्यों में परिसंपत्तियों का बंटवारा नहीं होने से ये नौबत आई है। यही नहीं लगभग 9 दशक पूर्व अंग्रेजों द्वारा बैराज मार्ग में ही बनाया गया पुल से भी दोनों देशों की आवाजाही होती है।

उत्तराखंड राज्य गठन के बाद भी चम्पावत जिले के प्रवेश द्वार बनबसा से नेपाल जाने वाली सड़क प्रदेश के स्वामित्व में नहीं है। आजादी से पहले सिंचाई विभाग के बैराज वाले क्षेत्र में करीब 3.3 किमी सड़क उप्र कैनाल विभाग के अधिकार में है। एनएचपीसी की टनकपुर जल विद्युत परियोजना का मुख्यालय भी इसी रास्ते पर है। कैनाल विभाग रोड से गुजरने वाले चौपहिया वाहनों से शुल्क वसूलता है। बनबसा स्थित शारदा हेड वर्क्स के अधिकारियों का कहना है कि शुल्क सड़क के रखरखाव के लिए लिया जाता है।

> दोनों राज्यों के बीच इस परिसंपत्ति का बंटवारा नहीं होने से यह सड़क अभी उप्र कैनाल के स्वामित्व में है। बनबसा कैनाल को तमाम संसाधनों से मिलने वाली धनराशि दोनों राज्यों के संयुक्त खाते में जमा हो रही है। मामला अभी दोनों राज्यों के शासन स्तर से ही हल होना है।
> –नवनीत पांडेय, डीएम, चम्पावत

6 घंटे खुलता है द्वार

सड़क से गुजरने वाले वाहनों को आने और जाने पर सिंचाई विभाग को शुल्क तो देना पड़ता है, लेकिन यहां से हर वक्त चौपहिया वाहनों की आवाजाही नहीं हो सकती। 24 घंटे में चार बार में महज 6 घंटे ही बैराज का द्वार खुलता है। इस सड़क पर स्थित बैराज से वाहन सुबह 6 से 8, 10 से 11, दोपहर में 12 से 2 और शाम को 6 से 7 बजे तक ही आवाजाही की इजाजत है। शारदा हेड वर्क्स के एसडीओ प्रशांत कुमार वर्मा का कहना है कि इस सड़क का उपयोग उप्र सिंचाई विभाग के बैराज के लिए डिजाइन की मरम्मत और रखरखाव के हिसाब से किया गया था। विकल्प नहीं होने से आवाजाही हो रही है।

प्रधानमंत्री मोदी के हृदय में बसता है उत्तराखंड, अब हमारी बारी : धामी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

▸▸ मुख्यमंत्री धामी ने पांचों सीटों पर भाजपा को जिताने की अपील की

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को प्रचार के अंतिम दिन शहर में रोड शो निकाला। इस शो के जरिए सीएम ने जनता से राज्य की पांचों संसदीय सीटों पर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। वहीं, भाजपा ने भीड़ जुटाकर शक्ति प्रदर्शन किया।

सीएम धामी ने रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 500 वर्षों में यह पहली बार है जब रामलला अपना जन्मदिन घर के बाहर टेंट में नहीं वरन राजमहल में मना रहे हैं। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वजह से संभव हुआ है। उन्हीं की वजह से हमें फिर से राम युग में जाने का अवसर मिला है। चुनाव में प्रचंड बहुमत से मोदी को प्रधानमंत्री बनाएंगे। उन्होंने पहली बार के मतदाताओं से मतदान में हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि हिमालयी राज्यों में उत्तराखंड में लोकतंत्र का महापर्व उत्सव के रूप में मनाया गया है। इस महापर्व में प्रचंड मतदान कर भाजपा को जीत दिलानी है। 19 अप्रैल को इस महापर्व का यज्ञ होगा जो 4 जून को ऐतिहासिक विजय बनेगा। सशक्त, समृद्ध, शक्तिशाली, दुनिया का सिरमौर भारत को बनाने के लिए भाजपा को जिताना है।

सीएम धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के हृदय में उत्तराखंड बसता है। हर मौके पर वह उत्तराखंड का जिक्र करते हैं। अब हमारी बारी है, भाजपा को जिताना है। पांचों सीटें जिताकर 400 पार में अपना योगदान देना है। अंत में उन्होंने पं.दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान विधायक बंशीधर भगत, राम सिंह कैड़ा, डॉ. मोहन बिष्ट, सरिता आर्य, आदि मौजूद रहे।

अपनी ढपली अपना राग

भाजपा सरकार सिर्फ अमीरों की हैं। इंडी गठबंधन सत्ता में आया तो आम नागरिकों, किसानों व व्यापारियों के लिए काम होगा। –राहुल गांधी

भाजपा संविधान को मानती है न लोकतंत्र को। ईडी व सीबीआई के जरिये सबको जेल भेजना चाहती है।
– शिवपाल यादव

इंडी गठबंधन के लोग जब गांव में जाएंगे तो लोग इन्हें भिंडी गठबंधन कहेंगे। ये गले तक भ्रष्टाचार में डूबे हैं।
–ब्रजेश पाठक

प्रदेश में विकास हुआ है तो अखिलेश सरकार में। आज स्कूल, अस्पताल व अच्छी शिक्षा चाहिए।
–संजय सिंह

इंडी गठबंधन की न तो नीति तय है और न ही नेता। विपक्षी गठबंधन में एक अनार सौ बीमार वाली हालत है।
– नंद गोपाल गुप्ता नंदी

यहां के वोटर भी गजब

पसंद आए तो पलकों पर... वरना जब्त कराई जमानत

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

अमृत विचार : सांसद चुनने में बाराबंकी के मतदाताओं का अंदाज कुछ अलग है। जो मन को भाया उसे पलकों पर बैठाया, जो पसंद नहीं आया, उसकी जमानत तक जब्त करा दी। जी हां, अब तक के लोकसभा चुनाव में 179 में से 130 प्रत्याशी अपनी जमानत जब्त करा चुके हैं। इनमें प्रमुख सियासी दलों के दिग्गज भी शामिल हैं। बाराबंकी लोकसभा क्षेत्र का पहला आम चुनाव 1951 में हुआ था। पहले चुनाव में कांग्रेस की गंगा देवी सांसद निर्वाचित हुई थे। पहले चुनाव में 11 प्रत्याशियों ने किस्मत आजमाई थी। इनमें नौ की जमानत जब्त हो गई थी।

1957 के चुनाव में संसद पहुंचने की हसरत लेकर पांच उम्मीदवारों ने चुनावी दंगल में किस्मत आजमाई थी। इस चुनाव में रामसेवक यादव ने निर्दल के रुप में चुनाव जीता था। दो प्रत्याशी अपनी जमानत गंवा बैठे थे। 1962 के चुनाव में यहां दो लोकसभा सीटें थी। इनमें रामसनेहीघाट सीट एससी तो बाराबंकी सीट सामान्य के रुप में निर्धारित की गई थी। आरएससघाट सीट पर चार प्रत्याशी चुनाव लड़े थे। जिसमें कांग्रेस के स्वामी रामानंद विजेता तो जनसंघ के भागीरथ 35.48 प्रतिशत मत पाकर रनर रहे थे। जबकि दो प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई थी। जबकि दूसरी सीट पर पांच प्रत्याशियों में से 34.11 प्रतिशत मत पाने वाले कांग्रेस के हुसैन कामिल किदवाई को छोड़कर तीन प्रत्याशियों की जमानत जब्त हुई थी। 1967 में भी दो सीटों पर चुनाव हुआ था। रामसनेहीघाट सीट पर तीन तो बाराबंकी सीट पर चार उम्मीदवार थे। रामसनेहीघाट सीट पर बी. कुरील ने जीत दर्ज की थी तो एस कैलाश 35.06 फीसदी मत हासिल कर दूसरे स्थान पर रहे थे। जबकि एक उम्मीदवार जमानत नहीं बचा पाए थे। वहीं बाराबंकी सीट पर दो उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी।

इसी तरह 1971 में रामसनेहीघाट सुरक्षित सीट पर तीन प्रत्याशी चुनावी दंगल में उतरे थे। जिसमें बैजनाथ कुरील ने बाजी मारी थी। जबकि एनसीओ दल के बाबूलाल कुशमेश 35.75 फीसदी मत हासिल कर रनर रहे थे। जबकि एक उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी। वहीं बाराबंकी सामान्य सीट पर कुल चार उम्मीदवार उतरे थे। जिसमें कुंवर रुद्र प्रताप सिंह ने चुनाव जीता था। 36.49 मत पाकर सोशलिस्ट पार्टी के रामसेवक यादव रनर रहे थे। दो की जमान जब्त हो गई थी। 1977 के चुनाव में बाराबंकी सुरक्षित सीट पर आधा दर्जन प्रत्याशियों में से राम किंकर विजेता थे। वहीं कांग्रेस के बैजनाथ कुरील 19.66 फीसदी मत पाकर दूसरे नंबर पर रहे और चार उम्मीदवारों ने अपनी जमानत गंवा दी।

1980 के चुनाव में पांच प्रत्याशी मैदान में थे। इनमें से दूसरे नंबर पर रहने वाले प्रत्याशी बैजनाथ कुरील को छोड़ तीन अन्य उम्मीदवार जमानत नहीं बचा पाए थे।

इस चुनाव में राम किंकर ने लगातारक दूसरी बात बाजी मारी थी। इसी तरह 1984 का चुनावी दंगल आठ प्रत्याशियों के बीच हुआ था। इसमें 28.44 फीसदी मत हासिल कर दूसरे नंबर पर रहने वाले एलकेडी के रामसागर को छोड़कर अन्य उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी। इस चुनाव में कमला प्रसाद रावत जीते थे। 1989 का चुनाव नौ धुरंधरों के बीच लड़ा गया, इनमें दूसरे नंबर पर कांग्रेस के राम किंकर व तीसरे नंबर के प्रत्याशी बसपा के विजय कुमार को छोड़कर छह योद्धा जमानत नहीं बचा सके थे। इस लोकसभा चुनाव में रामसागर रावत विनर रहे थे। 1991 के चुनाव में 11 प्रत्याशियों में से रनर रहे बीजेपी के कपिल देव 27.18 और कांग्रेस के कमला प्रसाद रावत 19.80 फीसदी मत पाकर जमानत बचा पाए थे, जबकि राम सागर रावत ने लगातार दूसरी बार मैदान मारा था। वहीं आठ प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई थी। 1996 में 24 प्रत्याशी मैदान में उतरे थे। राम सागर रावत ने इस चुनाव में जीत की हैट्रिक लगाई थी। भाजपा के रनर प्रत्याशी कपिल देव सिंह व तीसरे नंबर पर रहे बसपा एपी गौतम को छोड़ अन्य सभी ने अपनी जमानत गंवा दी थी।

1951 में पहली बार हुआ था लोस का चुनाव

179 प्रत्याशी अब तक जमानत जब्त करा चुके हैं

130 को जमानत बचाने के लिए जनता ने तरसाया

11 प्रत्याशियों ने पहले चुनाव में आजमाई थी किस्मत

सबसे ज्यादा 1996 में 21 प्रत्याशियों ने गंवाई जमानत

बाराबंकी लोकसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 21 प्रत्याशियों ने अपनी जमानत 1996 के लोकसभा चुनाव में गंवाई थी। इस चुनाव में दो दर्जन उम्मीदवार चुनाव लड़े थे। सपा के रामसागर रावत ने भाजपा के कपिल देव को 14722 मतों से हराया था। बसपा के आनंद प्रकाश गौतम 17 .27 मत पाकर तीसरे स्थान पर रहे थे। इसके अलावा अन्य सभी प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई थी।

जमानत बचाने का यह है गणित

प्रत्याशी को जमानत बचाने के लिए कुल मतदान का 16 .66 फीसदी (1/6 हिस्सा) वोट प्राप्त करना जरूरी होता है। किसी प्रत्याशी को अगर कुल मतदान का छठवां हिस्सा (16 .66 फीसदी) वोट नहीं मिलते हैं तो नामांकन के समय जमा की गई ज़मानत राशि ज़ब्त कर ली जाती है। इसे जमानत जब्त होना कहते हैं।

कई दिग्गजों की हुई थी बुरी हार

भाजपा के कद्दावर नेता में शामिल रामनरेश रावत को 2009 के चुनाव में मात्र 47656 मत ही हासिल हुए थे। इस हिसाब से वह चौथे नंबर पर रहे थे। 2014 के चुनाव में बसपा के कमला प्रसाद रावत तीसरे स्थान पर रहे थे। उन्हें 167150 मत मिले थे। जबकि चौथे नंबर पर सपा की राजरानी रावत थी। इन्हें 159284 मत मिले थे। इन दोनों की जमानत जब्त हुई थी। जबकि दूसरे नंबर पर रहे पुनिया को 242236 तो विजेता रहीं भाजपा की प्रियंका रावत को 454214 मत मिले थे। इस चुनाव में 10 लाख 68 हजार 196 मत पड़े थे। इसी तरह 2019 के चुनाव में कांग्रेस के तनुज पुनिया की भी जमानत जब्त हुई थी। इन्हें 159611 मत मिले थे और वह तीसरे नंबर पर रहे थे। इस चुनाव में विजेता रहे बीजेपी के उपेंद्र रावत को 535917 जो सपा के रामसागर को 425777 वोट मिले थे। जबकि कुल पड़े मतों की संख्या 11 लाख 54 हजार 376 थी।

आईना : डुमरियागंज लोकसभा सीट

2019 के चुनाव का लेखा जोखा



उम्मीदवार	वोट
जगदम्बिका पाल	4,92,253
आफताब आलम	3,86,932
चंद्रेश उपाध्याय	60,549
अन्य	11,757

2014 में किसको कितने वोट



2014 नोटा 11,757 | 2014 नोटा 6,776

दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	जगदंबिका पाल	2,98,845
बसपा	मोहम्मद मुकीम	1,95,257
सपा	माता प्रसाद पांडे	1,74,778
कांग्रेस	वसुन्धरा सिंह	88,117
पीईसीपी	डॉ. मोहम्मद अयूब	99,242

2009 चुनाव के आंकड़े

दल	उम्मीदवार	वोट
कांग्रेस	जगदंबिका पाल	229,872
बीजेपी	जय प्रताप सिंह	153,306
बसपा	मोहम्मद मुकीम	151,787
पीईसीपी	इनामुल्लाह चौधरी	79,820
सपा	माता प्रसाद पांडे	60,186



निर्वाचित सांसद

वर्ष	सदस्य	दल
1952	केशव देव मालवीय	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1957	राम शंकर लाल	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1962	कृपा शंकर	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1967	नारायण स्वरूप शर्मा	भारतीय जनसंघ
1971	केशव देव मालवीय	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1977	माधव प्रसाद त्रिपाठी	जनता पार्टी
1980 व 84	काजी जलील अब्बासी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1989	बृजभूषण तिवारी	जनता दल
1991	रामपाल सिंह	भारतीय जनता पार्टी
1996	बृजभूषण तिवारी	समाजवादी पार्टी
1998 व 99	रामपाल सिंह	भारतीय जनता पार्टी
2004	मोहम्मद मुकीम	बहुजन समाज पार्टी
2009	जगदंबिका पाल	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
2014 व 19	जगदंबिका पाल	भारतीय जनता पार्टी

2024

कुल मतदाता- 19,52 039

पुरुष मतदाता- 10,39,726

महिला मतदाता- 9,12,165

शहर में सन्नाटा ... गांव में बना है चुनावी माहौल

सुनील मिश्रा, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार : लोकसभा को लेकर प्रत्याशी इन दिनों गांव की गलियों से लेकर सड़कों तक कदमताल कर रहे हैं। अपनी-अपनी जीत सुनिश्चित करने को हर जुगत भिड़ाने की कोशिश में हैं। हालांकि डुमरियागंज संसदीय सीट के लिए छठवें चरण में चुनाव होना है लेकिन, अभी से गांवों का निरन्तर चक्कर काट रहे ज्यादातर प्रत्याशी अभी से पूरा महौल बनाए हुए हैं। वहीं, शहरों में सन्नाटा सा पसरा है।

डुमरियागंज संसदीय सीट से भाजपा के तीसरी बार प्रत्याशी बने जगदंबिका पाल जहां अपनी जीत को सुनिश्चित करने को जी तोड़ प्रयासरत हैं वहीं से सपा ने भीष्म शंकर तिवारी उर्फ कुशल तिवारी के चुनावी मैदान में उतर जाने से चुनावी सरगर्मी बढ़ी नजर आती है। वह भी समर्थकों के साथ चुनावी समर में अपनी ताकत झोंक चुके हैं। इधर, बसपा ने ख्वाजा शमसुद्दीन को यहां अपना प्रत्याशी बनाया है। सभी प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत के लिए गांव में पहुंचकर चुनावी डंका बजा रहे हैं।

लोकसभा डुमरियागंज में 25 मई को चुनाव का मतदान होगा और 5 जून को स्थिति साफ होगी। लोकसभा डुमरियागंज में कुल मतदाता 19 लाख 52 हजार अपने मतों का प्रयोग करेंगे। जिसमें पुरुष 10 लाख 39726, और महिला 912165, तथा अन्य 148 मतदाता अपने मतों का प्रयोग करेंगे। मालूम हो कि इस चुनावी महासंग्राम में मुस्लिम मतदाता और ब्राह्मण मतदाता चुनावी जीत हार में अहम भूमिका निभाएंगे। सपा में जहां ब्राह्मण मतदाता उतार कर भाजपा में खलबली मचा दी। वही बसपा में मुस्लिम प्रत्याशी उतार कर सपा के लिए एक मुश्किलें खड़ी कर दी है।

▸▸ डुमरियागंज संसदीय सीट के लिए छठवें चरण में चुनाव होना है लेकिन, अभी से गांवों का निरन्तर चक्कर काट रहे ज्यादातर प्रत्याशी

हर प्रत्याशी चल रहा है अपना - अपना दांव

इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अपनी हैट्रिक लगाने के लिए बेताब है। वह गांव के एक-एक व्यक्ति से मिलकर केंद्र और भारत सरकार के विकास की नीतियों को गिना रहे हैं। साथ ही तीसरी बार डबल इंजन की सरकार बनाने की अपील भी कर रहे हैं। वहीं, सपा प्रत्याशी भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी भी लोगों का समर्थन पाने को पुरजोर दांव अजमा रहे हैं। स्वर्गीय हरिशंकर तिवारी जो शेरे पूर्वांचल के नाम से जाने जाते रहे, के पुत्र भीष्म शंकर तिवारी उर्फ कुशल तिवारी का भी पूर्वांचल के ब्राह्मणों में अच्छा प्रभाव माना जा रहा है। सपा से चुनावी भाग्य आजमाने उतरे कुशल तिवारी के आने से भाजपा में खलबली मची हुई है। क्योंकि सपा में अगर यादव मुस्लिम और ब्राह्मणों ने साथ दिया तो भाजपा के लिए कहावत सत्य होगी कि बड़ी कठिन है डगर पनघट की। यहां मतदान होने में अभी लगभग एक महीने का समय है। तीनों मुख्य पार्टियों को छोड़कर अन्य छोटे दल अभी अपने कितने प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतारते हैं यह परिदृश्य साफ नहीं। ऐसे में फिलहाल एनडीए, इंडिया और बसपा के बीच ही संघर्ष होना है। इन दलों के प्रत्याशी प्रचार करने लेकर सक्रिय हैं नतीजतन, चुनाव धीरे-धीरे रोचक होता जा रहा है।

इंडी गठबंधन राम विरोधी, कांग्रेस-सपा ने किया आस्था से खिलवाड़: केशव मौर्य

अमृत विचार, लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को कहा कि पूरा का पूरा इंडी अलायंस राम की विरोधी है। कांग्रेस और सपा ने देशवासियों की आस्था से खिलवाड़ करने का काम कोई पहली बार नहीं किया, वे लगातार और बारंबार करते आ रहे हैं। बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि, सनातन विरोधी इन लोगों ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया था। आज सपा महासचिव ने भगवान राम और रामभक्तों के खिलाफ अनर्गल बयान देकर सनातनियों की श्रद्धा पर कुठाराघात किया है। उन्होंने जनता से अपील की कि, लोकसभा चुनाव में जनता को एक बार फिर इनका घमंड तोड़ना पड़ेगा। जो राम का नहीं ही वो किसी के काम का नहीं। कहा कि यदि सपा के महासचिव अपने नेता को रामलला मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के आमंत्रण को स्वीकार करने की सलाह दिये होते तो राम इनके सारे पाप और कलंक धो देते।

दो लड़कों की जोड़ी पहले भी फ्लॉप रही थी: भूपेन्द्र चौधरी

अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि दो लड़कों की जोड़ी पहले भी उत्तर प्रदेश में फ्लॉप रही थी और एक बार फिर इस जोड़ी को यूपी की जनता सिरे से नकार देगी। बुधवार को जारी एक बयान में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि, जिनके थीम सांग में ही ये कहा जा रहा हो कि दिल्ली में प्रवेश की खातिर व राहुल और अखिलेश की खातिर जनता वोट करे, ऐसे सत्ताभोगी और स्वार्थी लोगों को जनता अच्छी तरह पहचानती है। उन्होंने कहा, इनका जनता के मुद्दों से कोई लेना-देना नहीं है। इनके वादे जुबानी जमाखर्च से ज्यादा कुछ नहीं। इनके सारे वादे सत्ता में आने की छटपटाहट दिखाते हैं, क्योंकि न तो गरीब और किसान इनकी नीति में हैं और न ही नीयत में। दशकों तक देश पर राज करने के बाद भी आज जब वो गरीब की बात करते हैं तो मोदी पर नहीं, बल्कि खुद पर ही सवाल उठाते हैं। प्रदेश और देश की जनता उनके दिल्ली के तख्त पर आसीन होने की लालसा को कभी पूरा नहीं होने देगी।

पहले चरण में 80 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे मतदाता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश के पहले चरण की आठ सीटों पर 80 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा। करीब एक करोड़ 44 लाख मतदाता मतदान करेंगे। इसमें कई राजनीतिक दिग्गजों के लिए कड़ी परीक्षा होगी। सीटों के जीतने के लिए भाजपा, इंडी गठबंधन में शामिल कांग्रेस व सपा और बसपा के प्रत्याशियों के बीच घमासान की स्थिति है।

इस चरण में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना (अजा), मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। सहारनपुर सीट पर चुनाव मैदान में भाजपा से राघव लखन पाल हैं। पिछले चुनाव में पाल को बसपा के हाजी फजलुर्रहमान ने 20 हजार मतों से हराया था। बसपा ने इस बार माजिद अली को चुनाव मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने इमरान मसूद पर दांव लगाया है।

रामपुर सीट पर भाजपा से घनश्याम सिंह लोधी, सपा से मोहिबुल्लाह नदवी, बसपा से जीशान खां चुनाव मैदान में हैं। इसी तरह, पीलीभीत सीट से भाजपा से मंत्री जितिन प्रसाद, सपा से भगवत शरण गंगवार, बसपा से अनीस अहमद खां उर्फ फूल बाबू चुनावी लड़ाई लड रहे हैं। नगीना सीट से बसपा से सुरेंद्र पाल सिंह, भाजपा से ओम कुमार व सपा से मनोज कुमार हैं। इस सीट से आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चन्द्रशेखर आजाद भी प्रत्याशी हैं।

बिजनौर सीट पर राष्ट्रीय लोकदल से चंदन चौहान, सपा से दीपक, बसपा से विजेंद्र सिंह चुनाव मैदान में हैं। मुरादाबाद सीट पर भाजपा से सर्वेश सिंह, सपा से रूचि वीरा व बसपा से इरफान सैफी हैं। मुजफ्फरनगर सीट पर भाजपा से केंद्रीय राज्यमंत्री संजीव बालियान, सपा से हरेंद्र मलिक व बसपा से दारा सिंह प्रजापति चुनाव मैदान में हैं। कैराना सीट पर भाजपा से सांसद प्रदीप कुमार, सपा से इकरा हसना व बसपा से श्रीपाल सिंह अपनी किस्मत अजमा रहे हैं। संजीव बालियान मुजफ्फरनगर से लगातार तीसरी बार लोकसभा जाने की तैयारी में जुटे हैं। कैराना के चर्चित हसन परिवार की बेटी इकरा हसन पर सभी की निगाह है।

● राजनीतिक दिग्गजों के लिए होगी कड़ी परीक्षा

कीर्तिवर्धन के पास पिता से आगे जाने तो श्रेया के पास मौका बाबा की विरासत को आगे बढ़ाने का

राष्ट्रवाद-रामनाम बनाम कुर्मी, यादव व मुसलमान, भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी का सीधा मुकाबला, साधे जा रहे समीकरण

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

कीर्तिवर्धन सिंह, भाजपा उम्मीदवार

श्रेया वर्मा, सपा उम्मीदवार

भाजपा उम्मीदवार कीर्तिवर्धन सिंह चार बार सांसद रह चुके हैं। उनके पिता भी चार-चार बार के सांसद थे। कीर्तिवर्धन अब पांचवीं बार मैदान में हैं। क्या वह अपने पिता से आगे निकल पाने में सफल होंगे? वहीं दूसरी ओर सपा उम्मीदवार श्रेया वर्मा के बाबा स्व. बेनी प्रसाद वर्मा को गोंडा की जनता ने सिर-आंखों पर बैठाया। केंद्र में इस्पात मंत्री बने थे। अब सवाल है कि क्या पौत्री श्रेया वर्मा अपने बाबा की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने में सफल होंगी?

अमृत विचार: अप्रैल माह की चिलचिलाती धूप में चुनाव सरगर्मी भी तेज है। खासतौर पर भाजपा व सपा के घोषित प्रत्याशी पूरी ताकत के साथ चुनावी मैदान में इस सरगर्मी को चरम पर पहुंचाने में जुटे हुए हैं। भाजपा उम्मीदवार सांसद कीर्तिवर्धन सिंह के पास इस बार मौका जहां पांचवी बार जीतकर अपने पिता का रिकॉर्ड तोड़ देने का है वहीं, सपा उम्मीदवार श्रेया वर्मा के पास मौका विजयी होकर अपने बाबा बेनी प्रसाद वर्मा की विरासत को आगे बढ़ाने का है।

बहरहाल, इस बीच उम्मीदवार अपनी और अपनी पार्टी की उपलब्धियों को जनता के बीच रखकर अपने पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं। राष्ट्रवाद से लेकर क्षेत्रवाद और जातिवाद को भी साधने की जुगत चल रही है। दिलचस्प यह कि रामनाम की धुन के बीच ईद की सेवईयां भी बांट रहीं हैं। कहीं, जातीय सहोदर होने की दुहाई दी जा रही तो कहीं विकास कराने का गुणगान हो रहा है। रामनाम का दुपट्टा भी ओढ़ाकर धर्म-जाति की अलख जगाने का भी प्रयास है।

गोंडा लोकसभा की पांच विधानसभा क्षेत्रों में करीब 25 लाख से अधिक आबादी है। इसमें करीब 18 लाख वोटरों को रिझाने की कसरत चल रही है। जिले की गोंडा सदर, मेहनौन, मनकापुर, गौरा तथा बलरामपुर जिले की उतरौला विधानसभा में सभी भाजपा के ही विधायक हैं।

गोंडा सदर से प्रतीक भूषण शरण सिंह, मेहनौन से विनय कुमार द्विवेदी, मनकापुर से रमापति शास्त्री, गौरा से प्रभात कुमार वर्मा तथा उतरौला से राम प्रताप वर्मा सभी भाजपा के विधायक हैं। इन पांच विधानसभा क्षेत्रों में मुस्लिम करीब 21 प्रतिशत, यादव 9 प्रतिशत, कुर्मी करीब 10 प्रतिशत हैं। इसके अलावा करीब 17 प्रतिशत ब्राह्मण, 9 प्रतिशत क्षत्रिय, अनुसूचित 18 प्रतिशत सहित कायस्थ, बनिया व अन्य जाति के लोग निवास करते हैं।

पिता का रिकॉर्ड तोड़ने की भी होगी कसरत

सांसद कीर्तिवर्धन सिंह चार बार सांसद रह चुके हैं। दो बार सपा से तो दो बार भाजपा से जीत हासिल कर चुके हैं। इसी तरह उनके पिता कुंवरआनंद सिंह भी कांग्रेस से चार बार सांसद रह चुके हैं। 1971 में वह पहली बार चुनाव जीते थे। कीर्तिवर्धन सिंह ने अपने पिता की बराबरी तो पूरी कर ली अब पांचवीं बार मैदान में हैं। वह अपने पिता से आगे निकल जाएंगे या बराबरी पर रह जाएंगे यह तो चुनाव बाद पता चलेगा।

अपने बाबा की विरासत को आगे बढ़ाने का जज्बा

2009 में गोंडा से कद्दावर नेता रहे बेनी प्रसाद वर्मा को गोंडा की जनता ने सिर आंखों पर बैठाया। महज 25-26 प्रतिशत वोट पाकर वह विजई हुए थे और केंद्र में इस्पात मंत्री बने थे। लेकिन अपने वादों को पूरा न कर पाने पर 2014 के चुनाव में उन्हें मुंह की खानी पड़ी थी। लेकिन उनकी पौत्री श्रेया वर्मा ने अपने बाबा की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए सपा के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं। वह विरासत बढ़ा पाएंगी या नहीं चुनाव तक इंतजार करना होगा।

सपा को सजातीय तो भाजपा को उम्मीदवार पर भरोसा

समाजवादी पार्टी ने मुस्लिम, यादव के साथ सजातीय समीकरण साधने के लिए कुर्मी विरादरी की श्रेया वर्मा को मैदान में उतारा है। वहीं भाजपा ने अपने पुराने कंडीडेट सांसद कीर्तिवर्धन सिंह पर ही भरोसा जताया है। भाजपा उम्मीदवार के पास बीते 10 सालों के विकास का लेखाजोखा है। राष्ट्रवाद का जज्बा है और रामनाम का सहारा है तो सपा उम्मीदवार के पास भी सपा शासनकाल में कराए गए विकास कार्यों का पुलिंदा है। सपा उम्मीदवार के बाबा स्व. बेनी प्रसाद वर्मा द्वारा गोंडा में किए गए कार्य हैं साथ ही मुस्लिम, यादव व सजातीय वोट कुर्मी के पाले में आने की उम्मीद है। वैसे, किस उम्मीदवार को कुल मतों का कितना हिस्सा मिलता है यह तो वक्त ही बताएगा?

52 प्रतिशत बरकरार रहेगा या घटेगा

2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को 52 प्रतिशत मत मिले थे। 48 प्रतिशत में अन्य सभी दलीय, निर्दलीय उम्मीदवार शामिल थे। रिकार्ड मतों से जीत हासिल कर संसद तक चौथी बार पहुंचने वाले भाजपा उम्मीदवार कीर्तिवर्धन सिंह पांचवी बार अपना रिकार्ड तोड़ पाएंगे या फिर उतने पर या उससे कम पर पहुंचेंगे। समीक्षकों का मानना है कि 2019 का चुनाव मोदी के नाम पर था। यह चुनाव भी उन्हीं के नाम पर लड़ा जा रहा है लेकिन पिछला मत प्रतिशत इस बार नहीं होगा। इसमें कुछ कमी आएगी।

चौथे चरण में 13 लोस सीटों व ददरौल विधानसभा उप चुनाव के लिए आज से नामांकन

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में चौथे चरण में 13 लोकसभा सीटों व ददरौल विधानसभा उप चुनाव के लिए 18 अप्रैल से नामांकन शुरू होंगे। इन सीटों पर 13 मई को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इन सीटों पर चुनाव के लिए अधिसूचना जारी होने के बाद नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नामांकन पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह तीन बजे के बीच किये जा सकेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस चरण में लोकसभा की शाहजहांपुर (अजा), खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई (अजा), मिश्रिख (अजा), उन्नाव, फर्रूखाबाद, इटावा (अजा), कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर व बहराइच (अजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए चुनाव होगा। 13 लोकसभा सीटों में आठ सीटें सामान्य श्रेणी व पांच सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। चौथे चरण के 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र प्रदेश के शाहजहांपुर, खीरी, सीतापुर, हरदोई, कानपुर नगर, उन्नाव, फर्रूखाबाद, एटा, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कन्नौज, बहराइच समेत 13 जिलों के अंतर्गत आते हैं। ददरौल विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र शाहजहांपुर में आता है।

मतदाता खामोश और ध्रुवीकरण गुम है। प्रचार के अंतिम दिन सबने जोर लगाया पर कहीं कोई लहर या तूफ़ान नहीं बन पाया। चर्चा में मोदी हैं, तो सुरक्षा के मुद्दे पर योगी की बात है। पिछले चुनावों की तरह सड़कों पर जय श्री राम का जयघोष नहीं है, पर रामनवमी के आयोजनों में राम मंदिर बनने के उत्साह की हिलोर है। जीत-हार के सवाल पर भाजपा का माहौल है, लेकिन जाति-बिरादरी से नहीं इंकार है। पश्चिम उत्तर प्रदेश में पहले चरण के मतदान से पहले कुछ ऐसा ही हाल है। चौराहों, चाय-पान की दुकानों और चौपालों में वोटों का हिसाब किताब है। भाजपा से टक्कर में दूसरे और तीसरे नंबर की उलझन का गुणा-भाग है। कौन किधर जा रहा है, इसे लेकर हर किसी का अपना कयास है। अधिकतर सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबले की तस्वीर में कौन कितना आगे-पीछे यह जानने के लिए हर कोई बेकरार है।

मनोज त्रिपाठी

उत्तर प्रदेश में पहले चरण के मतदान में आठ लोकसभा सीटों सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत में शुक्रवार को वोट डाले जाएंगे। इन आठ सीटों में 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा पांच सीटें हार गई थी। सहारनपुर, बिजनौर और नगीना लोकसभा सीट बसपा ने जीती थी, जबकि मुरादाबाद और रामपुर में सपा की साइकिल दौड़ी थी। ऐसे में इस बार मिशन-80 का लक्ष्य लेकर चल रही पार्टी के लिए हर सीट बेहद महत्वपूर्ण है। हालांकि इस बार सपा और बसपा के अलग-अलग चुनाव लड़ने और रालोद का साथ मिलने से भाजपा के लिए राहत की बात है, लेकिन फिर भी पार्टी ने राम मंदिर निर्माण और मोदी की गारंटी से माहौल बनाकर परिवारवाद और भ्रष्टाचार पर जोरदार प्रहार करते हुए विकसित भारत के धारदार प्रचार अभियान में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी है। इसके बावजूद जातीय गोलबंदी उसे मतदान से पहले न सिर्फ परेशान कर रही है, बल्कि जीत का अंतर तय करने में उलझन में डाल रही है। भाजपा की यह चिंता बेवजह भी नहीं है, क्योंकि पश्चिम यूपी की कई लोकसभा सीटें जातिगत समीकरण में उलझती दिख रही हैं। कहीं मुकाबला कड़ा होता तो कहीं फंसता नजर आ रहा है। दरअसल, भाजपा को टक्कर देने के लिए सपा-कांग्रेस गठबंधन हो या बसपा दोनों ने इस बार जातिगत समीकरणों का ही सहारा लिया है। इस रणनीति के चलते जानकार मेरठ, मुजफ्फरनगर, बिजनौर लोकसभा सीट पर भाजपा, बसपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन के बीच त्रिकोणीय मुकाबला मानकर चल रहे हैं। जाट, गुर्जर, पिछड़े और दलित वर्ग के साथ मुस्लिम मतों के लिए घमासान है। इनमें कुछ पत्ते कहीं बंद, तो कुछ कहीं हवा के साथ बहते नजर आ रहे हैं। मुस्लिम मतदाता सीट दर सीट चुनाव का रुख भांपकर मतदान करने का मन बना रहा है। उसकी निगाह बसपा या सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशियों की मजबूती पर टिकी है।

पश्चिम यूपी की आठ सीटों पर प्रथम चरण में कल मतदान

वोटर की चुप्पी, बूथ पर ही टूटेगी शोर थमने के साथ बढ़ी धुकधुकी

रामपुर : खेल बिगाड़ने आई बसपा को दिखने लगा अपने खेल का असर

मुस्लिम बहुल रामपुर लोकसभा सीट पर यह पहला चुनाव है, जब नूर महल का नवाब खानदान और सपा नेता मो. आजम खान नेपथ्य में हैं। ऐसे में भाजपा अपने प्रत्याशी घनश्याम लोधी जिन्होंने उपचुनाव में आजम खान के विश्वस्त आसिम रजा को हराकर बड़ा उलटफेर किया था, की फिर से जीत को लेकर आश्वस्त नजर आ रही है। सपा-कांग्रेस गठबंधन के जनाधार वाली इस सीट पर पहले बसपा प्रत्याशी जीशान खान को लेकर कहा जा रहा था कि वह सपा उम्मीदवार मौलाना मोहिबुल्लाह का खेल बिगाड़ने आए हैं। लेकिन सपा की भीतरी कलह और प्रत्याशी मोहिबुल्लाह जो तुर्क बिरादरी से आते हैं, पर पठानों के मुकाबले तुर्क को तरजीह देने का आरोप लगने के बाद बसपा को भाजपा से मुकाबले में अपना खेल बनता नजर आने लगा है। इस सीट पर साढ़े चार लाख युवा मतदाताओं में अधिकांश जाति-धर्म की सियासत से हटकर नया चुनाव कर सकते हैं। इस समीकरण को देखते हुए भाजपा ने पूर्व सांसद बेगम नूर बानो के पौत्र पूर्व विधायक नवेद मियां के बेटे हमजा मियां को पार्टी में लेकर युवाओं को साधने में लगा दिया है। यहां मुस्लिम वोट बंटने पर भाजपा की राह आसान मानी जा रही है।

2019
के लोकसभा चुनाव में भाजपा पांच सीटें गई थी हार

02 सीट मुरादाबाद और रामपुर में जमकर दौड़ी थी सपा की साइकिल

03 सीट सहारनपुर, बिजनौर और नगीना बसपा ने जीत ली थी

पीलीभीत : भाजपा को लग रहा आसान इम्तिहान

इस सीट पर वरुण गांधी की जगह भाजपा से उतरे प्रदेश सरकार में लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद को चुनौती देने के लिए सपा प्रत्याशी भगवत शरण गंगवार और बसपा उम्मीदवार अनीस अहमद खान ने प्रचार के अंतिम दिन तक पूरी ताकत लगाए रखी। प्रधानमंत्री मोदी यहां दस दिन पहले सभा करके भाजपा का माहौल बना गए थे। इसके बाद जितिन प्रसाद ने पूरा अपना चुनावी अभियान प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी और भाजपा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के साथ इलाके के विकास पर केंद्रित रखा। उधर, सपा प्रत्याशी गंगवार के समर्थन में ईद के बाद अखिलेश यादव सभा करके जोश भर गए थे। सपा प्रत्याशी बरेली के नवाबगंज से पांच बार विधायक रहने की याद दिलाते हुए जनता से जुड़ाव और अपने काम की याद दिलाकर लोगों से रिश्ता जोड़ने का प्रयास करते रहे। बसपा प्रत्याशी अनीस अहमद खान ने इस सीट पर करीब पांच लाख मुस्लिम मतदाताओं पर नजर गड़ा रखी है।



मुरादाबाद : भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन में सीधा संघर्ष

मुरादाबाद : इस मुस्लिम बहुल सीट पर टिकट को लेकर हुई कलह के बाद सपा नेता आजम खान समर्थकों का साथ मिलने से सपा प्रत्याशी रुचि वीरा थोड़ी राहत महसूस कर रही हैं। हालांकि मौजूदा सपा सांसद एसटी हसन खुलकर उनके प्रचार में नहीं उतरे हैं। लेकिन इस क्षेत्र में कांग्रेस का जनाधार होने से भाजपा प्रत्याशी सर्वेश कुमार सिंह का मुकाबला करने में सपा-कांग्रेस गठबंधन को ज्यादा मुश्किल पेश नहीं आ रही है। जानकारों के मुताबिक यहां मुकाबला भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन की सीधी लड़ाई में बदलता नजर आ रहा है। हालांकि बसपा प्रत्याशी इरफान सैफी मुस्लिम वोटों में सेंध लगाकर और परंपरागत दलित मतों को साधकर भाजपा की राह आसान करते नजर आ रहे हैं।

2019 में किसको मिले कितने वोट



सहारनपुर: मुस्लिम वोट बैंक पर भाजपा की निगाह

सहारनपुर में भाजपा से तीसरी बार मैदन में उतरे राघव लखनपाल शर्मा ने क्षत्रियों की नाराजगी को तो कुछ हद तक दूर कर लिया है, लेकिन सपा-कांग्रेस गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद की चुनौती से जूझना पड़ रहा है। हालांकि इस लड़ाई में बसपा प्रत्याशी माजिद अली उनकी राह आसान करते नजर आ रहे हैं। ऐसे में सबकी निगाह मुस्लिम वोट बैंक पर टिकी है, जिसकी संख्या छह लाख से ज्यादा बताई जाती है। प्रचार खत्म होने तक इस सवाल का जवाब नहीं मिल पाया है कि क्या मुस्लिम वोट एकमुश्त मसूद के समर्थन में जाएगा? पिछली बार यह सीट सपा से गठबंधन के चलते बसपा ने जीती थी। यदि मुस्लिम वोट में बिखराव होता है तो भाजपा को लाभ निश्चित रूप से मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

लोकसभा चुनाव 2019 का परिणाम



कैराना : सीधी लड़ाई में बदलता दिख रहा चुनाव

कैराना लोकसभा सीट पर चुनाव दिलचस्प हो गया है। इस सीट को जीतने के लिए मुख्यमंत्री योगी जहां हिंदुओं को पलायन की याद दिलाकर विपक्ष को ललकार गए हैं, वहीं अंतिम दिन रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने रोड शो करके हुंकार भरी। जानकारों के मुताबिक इस सीट पर सपा-कांग्रेस गठबंधन की हसन परिवार से उम्मीदवार इकरा हसन भाजपा को सीधी टक्कर देती नजर आ रही हैं। 28 वर्षीय इकरा लंदन में पढ़ी हैं और हिंदू गांवों में जाकर वोट मांगने के दौरान भाजपा सांसद की निष्क्रियता को मुद्दा बनाती रही हैं। भाजपा ने इस सीट पर गुर्जर समाज के प्रदीप चौधरी को दूसरी बार मैदान में उतारा है। प्रदीप चौधरी ने 2019 में इकरा हसन की मां तब्बसुम हसन को हराया था। लेकिन इस बार उनकी मुश्किल की एक वजह बसपा प्रत्याशी श्रीपाल राणा भी हैं, जो भाजपा से नाराजगी का मुद्दा उछालकर पार्टी के परंपरागत ठाकुर वोट बैंक में सेंध लगा रहे हैं।

2019 लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत



नगीना : सुरक्षित सीट पर चंद्रशेखर आजाद ने फंसाया पेंच

नगीना सुरक्षित सीट पर आज़ाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर आजाद चुनाव के केंद्र में हैं। बसपा उन्हें अपने लिए चुनौती मान रही है, यही वजह रही कि पार्टी के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद ने नगीना में ही सभा करके प्रचार अभियान शुरू किया था। यहां करीब 70 प्रतिशत मतदाता मुस्लिम और दलित हैं। भाजपा से नहटौर के विधायक ओम कुमार तो इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी के रूप में पूर्व जज मनोज कुमार मैदान में हैं। उनके समर्थन में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव प्रचार खत्म होने से पहले आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह के साथ माहौल बना गए हैं। बसपा से सुरेंद्र पाल प्रत्याशी हैं। भाजपा को छोड़कर सभी प्रत्याशियों ने प्रचार अभियान के दौरान दलित वोट बैंक में सेंध लगाने की रणनीति बनाई। इसी तरह भाजपा के अलावा मुस्लिम मत भी तीनों प्रत्याशियों में बंटते नजर आ रहे हैं। दलित-मुस्लिम मतों के विभाजन का भाजपा सीधा फायदा उठा सकती है।



2019 का वोट प्रतिशत

बसपा	मलूक नागर	51.21
भाजपा	कुंवर भारतेंद्र	44.67
कांग्रेस	नसीमुद्दीन	2.36

बसपा भाजपा कांग्रेस

बिजनौर : भाजपा-बसपा की लड़ाई सपा ने त्रिकोणीय बनाई

बिजनौर लोकसभा सीट पर 2019 के चुनाव में सपासे गठबंधन के चलते बसपा ने जीत हासिल की थी। इस बार बसपा से चौ. विजेन्द्र सिंह प्रत्याशी हैं। वह जाट और दलित के साथ अति पिछड़ों को साधकर कड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं। उनके मुकाबले में उतरे भाजपा-रालोद गठबंधन के प्रत्याशी चंदन चौहान मीरापुर से रालोद के विधायक हैं। वह गुर्जर बिरादरी से आते हैं। चंदन को मजबूत करने के लिए बिजनौर से बसपा के सांसद मलूक नागर को रालोद में लेकर दलित वोट जोड़ने की कवायद की गई है। रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी इस सीट पर जी-जान लगाए हैं, तो सीएम योगी और बसपा सुप्रीमो मायावती भी जनसभा कर गई हैं। इस सीट पर सपा प्रत्याशी दीपक सैनी संघर्ष को त्रिकोणीय बनाकर वास्तव में भाजपा की मुसीबत बढ़ा रहे हैं।

2019 के लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत

49.6 % भारतीय जनता पार्टी

49.2% सपा, बीएसपी, रालोद (गठबंधन)

मुजफ्फरनगर : भाजपा के वोट बैंक में सेंध की कोशिश

बसपा ने मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से दारा सिंह प्रजापति को प्रत्याशी बनाकर भाजपा के वोट बैंक में सेंध लगाने का प्रयास किया है। दलित और प्रजापति वोटों को साधकर बसपा की कोशिश मुस्लिम वोट अपने पक्ष में करने की है। यहां से भाजपा प्रत्याशी दो बार से सांसद केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान की हर तरफ चर्चा के बीच कुछ विरोध के स्वर भी सुनाई देते हैं। बालियान जाट समाज के साथ ओबीसी वर्ग में मजबूत समर्थन रखते हैं। लेकिन उनके विरुद्ध प्रचार में त्यागी, ठाकुर और सैनी समाज की नाराजगी को हवा देने की कोशिश की जाती रही। कांग्रेस-सपा गठबंधन से मैदान में उतरे हरेन्द्र मालिक कई चुनाव लड़ चुके हैं। इस कारण हर समाज में पहचान और पकड़ रखते हैं। वह अंतिम समय तक भाजपा के वोटों में सेंधमारी करके मुकाबला अपनी तरफ मोड़ने की जद्दोजहद करते नजर आए।

बिहार की चार सीटों पर कल डाले जाएंगे वोट

पटना। बिहार में इंडिया गठबंधन और राजग के बीच लोकसभा चुनाव में कड़ा मुकाबला है। दोनों ही दलों ने प्रचार में ताकत झोंक दी हैं। पहले चरण में यहां की चार सीटों जमुई, गया, नवादा और औरंगाबाद पर 19 अप्रैल को डाले जाएंगे। इन सीटों को जीतने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हों या मुख्यमंत्री नितीश कुमार हों और विरोधी गठबंधन के नेता तेजस्वी यादव सबने अपने तरकश के हर तीर को आजमा लिया है। एक- एक वोट का महत्व समझते हुए राजद, जदयू, हम, भाजपा और लोजपा के कार्यकर्ता मतदाताओं को घर- घर जाकर मनुहार कर रहे हैं।

औरंगाबाद लोकसभा सीट पर भाजपा के सुशील सिंह ताल ठोक रहे हैं तो इंडिया गठबंधन की प्रमुख सहयोगी पाटी राष्ट्रीय जनता दल के अभय कुशवाहा उन्हें चुनौती दे रहे हैं। पिछले तीन चुनाव से सुशील सिंह यहां से जीत रहे हैं। उन्होंने 2009 में जदयू और उसके बाद के दोनों चुनावों में भाजपा के टिकट पर जीत दर्ज की। अब उनके विजय रथ को रोकने के लिए अभय कुशवाहा ने रात दिन एक कर रखा है। तेजस्वी यादव ने यहां सभा कर मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की भरपूर कोशिश की है तो पीएम मोदी के साथ ही राजग के बड़े नेताओं ने भी यहां कोई कसर नहीं छोड़ी है।

गया सुरक्षित सीट को हॉट सीट की श्रेणी में रखा गया है क्योंकि यहां से पूर्व मुख्यमंत्री एवं हम के अध्यक्ष जीतन राम मांझी मैदान में हैं। उनका मुकाबला राष्ट्रीय जनता दल के कुमार सर्वजीत से है। इसके साथ ही विभिन्न दलों और निर्दलीय 12 और उम्मीदवार यहां से ताल ठोक रहे हैं। हालांकि मुख्य मुकाबला मांझी और कुमार सर्वजीत के बीच ही है। 2019 में इस सीट पर जदयू ने परचम लहराया था।

भाजपा ने जमुई लोकसभा सीट अपनी प्रमुख सहयोगी पार्टी लोजपा रामविलास को दी है। इस सुरक्षित सीट पर लोजपा रामविलास ने अरुण भारती तो राजद ने अर्चना कुमारी रविदास को उम्मीदवार बनाया है। यह सीट लोजपा प्रमुख चिराग पासवान के लिए भी प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गई है। लगातार दो चुनाव में वे इस सीट पर खुद ही जीत चुके हैं। अब उन्होंने अरुण भारती को उतारा है। नवादा सीट पर भाजपा प्रत्याशी विवेक ठाकुर और राजद के श्रवण कुमार ताल ठोक रहे हैं। इन्हीं दोनों के बीच मुख्य मुकाबला भी है।

● राजग ने पिछले चुनाव में जीतीं थीं ये लोकसभा सीटें

2019 में कौन कहां से जीता

सीट	विजेता पार्टी
गया	जदयू
नवादा	लोजपा
जमऊ	लोजपा
औरंगाबाद	भाजपा

तमिलनाडु में 20 सीटों पर त्रिकोणीय संघर्ष!

चेन्नई

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में सबसे बड़ा मुकाबला तामिलनाडु में होने जा रहा है। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल के बाद लोकसभा सीटों के मामले में यह देश का चौथा सबसे बड़ा राज्य है। इस दक्षिणी राज्य में अभी तक अन्नाद्रमुक और द्रमुक के बीच द्वि-ध्रुवीय मुकाबला ही होता रहा है। राष्ट्रीय दल कांग्रेस और भाजपा इन दोनों में किसी एक पार्टी के साथ हाथ मिलाते रहे हैं। लेकिन इस बार के लोकसभा चुनाव में यहां दो दर्जन से अधिक सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबले की उम्मीद जताई जा रही है। भाजपा के नेतृत्व वाला राजग यहां से अपनी सीटें बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। तमिलनाडु की 39 लोकसभा सीटों में पहली बार भाजपा अपने फायरब्रांड नेता के अन्नामलाई के नेतृत्व में कम से कम 10 लोकसभा सीटें और दो अंकों में वोट शेयर दर्ज करने की उम्मीद कर रही है।

पिछली बार 2019 के चुनाव में डीएमके गठबंधन ने तमिलनाडु की 39 में से 38 सीटें जीती थीं। पार्टी को उम्मीद है कि इस बार अन्नाद्रमुक और भाजपा के बीच वोट विभाजन के कारण उनके लिए राह और भी आसान हो सकती है, क्योंकि अन्नाद्रमुक और भाजपा एक साथ चुनाव नहीं लड़ रहे हैं।

2014 में द्रमुक का नहीं खुला था खाता: तमिलनाडु में साल 2014 के आम चुनाव में तत्कालीन मुख्यमंत्री जे जयललिता के नेतृत्व वाली अन्नाद्रमुक ने 37 सीटें जीती थीं। भाजपा ने एक सीट और एस रामदास के नेतृत्व वाली पट्टली मक्कल काची ने एक सीट जीती थी।

39 सीटों पर मतदान कल

- भाजपा अपने फायरब्रांड नेता अन्नामलाई के नेतृत्व में 10 सीटें और दो अंकों में वोट शेयर की कर रही उम्मीद
- द्रमुक को भाजपा और अन्नाद्रमुक के बीच वोट विभाजन के कारण नजर आ रही जीत की राह और आसान

26 उम्मीदवार नामांकन में दाखिल किए गए चुनावी हलफनामों के अनुसार चुनाव लड़ने वाले 40 सबसे अमीर उम्मीदवारों में तमिलनाडु से हैं।

2019 का चुनाव परिणाम

द्रमुक गठबंधन	38
अन्ना द्रमुक गठबंधन	01

2019 वोट शेयर

द्रमुक गठबंधन : **53.15%**
अन्ना द्रमुक गठबंधन : **30.56 %**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम प्रांत के नलबाड़ी में लोकसभा चुनाव को लेकर आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने अबकी बार चार सौ पार का नारा भी लगाया।

मतदाताओं का मिजाज | 17 चुनावों में सिर्फ तीन बार 1998, 2014 और 2019 के चुनाव में बरेली संसदीय सीट पर 60 फीसदी से ज्यादा पड़े वोट

मंदिर और मोदी लहर में फर्स्ट डिवीजन पास हुए बरेली के मतदाता

अनुपम सिंह, बरेली

अमृत विचार : बरेली संसदीय सीट पर मतदाताओं का मिजाज मुद्दों, लहर और ध्रुवीकरण से प्रभावित होता रहा है। यही वजह है कि पिछले 72 बरसों में हुए 17 चुनावों में महज तीन बार ही यहां के मतदाता फर्स्ट डिवीजन पास हुए, जबकि बाकी चुनावों में 60 फीसदी का आंकड़ा नहीं छू सके। अब इस बार डिस्टिंक्शन यानी 75 फीसदी मतदान के लिए चुनाव आयोग, राजनीतिक दल और प्रत्याशी सभी जोर लगा रहे हैं।

आजादी के बाद पहली बार 1952 में हुए लोकसभा चुनाव में बरेली सीट पर 36.55 फीसदी मतदान हुआ था। 1957 में वोटिंग प्रतिशत छह प्रतिशत बढ़ोत्तरी के साथ 42.8 पर पहुंचा। 1962 के चुनाव में मतदाताओं ने और उत्साह दिखाया तो 48.1 प्रतिशत मतदान हुआ। 1967 में फिर मतदाता बड़ी संख्या में घरों से बाहर आए और 57.7 प्रतिशत वोटिंग हुई। 1971 के चुनाव में जिला प्रशासन और सियासी दलों को वोटिंग प्रतिशत और बढ़ने की उम्मीद थी, लेकिन मतदाताओं ने निराश कर दिया। वोटिंग प्रतिशत धड़ाम होकर 45.6 फीसद पर अटक गया।

हालांकि 1977 के चुनाव में उत्साह फिर देखने को मिला और 53.21 फीसदी मतदान कर मतदाताओं ने अधिकारों के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया, लेकिन 1980 में मतदान प्रतिशत गिरकर 44.6 रह गया। 1984 में वोटिंग प्रतिशत में फिर उछाल आया। 54.01 फीसदी मतदान हुआ। 1989 के चुनाव में मतदान तीन फीसदी लुढ़ककर 51.8 रहा। 1991 में फिर बढ़ोत्तरी हुई और मतदान प्रतिशत का आंकड़ा 58.3 फीसदी पहुंचा। लेकिन 1996 में मतदान प्रतिशत 50.6 फीसदी पर चला गया। लेकिन 1998 ने पहली बार रिकॉर्ड बनाया। 61.7 फीसदी वोटिंग के साथ मतदाता फर्स्ट डिवीजन पास हुए। हालांकि, एक साल बाद 1999 में लोकसभा का चुनाव हुआ, तो मतदान 58.5 प्रतिशत ही हुआ। 2004 में उदासीनता दिखी और मतदान प्रतिशत 52.9 पर सिमट गया। 2009 में आंकड़ा 50.4 फीसदी रहा, लेकिन 2014 के चुनाव में मतदाताओं ने कमाल कर दिया। 11 फीसदी ज्यादा वोट पड़े और मतदाताओं ने 61.2 फीसदी वोटिंग के साथ फर्स्ट डिवीजन का दूसरा रिकॉर्ड बनाया। 2019 में 2014 वाली स्थिति मतदाता बरकरार तो नहीं रख पाए, मगर 60.5 प्रतिशत मतदान के साथ फर्स्ट डिवीजन पर बने रहे।

भाजपा और मोदी लहर में रचा कीर्तिमान

- बरेली संसदीय सीट का चुनावी इतिहास बताता है कि मतदाताओं ने जिन तीन चुनावों में सबसे ज्यादा वोटिंग की, उस समय देश में भाजपा और मोदी की लहर रही। 1998 के लोकसभा चुनाव के वक्त राम मंदिर आंदोलन के कारण भाजपा के पक्ष में माहौल था, तो 2014, 2019 में मोदी लहर थी। इसके सियासी निहितार्थ भी निकाले जा रहे हैं, क्योंकि बरेली सीट को मुस्लिम बाहुल माना जाता है। ऐसे में इन तीन चुनावों में सबसे ज्यादा वोटिंग होना दिलचस्प है।

1977 में जनता पार्टी की लहर में 53.21, 1984 में सहानुभूति के चलते 54.01 और 99 में 58.5 फीसदी पड़े वोट थे

33,54,696 मतदाता बरेली और आंवला सीट पर

1796060 पुरुष मतदाता

1558544 महिला मतदाता

एक नजर

वायुसेना ने दो रोगियों को विमान के जरिए करगिल से श्रीनगर पहुंचाया

नई दिल्ली। भारतीय वायुसेना के एएन-32 विमान के जरिए दो रोगियों को बुधवार को करगिल से श्रीनगर ले जाया गया, जिन्हें तत्काल चिकित्सा सहायता की जरूरत थी। वायुसेना ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में विमान और उन्हें ले जाए जाने की तस्वीरें भी साझा कीं। पोस्ट में लिखा था कि वायुसेना के एक एएन-32 से आज सुबह दो रोगियों को करगिल से श्रीनगर पहुंचाया गया। रोगियों को तत्काल चिकित्सा सहायता की जरूरत थी और उन्होंने स्थानीय प्रशासन के जरिए वायुसेना से मदद मांगी थी। करगिल केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में काफी ऊंचाई पर है।

अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेसवे पर कार ने ट्रक में टक्कर मारी, 10 मौत

नाडियाड (गुजरात)। गुजरात के खेडा जिले में नाडियाड कस्बे के समीप अहदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेस वे पर बुधवार को एक तेज रफ्तार कार की ट्रक से टक्कर हो गई, जिसमें कार सवार 10 लोगों की मौत हो गई। नाडियाड देहात थाने के निरीक्षक किरीट चौधरी ने बताया, कार वडोदरा से अहमदाबाद की ओर जा रही थी कि तभी एक्सप्रेस वे पर वाहन ट्रक के पिछले हिस्से से जा टकराया। आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो घायलों को एक एम्बुलेंस में पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। नाडियाड से विधायक पंकज देसाई ने कहा कि ऐसी संभावना हो सकती है कि कुछ तकनीकी गड़बड़ी के कारण ट्रक को एक्सप्रेसवे की बाईं ओर रोका गया हो और कार चालक को ब्रेक लगाने के लिए पर्याप्त वक्त नहीं मिला, जिसकी वजह से हादसा हो गया।

सोनीपत में अर्धसैनिक बल के सेवानिवृत्त जवान की हत्या

चंडीगढ़। सोनीपत के खरखौदा थाना क्षेत्र में अर्धसैनिक बल से सेवानिवृत्त एक जवान की हत्या कर दी गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि उसका शव उसकी दुकान के डीप फ्रीजर के अंदर से मिला। मृतक की पहचान 47 वर्षीय वीरेंद्र के तौर पर हुई है जो 13 अप्रैल से लापता थे और उनकी पत्नी ने 15 अप्रैल को उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट खरखौदा थाने में दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि मंगलवार रात को उनका बेटा चाचा के साथ दुकान पर बाइक लेने गया तो मामले का पता लगा, जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया और पुलिस ने देर रात शव को कब्जे में लेकर उसे अस्पताल भिजवाया।

पूर्वी दिल्ली के फ्लैट में महिला और भाई मृत मिले, पति गिरफ्तार

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के शकरपुर इलाके में एक व्यक्ति ने पेंचकस से हमला कर अपनी पत्नी और उसके भाई की कथित रूप से हत्या कर दी। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (पूर्वी दिल्ली) अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि गाजियाबाद के एक स्कूल में शिक्षिका कमलेश होल्कर (29) और राम प्रताप सिंह (18) बुधवार की सुबह शकरपुर की एक आवासीय इमारत की दूसरी मंजिल पर मिले। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि कमलेश और उसके पति श्रेयांस कुमार पाल के बीच मंगलवार रात को किसी बात को लेकर बहस हुई होगी, जिसके बाद आरोपी ने महिला और उसके भाई की हत्या कर दी।

तृणमूल के घोषणापत्र में कई कल्याणकारी कदमों, सीएए निरस्त करने का भी वादा

आम लोगों के जीवन स्तर में सुधार के लिए लाया गया दीदार शपथ

कोलकाता, एजेंसी

तृणमूल कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को अपना घोषणापत्र जारी किया जिसमें विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के केंद्र की सत्ता में आने पर कई सामाजिक कल्याणकारी कदमों के साथ ही नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को रद्द करने का वादा किया गया है।

इसके साथ ही पार्टी ने देश में राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) कवायद को रोकने का भी वादा किया है। तृणमूल ने घोषणापत्र को दीदीर शपथ नाम दिया है और इसमें आम लोगों के जीवन स्तर में सुधार के लिए अन्य कदमों के अलावा रोजगार, आवास, मुफ्त एलपीजी सिलेंडर, किसानों के लिए सुनिश्चित न्यूनतम समर्थन मूल्य, अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) छात्रों के लिए छात्रवृत्ति का वादा भी किया गया है। राज्यसभा में तृणमूल के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने यहां पार्टी मुख्यालय में घोषणापत्र जारी करते हुए कहा, ये वे वादे हैं जिन्हें हम 'इंडी' समूह के हिस्से के तौर पर पूरा करेंगे, जब समूह की अगली सरकार बनेगी। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस के साथ सीट- बंटवारे को लेकर सहमति नहीं बनने के बाद तृणमूल जनवरी में 'इंडी' गठबंधन से बाहर हो गई थी। हालांकि ममता बनर्जी नीत पार्टी ने कहा था कि वह राष्ट्रीय स्तर पर 'इंडी' समूह का हिस्सा बनी रहेगी। पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित मित्रा ने कहा, हम मूल्य स्थिरीकरण कोष की स्थापना के जरिए पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों को नियंत्रित करने का वादा करते हैं। हम नागरिकता संशोधन अधिनियम को रद्द करने और देश में राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) कवायद को रोकने का भी वादा करते हैं।



टीएमसी नेता अमित मित्रा और डेरेक ओ 'ब्रायन ने जारी किया पार्टी का चुनाव घोषणापत्र। ● एजेंसी

भारत की 144 करोड़ जनसंख्या में से 24 फीसदी 0-14 वर्ष आयु वाले : यूएनएफपीए

नई दिल्ली, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत की अनुमानित जनसंख्या 144 करोड़ हो चुकी है, जिसमें 24 प्रतिशत लोग 0 से 14 साल के उम्र के हैं। यूएनएफपीए की विश्व जनसंख्या 2024 रिपोर्ट इंटरवॉवन लाइव्स, थ्रेड्स ऑफ होप एंडिंग इनइक्वैलिटीज इन सैक्सुअल एंड रिप्रॉडक्टिव हेल्थ एंड राइट में अनुमान लगाया गया है कि भारत की जनसंख्या 77 वर्षों में दोगुनी हो जाएगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत 144.17 करोड़ की अनुमानित जनसंख्या के साथ विश्व स्तर पर सबसे आगे है, जबकि चीन को दूसरा स्थान प्राप्त है। वहां 142.5 करोड़ की आबादी है। भारत में साल 2011 में की गई जनगणना के दौरान यहां 121 करोड़ आबादी थी। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि भारत की करीब 24 प्रतिशत आबादी 0-14 वर्ष की हैं, जबकि 17 प्रतिशत 10-19 वर्ष के भीतर है। रिपोर्ट में अनुमान जताया गया है कि 10-24 साल के 26 प्रतिशत लोग हैं जबकि 68 फीसदी 15-64 आयु वर्ग के हैं। भारत की सात प्रतिशत आबादी 65 वर्ष या उससे अधिक आयु की है, जिसमें पुरुषों की जीवन प्रत्याशा 71 वर्ष और महिलाओं की 74 वर्ष है।

77 वर्षों में दोगुनी हो जाएगी भारत की जनसंख्या, 68 फीसदी लोग 15-64 की आयु वाले

रिपोर्ट में पाया गया कि यौन और प्रजनन स्वास्थ्य में 30 वर्षों की प्रगति ने दुनिया भर में सबसे वंचित समुदायों को नजरअंदाज किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में साल 2006-2023 के बीच 23 प्रतिशत लोगों का बाल विवाह कराया गया था। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में मातृ मृत्यु में काफी गिरावट आई है, जो दुनिया भर में होने वाली ऐसी सभी मौतों का 8 प्रतिशत रह गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की सफलता का श्रेय अक्सर किफायती, गुणवत्तापूर्ण मातृ स्वास्थ्य सेवाओं तक बेहतर पहुंच के साथ-साथ स्वास्थ्य परिणामों पर लैंगिक भेदभाव के प्रभाव को दूर करने के प्रयासों को दिया जाता है।

'भगवा पोशाक' को लेकर विवाद के बाद स्कूल के अफसरों पर मामला दर्ज

हैदराबाद, एजेंसी

मंचेरियल जिला पुलिस ने कन्नेपल्ली गांव में स्कूल में 'हनुमान दीक्षा पोशाक' पहनकर आने वाले कुछ छात्रों पर कथित रूप से आपत्ति जताने के लिए स्कूल के अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दांडेपल्ली पुलिस के अनुसार, छात्रों के माता-पिता की शिकायत के आधार पर मंगलवार को प्रधानाध्यापक समेत स्कूल अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। ब्लेस्ड मदर टेरेसा हाई स्कूल प्रबंधन ने बताया कि दो दिन पहले, प्रधानाध्यापक ने छात्रों को पोशाक के बजाय भगवा कपड़े में देखने के बाद उन्हें अपने माता-पिता को बुलाने के लिए कहा। बाद में लोगों के एक समूह ने मंगलवार को स्कूल में तोड़फोड़ की।

कन्या भ्रूण हत्या के संदर्भ में बोले अजित पवार, द्रौपदी जैसे हो सकते हैं हालात

पुणे, एजेंसी

महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजीत पवार ने बुधवार को कहा कि कन्या भ्रूण हत्या ने राज्य के कुछ हिस्सों में लिंगानुपात को इतना खराब कर दिया है कि भविष्य में द्रौपदी के बारे में सोचना पड़ सकता है। हिंदू महाकाव्य महाभारत की प्रमुख महिला पात्र द्रौपदी के पांच पति थे।

पुणे जिले के इंदापुर में चिकित्सकों की एक सभा को संबोधित करते हुए पवार ने कुछ स्त्रीरोग विशेषज्ञों की शिकायतों का जिक्र किया कि प्रसव पूर्व परीक्षण में लिंग निर्धारण को रोकने के नाम पर उन्हें स्वास्थ्य विभाग से उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। शिकायतों पर प्रतिक्रिया देते हुए पवार ने कहा कि भले ही उत्पीड़न के मामले आते हैं लेकिन यह भी जानकारी है कि अस्पतालों में अवैध चीजें होती हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आप बीड की स्थिति जानते हैं (जहां कुछ चिकित्सकों को अवैध गर्भपात गिरोह चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था)।

पैराशूट रेजीमेंट प्रशिक्षण केन्द्र से 427 अग्निवीरों का सफल प्रशिक्षण

बेंगलुरु। कर्नाटक में पैराशूट रेजीमेंट प्रशिक्षण केन्द्र से बुधवार को तीसरे बैच के 427 अग्निवारों ने 24 सप्ताह का कठिन भर्ती प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया। इस मौके पर परेड का आयोजन किया गया। इसमें 427 अग्निवीरों ने अनुकरणीय अनुशासन और प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। कर्नाटक और केरल उप-क्षेत्र के जनरल ऑफीसर कमांडर मेजर जनरल रवि मुरुगन अग्निवीरों की परेड का निरीक्षण किया और उन्हें संबोधित किया। उन्होंने अग्निवीरों को ईमानदारी, वफादारी, बहादुरी के मूल्यों को कायम रखने के महत्व पर जोर दिया और रंगरूटों की त्रुटिहीन सहनशक्ति, टर्नआउट और ड्रिल के लिए सराहना की। मेजर जनरल मुरुगन ने अग्निवीरों के माता-पिता को बधाई दी, जिनका राष्ट्र सेवा के लिए अपने बच्चों को कठिन प्रशिक्षण में भेजना समर्थन और योगदान है।

सेरेब्रल पाल्सी से ग्रसित केरल की सारिका ए. के. ने उत्तीर्ण की सिविल सेवा परीक्षा

कोझिकोड (केरल), एजेंसी

उत्तरी केरल के कोझिकोड जिले की रहने वाली महिला सारिका ए. के. ने गंभीर बीमारी सेरेब्रल पाल्सी से ग्रस्ति होने के बावजूद सिविल सेवा की परीक्षा उत्तीर्ण की। सेरेब्रल पाल्सी (सीपी) एक जन्मजात बीमारी है, जो किसी व्यक्ति की चलने-फिरने, संतुलन बनाए रखने की क्षमता को प्रभावित करती है।

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा मंगलवार को जारी किए गए परिणामों के अनुसार, सारिका ने अपने दूसरे प्रयास में सिविल सेवा की परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए 922 रैंक हासिल की। वह अपने दाहिने हाथ का उपयोग नहीं कर पाती हैं और मोटर चालित व्हील-चेयर को नियंत्रित करने के लिए अपने बाएं हाथ का इस्तेमाल करती हैं। उन्होंने कहा कि शुरुआत में वह नतीजे से हैरान थीं। सारिका ने कहा मुझे यह उम्मीद थी कि मैं परीक्षा उत्तीर्ण कर लूंगी। मुझे खुशी है कि मैंने यह कर दिखाया। मेरे पास अपनी खुशी जाहिर करने के लिए शब्द नहीं हैं। सारिका ने स्नातक होने के बाद सिविल सेवा की परीक्षा देने का फैसला किया था। अपने परिवार, दोस्तों और शिक्षकों के समर्थन की बदौलत वह इसमें सफल भी हो गईं। उन्होंने अमेरिका की एक महिला जेसिका कॉक्स का भी जिक्र किया जो हाथ नहीं होने के बावजूद एक लाइसेंस प्राप्त पायलट बन गई थीं।

भारत की सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित

कासरगोड(केरल)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि अपने पड़ोसियों के साथ भारत की सीमाएं सुरक्षित हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता सिंह ने कांग्रेस के इस आरोप के स्पष्ट संदर्भ में यह बयान दिया कि चीन ने लगभग 2,000 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है जिसमें लद्दाख में 65 गश्त बिंदुओं में से 26 पर कब्जा किया जाना और अरुणाचल प्रदेश के 50-60 किमी अंदर गांव बनाना शामिल है। सिंह कन्नूर लोकसभा क्षेत्र में एक चुनावी सभा में बोल रहे थे।

हिरासत में मौत मामले में पुलिस पर कार्रवाई के लिए याचिका दायर

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने उन पुलिस अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई है, जिनकी हिरासत में हरियाणा के फरीदाबाद जिले में एक 32 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई थी। यह मामला 2013 का है।

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति पी.बी. वराले की पीठ ने मृतक के भाई आनंद राय कौशिक की याचिका पर हरियाणा सरकार और राज्य के पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी किया है। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 26 जुलाई के लिए सूचीबद्ध की। आनंद कौशिक ने वकील राहुल गुप्ता के माध्यम से दायर अपनी याचिका में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा पिछले साल 28 नवंबर को पारित आदेश को चुनौती दी है। उच्च न्यायालय ने आपराधिक मामला दर्ज करने और जांच को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो या किसी अन्य जांच एजेंसी को स्थानांतरित करने की उनकी याचिका खारिज कर दी थी। याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि उनके भाई सतेंद्र कौशिक की 25 जुलाई 2013 को फरीदाबाद के एनआईटी पुलिस थाने में हिरासत के दौरान मौत हो गई थी।

कारोबार

लखनऊ मंडी

गेहूँ (आरआर 21)	2360-2800
गेहूँ (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)	
लोकल	मिल डिलीवरी
गेहूँदड़ा	2250-2400
आर.आर.21	2450-2500
गेहूँफारम	2550-2600
जौ	2000-2100
ज्वार	2000-4000
बाजरा	2100-2150
मकाई	2200-2400
चना	5800-5900
अरहर	9000-10000
मसूर	5500-5600
मटर	3700-4000
उड़दहरा	11000-11800
उड़दकाला	6000-8000
मूँग	8500-8800
अरहरफूल	15800-16000
अरहरस्पेशल	13800-14000
चनादाल	7250-7350
मटरदाल	5050-5150
मसूरमलका	7200-7250
मसूरदाल	7400-7450
उड़ददाल	9500-13000
उड़द धोवा	10700-13250

मेंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक-1005, फ्लैग-1110, डीएमओ-890, बोल्ड-1180

सर्राफा

कानपुर	
चाँदी 999 (प्रति किलो)	85800
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	85000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	90000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	75875
गिन्नी (प्रति नग)	56550-56750
बरेली	
गोल्ड (पक्के जेवर)	75300
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	74300
सिल्वर (पक्की)	830 (अनुमानित)

स्पाइसजेट की उड़ान यात्रियों का सामान लिए बिना बागडोगरा पहुंची

नयी दिल्ली/ बागडोगरा। स्पाइसजेट एयरलाइन के कई यात्रियों को बुधवार को पश्चिम बंगाल के बागडोगरा हवाई अड्डे पर उस समय असुविधा का सामना करना पड़ा जब उन्हें पता चला कि उनका सामान दिल्ली में ही छूट गया है। स्पाइसजेट ने इस असुविधा के लिए खेद जताते हुए कहा कि दिल्ली में छूट गए यात्रियों के सामान को अगली उड़ानों के जरिये बागडोगरा लाया जाएगा। यह मामला उस समय सामने आया जब नोएडा निवासी एक यात्री ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। राजेश कुमार ने 'एक्स' पर लिखा, ''आज दिल्ली से बागडोगरा की उड़ान एसजी8841 में हमारा सामान खो गया और गलत जगह रख दिया गया। कर्मचारियों के पास इसका कोई जवाब नहीं है।'' दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 से यह उड़ान दोपहर 12.30 बजे बागडोगरा के लिए रवाना हुई थी। स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने इस प्रकरण पर कहा, ''स्पाइसजेट की उड़ान एसजी 8841 को परिचालन कारणों से भार-वहन संबंधी बंदिशों का सामना करना पड़ा।

2047 तक 34.7 लाख करोड़ डॉलर की होगी भारतीय अर्थव्यवस्था : पीएचडीसीसीआई

विकसित भारत की ओर जाने के लिए 10 प्रमुख कारकों की लगात कम करने की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

उद्योग संगठन पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) ने वर्ष 2047 तक भारतीय अर्थव्यवस्था को विकसित भारत की ओर ले जाने के लिए आज 10 प्रमुख कारकों की घोषणा की जिनमें व्यापार करने में आसानी, पूंजी, बिजली, लॉजिस्टिक्स, भूमि की लागत जैसी व्यापार करने की लागत को कम करना शामिल है।

पीएचडीसीसीआई ने '2047 तक विकसित भारत' का रूपरेखा पेश करते हुये कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार वैश्विक प्रतिकूलताओं के बावजूद कोविड महामारी के बाद मजबूती से आगे बढ रही है। उसने कहा कि वर्ष 2047 तक प्रति व्यक्ति आय 21000 डॉलर के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था 34.7 लाख करोड़ डॉलर की हो जाएगी। संगठन के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने कहा हमने 10 प्रमुख कारको की पहचान की है जो अर्थव्यवस्था को 2047 तक विकसित भारत की ओर ले जा रहे हैं। फैक्ट्री स्तर पर व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देना। पूंजी की लागत, कच्चे माल की लागत, भूमि की लागत और भूमि की उपलब्धता, श्रम की लागत और कुशल श्रम की उपलब्धता तथा अनुपालन की लागत सहित व्यवसाय करने की लागत को कम करना पहला और बुनियादी प्रमुख क्षेत्र है जिस पर सरकार का ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

भारत जनसांख्यिकीय लाभांश का नहीं उठा रहा फायदा : पूर्व गवर्नर रघुराम राजन

वाशिंगटन। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने मंगलवार को कहा कि भारत जनसांख्यिकीय लाभांश का फायदा नहीं उठा रहा है। जनसांख्यिकीय लाभांश से तात्पर्य कार्यबल अधिक होने और आश्रितों की संख्या कम होने से उत्पादता बढ़ने और इसी क्रम में तेज आर्थिक वृद्धि से है। राजन ने इस बात पर जोर दिया कि मानव पूंजी में सुधार और उनके कौशल को बढ़ाने पर ध्यान देने की जरूरत है। राजन ने यहां जॉर्ज वाशिंगटन विश्वविद्यालय में 2047 तक भारत को एक उन्नत अर्थव्यवस्था बनाना इसके लिए क्या करना होगा विषय पर चर्चा में कहा मुझे लगता है कि हम इसके (जनसांख्यिकीय लाभांश) बीच में हैं, लेकिन समस्या यह है कि फायदा नहीं उठा रहे हैं।

भारतीय अर्थव्यवस्था के 2024 में 6.5% बढ़ने का अनुमान

संयुक्त राष्ट्र। भारत की अर्थव्यवस्था के 2024 में 6.5 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। रिपोर्ट में कहा गया कि बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने के लिए देश में अपनी विनिर्माण प्रक्रियाओं का विस्तार कर रही हैं, जिसका भारतीय निर्यात पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। संयुक्त राष्ट्र व्यापार व विकास (यूएनसीटीएडी) ने मंगलवार को जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत 2023 में 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ा और 2024 में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है।

अप्रैल के पहले पखवाड़े देश में बिजली की खपत 10 % बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

70.66 अरब यूनिट सालाना खपत, आर्थिक गतिविधियों में हो रहा है सुधार

देश में बिजली की खपत इस साल अप्रैल के पहले पखवाड़े में सालाना आधार पर करीब 10 प्रतिशत बढ़कर 70.66 अरब यूनिट रही। यह आर्थिक गतिविधियों में सुधार को दर्शाता है।

बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इस साल अप्रैल में एक से 15 तारीख के बीच बिजली खपत 70.66 अरब यूनिट रही जो एक साल पहले इसी अवधि में 64.24 अरब यूनिट थी। किसी एक दिन में बिजली की अधिकतम मांग यानी अधिकतम आपूर्ति अप्रैल के पहले पखवाड़े में 218 गीगावाट रही जो एक साल पहले इसी अवधि में 206 गीगावाट थी। बीते वर्ष एक दिन में बिजली की अधिकतम आपूर्ति अप्रैल में सर्वाधिक करीब 216 मेगावाट रही थी। मंत्रालय ने बिजली की अधिकतम मांग इस साल गर्मियों (अप्रैल-जून) में 260 गीगावाट रहने का अनुमान जताया है। पिछले साल सितंबर में बिजली की अधिकतम मांग 243 गीगावाट रही जो अबतक का सबसे ऊंचा आंकड़ा है।

पावरग्रिड बॉन्ड से जुटाएगी 12,000 करोड़

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी पावरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के निदेशक मंडल ने चालू वित्त वर्ष में बॉन्ड जारी कर 12,000 रुपये जुटाने के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दे दी। पावरग्रिड ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि बॉन्ड पर गठित निदेशकों की समिति ने 17 अप्रैल, 2024 को आयोजित अपनी बैठक में वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान गैर-परिवर्तनीय, गैर-संचयी, प्रतिदेय, कर-योग्य बॉन्ड जारी करने को मंजूरी दी।

अडाणी परिवार ने अंबुजा सीमेंट्स में 8,339 करोड़ रुपये का किया निवेश

नई दिल्ली, एजेंसी

70.3% हुई बढ़कर कुल हिस्सेदारी
विनिर्माण को मिलेगा बढ़ावा

उद्योगपति गौतम अडाणी के परिवार ने अंबुजा सीमेंट्स में अतिरिक्त 8,339 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे उसकी हिस्सेदारी 70.3 प्रतिशत हो गई। इस कदम से सीमेंट कंपनी की विनिर्माण क्षमता को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

कंपनी ने कहा कि अडाणी परिवार ने इससे पहले 18 अक्टूबर 2022 को कंपनी में 5,000 करोड़ रुपये और 28 मार्च 2024 को 6,661 करोड़ रुपये का निवेश किया था। इस नवीनतम निवेश के साथ उसने 20,000 करोड़ रुपये की योजना पूरी कर ली है। कंपनी के प्रवर्तक अडाणी परिवार ने कंपनी में 8,339 करोड़ रुपये का निवेश करके वारंट कार्यक्रम का पूर्ण अभिदान हासिल कर लिया है। कुल निवेश 20,000 करोड़ रुपये का हुआ है। नवीनतम निवेश से अडाणी परिवार की अंबुजा सीमेंट में हिस्सेदारी 3.6 प्रतिशत बढ़ गई है। कुल मिलाकर अंबुजा सीमेंट में इसकी हिस्सेदारी 63.2 प्रतिशत से बढ़कर अब 70.3 प्रतिशत हो गई है।

ब्रिटेन में मुद्रास्फीति सबसे निचले स्तर पर

लंदन। ब्रिटेन की मुद्रास्फीति मार्च में ढाई साल में सबसे निचले स्तर पर आ गई है। खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट इसकी मुख्य वजह रही।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, मार्च तक उपभोक्ता कीमतों में 3.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो सितंबर 2021 के बाद यह सबसे कम है। फरवरी में यह 3.4 प्रतिशत से कम थी। हालांकि वार्षिक दर में गिरावट अर्थशास्त्रियों के अनुमान के मुताबिक नहीं है जिन्होंने इसके मार्च में 3.1 प्रतिशत रहने की संभावना जताई थी।

दुलर्भ खनिजों के वैज्ञानिकी खनन को कानूनी उपाय सुझाएगी समिति

● कॉपर, कोबाल्ट जैसे दुर्लभ खनिजों का अनुकूलतम और वैज्ञानिक तरीके से खनन को बनाएगी रणनीति

नई दिल्ली। सरकार ने महत्वपूर्ण खनिज को लेकर समिति गठित की है। समिति दुर्लभ खनिजों के व्यावहारिक तरीके से खनन को लेकर कानूनी उपायों के बारे में सिफारिश करेगी। लिथियम जैसे महत्वपूर्ण खनिज इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण हैं।

खान मंत्रालय के आधिकारिक ज्ञापन के अनुसार, नीति आयोग के सदस्य वी के सारस्वत की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय समिति कॉपर, कोबाल्ट जैसे दुर्लभ खनिजों का अनुकूलतम और वैज्ञानिक तरीके से खनन को लेकर कानूनी उपायों के बारे में सुझाव देगी। समिति राज्यों के बीच खनन सुधारों के प्रभाव को लोकप्रिय बनाने के लिए रणनीति भी बनाएगी। लिथियम जैसे महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण हैं। पिछले साल भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने जम्मू-कश्मीर के सलाल-हैमाना क्षेत्र में 59 लाख टन लिथियम के अनुमानित संसाधन स्थापित किए थे।

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	07	361
रियान पराग (राजस्थान)	07	318
सुनील नरेन (कोलकाता)	06	276

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	07	12
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	06	10
मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई)	05	10

खेल डायरी

करुआना से भिड़ेंगे गुकेश, नाकमुरा से प्रज्ञानानंदा

टोरंटो। रूस के इयान नेपोमनियाची के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे भारत के डी गुकेश कैंडिडेट्स शतंरज टूर्नामेंट के 11वें दौर में जब यहां अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फाबियानो करूआना से भिड़ेंगे तो उनकी नजरें इस मुकाबले को जीतकर शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत करने पर टिकी होंगी। आर प्रज्ञानानंदा का मुकाबला अमेरिका के हिकारू नाकामुरा से होगा। टूर्नामेंट में केवल चार दौर का खेल बाकी है और भारत के इन दोनों किशोर खिलाड़ियों 17 साल के गुकेश और 18 साल के प्रज्ञानानंदा के पास अच्छा मौका है।

झेंग ने स्टुटगार्ट में कर्स्टी को हराया

स्टुटगार्ट। चीन की झेंग किनवेन ने लंबे सफर के बाद पोर्श ग्रां प्री टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में सोराना कर्स्टी को सीधे सेट में शिकस्त दी। दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी झेंग ने 76 मिनट में 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की। झेंग पहले बीजिंग से चांगशा और फिर वहां से फ्रैंकफर्ट गईं, जहां से वह स्टुटगार्ट पहुंचीं। बेल्जियम की एलिस मर्टेन्स ने कड़े मुकाबले में तात्याना मारिया को 6-1, 4-6, 6-0 से हराया। वह दूसरे दौर में दो बार की गत चैंपियन इगा स्वियातेक से भिड़ेंगी। स्वियातेक 2012-14 में मारिया शारापोवा के बाद स्टुटगार्ट में खिताबी हैट्रिक बनाने वाली पहली खिलाड़ी बनने के लिए चुनौती पेश कर रही हैं।

जतिवाल दूसरे दौर के बाद शीर्ष पर बरकरार

नूंह (हरियाणा)। चंडीगढ़ के राजीव कुमार जतिवाल गुड़गांव ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पांच अंडर 67 का कार्ड खेलने के बाद बुधवार को तालिका में शीर्ष पर बने हुए हैं। एक करोड़ रुपये पुरस्कार राशि वाले इस आयोजन के पहले दिन उन्होंने 66 का कार्ड खेला था, जिससे उनका कुल स्कोर 11 अंडर 133 का है। बेंगलुरु के एम धर्मा ने 69 का कार्ड खेला और वह कुल नौ अंडर 135 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर है। तेज हवा के कारण स्थानीय खिलाड़ी सुनहित बिश्नोई और दिल्ली के अर्जुन प्रसाद ने भी 66 का शानदार कार्ड खेला।

पलक और सुरभि ओलंपिक ट्रायल्स की सूची में

नयी दिल्ली। रियो डि जिनेरियो में पेरिस कोटा जीतने वाली युवा निशानेबाज पलक गुलिया को गुरुवार से यहां कर्णी सिंह रेंज में शुरू होने वाले ओलंपिक ट्रायल्स के लिए पांच महिला 10 मीटर एयर पिस्टल निशानेबाजों में शामिल किया गया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने पेरिस ओलंपिक के लिए टीम का चयन करने के लिए मार्च में पिस्टल और राइफल ट्रायल्स के लिए निशानेबाजों की सूची की घोषणा की थी लेकिन महिलाओं के 10 मीटर एयर पिस्टल वर्ग में नाम की घोषणा नहीं की थी क्योंकि रियो में अंतिम ओलंपिक क्वालिफिकेशन चैम्पियनशिप अप्रैल के मध्य में होनी थी।

दूसरे चरण में पीएसजी चैंपियन्स लीग सेमीफाइनल में

बार्सीलोना (स्पेन)। एक घंटे से अधिक समय तक एक अतिरिक्त खिलाड़ी से खेल रहे पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने दूसरे चरण में बार्सीलोना को हराकर चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। काइलियान एमबापे ने दो गोल दागे जिससे पीएसजी ने मंगलवार को 4-1 से जीत दर्ज की और घरेलू मैदान पर पहले चरण में हार के बावजूद 6-4 के कुल स्कोर से सेमीफाइनल में जगह बनाई। बार्सीलोना के डिफेंडर रोनाल्ड अराउजो को 29वें मिनट में ब्रेडली बार्कोला के खिलाफ फाउल के लिए लाल कार्ड दिखाया गया जिसके बाद टीम को बाकी मुकाबला 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा।

विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ खुशी मनाते दिल्ली कैपिटल्स के मुकेश कुमार। ● एजेंसी

गुजरात टाइटन्स के अभिनव मनोहर की स्टंपिंग की अपील करते दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत। ● एजेंसी

दिल्ली ने गुजरात टाइटन्स को छह विकेट से हराया

कप्तान ऋषभ पंत और गेंदबाज चमके, मुकेश कुमार तीन, ईशांत शर्मा और ट्रिस्टन स्टब्स ने दो-दो विकेट झटके

अहमदाबाद, एजेंसी

- गुजरात ने आईपीएल सत्र 2024 का सबसे कम स्कोर बनाया, 8.5 ओवर में ही दिल्ली ने लक्ष्य को हासिल कर लिया

दिल्ली कैपिटल्स ने कप्तान ऋषभ पंत और गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन की बदौलत बुधवार को यहां कम स्कोर वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में गुजरात टाइटन्स को छह विकेट से शिकस्त दी। दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करते हुए गुजरात टाइटन्स को 17.3 ओवर में 89 रन पर ढेर कर दिया जो इस सत्र में किसी भी टीम का सबसे कम स्कोर है। गुजरात टाइटन्स का यह आईपीएल में अब तक का सबसे कम स्कोर भी था।

पिछले कुछ मैचों में दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज असरदार नहीं रहे थे लेकिन आखिरकार इस मैच में जलवा दिखाने में सफल रहे। मुकेश कुमार सबसे ज्यादा सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 14 रन देकर तीन विकेट झटके जबकि इशांत शर्मा ने आठ रन देकर दो और ट्रिस्टन स्टब्स ने अपने एक ओवर में दो विकेट हासिल किये। गुजरात टाइटन्स की बल्लेबाजी काफी खराब रही, उसके लिए केवल तीन खिलाड़ी दोहरे अंक तक पहुंचे जिसमें से राशिद खान ने सबसे ज्यादा 31 रन बनाये, जिन्होंने टीम की पारी का एकमात्र छक्का भी लगाया। दिल्ली कैपिटल्स ने यह लक्ष्य महज 8.5 ओवर में चार विकेट पर 92 रन बनाकर हासिल कर लिया, जिससे उसके रन रेट में भी इजाफा हुआ। पंत की कप्तानी लाजवाब रही, जिन्होंने सही समय पर गेंदबाजों को लगाने के अलावा स्टंप के पीछे शानदार प्रदर्शन किया और फिर 11 गेंद में नाबाद 16 रन बनाकर जीत दिलायी। यह विकेटकीपर बल्लेबाज विकेट के पीछे काफी फुर्तीला रहा, उन्होंने विकेट के पीछे कैच लपकने के अलावा शानदार स्टंपिंग भी की और टी20 विश्व कप को देखते हुए उनका प्रदर्शन भारतीय क्रिकेट के लिए अच्छा संकेत है। दिल्ली कैपिटल्स के लिए जेक फ्रेजर मैकगुर्क ने 20 रन, शाई होप ने 19 रन और अभिषेक पोरेल ने 15 रन का योगदान दिया। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद कप्तान शुभमन गिल (08) ने खलील अहमद की गेंद पर पारी का पहला शॉट लगाया। गिल ने फिर इशांत की गेंद को ऑफ साइड पर गैप से निकालकर चौका लगाया। लेकिन अगली ही फुल लेंथ गेंद पर गिल सीधे कवर पर पृथ्वी साव को कैच देकर आउट हो गये। साई सुदर्शन (12) ने लगातार दो चौके से शुरूआत की जिसमें एक्स्ट्रा कवर पर एक बेहतरीन चौका भी शामिल था। पंत ने इशांत के बजाय मुकेश कुमार को गेंदबाजी के लिए लगाया। इस गेंदबाज ने अपने पहले ओवर की पांचवीं गेंद पर ऋद्धिमान साहा (02) का विकेट झटक लिया। चोटिल डेविड वार्नर की जगह खेल रहे सुमित कुमार ने शानदार क्षेत्ररक्षण का नमूना पेश किया और नॉन-स्ट्राइकर छोर पर सीधे थ्रो से सुदर्शन को रन आउट कर दिया। तीन विकेट लेने के बाद दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज अच्छी लय में आ गये और कप्तान पंत ने भी दो कैच और दो स्टंप आउट कर उदाहरण पेश किया। पंत ने इशांत की गेंद पर खतरनाक डेविड मिलर (02) का कैच लपककर गुजरात टाइटन्स को चौथा झटका दिया। पांच ओवर के बाद घरेलू टीम का स्कोर चार विकेट पर 30 रन था। इशांत ने मिलर को बायीं ओर के कोण लेती गेंद फेंकी जिस पर पंत ने कैच लिया लेकिन जोरदार अपील के बावजूद अंपायरों ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखायी। पंत ने हालांकि रिव्यू करने का फैसला किया और अल्ट्राएज में पता चला कि मिलर ने बल्ला गेंद से छुआया था। इसके बाद गुजरात टाइटन्स की मुसीबत बढ़ती ही जा रही थी।

पंत ने स्टब्स को गेंदबाजी के लिए लगाया जिन्होंने पहले अभिनव मनोहर को और फिर शाहरूख खान को आउट किया। बायें हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल की गेंद राहुल तेवतिया के पैड पर लगी और इस गेंदबाज की अपील के बाद अंपायर ने अपनी उंगली उठा दी। तेवतिया ने रिव्यू लिया लेकिन फैसला बरकरार रहा। गुजरात टाइटन्स ने 12वें ओवर में महज 66 रन पर अपना सातवां विकेट खो दिया। खलील अहमद ने फिर मोहित शर्मा को आउट किया। इससे पहले राशिद खान ने कुलदीप यादव पर लांग आफ में पारी का पहला और एकमात्र छक्का लगाया। कुलदीप कोई विकेट नहीं ले सके लेकिन उन्होंने किफायती गेंदबाजी की। उन्होंने चार ओवर में 16 रन दिये। मुकेश कुमार ने फिर राशिद की पारी समाप्त कर दी।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
राजस्थान	7	6	1	12	+0.677
कोलकाता	6	4	2	8	+1.399
चेन्नई	6	4	2	8	+0.726
हैदराबाद	6	4	2	8	+0.502
लखनऊ	6	3	3	6	+0.038
दिल्ली	7	3	4	6	-0.074
गुजरात	7	3	4	6	-1.303
पंजाब	6	2	4	4	-0.218
मुंबई	6	2	4	4	-0.234
बेंगलुरु	7	1	6	2	-1.185

गुजरात 89/10 — 17.3 ओवर, अतिरिक्त : 12

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
ऋद्धिमान साहा बो मुकेश कुमार	02	10	0/0
शुभमन गिल का शॉ बो शर्मा	08	06	2/0
साई सुदर्शन रन आउट (सुमित)	12	09	2/0
डेविड मिलर का पंत बो शर्मा	02	06	0/0
अभिनव मनोहर स्ट पंत बो स्टब्स	08	14	1/0
राहुल तेवतिया पगबाधा बो पटेल	10	15	1/0
शाहरूख खान स्ट पंत बो स्टब्स	00	01	0/0
राशिद खान का पंत बो मुकेश कुमार	31	24	2/1
मोहित शर्मा का सुमित कुमार बो अहमद	02	14	0/0
नूर अहमद बो मुकेश कुमार	01	07	0/0
स्पेंसर जॉनसन नाबाद	01	01	0/0

गेंदबाजी : खलील 4-1-18-1, इशांत 2-0-8-2, मुकेश कुमार 2.3-0-14-3, कुलदीप 4-0-18-0, ट्रिस्टन स्टब्स 1-0-11-2, अक्षर पटेल 4-0-17-1

दिल्ली 92/4 — 8.5 ओवर, अतिरिक्त : 6

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
पृथ्वी शॉ का जॉनसन बो वॉरियर	07	06	1/0
जेक फ्रेजर का मनोहर बो जॉनसन	20	10	2/2
अभिषेक पोरेल बो वॉरियर	15	07	2/1
शाई होप का मोहित बो राशिद	19	10	1/2
ऋषभ पंत नाबाद	16	11	1/1
सुमित कुमार नाबाद	09	09	2/0

गेंदबाजी : संदीप वॉरियर 3-0-40-2, स्पेंसर जॉनसन 2-0-22-1, राशिद खान 2-0-12-1, नूर अहमद 1.5-0-14-0

पैरा तीरंदाज शीतल ने सक्षम खिलाड़ियों के बीच पदक जीता

नयी दिल्ली, एजेंसी

एशियाई पैरा खेलों की स्वर्ण विजेता शीतल देवी ने खेलो इंडिया एनटीपीसी राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता में सक्षम खिलाड़ियों के बीच रजत पदक जीता। वह हरियाणा की एकता रानी के बाद दूसरे स्थान पर रहीं जो जूनियर विश्व चैंपियन हैं।

डीडीए यमुना खेल परिसर में आयोजित प्रतियोगिता में 17 वर्षीय शीतल ने सक्षम जूनियर तीरंदाजों के साथ प्रतिस्पर्धा की और व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा के फाइनल में एकता से 138-140 से हार गईं। इस साल की शुरुआत में हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों में दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतने के लिए अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित शीतल का जन्म फोकोमेलिया नामक एक दुर्लभ बीमारी के साथ हुआ था। वह पहली और एकमात्र अंतरराष्ट्रीय पैरा तीरंदाज हैं जिनकी बांह नहीं है। शीतल का मानना है कि खेलो इंडिया प्रतियोगिता में उनके प्रदर्शन से उन्हें आगे की चुनौतियों के लिए तैयार होने में मदद मिलेगी। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) की प्रेस विज्ञप्ति में शीतल के हवाले से कहा गया, ''इस नतीजे से मुझे अंतरराष्ट्रीय मंचों और ओलंपिक में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।''

ओलंपिक में भारत करेगा न्यूजीलैंड खिलाफ अभियान की शुरुआत

नयी दिल्ली, एजेंसी

सौ दिन बाद पेरिस ओलंपिक में भारतीय पुरुष हॉकी टीम स्वर्ण पदक की उम्मीद के साथ 27 जुलाई को न्यूजीलैंड खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इस बार पेरिस ओलंपिक हॉकी के पूल ए में जर्मनी, ग्रेट ब्रिटेन, स्पेन, दक्षिण अफ्रीका और मेजबान फ्रांस है। वहीं पूल बी में भारत को मौजूदा ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड, और आयरलैंड की चुनौती का सामना करना है।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपने अभियान की शुरुआत 27 जुलाई को न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी। उसके बाद 29 जुलाई को अर्जेंटीना और फिर 30 जुलाई आयरलैंड और एक अगस्त बेल्जियम से भिड़ेगी। भारतीय टीम अपना आखिरी ग्रुप स्टेज गेम दो अगस्त को शक्तिशाली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगी।

ओलंपिक की उलटी गिनती के साथ ही भारतीय टीम के मुख्य क्रेग फुल्टन, "हम अभी ऑस्ट्रेलिया के गहन दौरे से लौटे हैं, एक छोटे से ब्रेक के बाद हम फिर से मैदान में उतरेंगे। पेरिस ओलंपिक शुरू होने में केवल 100 दिन बचे हैं और टीम में उत्साह बढ़ रहा है। स्वर्ण पदक जीतने के हमारे साझा लक्ष्य से प्रेरित होकर हमारी टीम की एकजुटता के साथ बढ़ रही है।" भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत ने कहा कि हर दिन मायने रखता है, हर अभ्यास, हर अभ्यास - यह सब ओलंपिक मंच पर उस पल की ओर बढ़ रहा है। कुल मिलाकर, हम भूखे हैं, हम केंद्रित हैं और हम चमकने के लिए तैयार हैं। उप-कप्तान हार्दिक सिंह ने भी कहा, "ऑस्ट्रेलिया परीक्षण ने उन क्षेत्रों पर प्रकाश डाला है जिनमें हमें सुधार करने की आवश्यकता है और शिविर में लौटने पर हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हम पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए समय रहते किसी भी शेष मुद्दे को सुलझा लें।

धीमी ओवर गति के लिए अय्यर पर 12 लाख का जुर्माना

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर पर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। केकेआर की टीम मंगलवार को यहां रॉयल्स से दो विकेट से हार गई, जिसमें जोस बटलर ने 60 गेंद में नाबाद 107 रन बनाए। आईपीएल ने विज्ञप्ति में कहा, ''आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था इसलिए अय्यर पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।''

पंजाब किंग्स का सामना मुंबई इंडियंस से आज

मुल्लांपुर, एजेंसी

पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस निचले हाफ में चल रही दो टीम की जंग में गुरुवार को जब आमने-सामने होंगे तो दोनों इंडियन प्रीमियर लीग में अपने लड़खड़ाते अभियान को फिर से पटरी पर लाने के लिए बेताब होंगे। छह-छह मैचों के बाद दोनों टीमों के समान चार अंक हैं। दोनों की नेट रन देकर में दशमलव अंकों का अंतर है।

पंजाब माइनस 0.218 के नेट रन रेट से सातवें जबकि मुंबई इंडियंस (माइन 0.234) आठवें स्थान पर है। पंजाब और मुंबई दोनों ने चार-चार मैच गंवाए हैं। दोनों ने अपने पिछले मैच हारे हैं और इस मैच में जीत के साथ वापसी करने की कोशिश करेंगे। पंजाब के लिए अपने शीर्ष क्रम से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराने की चुनौती बढ़ गई है क्योंकि नियमित कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट के कारण 'सात से 10 दिन' के लिए बाहर हो गए हैं। इस सत्र में पंजाब की टीम के लिए अंजान भारतीय खिलाड़ियों शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन ये दोनों निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हैं और उन्होंने एक से अधिक बार शीर्ष क्रम के खराब प्रदर्शन की भरपाई की है। प्रभसिमरन सिंह का प्रदर्शन चिंता का विषय है।

बॉलीवुड हलचल

अक्षय कुमार की पहली तेलुगु फिल्म कनप्पा की शूटिंग शुरू

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली पहली तेलुगु फिल्म कनप्प की शूटिंग शुरू हो गयी है। अक्षय कुमार फिल्मकार विष्णु मांचू की फिल्म कनप्पा के जरिए तमिल सिनेमा में एंट्री करने जा रहे हैं, जिसकी शूटिंग शुरू हो चुकी है। इसकी जानकारी विष्णु मांचू ने पोस्ट साझा कर दी है। विष्णु मांचू ने सोशल मीडिया पर अक्षय के साथ एक वीडियो पोस्ट किया है। वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा, कन्नप्पा का सफर और भी रोमांचक हो गया है। हम अक्षय कुमार का तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में स्वागत करते हैं। हम ''कनप्पा के साथ तेलुगु फिल्म में अक्षय कुमार की शुरुआत की घोषणा करते हुए बहुत उत्साहित हैं। एक रोमांचक अनुभव के लिए तैयार हो जाइए जिसे आप कभी नहीं भूलेंगे। विष्णु मांचू की एक्शन एडवेंचर पैन इंडिया फिल्म ''कन्नप्पा'' में अक्षय कुमार ,प्रभास के साथ स्क्रीन साझा करेंगे। उनके अलावा मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल भी फिल्म का हिस्सा हैं। इनके अलावा नुपुर सेनन, नयनतारा और मोहन बाबू भी नजर आएंगे। यह फिल्म भगवान शिव के एक अटूट भक्त ''कन्नप्पा'' की सच्ची कहानी पर आधारित है।

जाह्नवी कपूर की फिल्म 'उलझ' का टीजर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म ''उलझ'' का टीजर रिलीज हो गया है। जाह्नवी कपूर ने फिल्म उलझ में इंडियन फॉरेस्ट सर्विस ऑफिसर का किरदार निभाया है। फिल्म की कहानी देशभक्ति पर आधारित है, जो एक यंग डिप्लोमैट सुहाना (जाह्नवी कपूर) के इर्द- गिर्द घूमती है। फिल्म में सुहाना देश और अपने खिलाफ हो रही साजिश के बीच उलझती हुई नजर आएंगी। इस फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर की शुरुआत सारे जहान से अच्छा की धुन से होती है। इसके बाद जाह्नवी कपूर के किरदार की एंट्री होती है, जिसकी पोस्टिंग विदेश में है। वहीं, ब्रैकग्राउंड में एक शख्स की आवाजा सुनाई देती है, जो अपने देश के साथ गद्दारी करने के लिए उसे मैन्यूपुलैट करने की कोशिश करता है। टीजर के अंत में जाह्नवी कपूर एक्शन मोड में भी नजर आती हैं। उलझ में जाह्नवी कपूर के अलावा गुलशन देवैया, रोशन मैथ्यू, राजेश तैलंग, मियांग चांग, सचिन खेडेकर, राजेंद्र गुप्ता और जितेंद्र जोशी भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन सुधांशू सरिया ने किया है। जंगली पिक्चर्स के बैनर तले बन रही फिल्म उलझ को अमृता पांडे और विनीत जैन ने प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म 05 जुलाई को रिलीज होगी।

चीन में रिलीज होगी विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म 12वीं फेल

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड फिल्मकार विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म 12वीं फेल चीन में रिलीज होगी। विधु विनोद चोपड़ा की लिखी और निर्देशन में बनी 12वीं फेल अनुराग पाठक की इसी नाम की किताब पर आधारित है। यह फिल्म आईपीएस अधिकारी मनोज कुमार शर्मा के जीवन पर आधारित है। विक्रांत मैसी ने इस फिल्म में मनोज शर्मा की मुख्य भूमिका निभायी है। इस फिल्म में विक्रांत मैसी के अलावा, मेधा शंकर की भी अहम भूमिका है। फिल्म ''12वीं फेल'' 27 अक्टूबर, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुयी थी। फिल्म 12वीं फेल ने सिनेमाघरों में सिल्वर जुबली पूरी कर इतिहास रच दिया है। यह फिल्म अब चीन में भी रिलीज होगी। विक्रांत मैसी ने बताया,12वीं फेल अब चीन में भी रिलीज होने जा रही है। वहां हिंदी सिनेमा की बहुत ज्यादा डिमांड है। फिल्म को चीन में करीब 20 हजार स्क्रीन्स पर रिलीज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह फिल्म के चीन में रिलीज होने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। उन्हें यदि मौका मिला तो वे चीन में जाकर फिल्म को प्रमोट करेंगे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

पहाड़ों में बारिश और मैदान में लू का प्रकोप

- हिमाचल में पहाड़ियों पर बारिश और तलहटी में लू
- आईएमडी ने दस जिलों में जारी किया ऑरेंज अलर्ट

शिमला, एजेंसी

हिमालय के बीच स्थित, हिमाचल प्रदेश में मौसम संबंधी विरोधाभास का अनुभव हो रहा है। एक ओर पहाड़ियों पर बारिश हो रही है और वहीं तलहटी में लू ने अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। यह संयोजन राज्य के परिदृश्य को मौसम के विभिन्न रंगों के साथ चित्रित करता है। प्रदेश में तापमान में भिन्नता एक विविध कहानी बताती है। जहां केलांग में 0.3 डिग्री की ठंडक दर्ज की गई, वहीं कल्पा में मामूली 3.5 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।

एक लोकप्रिय पर्यटन केंद्र, मनाली में आरामदायक पांच डिग्री का अनुभव होता है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में तापमान में 8.2 से 18.5 डिग्री तक उतार-चढ़ाव होता है, जिससे एक थर्मल मोजेक बनता है। सड़कों पर एक अलग ही कहानी सामने आती है। राज्य में 107 से अधिक सड़कें बर्फ से ढकी हुई हैं, जो हाल ही में हुई भारी हिमपात के अवशेष हैं। लाहौल स्पीति, चंबा और किन्नौर जैसे जिले बर्फ की चादर से ढके हुए हैं, और हिमस्खलन अपने निशान छोड़ रहे हैं। मौसम कार्यालय ने और अधिक वर्षा की भविष्यवाणी की है। आगामी 19 अप्रैल को कई स्थानों पर बारिश होने की उम्मीद है जबकि 20 अप्रैल को बौछारें पड़ सकती हैं। वहीं 18 और 22 अप्रैल को पश्चिमी विक्षोभ के कारण चुनिंदा स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। आईएमडी ने दस जिलों में 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है, जिसमें बिजली, ओलावृष्टि और तेज हवाओं के साथ तूफान की चेतावनी दी गई है। ये अलर्ट 18 और 19 अप्रैल तक बढ़ाए गए हैं, इसके बाद 20 और 22 अप्रैल को 'येलो अलर्ट' जारी किया गया है, जिसमें एहतियाती कदम उठाने का आग्रह किया गया है। हाल ही में हुई हल्की बारिश ने हिमाचल प्रदेश के कोनों को धीरे-धीरे छू लिया है, जिससे एक ताजगी भरी राहत मिली है। हालाँकि, गर्मी का असर तलहटी इलाकों में है, खासकर ऊना, हमीरपुर और कांगड़ा जिलों में नारकंडा, मंडी और किन्नौर के कल्पा जैसे पर्यटन स्थलों को मिला है, जिससे प्राकृतिक सुंदरता बढ़ गई है।

तेलंगाना में अगले तीन दिनों तक लू चलने के आसार, सात दिनों हो सकती है बारिश

हैदराबाद। तेलंगाना के कई जिलों में अलग-अलग स्थानों पर अगले 24 घंटों के दौरान लू चलने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने बुधवार को बताया कि तेलंगाना के मंचेरियल, पेद्दापल्ली, जयशंकर भूपालपल्ली, मुलुगु, भद्राद्री कोठागुडेम, खम्मम, सूर्यापेट और महबुबाबाद जिलों में अलग-अलग हिस्सों में लू चलने के आसार व्यक्त किए गए हैं। मौसम विभाग ने 20 को कई जिलों में अलग-अलग स्थानों पर बिजली गिरने और 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवाएँ चलने का अनुमान जताया है। राज्य भर में अलग-अलग स्थानों पर अगले सात दिनों के दौरान हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं।

जम्मू कश्मीर में बारिश, हिमपात के आसार

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के तापमान में गिरावट के मद्देनजर अगले दो दिनों तक यहां बारिश और हिमपात के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर ने गुरुवार और शुक्रवार को ज्यादातर स्थानों पर गरज और बिजली के साथ हल्की से मध्यम बारिश तथा ऊंचाई वाले इलाकों में हल्के हिमपात का अनुमान जताया है। मौसम विभाग के अनुसार 21 से 25 अप्रैल तक आमतौर पर शुष्क रहने की संभावना है, लेकिन दोपहर में गरज के साथ बारिश हो सकती है। बुधवार को कश्मीर घाटी में रात का तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया गया।

महाराष्ट्र में बेमौसम बारिश से एक सप्ताह में गई 10 की जान

छत्रपति संभाजीनगर। महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में नौ अप्रैल के बाद एक सप्ताह में बेमौसम बारिश के कारण 10 लोगों और 150 पशुओं की मौत हो गई। राज्य के राजस्व विभाग द्वारा तैयार की गई एक प्राथमिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। मराठवाड़ा क्षेत्र में आठ जिले आते हैं, जिनमें छत्रपति शिवाजी नगर, जालना, बीड, परभणी, लातूर, नांदेड़, धाराशिव और हिंगोली शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि मराठवाड़ा के विभिन्न हिस्सों में नौ अप्रैल से कई बार बेमौसम बारिश हो चुकी है, जिससे लोगों और पशुओं की मौत हुई है, बारिश और ओले गिरने से क्षेत्र के 481 गांवों में 450 मकानों को नुकसान हुआ है। बेमौसम बारिश और ओले गिरने से 9,127 किसानों की 5,256 .86 हेक्टेयर भूमि पर खड़ी फसल को नुकसान हुआ है। नौ अप्रैल के बाद से बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने 10 लोगों की जान ले ली, जबकि कई अन्य घायल हो गए। बीड जिले में सबसे ज्यादा तीन लोगों की मौत हुई, इसके बाद छत्रपति संभाजीनगर, परभणी और लातूर जिलों में दो-दो जबकि हिंगोली में एक व्यक्ति की मौत हुई। रिपोर्ट में कहा गया है कि बेमौसम बारिश में 117 दुधारू पशुओं समेत 152 पशुओं की मौत हो गई।

यूक्रेन के चेर्निहाइव में रूसी मिसाइल हमला, 17 की मौत

- 61 लोग घायल पश्चिमी देशों से सैन्य मदद न मिलने से कमजोर पड़ रहा यूक्रेन

कीव। रूस की तरफ से दागी गई तीन मिसाइल बुधवार को उत्तरी यूक्रेन के चेर्निहाइव में आठ मंजिला इमारत पर गिरीं जिसमें 17 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूक्रेन की आपातकालीन सेवा ने बताया कि हमले में दो बच्चों सहित कम से कम 61 लोग घायल हो गए। चेर्निहाइव राजधानी कीव से लगभग 150 किलोमीटर उत्तर में, रूस और बेलारूस की सीमा के पास स्थित है और इसकी आबादी लगभग 2,50,000 है।

पश्चिमी देशों द्वारा यूक्रेन को अतिरिक्त सैन्य साजो सामान मुहैया नहीं कराए जाने से रूस के खिलाफ युद्ध में उसकी स्थिति कमजोर पड़ती जा रही है। युद्ध के तीसरे वर्ष में प्रवेश करने के साथ रूस यूक्रेन में लगातार बढ़त बना रहा है। हालांकि, सर्दियों के महीनों के दौरान, रूस युद्ध के अग्रिम मोर्चे पर कोई प्रगति नहीं कर पाया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने पश्चिमी देशों से उनके देश को और अधिक वायु रक्षा प्रणालियां प्रदान करने का अनुरोध किया है। उन्होंने चेर्निहाइव हमले के बारे में कहा कि अगर यूक्रेन को पर्याप्त वायु रक्षा उपकरण मिले होते और रूसी आतंक का मुकाबला करने के लिए दुनिया का दृढ़ संकल्प होता, तो ऐसा नहीं होता। जेलेंस्की ने इस सप्ताह की शुरुआत में बताया था कि मिसाइल और ड्रोन हमले से बचाव करते हुए यूक्रेन के पास वायु रक्षा मिसाइलें खत्म हो गई हैं।

एक नजर

सोलोमन द्वीप के संसदीय चुनाव लिए हुआ मतदान, 334 उम्मीदवार मैदान में

होनियारा। सोलोमन द्वीप के संसदीय चुनाव के लिए बुधवार को मतदान हो रहा है। संसदीय चुनाव में 50 सीटों के लिए कुल 334 उम्मीदवार मैदान में हैं। मतदाता संयुक्त चुनाव में अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे, जिनमें राष्ट्रीय और प्रांतीय दोनों चुनाव शामिल होंगे। प्रांतीय विधानसभाओं में पदों के लिए कुल 816 उम्मीदवार और होनियारा सिटी काउंसिल के लिए 89 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं।

इंडोनेशिया के ज्वालामुखी में कई बड़े विस्फोट, सुनामी का अलर्ट जारी

जकार्ता। इंडोनेशिया के अधिकारियों ने रुआंग ज्वालामुखी में विस्फोट से बड़े क्षेत्र में राख फैलने के बाद बुधवार को सुनामी का अलर्ट जारी किया। अधिकारियों ने 11 हजार से ज्यादा लोगों को इलाका छोड़ने का निर्देश दिया गया है। इंडोनेशिया ज्वालामुखी विज्ञान और भूवैज्ञानिक आपदा न्यूनीकरण केंद्र ने कहा सुलावेसी द्वीप के उत्तर में स्थित ज्वालामुखी में बीते 24 घंटे के दौरान कम से कम पांच बड़े विस्फोट हुए हैं। अधिकारियों ने अपने ज्वालामुखी अलर्ट का स्तर बढ़ाकर उच्चतम कर दिया है। कम से कम 800 निवासी बुधवार तक इलाका छोड़ चुके थे।

चीन के अंतरिक्ष यान, वाहक रॉकेट लॉन्चिंग में स्थानांतरित

बीजिंग। चीन के मानवयुक्त शेंझोउ-18 चालक दल वाले अंतरिक्ष यान और लॉन्ग मार्च-2एफ वाहक रॉकेट के संयोजन को प्रक्षेपण के लिए लॉन्चिंग क्षेत्र में स्थानांतरित किया गया। चीन मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी (सीएमएसए) ने बुधवार को कहा कि उत्तर-पश्चिम चीन में अंतरिक्ष यान और वाहक रॉकेट को जिउक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर पर पहुंचाया गया और यहां सुविधाएं तथा इसके उपकरण बेहतर स्थिति में हैं। इसे भविष्य में लॉन्च करने से पहले फंक्शन जांच और संयुक्त परीक्षण योजना के अनुसार किए जाएंगे।

जापान में लोगों की जान के लिए खतरा बने भालुओं को मारने की अनुमति

टोक्यो। जापान सरकार ने देश में काले भालुओं को छोड़कर लोगों की जान के लिए खतरा बने अन्य भालुओं को मारने की अनुमति दे दी है। पर्यावरण मंत्रालय के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2023 से मार्च के दौरान 19 प्रान्तों में भालू के हमलों का शिकार हुए 219 लोगों में से छह की मौत हो गई। मंत्रालय ने घोषणा की है कि नामित प्रबंधन वन्यजीव की सूची में पश्चिम जापान के शिकोकु में विचरण करने वाले काले भालुओं को जोड़ा जाएगा।

स्वीडन की संसद ने लिंग परिवर्तन को आसान बनाने के लिए कानून पारित

स्टॉकहोम। स्वीडन की संसद ने बुधवार को एक कानून पारित कर कानूनी रूप से अपना लिंग परिवर्तन कराने वाले लोगों के लिए आवश्यक आयु सीमा 18 साल से घटाकर 16 साल कर दी। कानून के अनुसार, 18 वर्ष से कम आयु के युवाओं को लिंग परिवर्तन कराने के लिए एक अभिभावक, एक डॉक्टर और राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं कल्याण बोर्ड की मंजूरी की आवश्यकता होगी। विधेयक के पक्ष में 234 और विरोध में 94 वोट पड़े।

इजराइल तय करेगा कैसे देना है जवाब

संयम रखने के आह्वान को नेतन्याहू ने किया खारिज, सहयोगी देशों ने की थी धैर्य रखने की अपील

यरुशलम, एजेंसी

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को करीबी सहयोगी देशों की ओर से संयम बरतने की अपील को खारिज करते हुए कहा कि उनका देश यह तय करेगा कि इस सप्ताह की शुरुआत में ईरान के बड़े हवाई हमले का जवाब कैसे दिया जाए।

इजराइल ने ईरान के अभूतपूर्व हमले का जवाब देने का संकल्प लिया लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया कि यह जवाब कब और कैसे दिया जाएगा। पिछले साल अक्टूबर में गाजा पट्टी पर शासन कर रहे हमास के लड़ाकों ने इजराइल पर हमला कर करीब 1200 लोगों की हत्या कर दी थी और कई लोगों को बंधक बना लिया था। इसके जवाब में इजराइल ने सैन्य अभियान शुरू किया जो अब भी जारी है और इसके और विकराल रूप लेने की आशंका पैदा हो गई है। नेतन्याहू ने बुधवार को अपनी कैबिनेट की बैठक में कहा मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि हम अपने निर्णय स्वयं लेंगे। इजराइल अपनी रक्षा के लिए जो भी आवश्यक होगा वह करेगा। उल्लेखनीय है कि हमले के बाद से इजराइल के सहयोगी उससे आग्रह कर रहे हैं कि वह ऐसी किसी भी प्रतिक्रिया से दूर रहे जो संघर्ष को और बढ़ा सकती है। ब्रिटेन और जर्मनी के विदेश मंत्रियों ने भी यही अपील बुधवार को अपनी-अपनी इजराइल यात्रा के दौरान दोहराई।

इजरायली हवाई हमले के बाद अबो अल हनूद परिवार की आवासीय इमारत पर लोगों की तलाश करते फिलिस्तीनी।

इजराइली हमले में तीन की मौत

बेरूत। लेबनान के दक्षिणी शहर शेहाबिया में इजरायल की ओर से किए गए हमले में हिजबुल्लाह के दो लड़ाके और एक अमल मूवमेंट सदस्य की मौत हो गई और तीन नागरिक घायल हो गए। लेबनानी सैन्य सूत्रों ने कहा कि इजरायली ड्रोन ने मंगलवार शाम को हवा से सतह पर मार करने वाली तीन मिसाइलें दागीं, जिससे कई दुकानें और 22 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए। सूत्रों के मुताबिक, इजरायली युद्धक विमानों ने दक्षिणी लेबनान के इलाकों में छह हवाई हमले किए और कई कस्बों और गांवों पर गोले दागे। इस बीच, हिजबुल्लाह ने कहा कि उसके लड़ाकों ने कई इजरायली साइटों पर हमला किया। एक लेबनानी सैन्य सूत्र ने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि अपराह्न में लेबनान से उत्तरी इजरायल की ओर 100 से अधिक सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें दागी गईं, जिनमें से कुछ को इजरायली आयरन डोम मिसाइलों द्वारा रोक दिया गया। इससे पहले दिन में, दक्षिणी लेबनानी गांव ऐन बाल में एक नागरिक कार पर इजरायली हमले में हिजबुल्लाह का एक स्थानीय नेता मारा गया था। पीड़ित की पहचान शेहबिया शहर के अबू जाफ़र बाज़ के रूप में की गई।

ईरान ने गलत किया, अब वैश्विक मंच अगल-थलग पड़ा है : ऋषि सुनक

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने ईरान के मिसाइल हमलों के मद्देनजर अपने इजराइली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू से संयम बरतने को कहा है। उधर, ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड कैमरन बुधवार को वार्ता के लिए तेल अवीव पहुंचे। सुनक ने फोन पर हुई बातचीत में क्षेत्रीय स्थिरता के लिए ब्रिटेन के दृढ़ समर्थन को दोहराया और इजराइली नेता से कहा कि ईरान ने गलत तरह से कदम उठाया है और परिणामस्वरूप वह वैश्विक मंच पर अलग-थलग पड़ गया है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के कार्यालय-सह-आवास डाउनिंग स्ट्रीट की ओर से मंगलवार शाम को फोन कॉल की जानकारी दी गई।

अमेरिका ईरान के मिसाइल, ड्रोन कार्यक्रमों पर लगाएगा नए प्रतिबंध

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा है कि आने वाले दिनों में अमेरिका ईरान पर उसके मिसाइल और ड्रोन कार्यक्रमों सहित अन्य मुद्दे पर नए प्रतिबंध लगाएगा। सुलिवन ने मंगलवार को कहा कि आने वाले दिनों में अमेरिका ईरान को निशाना बनाते हुए उसके मिसाइल और ड्रोन कार्यक्रमों सहित अन्य मामलों में नए प्रतिबंध लगाएगा। साथ ही इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) और ईरान के रक्षा मंत्रालय का समर्थन करने वाली संस्थाओं के खिलाफ नए प्रतिबंध लगाएगा। अमेरिका पूरे पश्चिम एशिया में वायु और मिसाइल रक्षा प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों के एकीकरण को मजबूत और विस्तारित करता रहेगा।

किसी भारतीय के चंद्रमा पर उतरने तक जारी रहेगा इसरो का मिशन : सोमनाथ

अहमदाबाद। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने बुधवार को कहा कि अंतरिक्ष निकाय अपनी चंद्रयान श्रृंखला तब तक जारी रखेगा जब तक देश का कोई अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा पर नहीं उतर जाता। अंतरिक्ष एजेंसी के चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान ने पिछले साल अगस्त में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग की और इसके साथ ही भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला पहला देश बन गया।

सोमनाथ ने कहा कि चंद्रयान-3 ने बहुत अच्छा काम किया है। आंकड़े एकत्र कर लिए गए हैं और वैज्ञानिक प्रकाशन अभी शुरू हुआ है। अब, हम चंद्रयान श्रृंखला को तब तक जारी रखना चाहते हैं जब तक कि कोई भारतीय चंद्रमा पर नहीं उतर जाता। उससे पहले हमें कई तकनीकों में विशेषज्ञता हासिल करनी होगी, जैसे वहां जाना और वापस आना। हम अगले मिशन में ऐसा करने की कोशिश कर रहे हैं।

वह एस्ट्रोनॉटिकल सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर अहमदाबाद आए थे। सोमनाथ ने देश के पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन - गगनयान के बारे में कहा कि इसरो इस साल एक मानवरहित मिशन, एक परीक्षण यान मिशन और एक 'एयरड्रॉप' परीक्षण करेगा। उन्होंने कहा, एयरड्रॉप परीक्षण 24 अप्रैल को होगा। अगले साल दो मानव रहित मिशन होंगे और अगर सब कुछ ठीक रहा, तो अगले साल के अंत तक मानव मिशन होगा।

पाकिस्तान में 63 हुई बारिश से मरने वालों की संख्या

पेशावर। पाकिस्तान में बिजली गिरने और भारी बारिश की वजह से 14 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि पिछले चार दिनों से जारी बेहद खराब मौसम के कारण कम से कम 63 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रवक्ता खुर्शीद अनवर ने बताया कि ज्यादातर मौतें पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम में स्थित खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हुई हैं। प्रांत में इमारत के ढहने से 32 लोगों की मौत हो गयी, जिसमें 15 बच्चे और पांच महिलाएं शामिल थीं। अनवर ने बताया कि उत्तर पश्चिम में दर्जनों लोग घायल हुए हैं और 1370 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बिजली गिरने और मकान ढहने की घटनाओं में 21 लोगों की मौत गयी।

यूएई में रिकॉर्ड बारिश, दुबई हवाई अड्डे में भरा पानी

दुबई, एजेंसी



रेगिस्तानी देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में मंगलवार को रिकॉर्ड बारिश दर्ज की गई, जिससे अधिकतर क्षेत्रों में लोगों को भारी जलभराव का सामना करना पड़ा। भारी बारिश के चलते दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में बाढ़ जैसे हालात बनने से बड़े पैमाने पर उड़ानें प्रभावित हुईं।

सरकारी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएम की खबर के मुताबिक, मंगलवार को हुई बारिश एक ऐतिहासिक मौसमी घटना है, जो 1949 में डेटा संग्रह की शुरुआत के बाद से दर्ज की गई सबसे अधिक वर्षा है। बहरीन, ओमान, कतर और सऊदी अरब में भी बारिश हुई। हालांकि, पूरे संयुक्त अरब अमीरात में तेज बारिश देखी गई। माना जा रहा है कि क्लाउड सीडिंग भारी बारिश का कारण बनी क्योंकि सरकार ने कृत्रिम बारिश के प्रयास के तहत छोटे विमान तैनात किए थे। कई रिपोर्ट में राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम विज्ञानियों के हवाले से कहा गया है कि बारिश से पहले छह या सात 'क्लाउड सीडिंग' उड़ानें भरी गई थीं। यूएई अपने घटते, सीमित भूजल को बढ़ाने के लिए 'क्लाउड सीडिंग' का सहारा लेता है। दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एकत्र किए गए मौसम संबंधी आंकड़ों के अनुसार, बारिश सोमवार देर रात से शुरू हुई जिसके बाद लगभग 20 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। भारी बारिश के कारण दुबई की सड़कों पर जलभराव हो गया। इसके बाद मंगलवार को स्थानीय समयानुसार सुबह नौ बजे के आसपास तेज आंधी आई और फिर ये पूरे दिन जारी रही। इसके साथ ही भारी बारिश और ओलावृष्टि हुई, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ। मंगलवार के अंत तक, 24 घंटों में 142 मिलीमीटर से अधिक बारिश ने दुबई में बाढ़ जैसे हालात बना दिए। एक दंपति ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बुधवार को बताया कि हवाई अड्डे पर स्थिति बेहद खराब है। उन्होंने कहा कि आपको टैक्सी नहीं मिल सकती। मेट्रो स्टेशन पर लोग सो रहे हैं। हवाई अड्डे पर लोग सो रहे हैं।

यूएई में बारिश ने तोड़े 75 वर्षों के सारे रिकॉर्ड

दुबई। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में मंगलवार को 75 वर्षों में एक दिन में सबसे अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई। मूसलाधार बारिश के कारण व्यापक बाढ़, यात्रा में व्यवधान और क्षति हुई। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 1949 में रिकॉर्ड तोड़ बारिश के बाद 75 वर्षों में यह सबसे अधिक बारिश हुई है। अल ऐन में 24 घंटों के भीतर 254 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो दो साल की औसत वर्षा के बराबर है।

कूचबिहार का दौरा न करें पश्चिम बंगाल के राज्यपाल : आयोग

कोलकाता। निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल को लोकसभा चुनाव के पहले चरण की पूर्व संध्या पर कूच बिहार का अपना प्रस्तावित दौरा रद्द करने की सलाह दी है क्योंकि यह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होगा।

कूचबिहार में 19 अप्रैल को मतदान होना है और चुनाव प्रचार पर रोक संबंधी 48 घंटे की अवधि बुधवार शाम से शुरू हो गई है। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस के 18 और 19 अप्रैल को कूचबिहार के प्रस्तावित दौरे के बारे में पता चलने पर निर्वाचन आयोग ने राज्यपाल कार्यालय पत्र भेजा जिसमें कहा कि आदर्श आचार संहिता के चलते राज्यपाल के लिए कोई भी स्थानीय कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जा सकता।

मुइज्जू पर भ्रष्टाचार के आरोप की रिपोर्ट लीक मालदीव में विवाद

माले। मालदीव में संसदीय चुनाव से ठीक पहले, राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के 2018 से किए गए कथित भ्रष्टाचार की रिपोर्ट लीक होने के बाद विपक्षी दलों ने मामले की जांच और उन पर महाभियोग की मांग शुरू कर दी है, राष्ट्रपति ने आरोप को खारिज किया है।

मालदीव में मजलिस (संसद) के लिए रविवार को चुनाव होने हैं और मुख्य विपक्षी मालदीव डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) और मुइज्जू की पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) के बीच आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गया है। स्थानीय मीडिया की खबरों में कहा गया है कि राजनीतिक तूफान आ गया है सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में मालदीव पुलिस सेवा और मालदीव मौद्रिक प्राधिकरण की वित्तीय खुफिया इकाई द्वारा तैयार किए गए दस्तावेजों सहित खुफिया रिपोर्ट लीक कर दी गई।

भारत के साथ साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध है अमेरिका : सुलिवन

- राष्ट्रपति जो बाइडन के शीर्ष सुरक्षा सलाहकार ने की कई मुद्दों पर बातचीत

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने नई दिल्ली की अपनी यात्रा रद्द करने की घोषणा के एक दिन बाद कहा है कि वह भारत के साथ परिणामी और बहुआयामी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए व्यक्तिगत रूप से प्रतिबद्ध हैं। एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

सुलिवन की भारत यात्रा इस साल दूसरी बार मंगलवार को स्थगित कर दी गई। इस बार इजराइल और ईरान के बीच जारी हुए संघर्ष के कारण पश्चिम एशिया में बदलती परिस्थितियों के कारण उनकी यात्रा स्थगित की गई है। सुलिवन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के शीर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हैं और वह अपने भारतीय समकक्ष अजीत डोभाल के साथ अन्य मुद्दों के अलावा इनिशिएटिव ऑन क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज (आईसीईटी) के कार्यान्वयन में प्रगति पर व्यापक बातचीत करने वाले थे। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने कहा, एनएसए सुलिवन अगली संभावित तारीख पर आईसीईटी वार्षिक समीक्षा आयोजित करने के लिए उत्सुक हैं और भारत के साथ हमारी गहन परिणामी और बहुआयामी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए व्यक्तिगत रूप से प्रतिबद्ध हैं। आईसीईटी अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक व्यक्तिगत पहल है। दोनों नेताओं ने पहली बार मई 2022 में इस पहल

रक्षा सहयोग में मील का पत्थर होगी आईटी प्रयोगशाला: पांडे

नई दिल्ली। थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने बुधवार को उज्बेकिस्तान की यात्रा के दौरान उज्बेक सशस्त्र बल अकादमी में एक अत्याधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) प्रयोगशाला का उद्घाटन किया।

भारतीय सेना के सूत्रों ने कहा कि सितंबर 2018 में रक्षामंत्रियों की बैठक के दौरान की गई प्रतिबद्धता के बाद यह घटनाक्रम दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग में मील का एक पत्थर है। जनरल पांडे द्विपक्षीय सैन्य सहयोग के नए रास्ते तलाशने के लिए 15 से 18 अप्रैल तक उज्बेकिस्तान की यात्रा पर हैं। रक्षा मंत्रालय ने पूर्व में एक बयान में कहा था कि जनरल पांडे का कई रक्षा प्रतिष्ठानों का दौरा करने के अलावा मध्य एशियाई राष्ट्र के शीर्ष सैन्य अधिकारियों के साथ व्यापक बातचीत करने का कार्यक्रम है।

अनोखी खोज | किसी पिंड द्वारा प्रलयंकारी घटना से हृदय की आकृति की संरचना बनी

प्लूटो के सीने में भी धड़कता है दिल...

अमृत विचार, नैनीताल:

नन्हा ग्रह प्लूटो के सीने में भी दिल धड़कता है। नासा के न्यू होराइजन्स अंतरिक्ष यान ने प्लूटो के दिल की आश्चर्यजनक खोज की है। वैज्ञानिकों का मानना है कि किसी पिंड द्वारा प्रलयंकारी घटना से प्लूटो में हृदय की आकृति की संरचना हुई होगी।

प्लूटो सौर मंडल का ऐसा ग्रह है, जो अक्सर विवादों में घिरा रहता है। हालाकि अब यह बौना ग्रह की श्रेणी में शामिल हो गया है, लेकिन वैज्ञानिकों एक वर्ग आज भी इसे बौना न मानकर ग्रह की संज्ञा ही देता है। जिसे लेकर वैज्ञानिकों के बीच जबरदस्त बहस आज भी जारी है। लिहाजा प्लूटो पर मिलने वाली कोई भी खबर सोशल मीडिया पर एकदम ट्रोल होने लगती है। अब जो खबर आई है , वह चौकाने वाली है। वैज्ञानिकों ने इस बौने ग्रह के सीने में दिल ढूंढ निकाला । नासा के न्यू होराइजन्स अंतरिक्ष यान ने पहली बार प्लूटो के दिल की जासूसी 2015 में की थी। प्लूटो की दुनिया बहुत छोटी है। जिसकी संरचना का पता लगाने में अंतरिक्ष यान को अधिक समय नही लगा और दिल के आकार की इस जगह खोज निकाला।

पहले की धारणा से भिन्न है प्लूटो की संरचना

नैनीताल : पूर्व में समझा जाता कि इसकी संरचना समतल है, लेकिन नई जानकारी पहले से जुदा है। जिसमें संभवत: जल भी है। शायद समुद्र भी हो। स्विट्जरलैंड के बर्न विश्वविद्यालय और टक्सन, एरिजोना विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने प्लूटो के रहस्य से पर्दा उठाया है। विज्ञान पत्रिका नेचर एस्ट्रोनॉमी में यह खोज प्रकाशित हुई है।

वैज्ञानिकों ने अपनी सुविधा के लिए इस दिलनुमा जगह का नाम टॉमबॉघ रेजियो रख दिया। प्लूटो के अतीत की बात करें तो 1930 मे इसकी खोज हुई । 2006 तक यह ग्रह की श्रेणी में गिना जाता था। मगर 2006 में ग्रह की परिभाषा बदल जाने के बाद इसे बौना ग्रह की श्रेणी में शामिल कर दिया गया। तब से इस पर शुरू हुई बहस आज तक थम नही पाई है। इधर प्लूटो पर स्थित हृदय ने अपने अनोखे आकार, भूवैज्ञानिक संरचना और ऊंचाई की स्थिति को लेकर वैज्ञानिकों को हैरान कर दिया है। इसके दिल की संरचना का पता लगाने के लिए वैज्ञानिकों ने संख्यात्मक सिमुलेशन का उपयोग किया। तब यह पता चला कि एक पिंड की प्रलयंकारी घटना से प्लूटो के हृदय का निर्माण हुआ, जो 650 किमी व्यास से थोड़ा अधिक बड़ा व्यास का है।